

श्रीमद् अमृतचन्द्राचार्यदेव

श्रीमद् आचार्यवर अमृतचंद्रसूरि विरचित

समयसार-कलश

श्री अमृतचंद्राचार्यदेवविरचित 'आत्मख्याति' टीकाके कलश-श्लोक एवं उस पर ढूंढारी भाषामें
अध्यात्मरसिक पं. श्री राजमल्लजी 'पांडे' रचित 'खंडान्वय सहित अर्थ'रूप टीकाके
पंडित फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीके आधुनिक हिन्दी भाषांतर सहित

पंडित श्री राजमल्लजी पांडे

-: प्रकाशक :-
श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट
सोनगढ-(सौराष्ट्र)

भगवानश्रीकुंदकुंद-कहानजैनशास्त्रमाला, पुष्प – ९३

ॐ

नमः समयसाराय ।

श्रीमद् आचार्यवर अमृतचंद्रसूरि विरचित

श्री

समयसार-कलश

भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यदेवप्रणीत समयसारकी श्री अमृतचंद्राचार्यदेवविरचित
'आत्मख्याति' टीकाके कलश-श्लोक एवं उस पर ढूंढारी भाषामें
अध्यात्मरसिक पं. श्री राजमल्लजी 'पांडे' रचित 'खंडान्वय
सहित अर्थ'रूप टीकाके पंडित फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीके
आधुनिक हिन्दी भाषांतर सहित

हिन्दी भाषांतरकार
पंडित श्री फूलचंदजी सिद्धान्तशास्त्री
वाराणसी

प्रकाशक
श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट,
सोनगढ–३६४२५० (सौराष्ट्र)

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

(२)

एकसे तीन आवृत्ति प्रत : ९९००

चतुर्थावृत्ति प्रत : ७०० वि. सं. २०७४ वीर. सं. २५४४ ई. स. २०१८

समयसार कलश (हिन्दी)के
स्थायी प्रकाशन पुरस्कर्ता
श्री उपनगर दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल
मलाड–मुंबई

समयसार कलश (हिन्दी)के
स्थायी किमत कम करनेवाले पुरस्कर्ता
श्री उपनगर दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल,
मलाड–मुंबई
पूज्य बहिनश्री चंपाबेनकी १०३वीं जन्मजयंती मनानेके उपलक्षमें

मूल्य
३० = ००

: मुद्रक :
स्मृति ऑफसेट
१३, कहानवाडी, अंकुर स्कूल रोड
सोनगढ (सौराष्ट्र)

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250



પરમ પૂજ્ય અધ્યાત્મમૂર્તિ સદ્‌ગુરુદેવ શ્રી કાનજીસ્વામી

* श्री सद्गुरुदेव-स्तुति *

(हरिगीत)

संसारसागर तारवा जिनवाणी छे नौका भली,
ज्ञानी सुकानी मळ्या विना अे नाव पण तारे नहीं;
आ काळमां शुद्धात्मज्ञानी सुकानी बहु बहु दोह्यलो,
मुज पुण्यराशि फळ्यो अहो! गुरुकूहान तुं नाविक मळ्यो.

(अनुष्टुप)

अहो! भक्त चिदात्माना, सीमंधर-वीर-कुंदना!
बाह्यांतर विभवो तारा, तारे नाव मुमुक्षुनां.

(शिखरिणी)

सदा दृष्टि तारी विमळ निज चैतन्य नीरखे,
अने ज्ञप्तिमांही दरव-गुण-पर्याय विलसे;
निजालंबीभावे परिणति स्वरूपे जई भळे,
निमित्तो वहेवारो चिदघन विषे कांई न मळे.

(शार्दूलविक्रीडित)

हैयुं 'सत सत, ज्ञान ज्ञान' धबके ने वज्रवाणी छूटे,
जे वज्रे सुमुमुक्षु सत्त्व झळके; परद्रव्य नातो तूटे;
—रागद्वेष रुचे न, जंप न वळे भावेंद्रिमां–अंशमां,
टंकोत्कीर्ण अकंप ज्ञान महिमा हृदये रहे सर्वदा.

(वसंततिलका)

नित्ये सुधाझरण चंद्र! तने नमुं हुं,
करुणा अकारण समुद्र! तने नमुं हुं;
हे ज्ञानपोषक सुमेघ! तने नमुं हुं,
आ दासना जीवनशिल्पी! तने नमुं हुं.

(स्रग्धरा)

ऊंडी ऊंडी, ऊंडेथी सुखनिधि सतना वायु नित्ये वहंती,
वाणी चिन्मूर्ति! तारी उर-अनुभवना सूक्ष्म भावे भरेली;
भावो ऊंडा विचारी, अभिनव महिमा चित्तमां लावी लावी,
खोयेलुं रत्न पामुं,—मनरथ मननो; पूरजो शक्तिशाळी!

—रचयिता : हिंमतलाल जेठालाल शाह

प्रकाशकीय निवेदन

सर्वज्ञ वीतराग कथित निर्मल तत्त्वज्ञानके गूढ़ रहस्योंको अत्यन्त सुगम और सुबोध शैलीसे प्रकाश करनेवाले जैनधर्मके मर्मी पं० श्री राजमल्लजी कृत श्री समयसार कलश टीकाके राष्ट्रभाषा हिन्दीमें अनुवाद प्रकाशित करते हुये हमें अत्यन्त प्रसन्नता होती है।

भगवान श्री कुन्दकुन्दाचार्यने श्री समयसार परमागमकी रचना की, उस पर श्री अमृतचंद्राचार्यदेवने 'आत्मख्याति' टीका लिखी। उसे पढ़ते हुये परमार्थतत्त्वका मधुर रसास्वाद लेनेवाले धर्मजिज्ञासुओंके चित्तमें निस्सन्देह आत्माकी अपार महिमा आती है, क्योंकि उन्होंने परम हितोपदेशक सर्वज्ञ वीतराग तीर्थंकरोंका हार्द खोलकर श्री आत्मख्याति टीकामें भर दिया है। उसमें आगम, युक्ति, गुरुपरम्परा और स्वानुभव द्वारा आचार्यदेवने परम अद्भुत ज्ञाननिधानको निस्संकोचतया प्रगट किया है। साथ ही उन्होंने (जिनमंदिरके शिखरके स्वर्ण-कलश समान) अध्यात्मरस भरपूर कलशोंकी रचना की है। आत्मसंचेतनाका निर्मल रसास्वाद लेनेवाले पं० श्री राजमल्लजीने ढूंढारी भाषामें उन्हीं कलशों पर यह टीका लिखी है। यह टीका अपनेमें इतनी मौलिक है कि इसके आधारसे अध्यात्मरसिक श्री बनारसीदासजीने नाटक समयसारकी रचना की है।

यह कलश टीका पं० राजमल्लजीकी स्वतंत्र रचना है। प्रत्येक श्लोककी टीकामें उन्होंने अपूर्व अर्थका उद्घाटन किया है। परमोपकारी पूज्य श्री कानजीस्वामी उसके उस अपूर्व अर्थको उद्घाटित करते हुये भूरि-भूरि आनंदका अनुभव करते हैं। पूज्यश्रीने इस ग्रंथका अनेकबार स्वाध्याय किया है। पूज्यश्रीकी भावना थी कि यह ग्रन्थ वर्तमान हिन्दी भाषामें अनूदित होकर प्रकाशित हो। साथ ही उसमें आत्मानुभूतिका जो स्पष्टरूपसे कथन आया है उसे वे श्रोताओंके समक्ष रखने लगे। फलस्वरूप जैन समाजमें उनके प्रचार-प्रसारकी भावना बढ़ने लगी।

वी. सं. १९५७में स्व० श्री ब्रह्म० शीतलप्रसादजी द्वारा इस ग्रंथका संपादन होकर श्री मूलचन्द किसनदासजी कापड़िया सूरत द्वारा प्रकाशन हुआ। श्री ब्रह्मचारीजीने अनेक हस्तलिखित प्रतियोंका मिलान कर, परिश्रमपूर्वक इस ग्रंथका संपादन किया था। यह अनुवाद उस मुद्रित ग्रंथके आधारसे किया गया है, इसलिये हम उनके आभारी हैं। मूल ग्रंथकी भाषा बहुत पुरानी ढूँढारी होनेसे पढ़नेवालोंको कई शब्दोंका अर्थ बराबर समझमें न आनेके कारण जितना रसास्वाद आना चाहिये उतना नहीं आ पाता था, अतः वर्तमान हिन्दी भाषामें उसे परिवर्तित कर देनेका विशेष अनुरोध पं० फूलचन्दजी सिद्धान्तशास्त्रीसे किया गया। मुद्रित प्रतिमें छूटे हुये स्थलोंका संशोधन करनेके लिये दो हस्तलिखित प्रतियाँ भी उनके पास भेजी गईं। प्रथम हस्तलिखित प्रति अंकलेश्वर दि० जैन

समाजसे प्राप्त हुई और दूसरी हस्तलिखित प्रति सागरनिवासी श्रीमान् सेठ भगवानदासजी शोभालालजीसे प्राप्त हुई। पंडितजीने उन प्रतियोंसे मुद्रित प्रतिका अच्छी तरहसे मिलानकर वर्तमान हिन्दी भाषामें अनुवाद किया है। अनुवादमें मूलका भाव पूरी तरहसे आ जाय इस अभिप्रायसे उसका श्री कानजीस्वामीके सान्निध्यमें पं० श्री हिम्मतलालभाई, माननीय श्री रामजीभाई, श्रीमान् खेमचन्दभाई, ब्र. श्री चन्दूभाई आदि सात-आठ भाईयोंने बैठकर कई दिनों तक सावधानीके साथ वाचन किया। इस वाचनमें पं० श्री राजमल्लजीके कथनके भावोंका पूरा संरक्षण हो इस बातका पूरा ध्यान रखा गया और इसी बातको ध्यानमें रखकर हिन्दी अनुवादका संशोधन भी किया गया। इसमें संदेह नहीं कि यह कार्य अत्यन्त कठिन श्रमसाध्य था जो पंडितजी और सबके सहयोगसे संपन्न हुआ है। इसके मुद्रणका कार्य नया संसार प्रेस वाराणसीमें ही हुआ है।

इस ग्रन्थको प्रकाशमें लानेका परम श्रेय आध्यात्मिक संत पूज्य श्री कानजीस्वामीको है, अतः आपका मैं अत्यन्त भक्तिपूर्वक आभार मानता हूँ।

इस ग्रन्थके सम्पादन आदि कार्यमें पंडित फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्रीने असाधारण श्रम किया है, अतः मैं आपका भी आभारी हूँ।

व्यवस्थापक श्री नया संसार प्रेस, वाराणसीने नया टाइप बुलाकर सुन्दर ढंगसे इस ग्रन्थको मुद्रित किया है अतः मैं आपका भी आभारी हूँ।

संशोधनमें ज्ञान-वैराग्यसंपन्न पं० श्री हिम्मतलालभाई तथा हमारी संस्थाके अवकाशप्राप्त प्रमुख माननीय श्री रामजीभाई वकीलका भी मैं आभारी हूँ। इन्होंने अपना अमूल्य समय देकर ग्रन्थकारके सर्व भावोंके संरक्षणमें पूरा योगदान दिया है। श्रीमान् खेमचन्दभाई तथा श्री ब्र० चन्दूभाई आदि अन्य जिन-जिन साधर्मी भाईयोंकी इस कार्यमें सहायता मिली है उन सबका भी मैं हृदयसे आभारी हूँ।

इस ग्रन्थकी कीमत कम करनेके लिये जिन-जिन महानुभावोंने उदारतापूर्वक सहायता की है उन सबका भी मैं हृदयसे आभारी हूँ

अंतमें भावना भाता हूँ कि श्री समयसारकलश टीकाके हार्दको समझकर अन्तरमें तद्नुरूप परिणमन होकर सर्व जिज्ञासुओंको निराकुल लक्षण उत्तम सुखकी प्राप्ति हो।

सोनगढ
१५-४-६४

नवनीतलाल सी. झवेरी
प्रमुख
श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट
सोनगढ

प्रकाशकीय निवेदन

(चतुर्थ आवृत्ति)

समयसार कलशटीका पर परम पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामीने द्रव्यदृष्टिप्रधान सूक्ष्म एवं मननीय प्रवचन ११३२ किये हैं। वे जिज्ञासु मुमुक्षुओंको श्रवणलायक है। पूज्य गुरुदेवश्री आत्मानुभवी पंडित श्री राजमल्लजी पांडेकी मुक्तकंठसे प्रशंसा करते कहते थे कि यह टीका मोक्षमार्गके अनुरूप अपने स्वरूपको प्रकाशित करती है और जिनागम, गुरु-उपदेश, युक्ति और स्वानुभव प्रत्यक्षको प्रमाण कर लिखी गयी है, इसलिये प्रमाण है। साथमें कई बार पं. बनारसीदासजीकृत नाटक समयसारमें लिखा पद ''समयसार नाटकके मरमी, पांडे राजमल्ल जिनधर्मी'' आदि कहकर कहते थे कि पं० बनारसीदासजीने नाटक समयसारकी रचना कलशटीकाके आधारसे की है।

समयसार कलशकी हिन्दी आवृत्तिकी हिन्दीभाषी मुमुक्षुओंकी विशेष मांग होनेके कारण इसकी चतुर्थ आवृत्ति प्रकाशित की जा रही है।

इस आवृत्तिके प्रकाशनमें जो कोई मुमुक्षुभाईओंने अपना सहयोग दिया है उन सभीके प्रति साहित्यप्रकाशन समिति आभार व्यक्त करती है। सुंदर मुद्रणके लिये स्मृति ओफसेट, सोनगढके आभारी हैं।

अंतमें इस शास्त्रके पठन-अनुभवसे जिज्ञासु जीव आत्मस्वरूप समझकर सम्यग्दर्शन प्राप्त करके निजात्म अविनाशी सुख प्राप्त करे यह भावना सह....

पूज्य गुरुदेवश्रीकी १२९वीं
जन्म जयंती
दि. १७-४-२०१८

साहित्य प्रकाशन समिति
श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट
सोनगढ (सौराष्ट्र)

❀ श्री समयसारजी–स्तुति ❀

(हरिगीत)

संसारी जीवनां भावमरणो टाळवा करुणा करी,
सरिता वहावी सुधा तणी प्रभु वीर ! तें संजीवनी;
शोषाती देखी सरितने करुणाभीना हृदये करी,
मुनिकुंद संजीवनी समयप्राभृत तणे भाजन भरी.

(अनुष्टुप)

कुंदकुंद रच्युं शास्त्र, साथिया अमृते पूर्या,
ग्रंथाधिराज ! तारामां भावो ब्रह्मांडना भर्या.

(शिखरिणी)

अहो ! वाणी तारी प्रशमरस-भावे नीतरती,
मुमुक्षुने पाती अमृतरस अंजलि भरी भरी;
अनादिनी मूर्छा विष तणी त्वराथी उतरती,
विभावेथी थंभी स्वरूप भणी दोडे परिणति.

(शार्दूलविक्रीडित)

तुं छे निश्चयग्रंथ भंग सघळा व्यवहारना भेदवा,
तुं प्रज्ञाछीणी ज्ञान ने उदयनी संधि सहु छेदवा;
साथी साधकनो, तुं भानु जगनो, संदेश महावीरनो,
विसामो भवक्लांतना हृदयनो, तुं पंथ मुक्ति तणो.

(वसंततिलका)

सुण्ये तने रसनिबंध शिथिल थाय,
जाण्ये तने हृदय ज्ञानी तणां जणाय;
तुं रुचतां जगतनी रुचि आळसे सौ,
तुं रीझतां सकलज्ञायकदेव रीझे.

(अनुष्टुप)

बनावुं पत्र कुंदननां, रत्नोना अक्षरो लखी;
तथापि कुंदसूत्रोनां अंकाये मूल्य ना कदी.

—रचयिता : हिंमतलाल जेठालाल शाह

ॐ

नमः श्रीसद्गुरुदेवाय ।

उपोद्घात

मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मंगलम् ।।

शासननायक सर्वज्ञवीतरागदेव परम भट्टारक परम पूज्य १००८ भगवान श्री महावीरस्वामीकी भव्यजनकल्याणकारी दिव्य देशनाका जो अध्यात्मप्रवाह विक्रम संवतके प्रथम सदीमें इस भारतवर्षको पावन करनेवाले आचार्य भगवान श्री कुन्दकुन्द महामुनिवरको गुरुपरंपरासे प्राप्त हुआ, वह उन्होंने युक्ति, आगम और स्वयंके निर्विकल्प रसास्वादरूप स्वानुभवके बल द्वारा श्री समयसार, नियमसार और पंचास्तिकायसंग्रह आदि अनेक प्राभृतरूप प्राकृतगाथाबद्ध परमागमोंमें संगृहित कर मुमुक्षु भव्य जीवोंके कल्याणार्थ अर्पित किया है । भगवान श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेवप्रणीत परमागमोंमें श्री समयसार परमागम इस कालमें स्वच्छ नभमंडलमें तेजस्वी सूर्य समान अध्यात्मतत्त्वका सर्वांग प्रकाशित करनेवाला महान अद्भुत सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ है । उनके प्रणेता, जैसे उच्चकोटिके आत्मा है वैसा ही यह उत्तम ग्रंथ है ।

समयसार ग्रंथ पर श्री कुन्दकुन्दाचार्यदेव पश्चात् करीब एक हजार वर्ष बाद स्वयंके दिव्य ज्ञान-संयमसे तथा अनुपम विद्वत्तासे भारतकी भव्य भूमिको विभूषित करनेवाले श्री अमृतचंद्राचार्यदेवने 'आत्मख्याति' नामकी विशद्, अर्थगंभीर, मूल गाथाओंके हार्दको खोलनेवाली एवं अध्यात्मरससे ओतप्रोत सुंदर टीका संस्कृत भाषामें रची है । जैसे समयसार परमागमके मूल कर्ता भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेव सातिशय अध्यात्मप्रतिभासंपन्न, लोकोत्तर, महान आचार्यपरमेष्ठी हैं, वैसे 'आत्मख्याति' टीकाके प्रणेता भी अध्यात्ममस्तीमें मस्त महा समर्थ आचार्य हैं । जिन्होंने प्रवचनसार एवं पंचास्तिकायसंग्रह पर भी टीका रची है और तत्त्वार्थसार, पुरुषार्थसिद्धिद्युपाय आदि स्वतंत्र ग्रंथकी भी रचना की है, उन सबमें 'आत्मख्याति' टीका आचार्यदेवकी सर्वोत्कृष्ट कृति है ।

इस टीकामें आचार्यदेवने मूल गाथाओंमें भरे अध्यात्मतत्त्वके गूढ़तम आशयको खोलकर, जीवादि नौ तत्त्वोंका शुद्धनयकी प्रधानतासे निरूपण करके मोक्षमार्गका यथार्थ स्वरूप जैसा है वैसा बतलाया है और अनादिकालके भवभ्रमणसे दुःखी होनेवाले जीवोंको मुक्त होनेके लिये जो समझसे बाकी रह गया था वैसा एकत्व-विभक्त आत्माके स्वरूपको युक्ति, आगम और स्वानुभवमूलक निज आत्मवैभव द्वारा स्वयंकी मौलिक शैलीसे अत्यंत स्पष्टरूपसे समझाया है । इस टीकाको पढ़ते

परमार्थतत्त्वके मधुर रसास्वादी धर्मजिज्ञासुओंके हृदयमें निःसंदेह आत्माकी अपार महिमा आती है, क्योंकि आचार्यदेवने इसमें परम हितोपदेशक, सर्वज्ञवीतराग तीर्थंकर भगवंतोंके हार्दको खोलकर अध्यात्मतत्त्वके निधान भर दिये हैं। अध्यात्मतत्त्वके हार्दको सर्वांग प्रकाशित करनेवाली यह 'आत्मख्याति' जैसी सुंदर टीका अभी तक दूसरे कोई भी जैन अध्यात्मग्रन्थमें लिखी हुई नहीं है। इस कलिकालमें भगवान कुन्दकुन्दाचार्यदेवने जगद्गुरु तीर्थंकर जैसा कार्य किया है वैसा ही श्री अमृतचंद्राचार्य मानों कि वे कुन्दकुन्दाचार्यदेवके हृदयमें बैठकर गंभीर आशयको यथार्थरूपसे व्यक्त करके उन्होंने गणधर जैसा कार्य किया है।

'आत्मख्याति' टीकाका अधिक भाग तो गद्यात्मक है और अल्प भाग पद्यात्मक है। मूल गाथा अथवा गद्यात्मक टीकाके अंतमें आते अध्यात्मरससे और आत्मानुभवकी मस्तीसे भरपूर इस मधुर पद्य जिनमंदिरके धवल शिखर पर शोभायमान सुवर्णकलश समान शोभामें अभिवृद्धि कर रहे हैं। इन कलश-काव्यों ग्रंथमें निर्दिष्ट विषयोंको आत्मस्पर्शी विवेचनात्मक गद्यांशकी चूलिकास्वरूप होने पर भी उसको पृथक्रूपसे लेकर उन्होंने संधिबद्ध, अर्थगंभीर और परमार्थतत्त्वप्रतिपादक एक सुंदर ग्रंथ बना है, उसका नाम 'समयसार-कलश' है और उस पर अध्यात्मरसिक पंडित श्री राजमल्लजी 'पांडे'ने टीका रची है, जिसका इस शास्त्रमें 'खंडान्वय सहित अर्थ'के नामसे दी गई है।

कलश-टीकाके रचयिता पांडे राजमलजी विक्रम संवतकी सत्रहवीं शताब्दिमें हुये कविवर श्री बनारसीदासजीके कुछ वर्षों पहले हुये हैं ऐसा विद्वानोंका मानना है। उन्होंने यह कलशटीका राजस्थानके ढूंढार प्रदेशमें बोली जानेवाली ढूंढारी भाषामें लिखा है। श्री अमृतचंद्राचार्यदेवके कलशकाव्योंमें अध्यात्मतत्त्वके जो गंभीर रहस्य अति संक्षेपसे भरे हैं उनको टीकाकार पंडितजीने इस टीकामें सामान्यबुद्धिवाले जिज्ञासु जीव भी सरलतासे समझ सके ऐसे विस्तारसे, स्पष्टतापूर्वक और जोरदार शैलीसे प्रगट किये हैं। इस टीकामें जगह-जगह पर निर्विकल्प सहज स्वात्मानुभवका अतिशय माहात्म्य बतलाया है और उसकी प्राप्ति करनेकी प्रेरणा दी है। विज्ञानघन निज आत्माके निर्विकल्प रसास्वादरूप अनुभवके अतिरिक्त जीव जो कोई व्रत-नियम-दया-दान-पूजा-भक्ति आदि बाह्य क्रियाकांडके आचरणस्वरूप व्यवहारचारित्रके विकल्पमें उलझे रहे हैं वह वृथा क्लेश है। उससे उसे जरा भी आत्मकल्याणकी प्राप्ति नहीं होगी एवं उन्हें भवान्तका लेशमात्र भी कारण नहीं है, स्वात्मकल्याणकी प्राप्ति परद्रव्य, परद्रव्यके भाव और परके सम्बन्धसे होनेवाले विकारी भावोंसे भिन्न, स्वयंके त्रिकाली शुद्ध ज्ञानानंदस्वभावी अभेद आत्माके सहज आस्वादसे होता है—ऐसा समयसार कलशमें संक्षिप्तरूपसे भरे भाव इस टीकामें अनेक जगह विस्तारपूर्वक अति स्पष्टतासे व्यक्त किये गये हैं। समयसार-कलशमें गंभीररूपसे भरे आध्यात्मिक भावोंको सुग्राह्य हो इस प्रकारसे विस्तार करके खोला है जो इस टीकाकी एक विशिष्टता है। समयसार-कलशका जो प्रधान हार्द परसे, विकारसे और अपूर्णतासे एवं भेदभावसे रहित स्वयंके त्रिकाली, शुद्ध, चिदानंदमय, भिन्न, निर्विकार, आपूर्ण

और अभेद आत्माका यथार्थ स्वरूप हृदयगत कराके उसका साक्षात् अतीन्द्रिय अनुभव करानेका है, वह प्रयोजनको पार करनेमें सहायक होनेमें इस टीकामें टीकाकार विद्वानने मूल ग्रंथके साथ सुसंगत अनेक विषयोंका स्वयंकी सरल, रोचक और अनुभवपूर्ण शैलीसे सुंदर प्रतिपादन किया है।

टीकाकार पंडितजीने प्रत्येक श्लोककी टीकामें प्रायः प्रत्येक खंडान्वयका मर्मभरपूर अर्थ खोलनेके बाद अल्प भावार्थमें उसका अनुभवप्रधान संक्षिप्त सार प्रगट करके विवक्षित विषयको आत्मसात् किया है। उसमें भी व्यवहारके लिये अभूतार्थ, असत्यार्थ और गौण ऐसा शब्द लिखनेकी अपेक्षा 'असत्य' ऐसे जोरदार शब्दका अनेक जगह उपयोग करके उन्होंने व्यवहारका हेयपना सचोटरूपसे व्यक्त किया है।

और इस टीकामें, जीवके आत्मकल्याणके वास्तविक उपायभूत सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रका एवं उसके विषयभूत जीवादि नव तत्त्व आदिका भूतार्थनयसे सरल भाषामें ऐसा सुंदर स्पष्टीकरण किया है कि जिससे कोई दूसरे प्रकारसे विपरीत अर्थ न कर सके।

सम्यग्दर्शन धर्मका मूल होने पर भी, उसके अभावसे दूसरा सभी व्यर्थ होने पर भी सम्यग्दर्शनके अर्थके सम्बन्धमें विविध भ्रान्ति प्रवर्तती हैं और उनके कई प्रकारके विपरीत अर्थ किये जाते हैं। कोई जैनधर्मकी कुलपरंपरागत श्रद्धाको, कोई देव-गुरु-धर्मके बाह्य लक्षणोंकी श्रद्धाको और कोई जीवादि नौ तत्त्वकी अभूतार्थनयानुसारी श्रद्धाको सम्यग्दर्शन मानते हैं। वास्तवमें तो समयसार-कलशमें आचार्यदेवके वर्णन अनुसार नौ तत्त्वकी भूतार्थनयानुसारी श्रद्धा कि जो शुद्धात्मानुभूतिपूर्वक ही होती है वही सम्यग्दर्शन है। टीकाकी यह मूलभूत बातको स्पष्ट करनेके लिये पंडितजीने कई जगह पर सम्यग्दर्शनको "शुद्ध चेतनामात्र वस्तुस्वरूपका आस्वाद", "शुद्ध स्वरूपका अनुभव", "समस्त संकल्पविकल्पसे रहित वस्तुस्वरूपका अनुभव" और "शुद्ध जीववस्तुका प्रत्यक्षरूपसे अनुभव"—इस प्रकार कहा है। उसी बातको पंडितजीने इस टीकामें अन्यत्र अनेक जगह पर प्रगट की है। जैसे कि—छठवें कलशमें "**इमाम् नवतत्त्वसन्ततिम् मुक्त्वा**" इस खंडका भावार्थ करते वे कहते हैं कि, "संसार-अवस्थामें जीवद्रव्य नौ तत्त्वरूप परिणमित हुआ है वह तो विभावपरिणति है, इसलिये नौ तत्त्वरूप वस्तुका अनुभव मिथ्यात्व है" और उसी कलशमें "**यदस्यात्मनः इह द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक् दर्शनम् नियमात् एतदेव सम्यग्दर्शनम्**" इस खंडका अर्थ करते हुए उन्होंने कहा है कि, "क्योंकि यह ही जीवद्रव्य सकल कर्मोपाधिसे रहित जैसा है उसका ही प्रत्यक्षरूपसे उसे अनुभव, वह ही निश्चय सम्यग्दर्शन है।"

सम्यग्दर्शनकी तरह सम्यग्ज्ञानके विषयमें विपरीत मान्यताओंका भी उन्होंने तीव्र शैलीसे दृढ़तापूर्वक दूर की हैं। कोई जिज्ञासु जीव छह द्रव्य, नौ पदार्थ आदि जैनशास्त्रोंको केवल विकल्पपूर्वक जानपनेको सम्यग्ज्ञान मान ले ऐसा शून्यपना उन्होंने रहने दिया नहीं है। सम्यग्ज्ञानका स्वरूप बतलाते

पंडितजीने कई जगह स्वानुभवप्रधान ज्ञानको ही सम्यग्ज्ञान कहा है। जैसे कि–१३वें कलशके ''किल इयम् एव ज्ञानानुभूतिः इति बुद्ध्वा'' इस खंडके अर्थमें एवं भावार्थमें उन्होंने उनके हार्दका उद्घाटन करते लिखा है कि, ''निश्चयसे यह जो अनुभूति कही है वह ही ज्ञानानुभूति है इतना मात्र जानकर भावार्थ इस प्रकार है कि जीववस्तुका जो प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद, उसके नामसे आत्मानुभव ऐसा कहा जाता है अथवा ज्ञानानुभव इस प्रकार कहा जाता है, नामभेद है, वस्तुभेद नहीं। इस प्रकार जानना कि आत्मानुभव मोक्षमार्ग है। इस प्रसंग पर दूसरी भी शंका होती है कि, कोई जानेगा कि द्वादशांगज्ञानमें कोई अपूर्व लब्धि है। उसका समाधान इस प्रकार है कि द्वादशांगज्ञान भी विकल्प है। उसमें भी ऐसा कहा है कि शुद्धात्मानुभूति मोक्षमार्ग है। इसलिये शुद्धात्मानुभूति होने पर शास्त्र पढ़ना कोई बंधन नहीं है।'' और ११०वें कलशमें ''ज्ञान'' पदका अर्थ ''आत्मद्रव्यका शुद्धात्मरूप परिणमन'' ऐसा किया है। इस प्रकार उन्होंने जोरपूर्वक दृढ़ किया है कि जिसे निराकुलतालक्षण स्वात्मानंदरूपसे परिणत स्वानुभूति हुई हो उसे ही सत्यार्थ सम्यग्दर्शन हो सकता है, इसके अतिरिक्त दूसरा कोई सिर्फ परलक्षी विकल्पवाला शास्त्रज्ञान वह सम्यग्ज्ञान नहीं है।

सामान्यरूपसे जीव शुभोपयोगको ही चारित्र मानते हैं और शुद्ध परिणतिरूप चारित्रके सम्बन्धमें उनको कुछ मालूम नहीं होता। ऐसे जीवोंका अज्ञान दूर करनेके लिये मिथ्या चारित्र और सम्यक्-चारित्रके विषयमें स्पष्ट विवरण इस टीकामें कई स्थान पर मिलता रहता है। जैसे कि– १४२वें कलशमें ''कर्मभिः क्लिश्यन्तां'' इस खंडका अर्थ करते पंडितजी लिखते हैं कि, ''विशुद्ध शुभोपयोगरूप परिणाम, जैनोक्त सूत्रोंका अध्ययन, जीवादि द्रव्योंके स्वरूपका बारम्बार चिंतवन, पंचपरमेष्ठीकी भक्ति इत्यादि है कि जो अनेक क्रियाभेद उसके द्वारा बहुत आक्षेप करता है तो करो, तथापि शुद्ध स्वरूपकी प्राप्ति होगी तो शुद्ध ज्ञानके द्वारा ही होगी।'' और उसी कलशके ''महाव्रततपोभारेण चिरं भग्नाः क्लिश्यन्तां'' इस खंडके अर्थमें कहते हैं कि, ''हिंसा, अनृत, स्तेय, अब्रह्म, परिग्रहसे रहितपना, महा परिषहोंको सहन करना आदि बोझरूप अधिक काल मरण पर्यंत अधिक कष्ट करना हो तो करो फिर भी ऐसा करनेसे कर्मक्षय नहीं होता है।'' पंडितजी स्वरूपाचरणलक्षण चारित्रका स्पष्ट विवरण १०६वें कलशकी टीकामें विस्तारसे इस प्रकार करते हैं कि—''शुद्ध वस्तुमात्र, उसकी स्वरूपनिष्पत्ति, उससे जो स्वरूपाचरणचारित्र वह ही मोक्षमार्ग है, इस बातमें संदेह नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि, कोई जानेगा कि स्वरूपाचरणचारित्र ऐसा कहा जाता है कि आत्माके शुद्ध स्वरूपका विचार अथवा चिंतन अथवा एकाग्र होकर अनुभव हो, लेकिन ऐसा नहीं है, ऐसा करनेसे तो बंध होता है, क्योंकि वह स्वरूपाचरणचारित्रका स्वरूप नहीं है। तो स्वरूपाचरणचारित्र कैसा है ? जैसे सुवर्णको अग्निमें तपानेसे उसकी कालिमा नष्ट होती है और सुवर्ण शुद्ध होता है, वैसे जीवद्रव्यको अनादिसे अशुद्धचेतनारूप रागादि परिणमन था वह नष्ट होता है, शुद्धस्वरूपमात्र शुद्धचेतनारूप जीवद्रव्य परिणमित होता है, उसका नाम स्वरूपाचरणचारित्र कहा

जाता है, ऐसा मोक्षमार्ग है....ऐसा जो शुद्धचेतनापरिणमनरूप स्वरूपाचरणचारित्र वही आत्मद्रव्यका निजस्वरूप है, शुभाशुभ क्रिया जैसा उपाधिरूप नहीं है, इसलिये एक जीवद्रव्यस्वरूप है..... ऐसा शुद्धपना मोक्षका कारण है, उसके अतिरिक्त जो कोई क्रियारूप है वह सब बंधका कारण है।'' और १६वें कलशकी टीकामें चारित्रकी व्याख्या करते हुये ''शुद्धत्वशक्तिका नाम चारित्र है'' और १९वें कलशकी टीकामें चारित्रको ''शुद्धस्वरूपका आचरण''—ऐसा कहा है।

और, चौथे गुणस्थानमें मात्र श्रद्धा ही होती है, आत्मानुभव जैसा कुछ होता नहीं है—इस प्रकार बहुतसे जीव मानते हैं, उनका यह भ्रम पंडितजी कई जगह अनुभवका स्वरूप स्पष्टरूपसे वर्णन करके दूर करते हैं, जैसे कि—९वें कलशके ''**अस्मिन् धाम्नि अनुभवमुपयाते द्वैतमेव न भाति**'' इस खंडके भावार्थमें पंडितजी कहते हैं कि, ''अनुभव प्रत्यक्ष ज्ञान है, प्रत्यक्ष ज्ञान है अर्थात् वेद्यवेदकभावरूपसे आस्वादरूप है, वह अनुभव परसहायसे निरपेक्षरूप है, ऐसा अनुभव यद्यपि तो ज्ञानविशेष है फिर भी सम्यक्त्वके साथ अविनाभूत है, क्योंकि वह सम्यग्दृष्टिको होता है, मिथ्यादृष्टिको नहीं होता ऐसा निश्चय है। ऐसा अनुभव होने पर जीववस्तु स्वयं शुद्ध स्वरूपको प्रत्यक्षरूपसे आस्वादता है। अतः जितने काल तक अनुभव है उतने काल तक वचनव्यवहार सहजरूपसे रुक जाता है, क्योंकि वचनव्यवहार तो परोक्षरूपसे कथन है। यह जीव तो प्रत्यक्षरूपसे अनुभवशील है, उसका (अनुभवकालमें) वचनव्यवहार पर्यंत कुछ रहा नहीं है। और १९वें कलशमें ''**मेचकामेचकत्वयोः आत्मनः चिन्तया एव अलं**'' इस खंडके भावार्थमें पंडितजी अनुभवका स्वरूप बतलाते हुये कहते हैं कि, ''यहाँ कोई प्रश्न करता है कि विचारपूर्वक तो अनुभव नहीं होता तो अनुभव कहाँ है ? उत्तर इस प्रकार है कि प्रत्यक्षरूपसे वस्तुका आस्वादन करना अनुभव है।''

और, सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि जीवकी क्रिया एकसमान होने पर भी दोनों द्रव्योंमें जो परिणमनभेद होता है वह पंडितजीने स्पष्टरूपसे समझाया है। जैसे कि—६७वें कलशके ''**तु ते सर्वे अपि अज्ञानिनः अज्ञाननिवृत्तिाः भवन्ति**'' इस खंडके भावार्थमें उन्होंने स्पष्टता की है कि, ''सम्यग्दृष्टि जीवकी और मिथ्यादृष्टि जीवकी क्रिया तो एकसमान है, क्रिया सम्बन्धी विषय-कषाय एक समान हैं लेकिन द्रव्यका परिणमनभेद है। विवेचन— सम्यग्दृष्टिका द्रव्य शुद्धत्वरूप परिणमित हुआ है इसलिये जो कोई परिणाम बुद्धिपूर्वक अनुभवरूप है अथवा विचाररूप है अथवा व्रत-क्रियारूप है अथवा भोगाभिलाषरूप है अथवा चारित्रमोहके उदयमें क्रोध, मान, माया, लोभरूप हैं वे सभी परिणाम ज्ञानरूप परिणमित होते हैं, क्योंकि उनके जो कोई भी परिणाम है वे संवर-निर्जराका कारण है,—ऐसा ही कोई द्रव्यपरिणमन विशेष है। मिथ्यादृष्टिको द्रव्य अशुद्धरूप परिणमित हुआ है, इसलिये जो कोई भी मिथ्यादृष्टिके परिणाम हैं वे अनुभवरूप होते ही नहीं हैं, इसलिये सूत्रसिद्धान्तके पाठरूप है अथवा व्रत-तपश्चरणरूप है अथवा क्रोध-मान-माया-लोभरूप है,—ऐसे सभी परिणाम

अज्ञानजनित हैं, क्योंकि वे बंधका कारण हैं, संवर-निर्जराका कारण नहीं है,—द्रव्यका ऐसा ही परिणमनविशेष है।''

इस प्रकार टीकाकार पं. राजमलजीने समयसार-कलशमें अंतर्गभित अध्यात्मतत्त्वके परम कल्याणकारी विविध भावोंको और उनके मर्मको स्पष्टरूपसे, सरल भाषामें, विशेषतापूर्वक और जोरदार शैलीसे इस टीकामें स्पष्ट किया है।

टीकाकारकी यह कृति इतनी मनोहर है कि अध्यात्मरसिक कविवर पंडित बनारसीदासजीके उपर इस टीकाका इतना प्रभाव हुआ कि उसके आधारसे उन्होंने 'नाटक समयसार' नामक हिन्दी पद्यबद्ध रचना की है। नाटक समयसारमें पांडे राजमलजी एवं उनके द्वारा रचित इस टीकाके सम्बन्धमें पं. बनारसीदासजी लिखते हैं कि—

पांडे राजमल जिनधर्मी, समयसार नाटकके मर्मी।
तिन्हें ग्रन्थकी टीका कीन्ही, बालबोध सुगम करि दीन्ही॥
इह विधि बोध वचनिका फैली, समै पाइ अध्यातम सैली।
प्रगटी जगत मांही जिनवाणी, घर घर नाटक कथा बखानी॥

उपरोक्त पदमें पं. बनारसीदासजीने पांडे राजमलजी और उनकी इस बालवबोध टीकाके सम्बन्धमें जो कुछ कहना था वह संक्षेपमें कह दिया है। उन्होंने 'नाटक समयसार'की हिन्दी भाषामें छंदबद्ध रचना इस टीकाके आधारसे की है ऐसा भाव व्यक्त करते हुये वे लिखते हैं कि—

नाटक समैसार हित जीका, सुगमरूप राजमली टीका।
कवितबद्ध रचना जो होई, भाषा ग्रंथ पढै सब कोई॥
तब बनारसी मनमें आनी, कीजै तो प्रगटै जिनवानी।
पंच पुरुषकी आज्ञा लीनी, कवितबद्धकी रचना कीनी॥

और, नाटक समयसारके अंतमें पं. बनारसीदासजी लिखते हैं कि—

अनुभौ-रसके रसियाने, तीन प्रकार एकत्र बखानै।
समयसार कलसा अति नीका, राजमली सुगम यह टीका॥
ताके अनुक्रम भाषा कीनी, बनारसी ज्ञाता रस लीनी।
ऐसा ग्रंथ अपूरव पाया, तासैं सबका मनहिं लुभाया॥

अपनी मंडलीके एक सदस्य श्री मानसिंहजीके इस ग्रंथ सम्बन्धी भावोंको व्यक्त करते पं. बनारसीदासजी नाटक समयसारमें लिखते हैं कि—

मानसिंघ चिन्तन कियो, क्यौं पावै यह ग्रंथ।
गोविंदसों इतनी कही, सरस सरस यह ग्रंथ॥

इस प्रकार पांडे राजमलजी और उनके इस अध्यात्मरसभरपूर टीकाग्रंथके विषयमें पं. बनारसीदासजीके उद्‌गार है। जैसे पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामीकी प्रवचनबंसरीका मुख्य सूर सम्यग्दर्शन तथा स्वात्मानुभवका अचिंत्य, अद्‌भुत महिमा है, वैसे इस टीकाका भी प्रधान कार्य समयसार-कलशमें अंतर्गर्भित सम्यग्दर्शन एवं स्वानुभवका माहात्म्य स्पष्टरूपसे हृदयंगम करनेका है। समयसार-कलशमें समाहित आध्यात्मिक गूढ तत्त्व अल्पबुद्धिजन जीवको भी सुगमतासे समझनेमें आ जाय इस प्रकार स्पष्टरूपसे व्यक्त करते पंडित राजमलजीने अध्यात्मतत्त्वके जिज्ञासुओं पर सच्चा उपकार किया है।

समयसार-कलशके अध्यात्मभावोंके रहस्यको खोलनेवाली यह टीका जो देशभाषामें उसका अनुवाद होकर प्रकाशित हो तो बहुत जीवोंको यह आध्यात्मिक भाव सुगमरूपसे समझनेको सुयोग हो—ऐसा करुणाशील उपकारभाव पूज्य गुरुदेवश्रीको आनेसे उसका अनुवाद हिन्दी भाषामें हुआ उसके पश्चात् हिन्दी अनुवादका गुजराती अनुवाद होकर प्रकाशित हो चुका है। इस प्रकार इस ग्रंथ मुमुक्षु भव्य जीवोंको हाथमें आनेका सुअवसर परमकृपालु पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामीकी असीम कृपाका सुखद फल है।

ढूंढारी भाषामेंसे आधुनिक हिन्दी अनुवाद करनेका कार्य दिगम्बर जैन समाजके प्रसिद्ध विद्वान श्रीमान् पं. फूलचंदजी सिद्धांतशास्त्री, वाराणसीवाले द्वारा किया गया है। उनके प्रति श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ उपकारतावश कृतज्ञता व्यक्त करता है। यह हिन्दी उपोद्‌घात गुजराती समयसार-कलशका किया हुआ है।

अंतमें, इस अनुवादके द्वारा समयसार-कलश ग्रंथका हम सभी अध्यात्मतत्त्वप्रेमी मुमुक्षुवर्ग स्वानुभवकी प्राप्तिके लिये आत्मलक्षी अभ्यास करके श्री पद्मनंदी मुनिराजके निम्न श्लोकानुसार परम दशाके भाजन बने ऐसी मंगल भावना सहित उपोद्‌घात पूर्ण करता हूँ।

तत्प्रति प्रीतिचित्तेन येन वार्ताऽपि हि श्रुता।
निश्चितं स भवेद्भव्यो भाविनिर्वाणभाजनम् ॥२३॥

(पद्मनंदिपंचविंशतिका–एकत्व अधिकार)

अर्थ :–जिस जीवने प्रसन्नचित्तसे इस चैतन्यस्वरूप आत्माकी बात भी सुनी है वे भव्य पुरुष भविष्यमें होनेवाली मुक्तिका अवश्य भाजन होता है।

पूज्य गुरुदेवश्रीकी १२९वीं
जन्म-जयंती
दि. १७-४-२०१८

साहित्य प्रकाशन समिति
श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट
सोनगढ (सौराष्ट्र)

विषय-सूचि

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
१	जीव-अधिकार	१-३४
२	अजीव-अधिकार	३५-४६
३	कर्ता-कर्म अधिकार	४७-८२
४	पुण्य-पाप अधिकार	८३-९७
५	आस्रव अधिकार	९८-११०
६	संवर अधिकार	१११-११६
७	निर्जरा अधिकार	११७-१४६
८	बन्ध अधिकार	१४७-१६१
९	मोक्ष अधिकार	१६२-१७५
१०	सर्वविशुद्धज्ञान अधिकार	१७६-२२०
११	स्याद्वाद अधिकार	२२१-२४१
१२	साध्य-साधक अधिकार	२४२-२५५

ॐ

❀ नमः श्रीसर्वज्ञवीतरागाय। ❀

शास्त्र-स्वाध्यायका प्रारंभिक मंगलाचरण

❀

ओंकारं बिन्दुसंयुक्तं नित्यं ध्यायन्ति योगिनः।
कामदं मोक्षदं चैव ॐकाराय नमो नमः॥१॥

अविरलशब्दघनौघप्रक्षालितसकलभूतलकलङ्का।
मुनिभिरुपासिततीर्था सरस्वती हरतु नो दुरितान् ॥२॥

अज्ञानतिमिरान्धानां ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्रीगुरवे नमः॥३॥

॥ श्रीपरमगुरवे नमः, परम्पराचार्यगुरवे नमः ॥

सकलकलुषविध्वंसकं, श्रेयसां परिवर्धकं, धर्मसम्बन्धकं, भव्यजीवमनःप्रतिबोधकारकं, पुण्यप्रकाशकं, पापप्रणाशकमिदं शास्त्रं श्री'समयसार-कलश'नामधेयं, अस्य मूलग्रन्थकर्तारः श्रीसर्वज्ञदेवास्तदुत्तरग्रन्थकर्तारः श्रीगणधरदेवाः प्रतिगणधरदेवास्तेषां वचनानुसारमासाद्य आचार्यश्रीअमृतचंद्रसूरिविरचितं, श्रोतारः सावधानतया शृणवन्तु॥

मङ्गलं भगवान् वीरो मङ्गलं गौतमो गणी।
मङ्गलं कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलम् ॥१॥

सर्वमङ्गलमाङ्ग्ल्यं सर्वकल्याणकारकं।
प्रधानं सर्वधर्माणां जैनं जयतु शासनम् ॥२॥

❀

ॐ

पंडितप्रवर श्री राजमल्लजी कृत

टीकाके आधुनिक हिन्दी-अनुवाद सहित

श्रीमद् अमृतचन्द्राचार्यदेव विरचित

श्री

समयसार-कलश

– १ –

जीव अधिकार

(अनुष्टुप)

नमः समयसाराय स्वानुभूत्या चकासते ।
चित्स्वभावाय भावाय सर्वभावान्तरच्छिदे ।।१।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"**भावाय नमः**" (भावाय) पदार्थ। पदार्थ संज्ञा है सत्त्वस्वरूपकी। उससे यह अर्थ ठहराया—जो कोई शाश्वत वस्तुरूप, उसे मेरा (नमः) नमस्कार। वह वस्तुरूप कैसा है? "**चित्स्वभावाय**" (चित्) ज्ञान–चेतना वही है (स्वभावाय) स्वभाव—सर्वस्व जिसका, उसको मेरा नमस्कार। यह विशेषण कहने पर दो समाधान होते हैं—एक तो भाव कहने पर पदार्थ, वे पदार्थ कोई चेतन हैं, कोई अचेतन हैं; उनमें चेतन पदार्थ नमस्कार करने योग्य है ऐसा अर्थ उपजता है। दूसरा समाधान ऐसा कि यद्यपि वस्तुका गुण वस्तुमें गर्भित है, वस्तु गुण एक ही सत्त्व है, तथापि भेद उपजाकर कहने योग्य है;

विशेषण कहे बिना वस्तुका ज्ञान उपजता नहीं। और कैसा है भाव? **''समयसाराय''** यद्यपि समय शब्दका बहुत अर्थ है तथापि इस अवसर पर समय शब्दसे सामान्यतया जीवादि सकल पदार्थ जानने। उनमें जो कोई सार है, सार अर्थात् उपादेय है जीव वस्तु, उसको मेरा नमस्कार। इस विशेषणका यह भावार्थ—सार पदार्थ जानकर चेतन पदार्थको नमस्कार प्रमाण रखा। असारपना जानकर अचेतन पदार्थको नमस्कार निषेधा। आगे कोई वितर्क करेगा कि सर्व ही पदार्थ अपने अपने गुण-पर्याय विराजमान हैं, स्वाधीन हैं, कोई किसीके आधीन नहीं; जीव पदार्थका सारपना कैसे घटता है? उसका समाधान करनेके लिये दो विशेषण कहे। और कैसा है भाव? **''स्वानुभूत्या चकासते, सर्वभावान्तरच्छिदे''** (स्वानुभूत्या) इस अवसर पर स्वानुभूति कहनेसे निराकुलत्वलक्षण शुद्धात्मपरिणमनरूप अतीन्द्रिय सुख जानना, उसरूप (चकासते) अवस्था है जिसकी। (सर्वभावान्तरच्छिदे) सर्व भाव अर्थात् अतीत-अनागत-वर्तमान पर्याय सहित अनंत गुण विराजमान जितने जीवादि पदार्थ, उसका अन्तरछेदी अर्थात् एक समयमें युगपत् प्रत्यक्षरूपसे जाननशील जो कोई शुद्ध जीववस्तु, उसको मेरा नमस्कार। शुद्ध जीवके सारपना घटता है। सार अर्थात् हितकारी, असार अर्थात् अहितकारी। सो हितकारी सुख जानना, अहितकारी दुख जानना। कारण कि अजीव पदार्थ पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश, कालके और संसारी जीवके सुख नहीं, ज्ञान भी नहीं, और उनका स्वरूप जाननेपर जाननहारे जीवको भी सुख नहीं, ज्ञान भी नहीं, इसलिये इनके सारपना घटता नहीं। शुद्ध जीवके सुख है, ज्ञान भी है, उसको जाननेपर—अनुभवनेपर जाननहारेको सुख है, ज्ञान भी है, इसलिये शुद्ध जीवके सारपना घटता है॥१॥

(अनुष्टुप्)

अनन्तधर्मणस्तत्त्वं पश्यन्ती प्रत्यगात्मनः।
अनेकान्तमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशताम् ॥२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–**''नित्यमेव प्रकाशताम्''** (नित्यं) सदा त्रिकाल (प्रकाशताम्) प्रकाशको करो। इतना कहकर नमस्कार किया। वह कौन? **''अनेकान्तमयी मूर्तिः''** (अनेकान्तमयी) **न एकान्तः अनेकान्तः**। अनेकान्त अर्थात् स्याद्वाद, उसमयी अर्थात् वही है (**मूर्तिः**) स्वरूप जिसका, ऐसी है सर्वज्ञकी वाणी अर्थात् दिव्यध्वनि। इस अवसर पर आशंका उपजती है कि कोई जानेगा कि अनेकान्त तो संशय है, संशय मिथ्या

है। उसके प्रति ऐसा समाधान करना—अनेकान्त तो संशयको दूरीकरणशील है और वस्तुस्वरूपको साधनशील है। उसका विवरण—जो कोई सत्तास्वरूप वस्तु है वह द्रव्य-गुणात्मक है। उसमें जो सत्ता अभेदरूपसे द्रव्यरूप कहलाती है वही सत्ता भेदरूपसे गुणरूप कहलाती है। इसका नाम अनेकान्त है। वस्तुस्वरूप अनादि-निधन ऐसा ही है। किसीका सहारा नहीं। इसलिये अनेकान्त प्रमाण है। आगे जिस वाणीको नमस्कार किया वह वाणी कैसी है? "**प्रत्यगात्मनस्तत्त्वं पश्यन्ती**" (प्रत्यगात्मनः) सर्वज्ञ वीतराग। उसका विवरण—प्रत्यक् अर्थात् भिन्न; भिन्न अर्थात् द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मसे रहित, ऐसा है आत्मा—जीवद्रव्य जिसका वह कहलाता है प्रत्यगात्मा; उसका (तत्त्वं) स्वरूप, उसको (पश्यन्ती) अनुभवनशील है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई वितर्क करेगा कि दिव्यध्वनि तो पुद्गलात्मक है, अचेतन है, अचेतनको नमस्कार निषिद्ध है। उसके प्रति समाधान करनेके निमित्त यह अर्थ कहा कि वाणी सर्वज्ञस्वरूप-अनुसारिणी है, ऐसा माने बिना भी बने नहीं। उसका विवरण—वाणी तो अचेतन है। उसको सुनने पर जीवादि पदार्थका स्वरूपज्ञान जिस प्रकार उपजता है उसी प्रकार जानना—वाणीका पूज्यपना भी है। कैसे हैं सर्वज्ञ वीतराग? "**अनन्तधर्मणः**" (अनन्त) अति बहुत हैं (धर्मणः) गुण जिनके ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—कोई मिथ्यावादी कहता है कि परमात्मा निर्गुण है, गुण विनाश होने पर परमात्मपना होता है। सो ऐसा मानना झूठा है, कारण कि गुणोंका विनाश होनेपर द्रव्यका भी विनाश है॥२॥

(मालिनी)

परपरिणतिहेतोर्मोहनाम्नोऽनुभावा-
दविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः।
मम परमविशुद्धिः शुद्धचिन्मात्रमूर्ते-
र्भवतु समयसारव्याख्ययैवानुभूतेः॥३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—"**मम परमविशुद्धिः भवतु**" शास्त्रकर्ता है अमृतचन्द्रसूरि। वह कहता है—(मम) मुझे (परमविशुद्धिः) शुद्धस्वरूपप्राप्ति। उसका विवरण—परम—सर्वोत्कृष्ट विशुद्धि—निर्मलता (भवतु) होओ किससे? "**समयसारव्याख्यया**" (समयसार) शुद्ध जीव, उसके (व्याख्यया) उपदेशसे हमको

शुद्धस्वरूपकी प्राप्ति होओ। भावार्थ इस प्रकार है—यह शास्त्र परमार्थरूप है, वैराग्योत्पादक है। भारत—रामायणके समान रागवर्धक नहीं है। कैसा हूँ मैं? "**अनुभूतेः**" अनुभूति—अतीन्द्रिय सुख, वही है स्वरूप जिसका ऐसा हूँ। और कैसा हूँ? "**शुद्धचिन्मात्रमूर्तेः**" (शुद्ध) रागादि-उपाधिरहित (चिन्मात्र) चेतनामात्र (मूर्तेः) स्वभाव है जिसका ऐसा हूँ। भावार्थ इस प्रकार है—द्रव्यार्थिकनयसे द्रव्यस्वरूप ऐसा ही है। और कैसा हूँ मैं? "**अविरतमनुभाव्यव्याप्तिकल्माषितायाः**" (अविरतं) निरन्तरपने अनादि सन्तानरूप (अनुभाव्य) विषय-कषायादिरूप अशुद्ध चेतना, उसके साथ है (व्याप्ति) व्याप्ति अर्थात् उसरूप है विभावपरिणमन, ऐसा है (कल्माषितायाः) कलंकपना जिसका ऐसा हूँ। भावार्थ इस प्रकार है—पर्यायार्थिकनयसे जीववस्तु अशुद्धरूपसे अनादिकी परिणमी है। उस अशुद्धताके विनाश होने पर जीववस्तु ज्ञानस्वरूप सुखस्वरूप है। आगे कोई प्रश्न करता है कि जीववस्तु अनादिसे अशुद्धरूप परिणमी है, वहाँ निमित्तमात्र कुछ है कि नहीं है? उत्तर इस प्रकार —निमित्तमात्र भी है। वह कौन, वही कहते हैं—"**मोहनाम्नोऽनुभावात्**" (मोहनाम्नः) पुद्गलपिण्डरूप आठ कर्मोंमें मोह एक कर्मजाति है, उसका (अनुभावात्) उदय अर्थात् विपाकअवस्था। भावार्थ इस प्रकार है—रागादि—अशुद्धपरिणामरूप जीवद्रव्य व्याप्य-व्यापकरूप परिणमा है, पुद्गलपिण्डरूप मोहकर्मका उदय निमित्तमात्र है। जैसे कोई धतूरा पीनेसे घूमता है, निमित्तमात्र धतूराका उसको है। कैसा है मोहनामक कर्म? "**परपरिणतिहेतोः**" (पर) अशुद्ध (परिणति) जीवका परिणाम, जिसका (हेतोः) कारण है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवके अशुद्ध परिणामके निमित्त ऐसा रस लेकर मोहकर्म बँधता है, बादमें उदय समयमें निमित्तमात्र होता है ॥३॥

(मालिनी)

उभयनयविरोधध्वंसिनि स्यात्पदाङ्के
जिनवचसि रमन्ते ये स्वयं वान्तमोहाः।
सपदि समयसारं ते परं ज्योतिरुच्चै-
रनवमनयपक्षाक्षुण्णमीक्षन्त एव ॥४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ते समयसारं ईक्षन्ते एव" (ते) आसन्नभव्य

जीव (समयसारं) शुद्ध जीवको (ईक्षन्ते एव) प्रत्यक्षपने प्राप्त होते हैं **''सपदि''** थोड़े ही कालमें। कैसा है शुद्ध जीव ? **''उच्चैः परं ज्योतिः''** अतिशयमान ज्ञानज्योति है। और कैसा है ? **''अनवम्''** अनादिसिद्ध है। और कैसा है ? **''अनयपक्षाक्षुण्णम्''** (अनयपक्ष) मिथ्यावादसे (अक्षुण्णम्) अखण्डित है। भावार्थ इस प्रकार है–मिथ्यावादी बौद्धादि झूठी कल्पना बहुत प्रकार करते हैं, तथापि वे ही झूठे हैं। आत्मतत्त्व जैसा है वैसा ही है। आगे वे भव्य जीव क्या करते हुये शुद्ध स्वरूप पाते हैं, वही कहते हैं–**''ये जिनवचसि रमन्ते''** (ये) आसन्नभव्य जीव (जिनवचसि) दिव्यध्वनि द्वारा कही है उपादेयरूप शुद्ध जीववस्तु, उसमें (रमन्ते) सावधानपने रुचि-श्रद्धा-प्रतीति करते हैं। विवरण–शुद्ध जीववस्तुका प्रत्यक्षपने अनुभव करते हैं। उसका नाम रुचि–श्रद्धा–प्रतीति है। भावार्थ इस प्रकार है—वचन पुद्गल है, उसकी रुचि करने पर स्वरूपकी प्राप्ति नहीं। इसलिये वचनके द्वारा कही जाती है जो कोई उपादेय वस्तु, उसका अनुभव करने पर फलप्राप्ति है। कैसा है जिनवचन ? **''उभयनयविरोधध्वंसिनि''** (उभय) दो (नय) पक्षपात (विरोध) परस्पर वैरभाव। विवरण–एक सत्त्वको द्रव्यार्थिकनय द्रव्यरूप, उसी सत्त्वको पर्यायार्थिकनय पर्यायरूप कहता है; इसलिये परस्पर विरोध है; उसका (ध्वंसिनि) मेटनशील है। भावार्थ इस प्रकार है—दोनों नय विकल्प हैं, शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव निर्विकल्प है, इसलिये शुद्ध जीववस्तुका अनुभव होनेपर दोनों नयविकल्प झूठे हैं। और कैसा है जिनवचन ? **''स्यात्पदाङ्के''** (स्यात्पद) स्याद्वाद अर्थात् अनेकान्त–जिसका स्वरूप पीछे कहा है, वही है (अङ्के) चिह्न जिसका, ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है–जो कुछ वस्तुमात्र है वह निर्भेद है। वह वस्तुमात्र वचनके द्वारा कहने पर जो कुछ वचन बोला जाता है वही पक्षरूप है। कैसे हैं आसन्नभव्य जीव? **''स्वयं वान्तमोहाः''** (स्वयं) सहजपने (वान्त) वमा है (मोहाः) मिथ्यात्व–विपरीतपना, ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है–अनन्त संसार जीवके भ्रमते हुये जाता है। वे संसारी जीव एक भव्यराशि है, एक अभव्यराशि है। उसमें अभव्यराशि जीव त्रिकाल ही मोक्ष जानेके अधिकारी नहीं। भव्य जीवोंमें कितने ही जीव मोक्ष जाने योग्य हैं। उनके मोक्ष पहुँचनेका कालपरिमाण है। विवरण–यह जीव इतना काल बीतने पर मोक्ष जायेगा ऐसी नोंध केवलज्ञानमें है। वह जीव संसारमें भ्रमते भ्रमते जभी अर्धपुद्गलपरावर्तनमात्र रहता है तभी सम्यक्त्व उपजने योग्य है। इसका नाम काललब्धि कहलाता है। यद्यपि सम्यक्त्वरूप जीवद्रव्य परिणमता है तथापि काललब्धिके बिना करोड़ उपाय जो किये जायँ

तो भी जीव सम्यक्त्वरूप परिणमन योग्य नहीं ऐसा नियम है। इससे जानना कि सम्यक्त्व-वस्तु यत्नसाध्य नहीं, सहजरूप है ॥४॥

(मालिनी)

व्यवहरणनयः स्याद्यद्यपि प्राक्पदव्या-
मिह निहितपदानां हन्त हस्तावलम्बः ।
तदपि परममर्थं चिच्चमत्कारमात्रं
परविरहितमन्तः पश्यतां नैष किञ्चित् ॥५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''व्यवहरणनयः यद्यपि हस्तावलम्बः स्यात्'' (व्यवहरणनयः) जितना कथन। उसका विवरण—जीववस्तु निर्विकल्प है। वह तो ज्ञानगोचर है। वही जीववस्तुको कहना चाहें, तब ऐसे ही कहनेमें आता है कि जिसके गुण दर्शन-ज्ञान-चारित्र वह जीव। जो कोई बहुत साधिक (-अधिक बुद्धिमान्) हो तो भी ऐसा ही कहना पड़े। इतने कहनेका नाम व्यवहार है। यहाँ कोई आशंका करेगा कि वस्तु निर्विकल्प है, उसमें विकल्प उपजाना अयुक्त है। वहाँ समाधान इस प्रकार है कि व्यवहारनय हस्तावलम्ब है। (हस्तावलम्बः) जैसे कोई नीचे पड़ा हो तो हाथ पकड़कर ऊपर लेते हैं वैसे ही गुण-गुणीरूप भेद कथन ज्ञान उपजानेका एक अंग है। उसका विवरण—जीवका लक्षण चेतना इतना कहने पर पुद्गलादि अचेतन द्रव्यसे भिन्नपनेकी प्रतीति उपजती है। इसलिये जबतक अनुभव होता है तबतक गुण-गुणी भेदरूप कथन ज्ञानका अंग है। व्यवहारनय जिनका हस्तावलम्ब है वे कैसे हैं? ''प्राक्पदव्यामिह निहितपदानां'' (इह) विद्यमान ऐसी जो (प्राक्पदव्याम्) ज्ञान उत्पन्न होने पर प्रारम्भिक अवस्था उसमें (निहितपदानां) निहित—रखा है पद—सर्वस्व जिन्होंने ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जो कोई सहजरूपसे अज्ञानी हैं, जीवादि पदार्थोंका द्रव्य-गुण-पर्याय—स्वरूप जाननेके अभिलाषी हैं, उनके लिये गुण-गुणीभेदरूप कथन योग्य है। ''हन्त तदपि एषः न किञ्चित्'' यद्यपि व्यवहारनय हस्तावलम्ब है तथापि कुछ नहीं, नोंध (ज्ञान, समझ) करनेपर झूठा है। वे जीव कैसे हैं जिनके व्यवहारनय झूठा है? ''चिच्चमत्कारमात्रं अर्थं अन्तः पश्यतां'' (चित्) चेतना (चमत्कार) प्रकाश (मात्रं) इतनी ही है (अर्थं) शुद्ध जीववस्तु, उसको (अन्तः पश्यतां)

प्रत्यक्षपने अनुभवते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—वस्तुका अनुभव होनेपर वचनका व्यवहार सहज ही छूट जाता है। कैसी है वस्तु? ''परमं'' उत्कृष्ट है, उपादेय है। और कैसी है वस्तु? ''परविरहितं'' (पर) द्रव्यकर्म-नोकर्म-भावकर्मसे (विरहितं) भिन्न है।।५।।

(शार्दूलविक्रीडित)

एकत्वे नियतस्य शुद्धनयतो व्याप्तुर्यदस्यात्मनः
पूर्णज्ञानघनस्य दर्शनमिह द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक् ।
सम्यग्दर्शनमेतदेव नियमादात्मा च तावानयं
तन्मुक्त्वा नवतत्त्वसन्ततिमिमामात्मायमेकोऽस्तु नः।।६।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''तत् नः अयं एकः आत्मा अस्तु'' (तत्) इस कारण (नः) हमें (अयं) यह विद्यमान (एकः) शुद्ध (आत्मा) चेतनपदार्थ (अस्तु) होओ। भावार्थ इस प्रकार है—जीववस्तु चेतनालक्षण तो सहज ही है। परन्तु मिथ्यात्वपरिणामके कारण भ्रमित हुआ अपने स्वरूपको नहीं जानता, इससे अज्ञानी ही कहना। अतएव ऐसा कहा कि मिथ्या परिणामके जाननेसे यही जीव अपने स्वरूपका अनुभवशीली होओ। क्या करके? ''इमाम् नवतत्त्वसन्ततिम् मुक्त्वा'' (इमाम्) आगे कहे जानेवाले (नवतत्त्व) जीव-अजीव-आस्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा-मोक्ष-पुण्य-पापके (सन्ततिम्) अनादि सम्बन्धको (मुक्त्वा) छोड़कर। भावार्थ इस प्रकार है—संसार-अवस्थामें जीवद्रव्य नौ तत्त्वरूप परिणमा है, वह तो विभाव परिणति है, इसलिये नौ तत्त्वरूप वस्तुका अनुभव मिथ्यात्व है। ''यदस्यात्मनः इह द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक् दर्शनम् नियमात् एतदेव सम्यग्दर्शनम्'' (यत्) जिस कारण (अस्यात्मनः) यही जीवद्रव्य (द्रव्यान्तरेभ्यः पृथक्) सकल कर्मोपाधिसे रहित जैसा है (इह दर्शनम्) वैसा ही प्रत्यक्षपने उसका अनुभव (नियमात्) निश्चयसे (एतदेव सम्यग्दर्शनम्) यही सम्यग्दर्शन है। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दर्शन जीवका गुण है। वह गुण संसार-अवस्थामें विभावरूप परिणमा है। वही गुण जब स्वभावरूप परिणमे तब मोक्षमार्ग है। विवरण—सम्यक्त्वभाव होनेपर नूतन ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मास्रव मिटता है, पूर्वबद्ध कर्म निर्जरता है; इस कारण मोक्षमार्ग है। यहाँ पर कोई आशंका करेगा कि मोक्षमार्ग सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र इन तीनोंके मिलनेसे होता है। उत्तर इस प्रकार है—

शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव करने पर तीनों ही हैं। कैसा है शुद्ध जीव ? "**शुद्धनयतः एकत्वे नियतस्य**" (शुद्धनयतः) निर्विकल्प वस्तुमात्रकी दृष्टिसे देखते हुये (एकत्वे) शुद्धपना (नियतस्य) उसरूप है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवका लक्षण चेतना है। वह चेतना तीन प्रकारकी है—एक ज्ञानचेतना, एक कर्मचेतना, एक कर्मफलचेतना। उनमेंसे ज्ञानचेतना शुद्ध चेतना है, शेष अशुद्ध चेतना हैं। उनमेंसे अशुद्ध चेतनारूप वस्तुका स्वाद सर्व जीवोंको अनादिसे प्रगट ही है। उसरूप अनुभव सम्यक्त्व नहीं। शुद्ध चेतनामात्र वस्तुस्वरूपका आस्वाद आवे तो सम्यक्त्व है। और कैसी है जीववस्तु ? "**व्याप्तुः**" अपने गुण-पर्यायोंको लिये हुये है। इतना कहकर शुद्धपना दृढ़ किया है। कोई आशंका करेगा कि सम्यक्त्व-गुण और जीववस्तुका भेद है कि अभेद है ? उत्तर ऐसा कि अभेद है "**आत्मा च तावानयम्**" (अयम्) यह (आत्मा) जीववस्तु (तावान्) सम्यक्त्व-गुणमात्र है॥६॥

(अनुष्टुप)

अतः शुद्धनयायत्तं प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति तत् ।
नवतत्त्वगतत्वेऽपि यदेकत्वं न मुञ्चति ॥७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**अतः तत् प्रत्यग्ज्योतिश्चकास्ति**" (अतः) यहाँसे आगे (तत्) वही (प्रत्यग्ज्योतिः) शुद्ध चेतनामात्र वस्तु (चकास्ति) शब्दों द्वारा युक्तिसे कही जाती है। कैसी है वस्तु ? "**शुद्धनयायत्तं**" (शुद्धनय) वस्तुमात्रके (आयत्तं) आधीन है। भावार्थ इस प्रकार है—जिसका अनुभव करनेपर सम्यक्त्व होता है उस शुद्ध स्वरूपको कहते हैं—"**यदेकत्वं न मुञ्चति**" (यत्) जो शुद्ध वस्तु (एकत्वं) शुद्धपनेको (न मुञ्चति) नहीं छोड़ती है। यहाँपर कोई आशंका करेगा कि जीववस्तु जब संसारसे छूटती है तब शुद्ध होती है। उत्तर इस प्रकार है—जीववस्तु द्रव्यदृष्टिसे विचार करनेपर त्रिकाल ही शुद्ध है। वही कहते हैं—"**नवतत्त्वगतत्वेऽपि**" (नवतत्त्व) जीव-अजीव-आस्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा-मोक्ष-पुण्य-पाप (गतत्वे अपि) उसरूप परिणत है तथापि शुद्धस्वरूप है। भावार्थ इस प्रकार है—जैसे अग्नि दाहक लक्षणवाली है, वह काष्ठ, तृण, कण्डा आदि समस्त दाह्यको दहती है, दहती हुई अग्नि दाह्याकार होती है, पर उसका विचार है कि जो उसे काष्ठ, तृण और कण्डेकी आकृतिमें देखा जाय तो काष्ठकी अग्नि, तृणकी अग्नि और कण्डेकी अग्नि ऐसा कहना साँचा ही है और जो अग्निकी उष्णतामात्र विचारा जाय तो उष्णमात्र है।

काष्ठकी अग्नि, तृणकी अग्नि और कण्डेकी अग्नि ऐसे समस्त विकल्प झूठे हैं। उसी प्रकार नौ तत्त्वरूप जीवके परिणाम हैं। वे परिणाम कितने ही शुद्धरूप हैं, कितने ही अशुद्धरूप हैं। जो नौ परिणाममें ही देखा जाय तो नौ ही तत्त्व साँचे हैं और जो चेतनामात्र अनुभव किया जाय तो नौ ही विकल्प झूठे हैं॥७॥

(मालिनी)

चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नमुन्नीयमानं
कनकमिव निमग्नं वर्णमालाकलापे ।
अथ सततविविक्तं दृश्यतामेकरूपं
प्रतिपदमिदमात्मज्योतिरुद्योतमानम् ॥८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''आत्मज्योतिर्दृश्यताम्'' (आत्मज्योतिः) जीवद्रव्यका शुद्ध ज्ञानमात्र, (दृश्यताम्) सर्वथा अनुभवरूप हो। कैसी है आत्मज्योति? ''चिरमिति नवतत्त्वच्छन्नं अथ सततविविक्तं'' इस अवसर पर नाट्यरसके समान एक जीववस्तु आश्चर्यकारी अनेक भावरूप एक ही समयमें दिखलाई देती है। इसी कारणसे इस शास्त्रका नाम नाटक समयसार है। वही कहते हैं—(चिरम्) अमर्याद कालसे (इति) जो विभावरूप रागादि परिणाम–पर्यायमात्र विचारा जाय तो ज्ञानवस्तु (नवतत्त्वच्छन्नं) पूर्वोक्त जीवादि नौ तत्त्वरूपसे आच्छादित है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीववस्तु अनादि कालसे धातु और पाषाणके संयोगके समान कर्म पर्यायसे मिली ही चली आ रही है सो मिली हुई होकर वह रागादि विभाव परिणामोंके साथ व्याप्य-व्यापक रूपसे स्वयं परिणमन कर रही है। वह परिणमन देखा जाय, जीवका स्वरूप न देखा जाय तो जीववस्तु नौ तत्त्वरूप है ऐसा दृष्टिमें आता है। ऐसा भी है, सर्वथा झूठ नहीं है, क्योंकि विभावरूप रागादि परिणाम शक्ति जीवमें ही है। ''अथ'' अब 'अथ' पद द्वारा दूसरा पक्ष दिखलाते हैं—वही जीववस्तु द्रव्य रूप है, अपने गुण-पर्यायोंमें विराजमान है। जो शुद्ध द्रव्यस्वरूप देखा जाय, पर्यायस्वरूप न देखा जाय तो वह कैसी है? ''सततविविक्तम्'' (सतत) निरन्तर (विविक्तं) नौ तत्त्वोंके विकल्पसे रहित है, शुद्ध वस्तुमात्र है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव सम्यक्त्व है। और कैसी है वह आत्मज्योति? ''वर्णमालाकलापे कनकमिव निमग्नं''

(वर्णमाला) पदके दो अर्थ हैं—एक तो बनवारी[1] और दूसरा भेदपंक्ति। भावार्थ इस प्रकार है कि गुण-गुणीके भेदरूप भेदप्रकाश। 'कलाप'का अर्थ समूह है। इसलिये ऐसा अर्थ निष्पक्ष हुआ कि जैसे एक ही सोना वानभेदसे अनेकरूप कहा जाता है वैसे एक ही जीववस्तु द्रव्य-गुण-पर्यायरूपसे अथवा उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूपसे अनेकरूप कही जाती है। **'अथ'** अब 'अथ' पद द्वारा पुनः दूसरा पक्ष दिखलाते हैं—**''प्रतिपदम् एकरूपं''** (प्रतिपदम्) गुण-पर्यायरूप, अथवा उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप अथवा दृष्टांतकी अपेक्षा वानभेदरूप जितने भेद हैं उन सब भेदोंमें भी (एकरूपं) आप (एक) ही है। वस्तुका विचार करने पर भेदरूप भी वस्तु ही है, वस्तुसे भिन्न भेद कुछ वस्तु नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि सुवर्णमात्र न देखा जाय, वानभेदमात्र देखा जाय तो वानभेद है; सुवर्णकी शक्ति ऐसी भी है। जो वानभेद न देखा जाय, केवल सुवर्णमात्र देखा जाय तो वानभेद झूठा है। इसी प्रकार जो शुद्ध जीववस्तुमात्र न देखी जाय, गुण-पर्यायमात्र या उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यमात्र देखा जाय तो गुण-पर्याय हैं तथा उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य हैं, जीववस्तु ऐसी भी है। जो गुण-पर्यायभेद या उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यभेद न देखा जाय, वस्तुमात्र देखी जाय तो समस्त भेद झूठा है। ऐसा अनुभव सम्यक्त्व है। और कैसी है आत्मज्योति? **''उन्नीयमानं''** चेतना लक्षणसे जानी जाती है, इसलिये अनुमानगोचर भी है। अथ दूसरा पक्ष— **''उद्योतमानम्''** प्रत्यक्ष ज्ञानगोचर है। भावार्थ इस प्रकार है—जो भेदबुद्धि करते हुये जीववस्तु चेतना लक्षणसे जीवको जानती है, वस्तु विचारनेपर इतना विकल्प भी झूठा है, शुद्ध वस्तुमात्र है। ऐसा अनुभव सम्यक्त्व है॥८॥

(मालिनी)

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं
क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रम्।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वंकषेऽस्मिन्
अनुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव ॥९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अस्मिन् धाम्नि अनुभवमुपयाते द्वैतमेव न भाति'' (अस्मिन्) इस—स्वयंसिद्ध (धाम्नि) चेतनात्मक जीव वस्तुका (अनुभवम्)

१. बनवारी = सोनारकी मूँस।

प्रत्यक्षरूप आस्वाद (उपयाते) आनेपर (द्वैतमेव) सूक्ष्म-स्थूल अन्तर्जल्प और बहिर्जल्परूप सभी विकल्प (न भाति) नहीं शोभते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—अनुभव प्रत्यक्ष ज्ञान है। प्रत्यक्ष ज्ञान है अर्थात् वेद्य-वेदकभावसे आस्वादरूप है और वह अनुभव परसहायसे निरपेक्ष है। ऐसा अनुभव यद्यपि ज्ञानविशेष है तथापि सम्यक्त्वके साथ अविनाभूत है, क्योंकि यह सम्यग्दृष्टिके होता है, मिथ्यादृष्टिके नहीं होता है ऐसा निश्चय है। ऐसा अनुभव होनेपर जीववस्तु अपने शुद्धस्वरूपको प्रत्यक्षरूपसे आस्वादती है। इसलिये जितने कालतक अनुभव होता है उतने कालतक वचनव्यवहार सहज ही बन्द रहता है, क्योंकि वचन व्यवहार तो परोक्षरूपसे कथक है। यह जीव तो प्रत्यक्षरूप अनुभवशील है, इसलिये (अनुभवकालमें) वचनव्यवहार पर्यन्त कुछ रहा नहीं। कैसी है जीववस्तु ? **''सर्वंकषे''** (सर्वं) सब प्रकारके विकल्पोंका (कषे) क्षयकरणशील (क्षय करनेरूप स्वभाववाली) है। भावार्थ इस प्रकार है—जैसे सूर्यप्रकाश अन्धकारसे सहज ही भिन्न है वैसे अनुभव भी समस्त विकल्पोंसे रहित ही है। यहाँ पर कोई प्रश्न करेगा के अनुभवके होनेपर कोई विकल्प रहता है कि जिनका नाम विकल्प है वे समस्त ही मिटते हैं ? उत्तर इस प्रकार है कि समस्त ही विकल्प मिट जाते हैं, उसीको कहते हैं—**''नयश्रीरपि न उदयति, प्रमाणमपि अस्तमेति, न विद्मः निक्षेपचक्रमपि क्वचित् याति, अपरम् किम् अभिदध्मः''** जो अनुभवके आनेपर प्रमाण-नय-निक्षेप ही झूठा है। वहाँ रागादि विकल्पोंकी क्या कथा। भावार्थ इस प्रकार है—जो रागादि तो झूठा ही है, जीवस्वरूपसे बाह्य है। प्रमाण-नय-निक्षेपरूप बुद्धिके द्वारा एक ही जीव द्रव्यका द्रव्य-गुण-पर्यायरूप अथवा उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप भेद किया जाता है, वे समस्त झूठे हैं। इन सबके झूठे होनेपर जो कुछ वस्तुका स्वाद है सो अनुभव है। (प्रमाण) युगपत् अनेक धर्मग्राहक ज्ञान, वह भी विकल्प है, (नय) वस्तुके किसी एक गुणका ग्राहक ज्ञान वह भी विकल्प है और (निक्षेप) उपचार घटनारूप ज्ञान, वह भी विकल्प है। भावार्थ इस प्रकार है कि अनादिकालसे जीव अज्ञानी है, जीवस्वरूपको नहीं जानता है। वह जब जीवसत्त्वकी प्रतीति आनी चाहे तब जैसे ही प्रतीति आवे तैसे ही वस्तु-स्वरूप साधा जाता है। सो साधना गुण-गुणीज्ञान द्वारा होती है, दूसरा उपाय तो कोई नहीं है। इसलिये वस्तुस्वरूपका गुण-गुणीभेदरूप विचार करने पर प्रमाण-नय-निक्षेपरूप विकल्प उत्पन्न होते हैं। वे विकल्प प्रथम अवस्थामें भले ही हैं, तथापि स्वरूप मात्र अनुभवने पर झूठे हैं।।९।।

(उपजाति)

आत्मस्वभावं परभावभिन्न-
मापूर्णमाद्यन्तविमुक्तमेकम् ।
विलीनसंकल्पविकल्पजालं
प्रकाशयन् शुद्धनयोऽभ्युदेति ॥१०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"शुद्धनयः अभ्युदेति" (शुद्धनय) निरुपाधि जीववस्तुस्वरूपका उपदेश (अभ्युदेति) प्रगट होता है। क्या करता हुआ प्रगट होता है? "एकम् प्रकाशयन्" (एकम्) शुद्धस्वरूप जीववस्तुको (प्रकाशयन्) निरूपण करता हुआ। कैसा है शुद्ध जीवस्वरूप? "आद्यन्तविमुक्तम्" (आद्यन्त) समस्त पिछले और आगामी कालसे (विमुक्तम्) रहित है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध जीववस्तुकी आदि भी नहीं है, अन्त भी नहीं है। जो ऐसे स्वरूपको सूचित करता है उसका नाम शुद्धनय है। पुनः कैसी है जीववस्तु? "विलीनसंकल्पविकल्पजालं" (विलीन) विलयको प्राप्त हो गया है (संकल्प) रागादि परिणाम और (विकल्प) अनेक नयविकल्परूप ज्ञानकी पर्याय जिसके ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है कि समस्त संकल्प-विकल्पसे रहित वस्तुस्वरूपका अनुभव सम्यक्त्व है। पुनः कैसी है शुद्ध जीववस्तु? "परभावभिन्नम्" रागादि भावोंसे भिन्न है। और कैसी है? "आपूर्णम्" अपने गुणोंसे परिपूर्ण है। और कैसी है? "आत्मस्वभावं" आत्माका निज भाव है॥१०॥

(मालिनी)

न हि विदधति बद्धस्पृष्टभावादयोऽमी
स्फुटमुपरि तरन्तोऽप्येत्य यत्र प्रतिष्ठाम् ।
अनुभवतु तमेव द्योतमानं समन्तात्
जगदपगतमोहीभूय सम्यक्स्वभावम् ॥११॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''जगत् तमेव स्वभावम् सम्यक् अनुभवतु'' (जगत्) सर्व जीवराशि (तमेव) निश्चयसे पूर्वोक्त (स्वभावम्) शुद्ध जीववस्तुको (सम्यक्) जैसी है वैसी (अनुभवतु) प्रत्यक्षपनेसे स्वसंवेदनरूप आस्वादो। कैसी होकर आस्वादे? ''अपगतमोहीभूय'' (अपगत) चली गई है (मोहीभूय) शरीरादि परद्रव्यसम्बन्धी एकत्वबुद्धि जिसकी ऐसी होकर। भावार्थ इस प्रकार है कि संसारी जीवको संसारमें बसते हुये अनन्तकाल गया। शरीरादि परद्रव्य स्वभाव था, परन्तु यह जीव अपना ही जानकर प्रवृत्त हुआ, सो जभी वह विपरीत बुद्धि छूटती है तभी यह जीव शुद्धस्वरूपका अनुभव करनेके योग्य होता है। कैसा है शुद्धस्वरूप? 'समन्तात् द्योतमानं'' (समन्तात्) सब प्रकारसे (द्योतमानं) प्रकाशमान है। भावार्थ इस प्रकार है कि अनुभवगोचर होने पर कुछ भ्रान्ति नहीं रहती। वहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि जीवको तो शुद्धस्वरूप कहा और वह ऐसा ही है, परन्तु राग-द्वेष-मोहरूप परिणामोंको अथवा सुख-दुःख आदिरूप परिणामोंको कौन करता है, कौन भोगता है? उत्तर इस प्रकार है कि इन परिणामोंको करे तो जीव करता है और जीव भोक्ता है परन्तु यह परिणति विभावरूप है, उपाधिरूप है। इस कारण निजस्वरूप विचारने पर यह जीवका स्वरूप नहीं है ऐसा कहा जाता है। कैसा है शुद्धस्वरूप? ''यत्र अमी बद्धस्पृष्टभावादयः प्रतिष्ठां न हि विदधति'' (यत्र) जिस शुद्धात्मस्वरूपमें (अमी) विद्यमान, (बद्ध) अशुद्ध रागादिभाव, (स्पृष्ट) परस्पर पिण्डरूप एक क्षेत्रावगाह और (आदिः) शब्दसे गृहीत अन्यभाव, अनियतभाव, विशेषभाव और संयुक्तभाव इत्यादि जो विभावपरिणाम हैं वे समस्त भाव शुद्धस्वरूपमें (प्रतिष्ठां) शोभाको (न हि विदधति) नहीं धारण करते हैं। नर, नारक, तिर्यञ्च और देवपर्यायरूप भावका नाम अन्यभाव है। असंख्यात प्रदेशसम्बन्धी संकोच और विस्ताररूप परिणमनका नाम अनियतभाव है। दर्शन, ज्ञान और चारित्ररूप भेदकथनका नाम विशेषभाव है तथा रागादि उपाधि सहितका नाम संयुक्तभाव है। भावार्थ इस प्रकार है कि बद्ध, स्पृष्ट, अन्य, अनियत, विशेष और संयुक्त ऐसे जो छह विभाव परिणाम हैं वे समस्त संसार अवस्थायुक्त जीवके हैं, शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव करनेपर जीवके नहीं हैं। कैसे हैं बद्ध-स्पृष्ट आदि विभावभाव? ''स्फुटं'' प्रगटरूपसे ''एत्य अपि'' उत्पन्न होते हुये विद्यमान ही हैं तथापि ''उपरि तरन्तः'' ऊपर ही ऊपर रहते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका ज्ञानगुण त्रिकालगोचर है उस प्रकार रागादि विभावभाव जीववस्तुमें त्रिकालगोचर नहीं है। यद्यपि संसार अवस्थामें

विद्यमान ही हैं तथापि मोक्ष अवस्थामें सर्वथा नहीं हैं, इसलिये ऐसा निश्चय है कि रागादि जीवस्वरूप नहीं हैं ॥११॥

(शार्दूलविक्रीडित)

भूतं भान्तमभूतमेव रभसा निर्भिद्य बन्धं सुधी-
र्यद्यन्तः किल कोऽप्यहो कलयति व्याहत्य मोहं हठात् ।
आत्मात्मानुभवैकगम्यमहिमा व्यक्तोऽयमास्ते ध्रुवं
नित्यं कर्मकलङ्कपङ्कविकलो देवः स्वयं शाश्वतः ॥१२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अयम् आत्मा व्यक्तः आस्ते" (अयम्) इस प्रकार (आत्मा) चेतनालक्षण जीव (व्यक्तः) स्वस्वभावरूप (आस्ते) होता है। कैसा होता है? "नित्यं कर्मकलङ्कपङ्कविकलः" (नित्यं) त्रिकालगोचर (कर्म) अशुद्धतारूप (कलङ्कपङ्क) कलुषता—कीचड़से (विकलः) सर्वथा भिन्न होता है। और कैसा है? "ध्रुवं" चार गतिमें भ्रमता हुआ रह (रुक) गया। और कैसा है? "देवः" त्रैलोक्यसे पूज्य है। और कैसा है? "स्वयं शाश्वतः" द्रव्यरूप विद्यमान ही है। और कैसा होता है? "आत्मानुभवैकगम्यमहिमा" (आत्मा) चेतन वस्तुके (अनुभव) प्रत्यक्ष-आस्वादके द्वारा (एक) अद्वितीय (गम्य) गोचर है (महिमा) बड़ाई जिसकी ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका जिस प्रकार एक ज्ञानगुण है उसी प्रकार एक अतीन्द्रिय सुखगुण है सो सुखगुण संसार अवस्थामें अशुद्धपनेसे प्रगट आस्वादरूप नहीं है। अशुद्धपनाके जानेपर प्रगट होता है। वह सुख अतीन्द्रिय परमात्माके होता है। उस सुखको कहनेके लिये कोई दृष्टांत चारों गतियोंमें नहीं है, क्योंकि चारों ही गतियाँ दुःखरूप हैं, इसलिये ऐसा कहा कि जिसको शुद्धस्वरूपका अनुभव है सो जीव परमात्मारूप जीवके सुखको जाननेके योग्य है। क्योंकि शुद्धस्वरूप अनुभवनेपर अतीन्द्रिय सुख है—ऐसा भाव सूचित किया है। कोई प्रश्न करता है कि कैसा कारण करनेसे जीव शुद्ध होता है? उत्तर इस प्रकार है कि शुद्धका अनुभव करनेसे जीव शुद्ध होता है। "किल यदि कोऽपि सुधीः अन्तः कलयति" (किल) निश्चयसे (यदि) जो (कोऽपि) कोई जीव (अन्तः कलयति) शुद्धस्वरूपको निरन्तर अनुभवता है। कैसा है जीव? "सुधीः" शुद्ध है बुद्धि जिसकी। क्या करके अनुभवता है? "रभसा

बन्धं निर्भिद्य'' (रभसा) उसी काल (बन्धं) द्रव्यपिंडरूप मिथ्यात्व कर्मके (निर्भिद्य) उदयको मेट करके अथवा मूलसे सत्ता मेट करके, तथा **''हठात् मोहं व्याहत्य''** (हठात्) बलसे (मोहं) मिथ्यात्वरूप जीवके परिणामको (व्याहत्य) समूल नाश करके। भावार्थ इस प्रकार है कि अनादि कालका मिथ्यादृष्टि ही जीव काललब्धिके प्राप्त होनेपर सम्यक्त्वके ग्रहणकालके पूर्व तीन करण करता है। वे तीन करण अन्तर्मुहूर्तमें होते हैं। करण करनेपर द्रव्यपिण्डरूप मिथ्यात्वकर्मकी शक्ति मिटती है। उस शक्तिके मिटने पर भावमिथ्यात्वरूप जीवका परिणाम मिटता है। जिस प्रकार धतूराके रसका पाक मिटनेपर गहलपना मिटता है। कैसा है बन्ध अथवा मोह? **''भूतं भान्तम् अभूतम् एव''** (एव) निश्चयसे (भूतं) अतीत काल सम्बन्धी, (भान्तम्) वर्तमान कालसम्बन्धी, (अभूतम्) आगामी कालसम्बन्धी। भावार्थ इस प्रकार है– त्रिकाल संस्काररूप है जो शरीरादिसे एकत्वबुद्धि उसके मिटनेपर जो जीव शुद्ध जीवको अनुभवता है वह जीव निश्चयसे कर्मोंसे मुक्त होता है॥१२॥

(वसंततिलका)

आत्मानुभूतिरिति शुद्धनयात्मिका या
ज्ञानानुभूतिरियमेव किलेति बुद्ध्वा।
आत्मानमात्मनि निवेश्य सुनिष्प्रकम्प-
मेकोऽस्ति नित्यमवबोधघनः समन्तात् ॥१३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–**''आत्मा सुनिष्प्रकम्पम् एकोऽस्ति''** (आत्मा) चेतन द्रव्य (सुनिष्प्रकम्पम्) अशुद्ध परिणमनसे रहित (एकः) शुद्ध (अस्ति) होता है? कैसा है आत्मा? **''नित्यं समन्तात् अवबोधघनः''** (नित्यम्) सदा काल (समन्तात्) सर्वाङ्ग (अवबोधघनः) ज्ञानगुणका समूह है–ज्ञानपुञ्ज है। क्या करके आत्मा शुद्ध होता है? **''आत्मना आत्मनि निवेश्य''** (आत्मना) अपनेसे (आत्मनि) अपने ही में (निवेश्य) प्रविष्ट होकर। भावार्थ इस प्रकार है कि आत्मानुभव परद्रव्यकी सहायतासे रहित है। इस कारण अपने ही में अपनेसे आत्मा शुद्ध होता है। यहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि इस अवसर पर तो ऐसा कहा कि आत्मानुभव करनेपर आत्मा शुद्ध होता है और कहींपर यह

कहा है कि ज्ञानगुण-मात्र अनुभव करने पर आत्मा शुद्ध होता है सो इसमें विशेषता क्या है? उत्तर इस प्रकार है कि विशेषता तो कुछ भी नहीं है। वही कहते हैं–"**या शुद्धनयात्मिका आत्मानुभूतिः इति किल इयम् एव ज्ञानानुभूतिः इति बुद्ध्वा**" (या) जो (आत्मानुभूतिः) आत्मद्रव्यका प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद है। कैसी है अनुभूति? (शुद्धनयात्मिका) शुद्धनय अर्थात् शुद्धवस्तु सो ही है आत्मा अर्थात् स्वभाव जिसका ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है—निरुपाधिरूपसे जीवद्रव्य जैसा है वैसा ही प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद आवे इसका नाम शुद्धात्मानुभव है। (किल) निश्चयसे (इयम् एव ज्ञानानुभूतिः) यह जो आत्मानुभूति कही वही ज्ञानानुभूति है (इति बुद्ध्वा) इतना मात्र जानकर। भावार्थ इस प्रकार है कि जीववस्तुका जो प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद, उसको नामसे आत्मानुभव ऐसा कहा जाय अथवा ज्ञानानुभव ऐसा कहा जाय। नामभेद है, वस्तुभेद नहीं है। ऐसा जानना कि आत्मानुभव मोक्षमार्ग है। इस प्रसंगमें और भी संशय होता है कि कोई जानेगा कि द्वादशाङ्गज्ञान कुछ अपूर्व लब्धि है। उसके प्रति समाधान इस प्रकार है कि द्वादशाङ्गज्ञान भी विकल्प है। उसमें भी ऐसा कहा है कि शुद्धात्मानुभूति मोक्षमार्ग है, इसलिये शुद्धात्मानुभूतिके होनेपर शास्त्र पढ़नेकी कुछ अटक नहीं है।।१३।।

(पृथ्वी)

अखण्डितमनाकुलं ज्वलदनन्तमन्तर्बहि-
र्महः परममस्तु नः सहजमुद्विलासं सदा।
चिदुच्छलननिर्भरं सकलकालमालम्बते
यदेकरसमुल्लसल्लवणखिल्यलीलायितम् ।।१४।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"तत् महः नः अस्तु" (तत्) वही (महः) शुद्ध ज्ञानमात्र वस्तु (नः) हमारे (अस्तु) हो। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्धस्वरूपका अनुभव उपादेय है, अन्य समस्त हेय है। कैसा है वह 'महः'? "परमम्" उत्कृष्ट है। और कैसा है 'महः'? "अखण्डितम्" खण्डित नहीं है–परिपूर्ण है। भावार्थ इस प्रकार है कि इन्द्रियज्ञान खण्डित है सो यद्यपि वर्तमान कालमें उसरूप परिणत हुआ है तथापि स्वरूपसे ज्ञान अतीन्द्रिय है। और कैसा है? "अनाकुलं" आकुलतासे रहित है। भावार्थ इस प्रकार

है कि यद्यपि संसार अवस्थामें कर्मजनित सुख-दुःखरूप परिणमता है तथापि स्वाभाविक सुख-स्वरूप है। और कैसा है? **''अन्तर्बहि र्ज्वलत्''** (अन्तः) भीतर (बहिः) बाहर (ज्वलत्) प्रकाशरूप परिणत हो रहा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीववस्तु असंख्यातप्रदेशी है, ज्ञानगुण सब प्रदेशोंमें एक समान परिणम रहा है। कोई प्रदेशमें घट-बढ़ नहीं है। और कैसा है? **''सहजं''** स्वयंसिद्ध है। और कैसा है? **''उद्विलासं''** अपने गुण-पर्यायसे धाराप्रवाहरूप परिणमता है। और कैसा है? **''यत् (महः) सकलकालम् एकरसम् आलम्बते''** (यत्) जो (महः) ज्ञानपुञ्ज (सकलकालम्) त्रिकाल ही (एकरसम्) चेतनास्वरूपको (आलम्बते) आधारभूत है। कैसा है एकरस? **''चिदुच्छलननिर्भरं''** (चित्) ज्ञान (उच्छलन) परिणमन उससे (निर्भरं) भरितावस्थ है। और कैसा है एकरस? **''लवणखिल्यलीलायितम्** (लवण) क्षाररसकी (खिल्य) काँकरीकी (लीलायितम्) परिणतिके समान जिसका स्वभाव है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार नमककी काँकरी सर्वाङ्ग ही क्षार है उसी प्रकार चेतनद्रव्य सर्वाङ्ग ही चेतन है॥१४॥

(अनुष्टुप)

एष ज्ञानघनो नित्यमात्मा सिद्धिमभीप्सुभिः।
साध्यसाधकभावेन द्विधैकः समुपास्यताम् ॥१५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–**''सिद्धिमभीप्सुभिः एषः आत्मा नित्यम् समुपास्यताम्''** (सिद्धिम्) सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्षको (अभीप्सुभिः) उपादेयरूपसे अनुभव करनेवाले जीवोंको (एष आत्मा) उपादेय ऐसा अपना शुद्ध चैतन्यद्रव्य (नित्यम्) सदाकाल (समुपास्यताम्) अनुभवना। कैसा है आत्मा? **''ज्ञानघनः''** (ज्ञान) स्व-परग्राहक शक्तिका (घनः) पुञ्ज है। और कैसा है? **''एकः''** समस्त विकल्प रहित है। और कैसा है? **''साध्य-साधकभावेन द्विधा''** (साध्य) सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्ष (साधक) मोक्षका कारण शुद्धोपयोगलक्षण शुद्धात्मानुभव (भावेन) ऐसी जो दो अवस्था उनके भेदसे (द्विधा) दो प्रकारका है। भावार्थ इस प्रकार है कि एक ही जीवद्रव्य कारणरूप भी अपनेमें ही परिणमता है और कार्यरूप भी अपनेमें ही परिणमता है। इस कारण मोक्ष जानेमें किसी द्रव्यान्तरका सहारा नहीं है, इसलिये शुद्ध आत्माका अनुभव करना चाहिये॥१५॥

(अनुष्टुप)

दर्शन-ज्ञान-चारित्रैस्त्रित्वादेकत्वतः स्वयम् ।
मेचकोऽमेचकश्चापि सममात्मा प्रमाणतः ॥१६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**आत्मा मेचकः**" (आत्मा) चेतन द्रव्य (मेचकः) मलिन है। किसकी अपेक्षा मलिन है? "**दर्शन-ज्ञान-चारित्रैस्त्रित्वात्**" सामान्यरूपसे अर्थग्राहक शक्तिका नाम दर्शन है, विशेषरूपसे अर्थग्राहक शक्तिका नाम ज्ञान है और शुद्धत्वशक्तिका नाम चारित्र है। इस प्रकार शक्तिभेद करनेपर एक जीव तीन प्रकार होता है। इसमें मलिन कहनेका व्यवहार है। "**आत्मा अमेचकः**" (आत्मा) चेतन द्रव्य (अमेचकः) निर्मल है। किसकी अपेक्षा निर्मल है? "**स्वयम् एकत्वतः**" (स्वयम्) द्रव्यका सहज (एकत्वतः) निर्भेदपना होनेसे, ऐसा निश्चयनय कहा जाता है। "**आत्मा प्रमाणतः समम् मेचकः अमेचकोऽपि च**" (आत्मा) चैतन्यद्रव्य (समम्) एक ही काल (मेचकः अमेचकोऽपि च) मलिन भी है और निर्मल भी है। किसकी अपेक्षा? (प्रमाणतः) युगपत् अनेक धर्मग्राहक ज्ञानकी अपेक्षा। इसलिये प्रमाणदृष्टिसे देखनेपर एक ही काल जीवद्रव्य भेदरूप भी है, अभेदरूप भी है॥१६॥

(अनुष्टुप)

दर्शनज्ञानचारित्रैस्त्रिभिः परिणतत्वतः ।
एकोऽपि त्रिस्वभावत्वाद्व्यवहारेण मेचकः ॥१७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**एकोऽपि व्यवहारेण मेचकः**" (एकोऽपि) द्रव्यदृष्टिसे यद्यपि जीवद्रव्य शुद्ध है तो भी (व्यवहारेण) गुण-गुणीरूप भेददृष्टिसे (मेचकः) मलिन है। सो भी किसकी अपेक्षा? "**त्रिस्वभावत्वात्**" (त्रि) दर्शन-ज्ञान-चारित्र ये तीन हैं (स्वभावत्वात्) सहजगुण जिसके, ऐसा होनेसे। वह भी कैसा होनेसे? "**दर्शन-ज्ञान-चारित्रैः, त्रिभिः परिणतत्वतः**" क्योंकि वह दर्शन-ज्ञान-चारित्र इन तीन गुणरूप परिणमता है, इसलिये भेदबुद्धि भी घटित होती है॥१७॥

(अनुष्टुप)

परमार्थेन तु व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषैककः ।
सर्वभावान्तरध्वंसिस्वभावत्वादमेचकः ॥१८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"तु परमार्थेन एककः अमेचकः" (तु) पद द्वारा दूसरा पक्ष क्या है यह व्यक्त किया है। (परमार्थेन) शुद्ध द्रव्यदृष्टिसे (एककः) शुद्ध जीववस्तु (अमेचकः) निर्मल है–निर्विकल्प है। कैसा है परमार्थ? "व्यक्तज्ञातृत्वज्योतिषा" (व्यक्त) प्रगट है (ज्ञातृत्व) ज्ञानमात्र (ज्योतिषा) प्रकाश-स्वरूप जिसमें ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध-निर्भेद वस्तुमात्रग्राहक ज्ञान निश्चयनय कहा जाता है। उस निश्चयनयसे जीवपदार्थ सर्वभेदरहित शुद्ध है। और कैसा होनेसे शुद्ध है? "सर्वभावान्तरध्वंसिस्वभावत्वात्" (सर्व) समस्त द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्म अथवा ज्ञेयरूप परद्रव्य ऐसे जो (भावान्तर) उपाधिरूप विभावभाव उनका (ध्वंसि) मेटनशील है (स्वभावत्वात्) निज स्वरूप जिसका, ऐसा स्वभाव होनेसे शुद्ध है॥१८॥

(अनुष्टुप)

आत्मनश्चिन्तयैवालं मेचकामेचकत्वयोः ।
दर्शनज्ञानचारित्रैः साध्यसिद्धिर्न चान्यथा ॥१९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"मेचकामेचकत्वयोः आत्मनः चिन्तया एव अलं" आत्मा (मेचक) मलिन है और (अमेचक) निर्मल है, इस प्रकार ये दोनों नय पक्षपातरूप है (आत्मनः) चेतनद्रव्यके ऐसे (चिन्तया) विचारसे (अलं) बस हो। ऐसा विचार करनेसे तो साध्यकी सिद्धि नहीं होती (एव) ऐसा निश्चय जानना। भावार्थ इस प्रकार है कि श्रुतज्ञानसे आत्मस्वरूप विचारने पर बहुत विकल्प उत्पन्न होते हैं। एक पक्षसे विचारने पर आत्मा अनेकरूप है, दूसरे पक्षसे विचारने पर आत्मा अभेदरूप है। ऐसे विचारते हुये तो स्वरूप अनुभव नहीं। यहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि विचारते हुये तो अनुभव नहीं, तो अनुभव कहाँ है? उत्तर इस प्रकार है कि प्रत्यक्षरूपसे वस्तुको आस्वादते हुये अनुभव है। वही कहते हैं—"दर्शन-ज्ञान-चारित्रैः साध्यसिद्धिः" (दर्शन) शुद्ध स्वरूपका अवलोकन, (ज्ञान) शुद्धस्वरूपका प्रत्यक्ष जानपना, (चारित्र) शुद्धस्वरूपका आचरण ऐसे

कारण करनेसे (साध्य) सकलकर्मक्षयलक्षण मोक्षकी (सिद्धिः) प्राप्ति होती है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्धस्वरूपका अनुभव करनेपर मोक्षकी प्राप्ति है। कोई प्रश्न करता है कि इतना ही मोक्षमार्ग है कि कुछ और भी मोक्षमार्ग है। उत्तर इस प्रकार है कि इतना ही मोक्षमार्ग है। **''न चान्यथा''** (च) पुनः (अन्यथा) अन्य प्रकारसे (न) साध्यसिद्धि नहीं होती ॥१९॥

(मालिनी)

कथमपि समुपात्तत्रित्वमप्येकतायाः
अपतितमिदमात्मज्योतिरुद्गच्छदच्छम् ।
सततमनुभवामोऽनन्तचैतन्यचिह्नं
न खलु न खलु यस्मादन्यथा साध्यसिद्धिः ॥२०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''इदम् आत्मज्योतिः सततम् अनुभवामः'' (इदम्) प्रगट (आत्मज्योतिः) चैतन्यप्रकाशको (सततम्) निरन्तर (अनुभवामः) प्रत्यक्षरूपसे हम आस्वादते हैं। कैसी है आत्मज्योति ? **''कथमपि समुपात्तत्रित्वम् अपि एकतायाः अपतितम्''** (कथम् अपि) व्यवहारदृष्टिसे (समुपात्तत्रित्वम्) ग्रहण किया है तीन भेदोंको जिसने ऐसी है तथापि (एकतायाः) शुद्धतासे (अपतितम्) गिरती नहीं है। और कैसी है आत्मज्योति ? **''उद्गच्छत्''** प्रकाशरूप परिणमती है। और कैसी है ? **''अच्छम्''** निर्मल है। और कैसी है ? **''अनन्तचैतन्यचिह्नं''** (अनन्त) अतिबहुत (चैतन्य) ज्ञान है (चिह्नं) लक्षण जिसका ऐसी है। कोई आशंका करता है कि अनुभवको बहुतकर दृढ़ किया सो किस कारण ? वही कहते हैं–**''यस्मात् अन्यथा साध्यसिद्धिः न खलु न खलु''** (यस्मात्) जिस कारण (अन्यथा) अन्य प्रकार (साध्यसिद्धिः) स्वरूपकी प्राप्ति (न खलु न खलु) नहीं होती नहीं होती, ऐसा निश्चय है॥२०॥

(मालिनी)

कथमपि हि लभन्ते भेदविज्ञानमूला-
मचलितमनुभूतिं ये स्वतो वान्यतो वा ।

प्रतिफलननिमग्नानन्तभावस्वभावै-
र्मुकुरवदविकाराः सन्ततं स्युस्त एव ॥२१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"**ये अनुभूतिं लभन्ते**" (ये) जो कोई निकट संसारी जीव (अनुभूतिं) शुद्ध जीववस्तुके आस्वादको (लभन्ते) प्राप्त करते हैं। कैसी है अनुभूति ? "**भेदविज्ञानमूलाम्**" (भेद) स्वस्वरूप-परस्वरूपको द्विधा करना ऐसा जो (विज्ञान) जानपना वही है (मूलाम्) सर्वस्व जिसका ऐसी है। और कैसी है ? "**अचलितम्**" स्थिरतारूप है। ऐसी अनुभूति कैसे प्राप्त होती है, वही कहते हैं–"**कथमपि स्वतो वा अन्यतो वा**" (कथमपि) अनन्त संसारमें भ्रमण करते हुये कैसे ही करके काललब्धि प्राप्त होती है तब सम्यक्त्व उत्पन्न होता है। तब अनुभव होता है; (स्वतो वा) मिथ्यात्व कर्मका उपशम होनेपर उपदेशके बिना ही अनुभव होता है, अथवा (अन्यतो वा) अंतरंगमें मिथ्यात्व कर्मका उपशम होनेपर और बहिरङ्गमें गुरुके समीप सूत्रका उपदेश मिलने पर अनुभव होता है। कोई प्रश्न करता है कि जो अनुभवको प्राप्त करते हैं वे अनुभवको प्राप्त करनेसे कैसे होते हैं ? उत्तर इस प्रकार है कि वे निर्विकार होते हैं, वही कहते हैं—"**त एव सन्ततं मुकुरवत् अविकाराः स्युः**" (त एव) अर्थात् वे ही जीव (सन्ततं) निरन्तर (मुकुरवत्) दर्पणके समान (अविकाराः) राग-द्वेष रहित (स्युः) हैं। किनसे निर्विकार हैं ? "**प्रतिफलननिमग्नानन्तभावस्वभावैः**" (प्रतिफलन) प्रतिबिम्बरूपसे (निमग्न) गर्भित जो (अनन्तभाव) सकल द्रव्योंके (स्वभावैः) गुण-पर्याय, उनसे निर्विकार हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जो जीवके शुद्ध स्वरूपका अनुभव करता है उसके ज्ञानमें सकल पदार्थ उद्दीप्त होते हैं, उसके भाव अर्थात् गुण-पर्याय, उनसे निर्विकाररूप अनुभव है ॥२१॥

(मालिनी)

त्यजतु जगदिदानीं मोहमाजन्मलीढं
रसयतु रसिकानां रोचनं ज्ञानमुद्यत् ।
इह कथमपि नात्माऽनात्मना साकमेकः
किल कलयति काले क्वापि तादात्म्यवृत्तिम् ॥२२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''**जगत् मोहम् त्यजतु**'' (जगत्) संसारी जीवराशि (मोहम्) मिथ्यात्व परिणामको (त्यजतु) सर्वथा छोड़ो। छोड़नेका अवसर कौनसा ? ''**इदानीं**'' तत्काल। भावार्थ इस प्रकार है कि शरीरादि पर द्रव्योंके साथ जीवकी एकत्वबुद्धि विद्यमान है, वह सूक्ष्म कालमात्र भी आदर करने योग्य नहीं है। कैसा है मोह ? ''**आजन्मलीढं**'' (आजन्म) अनादिकालसे (लीढं) लगा हुआ है ''**ज्ञानम् रसयतु**'' (ज्ञानम्) शुद्ध चैतन्यवस्तुको (रसयतु) स्वानुभव प्रत्यक्षरूपसे आस्वादो। कैसा है ज्ञान ? ''**रसिकानां रोचनं**'' (रसिकानां) शुद्ध स्वरूपके अनुभवशील सम्यग्दृष्टि जीवोंको (रोचनं) अत्यन्त सुखकारी है। और कैसा है ज्ञान ? ''**उद्यत्**'' त्रिकाल ही प्रकाशरूप है। कोई प्रश्न करता है कि ऐसा करने पर कार्यसिद्धि कैसी होती है। उत्तर कहते हैं—''**इह किल एकः आत्मा अनात्मना साकम् तादात्म्यवृत्तिम् क्वापि काले कथमपि न कलयति**'' (इह) मोहका त्याग, ज्ञान वस्तुका अनुभव—ऐसा बारम्बार अभ्यास करनेपर (किल) निःसन्देह (एकः) शुद्ध (आत्मा) चेतनद्रव्य (अनात्मना) द्रव्यकर्म–भावकर्म–नोकर्म आदि समस्त विभाव परिणामोंके (साकम्) साथ (तादात्म्यवृत्तिम्) जीव और कर्मके बन्धात्मक एकक्षेत्रसम्बन्धरूप (क्वापि) किसी अतीत, अनागत और वर्तमान सम्बन्धी (काले) समय-घड़ी-प्रहर-दिन-वर्षमें (कथमपि) किसी भी तरह (न कलयति) नहीं ठहरता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य धातु और पाषाणके संयोगके समान पुद्गलकर्मके साथ मिला हुआ चला आ रहा है और मिला हुआ होनेसे मिथ्यात्व-राग-द्वेषरूप विभाव चेतन परिणामसे परिणमता ही आ रहा है। ऐसे परिणमते हुये ऐसी दशा निपजी कि जीव द्रव्यका निजस्वरूप जो केवलज्ञान, केवलदर्शन, अतीन्द्रिय सुख और केवलवीर्य, उससे यह जीव द्रव्य भ्रष्ट हुआ तथा मिथ्यात्वरूप विभावपरिणामसे परिणमते हुये ज्ञानपना भी छूट गया। जीवका निज स्वरूप अनन्तचतुष्टय है, शरीर, सुख, दुःख, मोह, राग, द्वेष इत्यादि समस्त पुद्गलकर्मकी उपाधि है, जीवका स्वरूप नहीं ऐसी प्रतीति भी छूट गई। प्रतीति छूटने पर जीव मिथ्यादृष्टि हुआ। मिथ्यादृष्टि होता हुआ ज्ञानावरणादि कर्मबन्ध करणशील हुआ। उस कर्मबन्धका उदय होने पर जीव चारों गतियोंमें भमता है। इस प्रकार संसारकी परिपाटी है। इस संसारमें भ्रमण करते हुये किसी भव्यजीवका जब निकट संसार आ जाता है तब जीव सम्यक्त्वको ग्रहण करता है। सम्यक्त्वको ग्रहण करने पर पुद्गलपिण्डरूप मिथ्यात्वकर्मोंका उदय मिटता है तथा मिथ्यात्वरूप विभावपरिणाम मिटता है। विभावपरिणामके मिटने पर शुद्धस्वरूपका

अनुभव होता है। ऐसी सामग्री मिलने पर जीवद्रव्य पुद्गलकर्मसे तथा विभाव परिणामसे सर्वथा भिन्न होता है। जीवद्रव्य अपने अनन्त चतुष्टयको प्राप्त होता है। दृष्टांत ऐसा है कि जिस प्रकार सुवर्णधातु सुवर्ण पाषाणमें ही मिली चली आ रही है तथापि अग्निका संयोग पाकर पाषाणसे सुवर्ण जुदा होता है॥२२॥

(मालिनी)

अयि कथमपि मृत्वा तत्त्वकौतूहली सन्
अनुभव भव मूर्तेः पार्श्ववर्ती मुहूर्तम् ।
पृथगथ विलसन्तं स्वं समालोक्य येन
त्यजसि झगिति मूर्त्या साकमेकत्वमोहम् ॥२३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अयि मूर्तेः पार्श्ववर्ती भव, अथ मुहूर्तं पृथक् अनुभव'' (अयि) हे भव्यजीव! (मूर्तेः) शरीरसे (पार्श्ववर्ती) भिन्नस्वरूप (भव) हो। भावार्थ इस प्रकार है कि अनादिकालसे जीवद्रव्य (शरीरके साथ) एक संस्काररूप होकर चला आ रहा है, इसलिये जीवको ऐसा कहकर प्रतिबोधित किया जाता है कि जीव! ये जितनी शरीरादि पर्याय हैं वे सब पुद्गलकर्मकी हैं तेरी नहीं। इसलिये इन पर्यायोंसे अपनेको भिन्न जान। (अथ) भिन्न जानकर (मुहूर्तम्) थोड़े ही काल (पृथक्) शरीरसे भिन्न चेतन द्रव्यरूप (अनुभव) प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद ले। भावार्थ इस प्रकार है कि शरीर तो अचेतन है, विनश्वर है। शरीरसे भिन्न कोई तो पुरुष है ऐसा जानपना—ऐसी प्रतीति मिथ्यादृष्टि जीवके भी होती है पर साध्यसिद्धि तो कुछ नहीं। जब जीवद्रव्यका द्रव्य-गुण-पर्यायस्वरूप प्रत्यक्ष आस्वाद आता है तब सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र है, सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्ष भी है। कैसा है अनुभवशील जीव? ''तत्त्वकौतूहली सन्'' (तत्त्व) शुद्ध चैतन्य वस्तुका (कौतूहली सन्) स्वरूपको देखना चाहता है, ऐसा होता हुआ। और कैसा होकर? ''कथमपि मृत्वा'' (कथमपि) किसी प्रकार—किसी उपायसे (मृत्वा) मर करके भी शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव करो। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध चैतन्यका अनुभव तो सहज साध्य है, यत्नसाध्य तो नहीं है पर इतना कहकर अत्यन्त उपादेयपनेको दृढ़ किया है। यहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि अनुभव तो ज्ञानमात्र है, उससे क्या कुछ कार्यसिद्धि है? वह भी उपदेश द्वारा कहते

हैं—''**येन मूर्त्या साकम् एकत्वमोहम् झगिति त्यजसि**'' (येन) जिस शुद्ध चैतन्यके अनुभव द्वारा (मूर्त्या साकम्) द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मात्मक समस्त कर्मरूप पर्यायके साथ (एकत्व मोहम्) एक संस्काररूप—मैं देव हूँ, मैं मनुष्य हूँ, मैं तिर्यंच हूँ, मैं नारकी हूँ आदि; मैं सुखी हूँ, मैं दुखी हूँ आदि; मैं क्रोधी हूँ, मैं मानी हूँ आदि तथा मैं यति हूँ, मैं गृहस्थ हूँ आदिरूप प्रतीति' ऐसा है मोह अर्थात् विपरीतपना, उसको (झगिति) अनुभवने मात्र पर (त्यजसि) भो जीव ! अपनी बुद्धिसे तू ही छोड़ेगा। भावार्थ इस प्रकार है कि अनुभव ज्ञानमात्र वस्तु है, एकत्वमोह मिथ्यात्वरूप द्रव्यका विभाव परिणाम है तो भी इनको (अनुभवको और मिथ्यात्वके मिटनेको) आपसमें कारण-कार्यपना है। उसका विवरण—जिस काल जीवको अनुभव होता है उस काल मिथ्यात्व परिणमन मिटता है, सर्वथा अवश्य मिटता है। जिस काल मिथ्यात्व परिणमन मिटता है, उसकाल अवश्य अनुभवशक्ति होती है। मिथ्यात्व परिणमन जिस प्रकार मिटता है उसीको कहते हैं—''**स्वं समालोक्य**'' (स्वं) अपनी शुद्ध चैतन्य वस्तुका (समालोक्य) स्वसंवेदन प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद कर। कैसा है शुद्धचेतन ? ''**विलसन्तं**'' अनादिनिधन प्रगटरूपसे चेतनारूप परिणम रहा है॥२३॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कान्त्यैव स्नपयन्ति ये दश दिशो धाम्ना निरुन्धन्ति ये
धामोद्दाममहस्विनां जनमनो मुष्णन्ति रूपेण ये।
दिव्येन ध्वनिना सुखं श्रवणयोः साक्षात्क्षरन्तोऽमृतं
वन्द्यास्तेऽष्टसहस्रलक्षणधरास्तीर्थेश्वराः सूरयः ॥२४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ पर कोई मिथ्यादृष्टि कुवादी मतान्तरको स्थापता है कि जीव और शरीर एक ही वस्तु है। जैसे कि जैन मानते हैं कि शरीरसे जीवद्रव्य भिन्न है वैसा नहीं है, एक ही है, क्योंकि शरीरका स्तवन करनेपर आत्माका स्तवन होता है ऐसा जैन भी मानते हैं। उसीको बतलाते हैं—''**ते तीर्थेश्वराः वन्द्याः**'' (ते) अवश्य विद्यमान हैं ऐसे, (तीर्थेश्वराः) तीर्थंकरदेव (वन्द्याः) त्रिकाल नमस्कार करने योग्य हैं। कैसे हैं वे तीर्थंकर ? ''**ये कान्त्या एव दश दिशः स्नपयन्ति**'' (ये) तीर्थंकर (कान्त्या) शरीरकी दीप्तिद्वारा (एव) निश्चयसे (दश दिशः) पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण ये चार दिशा, चार

कोणरूप विदिशा तथा ऊर्ध्वदिशा और अधोदिशा इन दस दिशाओंको (स्नपयन्ति) प्रक्षालते हैं—पवित्र करते हैं। ऐसे हैं जो तीर्थंकर उनको नमस्कार है। (जैनोंके यहाँ) ऐसा जो कहा सो तो शरीरका वर्णन किया, इसलिये हमें ऐसी प्रतीति उपजी कि शरीर और जीव एक ही है। और कैसे हैं तीर्थंकर? **''ये धाम्ना उद्याममहस्विनां धाम निरुन्धन्ति''** (ये) तीर्थंकर (धाम्ना) शरीरके तेज द्वारा (उद्याममहस्विनां) उग्र तेजवाले करोड़ों सूर्योंके (धाम) प्रतापको (निरुन्धन्ति) रोकते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि तीर्थंकरके शरीरमें ऐसी दीप्ति है कि यदि कोटि सूर्य हों तो कोटि सूर्यकी दीप्ति रुक जावे। ऐसे वे तीर्थंकर हैं। यहाँ भी शरीरकी ही बड़ाई की है। और कैसे है तीर्थंकर? **''ये रूपेण जनमनो मुष्णन्ति''** (ये) तीर्थंकर (रूपेण) शरीरकी शोभा द्वारा (जन) सर्व जितने देव-मनुष्य-तिर्यंच, उनके (मनः) अन्तरंगको (मुष्णन्ति) चुरा लेते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव तीर्थंकरके शरीरकी शोभा देखकर जैसा सुख मानते हैं वैसा सुख त्रैलोक्यमें अन्य वस्तुको देखनेसे नहीं मानते हैं। ऐसे वे तीर्थंकर हैं। यहाँ भी शरीरकी बड़ाई की है। और कैसे हैं तीर्थंकर? **''ये दिव्येन ध्वनिना श्रवणयोः साक्षात् सुखं अमृतं क्षरन्तः''** (ये) तीर्थंकरदेव (दिव्येन) समस्त त्रैलोक्यमें उत्कृष्ट ऐसी (ध्वनिना) निरक्षरी वाणीके द्वारा (श्रवणयोः) सर्व जीवकी जो कर्णेन्द्रिय, उनमें (साक्षात्) उसी काल (सुखं अमृतं) सुखमयी शान्तरसको (क्षरन्तः) बरसाते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि तीर्थंकरकी वाणी सुनने पर सब जीवोंको वाणी रुचती है, जीव बहुत सुखी होते हैं। तीर्थंकर ऐसे हैं। यहाँ भी शरीरकी बड़ाई है। और कैसे हैं तीर्थंकर? **''अष्टसहस्रलक्षणधराः''** (अष्टसहस्र) आठ अधिक एक हजार (लक्षणधराः) शरीरके चिह्नोंको सहज ही धारण करते हैं ऐसे तीर्थंकर हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि तीर्थंकरके शरीरमें शंख, चक्र, गदा, पद्म, कमल, मगर, मच्छ, ध्वजा आदिरूप आकारको लिये हुये रेखाएँ होती हैं जिन सबकी गिनती करनेपर वे सब एक हजार आठ होते हैं। यहाँ भी शरीरकी बड़ाई है। और कैसे हैं तीर्थंकर? **''सूरयः''** मोक्षमार्गके उपदेष्टा हैं। यहाँ भी शरीरकी बड़ाई है। इससे जीव-शरीर एक ही है ऐसी मेरी प्रतीति है ऐसा कोई मिथ्यामतवादी मानता है सो उसके प्रति उत्तर इस प्रकार आगे कहेंगे। ग्रन्थकर्ता कहते हैं कि वचन व्यवहारमात्रसे जीव-शरीरका एकपना कहनेमें आता है। इसीसे ऐसा कहा है कि जो शरीरका स्तोत्र है सो वह तो व्यवहारमात्रसे जीवका स्तोत्र है। द्रव्यदृष्टिसे देखने पर जीव शरीर भिन्न भिन्न हैं। इसलिये जैसा स्तोत्र कहा है वह निज नामसे झूठा है (अर्थात् उसका नाम स्तोत्र घटित नहीं होता), क्योंकि शरीरके गुण कहने पर जीवकी स्तुति नहीं

होती है। जीवके ज्ञानगुणकी स्तुति करने पर (जीवकी) स्तुति होती है। कोई प्रश्न करता है कि जिस प्रकार नगरका स्वामी राजा है, इसलिये नगरकी स्तुति करने पर राजाकी स्तुति होती है, उसी प्रकार शरीरका स्वामी जीव है, इसलिये शरीरकी स्तुति करनेपर जीवकी स्तुति होती है, उत्तर ऐसा है कि इस प्रकार स्तुति नहीं होती है। राजाके निजगुणकी स्तुति करनेपर राजाकी स्तुति होती है उसी प्रकार जीवके निज चैतन्य गुणकी स्तुति करने पर जीवकी स्तुति होती है। इसीको कहते हैं॥२४॥

(आर्या)

प्राकारकवलिताम्बरमुपवनराजीनिगीर्णभूमितलम् ।
पिवतीव हि नगरमिदं परिखावलयेन पातालम् ॥२५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''इदं नगरम् परिखावलयेन पातालम् पिवति इव'' (इदं) प्रत्यक्ष (नगरम्) राजग्राम (परिखावलयेन) खाईके द्वारा घिरा होनेसे (पातालम्) अधोलोकको (पिवति इव) खाई इतनी गहरी है जिससे मालूम पड़ता है कि पी रहा है। कैसा है नगर? ''प्राकारकवलिताम्बरम्'' (प्राकार) कोटके द्वारा (कवलित) निगल लिया है (अम्बरम्) आकाशको जिसने ऐसा नगर है। भावार्थ इस प्रकार है–कोट अति ही ऊँचा है। और कैसा है नगर? ''उपवनराजीनिगीर्णभूमितलम्'' (उपवनराजी) नगरके समीप चारों ओर फैले हुये बागसे (निगीर्ण) रुँधी है (भूमितलम्) समस्त भूमि जिसकी ऐसा वह नगर है। भावार्थ इस प्रकार है कि नगरके बाहर घने बाग हैं। ऐसी नगरकी स्तुति करने पर राजाकी स्तुति नहीं होती है। यहाँ पर खाई-कोट-बागका वर्णन किया सो तो राजाके गुण नहीं हैं। राजाके गुण हैं दान, पौरुष और जानपना, उनकी स्तुति करने पर राजाकी स्तुति होती है॥२५॥

(आर्या)

नित्यमविकारसुस्थितसर्वाङ्गमपूर्वसहजलावण्यम् ।
अक्षोभमिव समुद्रं जिनेन्द्ररूपं परं जयति ॥२६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''जिनेन्द्ररूपं जयति'' (जिनेन्द्ररूपं) तीर्थंकरके

शरीरकी शोभा (जयति) जयवन्त हो। कैसा है जिनेन्द्ररूप? "**नित्यं**" आयुपर्यन्त एकरूप है। और कैसा है? "**अविकारसुस्थितसर्वाङ्गम्**" (अविकार) जिसमें बालपन, युवापन और बूढ़ापन न होनेसे (सुस्थित) समाधानरूप हैं (सर्वाङ्गम्) सर्वप्रदेश जिसके ऐसा है। और कैसा है जिनेन्द्रका रूप? "**अपूर्वसहजलावण्यम्**" (अपूर्व) आश्चर्यकारी तथा (सहज) बिना यत्नके शरीरके साथ मिले हैं (लावण्यम्) शरीरके गुण जिसे ऐसा है। और कैसा है? "**समुद्रमिव अक्षोभम्**" (समुद्रमिव) समुद्रके समान (अक्षोभम्) निश्चल है। और कैसा है? "**परं**" उत्कृष्ट है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार वायुके बिना समुद्र निश्चल होता है वैसे ही तीर्थंकरका शरीर भी निश्चल है। इस प्रकार शरीरकी स्तुति करनेपर आत्माकी स्तुति नहीं होती है, क्योंकि शरीरके गुण आत्मामें नहीं हैं। आत्माका ज्ञानगुण है, ज्ञानगुणकी स्तुति करनेपर आत्माकी स्तुति होती है॥२६॥

(शार्दूलविक्रीडित)

एकत्वं व्यवहारतो न तु पुनः कायात्मनोर्निश्चयात्
नुः स्तोत्रं व्यवहारतोऽस्ति वपुषः स्तुत्या न तत्तत्त्वतः ।
स्तोत्रं निश्चयतश्चितो भवति चित्स्तुत्यैव सैवं भवेत्
नातस्तीर्थकरस्तवोत्तरबलादेकत्वमात्माङ्गयोः ॥२७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–"अतः तीर्थकरस्तवोत्तरबलात् आत्माङ्गयोः एकत्वं न भवेत्" (अतः) इस कारणसे (तीर्थकरस्तव) परमेश्वरके शरीरकी स्तुति करने पर आत्माकी स्तुति होती है ऐसा जो मिथ्यामती जीव कहता है उसके प्रति (उत्तरबलात्) शरीरकी स्तुति करनेपर आत्माकी स्तुति नहीं होती, आत्माके ज्ञानगुणकी स्तुति करने पर आत्माकी स्तुति होती है। इस प्रकार उत्तरके बलसे अर्थात् उस उत्तरके द्वारा सन्देह नष्ट हो जानेसे (आत्मा) चेतनवस्तुको और (अंगयोः) समस्त कर्मकी उपाधिको (एकत्वं) एक द्रव्यपना (न भवेत्) नहीं होता है। आत्माकी स्तुति जिस प्रकार होती है उसे कहते हैं– "सा एवं" (सा) वह जीववस्तु (एवं) मिथ्यादृष्टि जिस प्रकार कहता था उस प्रकार नहीं है। किन्तु जिस प्रकार अब कहते हैं उस प्रकार ही है–"**कायात्मनोः व्यवहारतः एकत्वं, तु पुनः न निश्चयात्**" (कायात्मनोः) शरीरादि और चेतनद्रव्य इन दोनोंको (व्यवहारतः)

कथनमात्रसे (एकत्वं) एकपना है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार सुवर्ण और चाँदी इन दोनोंको ओटकर एक रैनी[1] बना लेते हैं सो उन सबको कहनेमें तो सुवर्ण ही कहते हैं उसीप्रकार जीव और कर्म अनादिसे एक क्षेत्र संबंधरूप मिले चले आ रहे हैं, इसलिये उन सबको कथनमें तो जीव ही कहते हैं। (तु) दूसरे पक्षसे (न) जीव-कर्मको एकपना नहीं है। सो किस पक्षसे? (निश्चयात्) द्रव्यके निज स्वरूपको विचारने पर। भावार्थ इस प्रकार है कि सुवर्ण और चाँदी यद्यपि एक क्षेत्रमें मिले हैं–एक पिण्डरूप हैं। तथापि सुवर्ण, पीला, भारी और चिकना ऐसे अपने गुणोंको लिये हुये है, चाँदी भी अपने श्वेतगुणको लिये हुये है। इसलिये एकपना कहना झूठा है। उसी प्रकार जीव और कर्म भी यद्यपि अनादिसे एक बन्धपर्यायरूप मिले चले आ रहे हैं–एक पिण्डरूप हैं। तथापि जीव द्रव्य अपने ज्ञान गुणसे बिराजमान है, कर्म-पुद्गल द्रव्य भी अपने अचेतन गुणको लिये हुये है। इसलिये एकपना कहना झूठा है। इस कारण स्तुतिमें भेद है। (उसीको दिखलाते हैं—) **''व्यवहारतः वपुषः स्तुत्या नुः स्तोत्रं अस्ति न तत् तत्त्वतः''** (व्यवहारतः) बन्धपर्यायरूप एक क्षेत्रावगाहदृष्टिसे देखने पर (वपुषः) शरीरकी (स्तुत्या) स्तुति करनेसे (नुः) जीवकी (स्तोत्रं) स्तुति (अस्ति) होती है। (न तत्) दूसरे पक्षका विचार करनेपर स्तुति नहीं होती है। किस अपेक्षा नहीं होती है? (तत्त्वतः) शुद्ध जीवद्रव्य स्वरूप विचारने पर। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार श्वेत सुवर्ण ऐसा यद्यपि करनेमें आता है तथापि श्वेतगुण चाँदीका होता है, इसलिये श्वेत सुवर्ण ऐसा कहना झूठा है। उसी प्रकार—

''बे रत्ता बे सांवला बे नीलुप्पलवन्न।
मरगजवन्ना दो वि जिन सोलह कंचनवन्न॥''

भावार्थ–दो तीर्थंकर रक्तवर्ण, दो कृष्ण, दो नील, दो पन्ना और सोलह सुवर्ण रंग हैं, यद्यपि ऐसा कहनेमें आता है तथापि श्वेत, रक्त और पीत आदि पुद्गल द्रव्यके गुण हैं, जीवके गुण नहीं हैं। इसलिये श्वेत, रक्त और पीत ऐसा कहनेपर जीव नहीं होता, ज्ञानगुण कहने पर जीव है। कोई प्रश्न करता है कि शरीरकी स्तुति करने पर तो जीवकी स्तुति नहीं होती तो जीवकी स्तुति कैसे होती है? उत्तर इस प्रकार है कि चिद्रूप कहनेपर होती है। **''निश्चयतः चित्स्तुत्या एव चित्स्तोत्रं भवति''** (निश्चयतः) शुद्ध जीव द्रव्यरूप विचारने पर (चित्) शुद्ध ज्ञानादिकी (स्तुत्या) बार बार वर्णन-स्मरण-अभ्यास करनेसे (एव)

१. रैनी = चाँदी या सोनेकी वह गुल्ली जो तार खींचनेके लिये बनाई जाती है।

निःसन्देह (चित्स्तोत्रं) जीव द्रव्यकी स्तुति (भवति) होती है। भावार्थ इस प्रकार है–जिस प्रकार पीला, भारी और चिकना सुवर्ण ऐसा कहनेपर सुवर्णकी स्वरूपस्तुति होती है उसी प्रकार केवली ऐसे हैं कि जिन्होंने प्रथम ही शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव किया अर्थात् इन्द्रिय-विषय-कषायको जीते हैं, बादमें मूलसे क्षपण किया है, सकल कर्मक्षय किया है अर्थात् केवलज्ञान, केवलदर्शन, केवलवीर्य और केवलसुख रूपसे विराजमान प्रगट हैं, ऐसा कहने-जानने-अनुभवने पर केवलीकी गुणस्वरूप स्तुति होती है। इससे यह अर्थ निश्चित किया कि जीव और कर्म एक नहीं हैं, भिन्न-भिन्न हैं। विवरण—जीव और कर्म एक होते तो इतना स्तुतिभेद कैसे होता ॥२७॥

(मालिनी)

इति परिचिततत्त्वैरात्मकायैकतायां
नयविभजनयुक्त्यात्यन्तमुच्छादितायाम् ।
अवतरति न बोधो बोधमेवाद्य कस्य
स्वरसरभसकृष्टः प्रस्फुटन्नेक एव ॥२८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''इति कस्य बोधः बोधम् अद्य न अवतरति'' (इति) इस प्रकार भेद द्वारा समझानेपर (कस्य) त्रैलोक्यमें ऐसा कौन जीव है जिसकी (बोधः) ज्ञानशक्ति (बोधम्) स्वस्वरूपकी प्रत्यक्ष अनुभवशीलरूपतासे (अद्य) आज भी (न अवतरति) नहीं परिणमनशील होवे ? भावार्थ इस प्रकार है कि जीव-कर्मका भिन्नपना अति ही प्रगटकर दिखाया, उसे सुननेपर जिस जीवको ज्ञान नहीं होता उसको उलाहना है। किस प्रकारसे भेदद्वारा समझाने पर ? उसी भेद–प्रकारको दिखलाते हैं– ''**आत्मकायैकतायां परिचिततत्त्वैः नयविभजनयुक्त्या अत्यन्तम् उच्छादितायाम्**'' (आत्म) चेतनद्रव्य, (काय) कर्मपिण्डका (एकतायां) एकत्वपनाको। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव-कर्म अनादि बन्धपर्यायरूप एकपिण्ड है उसको। परिचिततत्त्वैः –सर्वज्ञैः, विवरण–(परिचित) प्रत्यक्ष जाना है (तत्त्वैः) जीवादि समस्त द्रव्योंके गुण-पर्यायोंको जिन्होंने ऐसे सर्वज्ञदेवके द्वारा (नय) द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकरूप पक्षपातके (विभजन) विभाग–भेदनिरूपण (युक्त्वा) भिन्न स्वरूप वस्तुको साधना, उससे (अत्यन्तं) अति ही निःसन्देहरूपसे

(उच्छादितायाम्) जिस प्रकार ढंकी निधिको प्रगट करते हैं उसी प्रकार जीवद्रव्य प्रगट ही है परन्तु कर्मसंयोगसे ढंका हुआ होनेसे मरणको प्राप्त हो रहा था सो वह भ्रान्ति परमगुरु श्री तीर्थंकरदेवके उपदेश सुननेपर मिटती है, कर्मसंयोगसे भिन्न शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव होता है, ऐसा अनुभव सम्यक्त्व है। कैसा है बोध? **''स्वरसरभसकृष्टः''** (स्वरस) ज्ञानस्वभावका (रभस) उत्कर्ष–अति ही समर्थपना उससे (कृष्टः) पूज्य है। और कैसा है? **''प्रस्फुटन्''** प्रगटरूप है। और कैसा है? **''एकः एव''** निश्चयसे चैतन्यरूप है॥२८॥

(मालिनी)

अवतरति न यावद् वृत्तिमत्यन्तवेगा-
दनवमपरभावत्यागदृष्टान्तदृष्टिः ।
झटिति सकलभावैरन्यदीयैर्विमुक्ता
स्वयमियमनुभूतिस्तावदाविर्बभूव ॥२९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ–**''इयम् अनुभूतिः तावत् झटिति स्वयम् आविर्बभूव''** (इयम्) यह विद्यमान (अनुभूतिः) शुद्ध चैतन्य वस्तुका प्रत्यक्ष जानपना (तावत्) उतने काल तक (झटिति) उसी समय (स्वयम्) सहज ही अपने ही परिणमनरूप (आविर्बभूव) प्रगट हुआ। कैसी है वह अनुभूति? **''अन्यदीयैः सकलभावैः विमुक्ता''** (अन्यदीयैः) शुद्ध चैतन्यरूपसे अत्यन्त भिन्न ऐसे द्रव्यकर्म, भावकर्म और नोकर्मसंबंधी (सकलभावैः) 'सकल' अर्थात् जितने हैं गुणस्थान, मार्गणास्थानरूप जो राग, द्वेष, मोह इत्यादि अतिबहुत विकल्प ऐसे जो 'भाव' अर्थात् विभावरूप परिणाम उनसे (विमुक्ता) सर्वथा रहित है। भावार्थ इस प्रकार है कि जितने भी विभाव परिणाम स्वरूप विकल्प हैं, अथवा मन-वचनसे उपचार कर द्रव्य-गुण-पर्याय भेदरूप या उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य भेदरूप विकल्प हैं उनसे रहित शुद्ध चेतनामात्रका आस्वादरूप ज्ञान उसका नाम अनुभव कहा जाता है। वह अनुभव जिस प्रकार होता है उसीको बतलाते हैं—**''यावत् अपरभावत्यागदृष्टान्तदृष्टिः अत्यन्तवेगात् अनवम् वृत्तिम् न अवतरति''** (यावत्) जितने काल तक, जिस कालमें (अपरभाव) शुद्ध चैतन्यमात्रसे भिन्न द्रव्यकर्म, भावकर्म और

नोकर्मरूप जो समस्त भाव उनके (त्याग) ये भाव समस्त झूठे हैं, जीवके स्वरूप नहीं हैं ऐसे प्रत्यक्ष आस्वादरूप ज्ञानके सूचक (दृष्टान्त) उदाहरणके समान। विवरण जैसे किसी पुरुषने धोबीके घरसे अपने वस्त्र धोखेसे दूसरेका वस्त्र आनेपर बिना पहिचानके उसे पहिनकर अपना जाना। बादमें उस वस्त्रका धनी जो कोई था उसने अञ्चल पकड़कर कहा कि 'यह वस्त्र तो मेरा है, पुनः कहा कि मेरा ही है' ऐसा सुनने पर पुरुषने चिह्न देखा, जाना कि मेरा चिह्न तो मिलता नहीं, इससे निश्चयसे यह वस्त्र मेरा नहीं है, दूसरेका है। उसके ऐसी प्रतीति होनेपर त्याग हुआ घटित होता है। वस्त्र पहिने ही है तो भी त्याग घटित होता है, क्योंकि स्वामित्वपना छूट गया है। उसी प्रकार अनादि कालसे जीव मिथ्यादृष्टि है, इसलिये कर्मसंयोगजनित है जो शरीर, दुःख-सुख, राग-द्वेष आदि विभाव पर्याय, उन्हें अपना ही कर जानता है और उन्हींरूप प्रवर्तता है। हेय-उपादेय नहीं जानता है। इस प्रकार अनन्तकाल तक भ्रमण करते हुये जब थोड़ा संसार रहता है और परमगुरुका उपदेश प्राप्त होता है। उपदेश ऐसा कि भो जीव ! जितने हैं जो शरीर, सुख, दुःख, राग, द्वेष, मोह जिनको तू अपना कर जानता है और इनमें रत हुआ है वे तो सब ही तेरे नहीं हैं। अनादि कर्मसंयोगकी उपाधि है। ऐसा बार-बार सुनने पर जीववस्तुका विचार उत्पन्न हुआ कि जीवका लक्षण तो शुद्ध चिद्रूप है, इस कारण यह सब उपाधि तो जीवकी नहीं है, कर्मसंयोगकी उपाधि है। ऐसा निश्चय जिस काल हुआ उसी काल सकल विभाव भावोंका त्याग है। शरीर, सुख, दुःख जैसे ही थे, वैसे ही हैं, परिणामोंसे त्याग है, क्योंकि स्वामित्वपना छूट गया है। इसीका नाम अनुभव है, इसीका नाम सम्यक्त्व है। इस प्रकार दृष्टांतके समान उत्पन्न हुई है दृष्टि अर्थात् शुद्ध चिद्रूपका अनुभव जिसके ऐसा जो कोई जीव है वह (अनवम्) अनादिकालसे चले आ रहे (वृत्तिम्) कर्मपर्यायके साथ एकत्वपनेके संस्कार तद्रूप (न अवतरति) नहीं परिणमता है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई जानेगा कि जितना भी शरीर, सुख, दुःख, राग, द्वेष, मोह है उसकी त्याग बुद्धि कुछ अन्य है—कारणरूप है। तथा शुद्ध चिद्रूपमात्रका अनुभव कुछ अन्य है—कार्यरूप है। उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि राग, द्वेष, मोह, शरीर, सुख, दुःख आदि विभाव पर्यायरूप परिणत हुये जीवका जिस कालमें ऐसा अशुद्ध परिणामरूप संस्कार छूट जाता है उसी कालमें इसके अनुभव है। उसका विवरण—जो शुद्ध चेतनामात्रका आस्वाद आये बिना अशुद्ध भावरूप परिणाम छूटता नहीं और अशुद्ध संस्कार छूटे बिना शुद्ध स्वरूपका अनुभव होता नहीं। इसलिये जो कुछ है सो एक ही काल, एक ही वस्तु, एक ही ज्ञान, एक ही स्वाद है। आगे

जिसको शुद्ध अनुभव हुआ है वह जीव जैसा है वैसा ही कहते हैं।।२९।।

(स्वागता)

सर्वतः स्वरसनिर्भरभावं
चेतये स्वयमहं स्वमिहैकम् ।
नास्ति नास्ति मम कश्चन मोहः
शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि ।।३०।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''इह अहं एकम् स्वम् स्वयम् चेतये'' (इह) विभाव परिणाम छूट गये होनेसे (अहं) अनादि निधन चिद्रूप वस्तु ऐसा मैं (एकं) समस्त भेदबुद्धिसे रहित शुद्ध वस्तुमात्र (स्वं) शुद्ध चिद्रूपमात्र वस्तुको (स्वयम्) परोपदेशके बिना ही अपनेमें स्वसंवेदन प्रत्यक्षरूप (चेतये) आस्वादता हूँ–(द्रव्यदृष्टिसे) जैसे हम हैं ऐसा अब (पर्यायमें) आस्वाद आता है। कैसी है शुद्ध चिद्रूपवस्तु ? ''सर्वतः स्वरसनिर्भरभावं'' (सर्वतः) असंख्यात प्रदेशोंमें (स्वरस) चैतन्यपनेसे (निर्भर) संपूर्ण है (भावं) सर्वस्व जिसका ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जानेगा कि जैन-सिद्धान्तका बार-बार अभ्यास करनेसे दृढ़ प्रतीति होती है उसका नाम अनुभव है सो ऐसा नहीं है। मिथ्यात्वकर्मका रस पाक मिटनेपर मिथ्यात्वभावरूप परिणमन मिटता है तब वस्तुस्वरूपका प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद आता है, उसका नाम अनुभव है। और अनुभवनशील जीव जैसे अनुभवता है वैसा कहते हैं—''मम कश्चन मोहः नास्ति नास्ति'' (मम) मेरे (कश्चन) द्रव्य-पिण्डरूप अथवा जीवसम्बन्धी भावपरिणमनरूप (मोहः) जितने विभावरूप अशुद्ध परिणाम (नास्ति नास्ति) सर्वथा नहीं हैं, नहीं हैं। अब ये जैसा है वैसा कहते हैं–''शुद्धचिद्घनमहोनिधिरस्मि'' (शुद्ध) समस्त विकल्पोंसे रहित (चित्) चैतन्यके (घन) समूहरूप (महः) उद्योतका (निधिः) समुद्र (अस्मि) मैं हूँ। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जानेगा कि सर्व ही का नास्तिपना होता है, इसलिये ऐसा कहा कि शुद्ध चिद्रूपमात्र वस्तु प्रगट है।।३०।।

(मालिनी)

इति सति सह सर्वैरन्यभावैर्विवेके
स्वयमयमुपयोगो बिभ्रदात्मानमेकम् ।

प्रकटितपरमार्थैर्दर्शनज्ञानवृत्तैः
कृतपरिणतिरात्माराम एव प्रवृत्तः ॥३१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''एव अयम् उपयोगः स्वयम् प्रवृत्तः'' (एवं) निश्चयसे जो अनादि निधन है ऐसा (अयम्) यही (उपयोगः) जीव द्रव्य (स्वयम्) जैसा द्रव्य था वैसा शुद्धपर्यायरूप (प्रवृत्तः) प्रगट हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य शक्ति रूपसे तो शुद्ध था परन्तु कर्म संयोगसे अशुद्धरूप परिणत हुआ था। अब अशुद्धपनाके जानेसे जैसा था वैसा हो गया। कैसा होनेपर शुद्ध हुआ ? ''इति सर्वैरन्यभावैः सह विवेके सति'' (इति) पूर्वोक्त प्रकारसे (सर्वैः) शुद्ध चिद्रूपभावसे भिन्न जितने समस्त (अन्यभावैः सह) द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मसे (विवेके) शुद्ध चैतन्यका भिन्नपना (सति) होनेपर। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार सुवर्णपत्रके पकानेपर कालिमाके चले जानेसे सहज ही सुवर्णमात्र रह जाता है उसी प्रकार मोह-राग-द्वेष विभाव परिणाममात्रके चले जानेपर सहज ही शुद्ध चैतन्यमात्र रह जाता है। कैसी होती हुई जीव वस्तु प्रगट होती है ? ''एकम् आत्मानम् बिभ्रत्'' (एकम्) निर्भेद-निर्विकल्प चिद्रूप वस्तु ऐसा जो (आत्मानम्) आत्मस्वभाव उसरूप (बिभ्रत्) परिणत हुआ है। और कैसा है आत्मा ? ''दर्शनज्ञानवृत्तैः कृतपरिणतिः'' (दर्शन) श्रद्धा-रुचि-प्रतीति (ज्ञान) जानपना, (वृत्तैः) शुद्ध परिणति, ऐसा जो रत्नत्रय उस रूपसे (कृत) किया है (परिणतिः) परिणमन जिसने ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यात्व परिणतिका त्याग होनेपर, शुद्ध स्वरूपका अनुभव होनेपर साक्षात् रत्नत्रय घटित होता है। कैसे हैं दर्शन-ज्ञान-चारित्र ? ''प्रकटितपरमार्थैः'' (प्रकटित) प्रगट किया है (परमार्थैः) सकल कर्मक्षय लक्षण मोक्ष जिन्होंने ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि 'सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि मोक्षमार्गः' ऐसा कहना तो सर्व जैन सिद्धान्तमें है और यही प्रमाण है। और कैसा है शुद्धजीव ? ''आत्मारामं'' (आत्मा) आप ही है (आरामं) क्रीड़ावन जिसका ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि चैतन्यद्रव्य अशुद्ध अवस्थारूप परके साथ परिणमता था सो तो मिटा। साम्प्रत (वर्तमानकालमें) स्वरूप परिणमनमात्र है ॥३१॥

(वसंततिलका)

मज्जन्तु निर्भरममी सममेव लोका
आलोकमुच्छलति शान्तरसे समस्ताः ।

आप्लाव्य विभ्रमतिरस्करिणीं भरेण
प्रोन्मग्न एष भगवानवबोधसिन्धुः ॥३२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :–''**एषं भगवान् प्रोन्मग्नः**'' (एषं) सदाकाल प्रत्यक्षपनेसे चेतन स्वरूप है ऐसा (भगवान्) जीवद्रव्य (प्रोन्मग्नः) शुद्धांगस्वरूप दिखलाकर प्रगट हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि इस ग्रन्थका नाम नाटक अर्थात् अखाड़ा है। तहाँ भी प्रथम शुद्धांग नाचता है तथा वहाँ भी प्रथम ही जीवका शुद्धस्वरूप प्रगट हुआ । कैसा है भगवान ? ''**अवबोधसिन्धुः**'' (अवबोध) ज्ञानमात्रका (सिन्धुः) पात्र है। अखाड़ामें भी पात्र नाचता है, यहाँ भी ज्ञानपात्र जीव है। अब जिस प्रकार प्रगट हुआ उसे कहते हैं– ''**भरेण विभ्रमतिरस्करिणीं आप्लाव्य**'' (भरेण) मूलसे उखाड़कर दूर किया। सो कौन? (विभ्रम) विपरीत अनुभव-मिथ्यात्वरूप परिणाम वही है (तिरस्करिणीं) शुद्ध स्वरूपको आच्छादनशील अन्तर्जवनिका (अन्दर का परदा) उसको, (आप्लाव्य) मूलसे ही दूर करके। भावार्थ इस प्रकार है कि अखाड़ेमें प्रथम ही अन्तर्जवनिका कपड़े की होती है। उसे दूरकर शुद्धाङ्ग नाचता है, यहाँ भी अनादिकालसे मिथ्यात्व परिणति है। उसके छूटने पर शुद्धस्वरूप परिणमता है। शुद्धस्वरूप प्रगट होनेपर जो कुछ है वही कहते हैं–''**अमी समस्ताः लोकाः शान्तरसे समम् एव मज्जन्तु**'' (अमी) जो विद्यमान है ऐसे (समस्ताः) जितने (लोकाः) जीव (शान्तरसे) जो अतीन्द्रिय सुख गर्भित है शुद्धस्वरूपका अनुभव उसमें (समम् एव) एक ही काल (मज्जन्तु) मग्न होओ–तन्मय होओ। भावार्थ इस प्रकार है कि अखाड़ेमें तो शुद्धाङ्ग दिखाता है। वहाँ जितने देखनेवाले हैं वे सब एक ही साथ मग्न होकर देखते हैं उसी प्रकार जीवका स्वरूप शुद्धरूप दिखलाया होने पर सर्व ही जीवोंके द्वारा अनुभव करने योग्य है। कैसा है शान्तरस ? ''**आलोकमुच्छलति**'' (आलोकम्) समस्त त्रैलोक्यमें (उच्छलति) सर्वोत्कृष्ट है, उपादेय है अथवा लोकालोकका ज्ञाता है। अब अनुभव जिस प्रकारका है उस प्रकार कहते हैं।–''**निर्भरम्**'' अति ही मग्नस्वरूप है॥३२॥

–२–

अजीव अधिकार

(शार्दूलविक्रीडित)

जीवाजीवविवेकपुष्कलदृशा प्रत्याययत्पार्षदा-
नासंसारनिबद्धबन्धनविधिध्वंसाद्विशुद्धं स्फुटत् ।
आत्माराममनन्तधाम महसाध्यक्षेण नित्योदितं
धीरोदात्तमनाकुलं विलसति ज्ञानं मनो ह्लादयत् ॥१-३३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**ज्ञानं विलसति**" (ज्ञानं) जीव द्रव्य (विलसति) जैसा है वैसा प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि अबतक विधिरूपसे शुद्धाङ्ग तत्त्वरूप जीवका निरूपण किया अब आगे उसी जीवका प्रतिषेधरूपसे निरूपण करते हैं। उसका विवरण—शुद्ध जीव है, टङ्कोत्कीर्ण है, चिद्रूप है ऐसा कहना विधि कही जाती है। जीवका स्वरूप गुणस्थान नहीं, कर्म-नोकर्म जीवके नहीं, भावकर्म जीवका नहीं ऐसा कहना प्रतिषेध कहलाता है। कैसा होता हुआ ज्ञान प्रगट होता है? "**मनो ह्लादयत्**" (मनः) अन्तःकरणेन्द्रियको (ह्लादयत्) आनन्दरूप करता हुआ और कैसा होता हुआ? "**विशुद्धं**" आठ कर्मोंसे रहितपने कर स्वरूप रूपसे परिणत हुआ। और कैसा होता हुआ? "**स्फुटत्**" स्वसंवेदन प्रत्यक्ष होता हुआ। और कैसा होता हुआ? "**आत्माराममम्**" (आत्म) स्वस्वरूप ही है (**आराममम्**) क्रीड़ावन जिसका ऐसा होता हुआ। और कैसा होता हुआ? "**अनन्तधाम**" (अनन्त) मर्यादासे रहित है (धाम) तेजपुञ्ज जिसका ऐसा होता हुआ। और कैसा होता हुआ? "**अध्यक्षेण महसा नित्योदितं**" (अध्यक्षेण) निरावरण प्रत्यक्ष (महसा) चैतन्यशक्तिके द्वारा (नित्योदितं) त्रिकाल शाश्वत है प्रताप जिसका ऐसा होता हुआ। और कैसा होता हुआ? "**धीरोदात्तम्**" (धीर) अडोल

और (उदात्तम्) सबसे बड़ा ऐसा होता हुआ। और कैसा होता हुआ? "**अनाकुलं**" इन्द्रियजनित सुख-दुःखसे रहित अतीन्द्रिय सुखरूप विराजमान होता हुआ। ऐसा जीव जैसे प्रगट हुआ उसे कहते हैं—"**आसंसारनिबद्धबन्धनविधिध्वंसात्**" (आसंसार) अनादिकालसे (निबद्ध) जीवसे मिली हुई चली आई है ऐसी (बन्धनविधि) ज्ञानावरणकर्म, दर्शनावरणकर्म, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र, अन्तराय ऐसे हैं जो द्रव्यपिण्डरूप आठकर्म तथा भावकर्मरूप हैं जो राग, द्वेष, मोह परिणाम इत्यादि है बहुत विकल्प उनका (ध्वंसात्) विनाशसे जीवस्वरूप जैसा कहा है वैसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार जल और कीचड़ जिस कालमें एकत्र मिले हुये हैं उसी काल जो स्वरूपका अनुभव किया जाय तो कीचड़ जलसे भिन्न है, जल अपने स्वरूप है, उसी प्रकार संसार अवस्थामें जीव कर्मबन्ध पर्याय रूपसे एक क्षेत्रमें मिला है। उसी अवस्थामें जो शुद्ध स्वरूपका अनुभव किया जाय तो समस्त कर्म जीव स्वरूपसे भिन्न हैं। जीव द्रव्य स्वच्छ स्वरूपरूप जैसा कहा वैसा है। ऐसी बुद्धि जिस प्रकारसे उत्पन्न हुई उसीको कहते हैं—"**यत्पार्षदान् प्रत्याययत्**" (यत्) जिस कारणसे (पार्षदान्) गणधर मुनीश्वरोंको (प्रत्याययत्) प्रतीति उत्पन्न कराकर। किस कारणसे प्रतीति उत्पन्न हुई वही कहते हैं—"**जीवाजीव विवेकपुष्कलदृशा**" (जीव) चेतनद्रव्य, (अजीव) जड़कर्म-नोकर्म-भावकर्म उनके (विवेक) भिन्न-भिन्नपनेसे (पुष्कल) विस्तीर्ण (दृशा) ज्ञानदृष्टिके द्वारा। जीव और कर्मका भिन्न-भिन्न अनुभव करनेपर जीव जैसा कहा गया है वैसा है॥१-३३॥

(मालिनी)

विरम किमपरेणाकार्यकोलाहलेन
स्वयमपि निभृतः सन् पश्य षण्मासमेकम्।
हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो
ननु किमनुपलब्धिर्भाति किं चोपलब्धिः॥२-३४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"विरम अपरेण अकार्यकोलाहलेन किम्" (विरम) भो जीव! विरक्त हो, हठ मतकर (अपरेण) मिथ्यात्वरूप हैं (अकार्य) कर्मबन्धको करते हैं (कोलाहलेन किम्) ऐसे जो झूठे विकल्प उनसे क्या। उनका विवरण—कोई

मिथ्यादृष्टि जीव शरीरको जीव कहता है, कोई मिथ्यादृष्टि जीव आठ कर्मोंको जीव कहता है, कोई मिथ्यादृष्टि जीव रागादि सूक्ष्म अध्यवसायको जीव कहता है इत्यादि रूपसे नाना प्रकारके बहुत विकल्प करता है। भो जीव उन समस्त ही विकल्पोंको छोड़, क्योंकि वे झूठे हैं। **''निभृतः सन् स्वयं एकम् पश्य''** (निभृतः) एकाग्ररूप (सन्) होता हुआ (एकम्) शुद्धचिद्रूपमात्रका (स्वयम्) स्वसंवेदन प्रत्यक्षरूपसे (पश्य) अनुभव कर। **''षण्मासम्''** विपरीतपना जिस प्रकार छूटे उसी प्रकार छोड़कर **''अपि''** बारम्बार बहुत क्या कहें। ऐसा अनुभव करनेपर स्वरूप प्राप्ति है, इसीको कहते हैं—**''ननु हृदय सरसि पुंसःअनुपलब्धिः किम् भाति''** (ननु) भो जीव! (हृदयसरसि) मनरूपी सरोवरमें है (पुंसः) जो जीवद्रव्य उसकी (अनुपलब्धिः) अप्राप्ति (किंभाति) शोभती है क्या? भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव करनेपर स्वरूपकी प्राप्ति नहीं होती ऐसा तो नहीं है। **''च उपलब्धिः''** (च) है तो ऐसा ही है कि (उपलब्धिः) अवश्य प्राप्ति होती है। कैसा है जीव द्रव्य? **''पुद्गलात् भिन्नधाम्नः''** (पुद्गलात्) द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मसे (भिन्नधाम्नः) भिन्न है चेतनरूप, है तेजःपुञ्ज जिसका ऐसा है॥२-३४॥

(अनुष्टुप)

चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारो जीव इयानयम्।
अतोऽतिरिक्ताः सर्वेऽपि भावाः पौद्गलिका अमी॥३-३५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''अयम् जीवः इयान्''** (अयम्) विद्यमान है ऐसा (जीवः) चेतनद्रव्य (इयान्) इतना ही है। कैसा है? **''चिच्छक्तिव्याप्तसर्वस्वसारः''** (चिच्छक्ति) चेतना मात्रसे (व्याप्त) मिला है (सर्वस्वसारः) दर्शन, ज्ञान, चारित्र, सुख, वीर्य इत्यादि अनन्त गुण जिसके ऐसा है। **''अमी सर्वे अपि पौद्गलिकाः भावाः अतः अतिरिक्ताः''** (अमी) विद्यमान है ऐसे (सर्वे अपि) द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मरूप जितने हैं उन सब (पौद्गलिकाः) अचेतन पुद्गलद्रव्योंसे उत्पन्न हुये हैं ऐसे (भावाः) अशुद्ध रागादिरूप समस्त विभाव परिणाम (अतः) शुद्धचेतनामात्र जीव वस्तुसे (अतिरिक्ताः) अति ही भिन्न हैं। ऐसे ज्ञानका नाम अनुभव कहते हैं॥३—३५॥

(मालिनी)

सकलमपि विहायाह्नाय चिच्छक्तिरिक्तं
स्फुटतरमवगाह्य स्वं च चिच्छक्तिमात्रम्।
इममुपरि चरन्तं चारु विश्वस्य साक्षात्
कलयतु परमात्मात्मानमात्मन्यनन्तम्॥४-३६॥*

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"आत्मा आत्मनि इमम् आत्मानम् कलयतु" (आत्मा) जीवद्रव्य (आत्मनि) अपनेमें (इमम् आत्मानम्) अपनेको (कलयतु) निरन्तर अनुभवो। कैसा है अनुभव योग्य आत्मा? "विश्वस्य साक्षात् उपरि चरन्तं" (विश्वस्य) समस्त त्रैलोक्यमें (उपरिचरन्तं) सर्वोत्कृष्ट है, उपादेय है। (साक्षात्) ऐसा ही है। बड़ाई करके नहीं कह रहे हैं। और कैसा है? "चारु" सुख स्वरूप है। और कैसा? "परम्" शुद्धस्वरूप है। और कैसा है? "अनन्तम्" शाश्वत है। अब जैसे अनुभव होता है वही कहते हैं—"चिच्छक्तिरिक्तं सकलम् अपि अह्नाय विहाय" (चिच्छक्तिरिक्तं) ज्ञानगुणसे शून्य ऐसे (सकलम् अपि) समस्त द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्मको (अह्नाय) मूलसे (विहाय) छोड़कर। भावार्थ इस प्रकार है कि जितनी कुछ कर्मजाति है वह समस्त हेय है। उसमें कोई कर्म उपादेय नहीं है। और अनुभव जैसा होता है वही कहते हैं—"चिच्छक्तिमात्रम् स्वं च स्फुटतरम् अवगाह्य" (चिच्छक्तिमात्रम्) ज्ञानगुण ही है स्वरूप जिसका ऐसे (स्वं च) अपनेको (स्फुटतरम्) प्रत्यक्ष रूपसे (अवगाह्य) आस्वाद कर। भावार्थ इस प्रकार है कि जितने भी विभाव परिणाम हैं वे सब जीवके नहीं हैं। शुद्धचैतन्यमात्र जीव है ऐसा अनुभव कर्तव्य है॥४-३६॥

(शालिनी)

वर्णाद्या वा रागमोहादयो वा
भिन्ना भावाः सर्व एवास्य पुंसः।
तेनैवान्तस्तत्त्वतः पश्यतोऽमी
नो दृष्टाः स्युर्दृष्टमेकं परं स्यात्॥५-३७॥

---

* मुद्रित "आत्मख्याति" टीकामें श्लोक नं. ३५ और ३६ आगे पीछे आया है।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अस्य पुंसः सर्वे एव भावाः भिन्नाः" (अस्य) विद्यमान है ऐसे (पुंसः) शुद्ध चैतन्य द्रव्यसे (सर्व) जितने हैं वे सब (भावाः) अशुद्धविभाव परिणाम (एव) निश्चयसे (भिन्नाः) जीव स्वरूपसे निराले हैं। वे कौनसे भाव ? "वर्णाद्याः वा रागमोहादयो वा" (वर्णाद्याः) एक कर्म अचेतन अशुद्ध पुद्गलपिण्डरूप हैं वे तो जीवके स्वरूपसे निराले ही हैं। (वा) एक तो ऐसा है कि (रागमोहादयः) विभावरूप अशुद्धरूप हैं, देखनेपर चेतन जैसे दिखते हैं, ऐसे जो राग-द्वेष-मोहरूप जीवसम्बन्धी परिणाम वे भी शुद्धजीव स्वरूपको अनुभवनेपर जीवस्वरूपसे भिन्न हैं। यहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि विभाव परिणामको जीवस्वरूपसे भिन्न कहा सो भिन्नका भावार्थ तो मैं समझा नहीं। भिन्न कहनेपर, भिन्न हैं। सो वस्तुरूप हैं कि भिन्न हैं सो अवस्तुरूप हैं ? उत्तर इस प्रकार है कि अवस्तुरूप हैं। "तेन एव अन्तस्तत्त्वतः पश्यतः अमी दृष्टाः नो स्युः" (तेन एव) उसी कारणसे (अन्तस्तत्त्वतः पश्यतः) शुद्ध स्वरूपका अनुभवशील है जो जीव उसको (अमी) विभाव परिणाम (दृष्टाः) दृष्टिगोचर (नो स्युः) नहीं होते। "परं एकं दृष्टम् स्यात्" (परं) उत्कृष्ट है ऐसा (एकं) शुद्ध चैतन्य द्रव्य (दृष्टम्) दृष्टिगोचर (स्यात्) होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि वर्णादिक और रागादिक विद्यमान दिखलाई पड़ते हैं तथापि स्वरूप अनुभवने पर स्वरूपमात्र है, विभावपरिणति रूप वस्तु तो कुछ नहीं ॥५-३७॥

(उपजाति)

निर्वर्त्यते येन यदत्र किञ्चित्
तदेव तत्स्यान्न कथंचनान्यत्।
रुक्मेण निर्वृत्तमिहासिकोशं
पश्यन्ति रुक्मं न कथंचनासिम्॥६-३८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अत्र येन यत् किञ्चित् निर्वर्त्यते तत् तत् एव स्यात्, कथञ्चन न अन्यत्" (अत्र) वस्तुके स्वरूपका विचार करनेपर (येन) मूलकारणरूप वस्तुसे (यत् किञ्चित्) जो कुछ कार्य-निष्पत्तिरूप वस्तुका परिणाम (निर्वर्त्यते) पर्यायरूप निपजता है, (तत्) जो निपजा है वह पर्याय (तत् एव स्यात्) निपजता हुआ जिस द्रव्यसे निपजा है वही द्रव्य है। (कथञ्चन नअन्यत्) निश्चयसे अन्य द्रव्यरूप नहीं हुआ

है। वही दृष्टांत द्वारा कहते हैं। यथा–"**इह रुक्मेण असि कोशं निर्वृत्तम्**" (इह) प्रत्यक्ष है कि (रुक्मेण) चाँदी धातुसे (असि कोशं) तलवारकी म्यान (निर्वृत्तम्) घड़कर मौजूदकी सो "**रुक्मं पश्यन्ति, कथञ्चन न असिम्**" (रुक्मं) जो म्यान मौजूद हुई वह वस्तु तो चाँदी ही है ऐसा (पश्यन्ति) प्रत्यक्षरूपसे सर्वलोक देखता है और मानता है। (कथञ्चन) चाँदीकी तलवार ऐसा कहनेमें तो कहा जाता है तथापि (न असिम्) चाँदीकी तलवार रहती नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि चाँदीकी म्यानमें तलवार रहती है। इस कारण 'चाँदीकी तलवार' ऐसा कहनेमें आता हैं[1]। तथापि चाँदीकी म्यान है, तलवार लोहेकी है, चाँदीकी तलवार नहीं है॥६-३८॥

(उपजाति)

वर्णादिसामग्र्यमिदं विदन्तु
निर्माणमेकस्य हि पुद्गलस्य।
ततोऽस्त्विदं पुद्गल एव नात्मा
यतः स विज्ञानघनस्ततोऽन्यः॥७-३९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"हि इदं वर्णादिसामग्र्यम् एकस्य पुद्गलस्य निर्माणम् विदन्तु" (हि) निश्चयसे (इदं) विद्यमान (वर्णादिसामग्र्यम्) गुणस्थान, मार्गणास्थान, द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म इत्यादि जितनी अशुद्धपर्यायें हैं वे समस्त ही (एकस्य पुद्गलस्य) अकेले पुद्गल द्रव्यका (निर्माणम्) कार्य अर्थात् पुद्गल द्रव्यका चित्राम जैसा है ऐसा (विदन्तु) भो जीव ? निःसन्देहरूपसे जानो। "**ततः इदं पुद्गलः एव अस्तु, न आत्मा**" (ततः) उस कारणसे (इदं) शरीरादि सामग्री (पुद्गलः) जिस पुद्गल द्रव्यसे हुई है वही पुद्गल द्रव्य है (एव) निश्चयसे (अस्तु) वही है। (न आत्मा) आत्मा अजीव द्रव्यरूप नहीं हुआ। "**यतः सः विज्ञानघनः**" (यतः) जिस कारणसे (सः) जीवद्रव्य (विज्ञानघनः) ज्ञान गुणका समूह है। "**ततः अन्यः**" (ततः) उस कारणसे (अन्यः) जीवद्रव्य भिन्न है, शरीरादि पर द्रव्य भिन्न हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि लक्षण भेदसे

१. भावार्थ इसौ जो रूपाका म्यान माहै खांडों रहे छे इसी कहावत छे, तिहितैं रूपाकौ खांडो कहतां इसौ कहिजै छे॥ मूल पाठ॥

वस्तुका भेद होता है, इसलिये चैतन्यलक्षणसे जीव वस्तु भिन्न है, अचेतनलक्षणसे शरीरादि भिन्न हैं। यहाँ पर कोई आशंका करता है कि कहनेमें तो ऐसा ही कहा जाता है कि एकेन्द्रिय जीव, द्वीन्द्रिय जीव इत्यादि; देव जीव, मनुष्य जीव इत्यादि; रागी जीव, द्वेषी जीव इत्यादि। उत्तर इस प्रकार है कि कहनेमें तो व्यवहारसे ऐसा ही कहा जाता है, निश्चयसे ऐसा कहना झूठा है। सो कहते हैं॥९-३९॥

(अनुष्टुप)

घृतकुम्भाभिधानेऽपि कुम्भो घृतमयो न चेत्।
जीवो वर्णादिमज्जीवो जल्पनेऽपि न तन्मयः॥८-४०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :— दृष्टांत कहते हैं— "**चेत् कुम्भः घृतमयः न**" (चेत्) जो ऐसा है कि (कुम्भः) घड़ा (घृतमयः न) घीका तो नहीं है, मिट्टीका है। "**घृतकुम्भामिधानेऽपि**" (घृतकुम्भ) घीका घड़ा (अभिधानेऽपि) ऐसा कहा जाता है तथापि घड़ा मिट्टीका है। भावार्थ इस प्रकार है—जिस घड़ेमें घी रखा जाता है उस घड़ेको यद्यपि घीका घड़ा ऐसा कहा जाता है तथापि घड़ा मिट्टीका है, घी भिन्न है तथा "**वर्णादिमज्जीवः जल्पनेऽपि जीवः तन्मयः न**" (वर्णादिमज्जीवः जल्पने अपि) यद्यपि शरीर-सुख-दुःख-राग-द्वेषसंयुक्त जीव ऐसा कहा जाता है तथापि (जीवः) चेतनद्रव्य ऐसा (तन्मयो न) जीव तो शरीर नहीं, जीव तो मनुष्य नहीं, जीव चेतनस्वरूप भिन्न है। भावार्थ इस प्रकार है कि आगममें गुणस्थानका स्वरूप कहा है, वहाँ ऐसा कहा है कि देव जीव, मनुष्य जीव, रागी जीव, द्वेषी जीव इत्यादि बहुत प्रकारसे कहा है सो यह सब ही कहना व्यवहारमात्रसे है। द्रव्यस्वरूप देखने पर ऐसा कहना झूठा है। कोई प्रश्न करता है कि जीव कैसा है? उत्तर— जैसा है वैसा आगे कहते हैं॥८-४०॥

(अनुष्टुप)

अनाद्यनन्तमचलं स्वसंवेद्यमबाधितम्।
जीवः स्वयं तु चैतन्यमुच्चैश्चकचकायते॥९-४१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तु जीवः चैतन्यम् स्वयं उच्चैः चकचकायते"

(तु) द्रव्यके स्वरूपका विचार करने पर (जीवः) आत्मा (चैतन्यम्) चैतन्य स्वरूप है, (स्वयं) अपनी सामर्थ्यसे (उच्चैः) अतिशयरूपसे (चकचकायते) अति ही प्रकाशता है। कैसा है चैतन्य? "**अनाद्यनन्तम्**" (अनादि) जिसकी आदि नहीं है (अनन्तम्) जिसका अन्त-विनाश नहीं है, ऐसा है। और कैसा है चैतन्य? "**अचलं**" नहीं है चलता प्रदेशकम्प जिसको, ऐसा है। और कैसा है? "**स्वसंवेद्यं**" अपने द्वारा ही आप जाना जाता है। और कैसा है? "**अबाधितम्**" अमिट है जिसका स्वरूप, ऐसा है॥९-४१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

वर्णाद्यैः सहितस्तथा विरहितो द्वेधास्त्यजीवो यतो
नामूर्तत्वमुपास्य पश्यति जगज्जीवस्य तत्त्वं ततः।
इत्यालोच्य विवेचकैः समुचितं नाव्याप्यतिव्यापि वा
व्यक्तं व्यञ्जितजीवतत्त्वमचलं चैतन्यमालम्ब्यताम्॥१०-४२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—"विवेचकैरिति आलोच्य चैतन्यम् आलम्ब्यताम्" (विवेचकैः) जिन्हें भेदज्ञान है ऐसे पुरुष (इति) जिस प्रकारसे कहेंगे उस प्रकारसे (आलोच्य) विचारकर (चैतन्यम्) चेतनमात्रका (आलम्ब्यताम्) अनुभव करो। कैसा है चैतन्य? "**समुचितं**" अनुभव करने योग्य है। और कैसा है? "**अव्यापि न**" जीव द्रव्यसे कभी भिन्न नहीं होता है। "अतिव्यापि न" जीवसे अन्य हैं जो पाँच द्रव्य उनसे अन्य है। और कैसा है? "**व्यक्तं**" प्रगट है। और कैसा है? "**व्यंजितजीवतत्त्वम्**" (व्यञ्जित) प्रगट किया है (जीवतत्त्वम्) जीवके स्वरूपको जिसने, ऐसा है। और कैसा है? "**अचलं**" प्रदेशकम्पसे रहित है। "**ततः जगत् जीवस्य तत्त्वं अमूर्तत्वं उपास्य न पश्यति**" (ततः) उस कारणसे (जगत्) सब जीवराशि (जीवस्य तत्त्वं) जीवके निज स्वरूपको (अमूर्तत्वम्) स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, गुणसे रहितपना (उपास्य) मानकर (न पश्यति) नहीं अनुभवता है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जानेगा कि 'जीव अमूर्त' ऐसा जानकर अनुभव किया जाता है सो ऐसे तो अनुभव नहीं। जीव अमूर्त तो है परन्तु अनुभव कालमें ऐसा अनुभवता है कि 'जीव चैतन्यलक्षण'। "**यतः अजीवः द्वेधा अस्ति**" (यतः) जिस कारणसे

(अजीवः) अचेतन द्रव्य (द्वेधा अस्ति) दो प्रकारका है। वे दो प्रकार कौनसे हैं? **''वर्णाद्यैः सहितः तथा विरहितः''** (वर्णाद्यैः) वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्शसे (सहितः) संयुक्त है, क्योंकि एक पुद्गलद्रव्य ऐसा भी है। तथा (विरहितः) वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्शसे रहित भी है, क्योंकि धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, कालद्रव्य और आकाशद्रव्य ये चार द्रव्य और भी हैं, वे अमूर्तद्रव्य कहे जाते हैं। वह अमूर्तपना अचेतन द्रव्यको भी है। इसलिये अमूर्तपना जानकर जीवका अनुभव नहीं किया जाता, चेतन जानकर जीवका अनुभव किया जाता है॥१०-४२॥

(वसंततिलका)

जीवादजीवमिति लक्षणतो विभिन्नं
ज्ञानी जनोऽनुभवति स्वयमुल्लसन्तम्।
अज्ञानिनो निरवधिप्रविजृम्भितोऽयं
मोहस्तु तत्कथमहो वत नानटीति॥११-४३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञानी जनः लक्षणतः जीवात् अजीवम् विभिन्नं इति स्वयं अनुभवति''** (ज्ञानी जनः) सम्यग्दृष्टि जीव (लक्षणतः) जीवका लक्षण चेतना तथा अजीवका लक्षण जड़ ऐसे बड़ा भेद है इसलिये (जीवात्) जीवसे (अजीवम्) पुद्गल आदि (विभिन्नं) सहज ही भिन्न हैं (इति) इस प्रकार (स्वयं) स्वानुभव प्रत्यक्षरूपसे (अनुभवति) आस्वाद करता है। कैसा है जीव? **''उल्लसन्तम्''** अपने गुण-पर्यायसे प्रकाशमान है। **''तत् तु अज्ञानिनः अयं मोहः कथम् नानटीति वत''** (तत् तु) ऐसा है तो फिर (अज्ञानिनः) मिथ्यादृष्टि जीवको (अयं) जो प्रगट है ऐसा (मोहः) जीवकर्मका एकत्वरूप विपरीत संस्कार (कथम् नानटीति) क्यों प्रवर्त रहा है, (वत) आश्चर्य है। भावार्थ इस प्रकार है कि सहज ही जीव-अजीव भिन्न है ऐसा अनुभवनेपर तो ठीक है, सत्य है; मिथ्यादृष्टि जो एककर अनुभवता है सो ऐसा अनुभव कैसे आता है इसका बड़ा अचम्भा है। कैसा है मोह? **''निरवधिप्रविजृम्भितः''** (निरवधि) अनादिकालसे (प्रविजृम्भितः) सन्तानरूपसे पसर रहा है॥११-४३॥

(वसंततिलका)

अस्मिन्ननादिनि महत्यविवेकनाट्ये
वर्णादिमान्नटति पुद्गल एव नान्यः।
रागादिपुद्गलविकारविरुद्धशुद्ध-
चैतन्यधातुमयमूर्तिरयं च जीवः॥१२-४४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अस्मिन् अविवेकनाट्ये पुद्गलः एव नटति'' (अस्मिन्) अनन्तकालसे विद्यमान ऐसा जो (अविवेक) जीव-अजीवकी एकत्व बुद्धिरूप मिथ्या संस्कार उस रूप है (नाट्ये) धारासंतानरूप बारम्बार विभाव परिणाम उसमें (पुद्गलः) अचेतन मूर्तिमान द्रव्य (एव) निश्चयसे (नटति) अनादि कालसे नाचता है। ''न अन्यः'' चेतनद्रव्य नहीं नाचता है। भावार्थ इस प्रकार है—चेतन द्रव्य और अचेतन द्रव्य अनादि हैं, अपना-अपना स्वरूप लिये हुये हैं, परस्पर भिन्न हैं ऐसा अनुभव प्रगटरूपसे सुगम है। जिसको एकत्व संस्काररूप अनुभव है वह अचम्भा है। ऐसा क्यों अनुभवता है ? क्योंकि एक चेतन द्रव्य, एक अचेतन द्रव्य ऐसे अन्तर तो घना। अथवा अचम्भा भी नहीं, क्योंकि अशुद्धपनाके कारण बुद्धिको भ्रम होता है। जिस प्रकार धतूराके पीनेपर दृष्टि विचलित होती है, श्वेत शंखको पीला देखती है सो वस्तु विचारने पर ऐसी दृष्टि सहजकी तो नहीं, दृष्टिदोष है। दृष्टिदोषको धतूरा उपाधि भी है उसी प्रकार जीव द्रव्य अनादिसे कर्मसंयोगरूप मिला ही चला आ रहा है, मिला होनेसे विभावरूप अशुद्धपनेसे परिणत हो रहा है। अशुद्धपनाके कारण ज्ञानदृष्टि अशुद्ध है, उस अशुद्ध दृष्टिके द्वारा चेतन द्रव्यको पुद्गल कर्मके साथ एकत्व संस्काररूप अनुभवता है। ऐसा संस्कार तो विद्यमान है। सो वस्तुस्वरूप विचारने पर ऐसी अशुद्ध दृष्टि सहजकी तो नहीं, अशुद्ध है, दृष्टिदोष है। और दृष्टिदोषको पुद्गल पिण्डरूप मिथ्यात्वकर्मका उदय उपाधि है। आगे जिस प्रकार दृष्टिदोषसे श्वेत शंखको पीला अनुभवता है तो फिर दृष्टिमें दोष है, शंख तो श्वेत ही है, पीला देखनेपर शंख तो पीला हुआ नहीं है उसी प्रकार मिथ्या दृष्टिसे चेतनवस्तु और अचेतनवस्तुको एक कर अनुभवता है तो फिर दृष्टिका दोष है, वस्तु जैसी भिन्न है वैसी ही है। एक कर अनुभवने पर एक नहीं हुई है, क्योंकि घना अन्तर है। कैसा है अविवेकनाट्य ? ''अनादिनि'' अनादिसे एकत्व

संस्कारबुद्धि चली आई है ऐसा है। और कैसा है अविवेकनाट्य ? **''महति''** जिसमें थोड़ासा विपरीतपना नहीं है, घना विपरीतपना है। कैसा है पुद्गल ? **''वर्णादिमान्''** स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण गुणसे संयुक्त है। **''च अयं जीवः रागादिपुद्गलविकारविरुद्ध-शुद्धचैतन्यधातुमयमूर्तिः''** (च अयं जीवः) और यह जीव वस्तु ऐसी है (रागादि) राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया, लोभ ऐसे असंख्यात लोकमात्र अशुद्धरूप जीवके परिणाम—(पुद्गलविकार) अनादि बन्ध पर्यायसे विभाव परिणाम—उनसे (विरुद्ध) रहित है ऐसी (शुद्ध) निर्विकार है ऐसी (चैतन्यधातु) शुद्ध चिद्रूप वस्तु (मय) उसरूप है (मूर्तिः) सर्वस्व जिसका ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार पानी कीचड़के मिलने पर मेला है। सो यह मैलापन रंग है, सो रंगको अंगीकार न कर बाकी जो कुछ है सो पानी ही है। उसी प्रकार जीवकी कर्मबन्ध पर्यायरूप अवस्थामें रागादिभाव रंग है, सो रंगको अंगीकार न कर बाकी जो कुछ है सो चेतन धातुमात्र वस्तु है। इसीका नाम शुद्धस्वरूप—अनुभव जानना जो सम्यग्दृष्टिके होता है॥१२-४४॥

(मन्दाक्रान्ता)

इत्थं ज्ञानक्रकचकलनापाटनं नाटयित्वा
जीवाजीवौ स्फुटविघटनं नैव यावत्प्रयातः।
विश्वं व्याप्य प्रसभविकसद्व्यक्तचिन्मात्रशक्त्या
ज्ञातृद्रव्यं स्वयमतिरसात्तावदुच्चैश्चकाशे॥१३-४५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञातृद्रव्यं तावत् स्वयं अतिरसात् उच्चैः चकाशे''** (ज्ञातृद्रव्यं) चेतनवस्तु (तावत्) वर्तमान कालमें (स्वयं) अपने आप (अतिरसात्) अत्यन्त अपने स्वादको लिये हुये (उच्चैः) सब प्रकारसे (चकाशे) प्रगट हुआ। क्या करके ? **''विश्वं व्याप्य''** (विश्वं) समस्त ज्ञेयको (व्याप्य) प्रत्यक्षरूपसे प्रतिबिम्बित कर। तीन लोकको किसके द्वारा जानता है ? **''प्रसभविकसद्व्यक्तचिन्मात्रशक्त्या''** (प्रसभ) बलात्कारसे (विकसत्) प्रकाशमान है (व्यक्त) प्रगटपने ऐसा है जो (चिन्मात्रशक्त्या) ज्ञानगुणस्वभाव उसके द्वारा जाना है त्रैलोक्य जिसने ऐसा है। और क्या कर ? **''इत्थं ज्ञानक्रकचकलनात् पाटनं नाटयित्वा''** (इत्थं) पूर्वोक्त विधिसे (ज्ञान) भेदबुद्धिरूपी

(क्रकच) करोंतके (कलनात्) बार-बार अभ्याससे (पाटनं) जीव-अजीवकी भिन्नरूप दो फार (नाटयित्वा) करके। कोई प्रश्न करता है कि जीव-अजीवकी दो फार तो ज्ञानरूपी करोंतके द्वारा किये, उसके पहले वे किसरूप थे? उत्तर— **''यावत् जीवाजीवौ स्फुटविघटनं न एव प्रयातः''** (यावत्) अनन्तकालसे लेकर (जीवाजीवौ) जीव और कर्मके एक पिण्डरूप पर्याय (स्फुटविघटनं) प्रगटरूपसे भिन्न-भिन्न (न एव प्रयातः) नहीं हुई है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार सुवर्ण और पाषाण मिले हुये चले आ रहे हैं और भिन्न-भिन्नरूप हैं। तथापि अग्निका संयोग बिना प्रगटरूपसे भिन्न होते नहीं, अग्निका संयोग जब ही पाते हैं तभी तत्काल भिन्न-भिन्न होते हैं। उसी प्रकार जीव और कर्मका संयोग अनादिसे चला आ रहा है और जीव कर्म भिन्न-भिन्न हैं। तथापि शुद्ध स्वरूप-अनुभव बिना प्रगटरूपसे भिन्न-भिन्न होते नहीं; जिस काल शुद्ध स्वरूप-अनुभव होता है उस काल भिन्न-भिन्न होते हैं॥१३-४५॥

–३–
कर्ता-कर्म अधिकार

(मन्दाक्रान्ता)

एकः कर्ता चिदहमिह मे कर्म कोपादयोऽमी
इत्यज्ञानां शमयदभितः कर्तृकर्मप्रवृत्तिम्।
ज्ञानज्योतिः स्फुरति परमोदात्तमत्यन्तधीरं
साक्षात्कुर्वन्निरुपधि पृथग्द्रव्यनिर्भासि विश्वम्॥१-४६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**ज्ञानज्योतिः स्फुरति**" (ज्ञानज्योतिः) शुद्ध ज्ञानप्रकाश (स्फुरति) प्रगट होता है कैसा है ? "**परमोदात्तम्**" सर्वोत्कृष्ट है। और कैसा है? "**अत्यन्तधीरं**" त्रिकाल शाश्वत है। और कैसा है ? "**विश्वं साक्षात् कुर्वत्**" (विश्वं) सकल ज्ञेय वस्तुको (साक्षात् कुर्वत्) एक समयमें प्रत्यक्ष जानता है। और कैसा है ? "**निरुपधि**" समस्त उपाधिसे रहित है। और कैसा है ? "**पृथग्द्रव्यनिर्भासि**" (पृथक्) भिन्न-भिन्न रूपसे (द्रव्यनिर्भासि) सकल द्रव्य-गुण-पर्यायको जाननशील है। क्या करता हुआ प्रगट होता है ? "**इति अज्ञानां कर्तृकर्मप्रवृत्तिं अभितः शमयत्**" (इति) उक्त प्रकारसे (अज्ञानां) जो मिथ्यादृष्टि जीव हैं उनकी (कर्तृ-कर्मप्रवृत्तिं) जीववस्तु पुद्गलकर्मकी कर्ता है ऐसी प्रतीतिको (अभितः) सम्पूर्णरूपसे (शमयत्) दूर करता हुआ। वह कर्तृ-कर्मप्रवृत्ति कैसी है ? "**एकः अहम् चित् कर्ता इह अमी कोपादयः मे कर्म**" (एकः) अकेला (अहम्) मैं जीवद्रव्य (चित्) चेतनस्वरूप (कर्ता) पुद्गल कर्मको करता हूँ। (इह) ऐसा होनेपर (अमी कोपादयः) विद्यमानरूप हैं जो ज्ञानावरणादिक पिण्ड वे (मे) मेरी (कर्म) करतूति है। ऐसा है मिथ्यादृष्टिका विपरीतपना उसको दूर करता हुआ ज्ञान प्रगट होता है। भावार्थ

इस प्रकार है कि यहाँसे लेकर कर्तृकर्म अधिकार प्रारंभ होता है॥१-४६॥

(मालिनी)

परपरिणतिमुज्झत् खण्डयद्भेदवादा-
निदमुदितमखण्डं ज्ञानमुच्चण्डमुच्चैः।
ननु कथमवकाशः कर्तृकर्मप्रवृत्ते-
रिह भवति कथं वा पौद्गलः कर्मबन्धः॥२-४७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"इदम् ज्ञानम् उदितम्" (इदम्) विद्यमान है ऐसी (ज्ञानम्) चिद्रूप शक्ति (उदितम्) प्रगट हुई। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य ज्ञानशक्तिरूप तो विद्यमान ही है, परन्तु काललब्धि पाकर अपने स्वरूपका अनुभवशील हुआ। कैसा होता हुआ। "परपरिणतिम् उज्झत्" (परपरिणतिम्) जीव-कर्मकी एकत्वबुद्धिको (उज्झत्) छोड़ता हुआ। और क्या करता हुआ? "भेदवादान् खण्डयत्" (भेदवादान्) उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य अथवा द्रव्य-गुण-पर्याय अथवा आत्माको ज्ञानगुणके द्वारा अनुभवता है—इत्यादि अनेक विकल्पोंको (खण्डयत्) मूलसे उखाड़ता हुआ। और कैसा है? "अखण्डं" पूर्ण है। और कैसा है? "उच्चैः उच्चण्डम्" (उच्चैः) अतिशयरूप (उच्चण्डम्) कोई वर्जनशील नहीं है। "ननु इह कर्तृ-कर्मप्रवृत्तेः कथम् अवकाशः" (ननु) अहो शिष्य! (इह) यहाँ शुद्ध ज्ञानके प्रगट होने पर (कर्तृ-कर्मप्रवृत्तेः) जीव कर्ता और ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्ड कर्म ऐसे विपरीतरूपसे बुद्धिका व्यवहार उसका (कथम् अवकाशः) कौन अवसर। भावार्थ इस प्रकार है कि जैसे सूर्यका प्रकाश होनेपर अन्धकारको अवसर नहीं, वैसे शुद्धस्वरूप अनुभव होनेपर विपरीतरूप मिथ्यात्वबुद्धिका प्रवेश नहीं। यहाँ पर कोई प्रश्न करता है कि शुद्ध ज्ञानका अनुभव होनेपर विपरीत बुद्धिमात्र मिटती है कि कर्मबन्ध मिटता है? उत्तर इस प्रकार है कि विपरीत बुद्धि मिटती है, कर्मबन्ध भी मिटता है। "इह पौद्गलः कर्मबन्धः वा कथं भवति" (इह) विपरीत बुद्धिके मिटने पर (पौद्गलः) पुद्गलसम्बन्धी है जो द्रव्यपिण्डरूप (कर्मबन्धः) ज्ञानावरणादि कर्मोंका आगमन (वा कथं भवति) वह भी कैसे हो सकता है॥२-४७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

इत्येवं विरचय्य सम्प्रति परद्रव्यान्निवृत्तिं परां
स्वं विज्ञानघनस्वभावमभयादास्तिघ्नुवानः परम्।
अज्ञानोत्थितकर्तृकर्मकलनात् क्लेशान्निवृत्तः स्वयं
ज्ञानीभूत इतश्चकास्ति जगतः साक्षी पुराणः पुमान्॥३-४८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"पुमान् स्वयं ज्ञानीभूतः इतः जगतः साक्षी चकास्ति" (पुमान्) जीवद्रव्य (स्वयं ज्ञानीभूतः) अपने आप अपने शुद्ध स्वरूपके अनुभवनमें समर्थ हुआ; (इतः) यहाँसे लेकर (जगतः साक्षी) सकल द्रव्यस्वरूपको जाननशील होकर (चकास्ति) शोभता है। भावार्थ इस प्रकार है कि यदा जीवको शुद्धस्वरूपका अनुभव होता है तदा सकल पर द्रव्यरूप द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्ममें उदासीनपना होता है। कैसा है जीवद्रव्य? "पुराणः" द्रव्यकी अपेक्षा अनादिनिधन है। और कैसा है? "क्लेशात् निवृत्तः" (क्लेशात्) दुःखसे (निवृत्तः) रहित है। कैसा है क्लेश? "अज्ञानोत्थितकर्तृ-कर्मकलनात्" (अज्ञान) जीव-कर्मके एक संस्काररूप झूठे अनुभवसे (उत्थित) उत्पन्न हुई है (कर्तृ-कर्मकलनात्) जीव कर्ता और जीवकी करतूति ज्ञानावरणादि द्रव्यपिण्ड ऐसी विपरीत प्रतीति जिसको, ऐसा है और कैसी है जीववस्तु? "इति एवं सम्प्रति परद्रव्यात् परां निवृत्तिं विरचय्य स्वं आस्तिघ्नुवानः" (इति) इतने (एवं) पूर्वोक्त प्रकारसे (सम्प्रति) विद्यमान (परद्रव्यात्) पर वस्तु जो द्रव्यकर्म-भावकर्म-नोकर्म उससे (निवृत्तिं) सर्वथा त्यागबुद्धि (परां) मूलसे (विरचय्य) करके (स्वं) शुद्ध चिद्रूपको (आस्तिघ्नुवानः) आस्वादती हुई। कैसा है स्व? "विज्ञानघनस्वभावम्" (विज्ञानघन) शुद्ध ज्ञानका समूह है (स्वभावम्) सर्वस्व जिसका ऐसा है। और कैसा है स्व? "परम्" सदा शुद्धस्वरूप है। "अभयात्" सात भयोंसे रहितरूपसे आस्वादती है॥३-४८॥

(शार्दूलविक्रीडित)

व्याप्यव्यापकता तदात्मनि भवेन्नैवातदात्मन्यपि
व्याप्यव्यापकभावसम्भवमृते का कर्तृ कर्मस्थितिः।

इत्युद्दामविवेकघस्मरमहो भारेण भिन्दँस्तमो
ज्ञानीभूय तदा स एष लसितः कर्तृत्वशून्यः पुमान्॥४-४९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तदा स एष पुमान् कर्तृत्वशून्यः लसितः" (तदा) उस काल (स एष पुमान्) जो जीव अनादि कालसे मिथ्यात्वरूप परिणत हुआ था वही जीव (कर्तृत्वशून्यः लसितः) कर्मके करनेसे रहित हुआ। कैसा है जीव? "ज्ञानीभूय तमः भिन्दन्" (ज्ञानीभूय) अनादिसे मिथ्यात्वरूप परिणमता हुआ, जीव-कर्मकी एक पर्यायस्वरूप परिणत हो रहा था सो छूटा, शुद्ध चेतन-अनुभव हुआ, ऐसा होनेपर (तमः) मिथ्यात्वरूपी अन्धकारको (भिन्दन्) छेदता हुआ। किसके द्वारा मिथ्यात्वरूपी अन्धकार छूटा? "इति उद्दामविवेकघस्मरमहोभारेण" (इति) जो कहा है (उद्दाम) बलवान् है (विवेक) भेदज्ञानरूपी (घस्मरमहोभारेण) सूर्यके तेजके समूह द्वारा। आगे जैसा विचार करने पर भेदज्ञान होता है वही कहते हैं– "व्याप्य-व्यापकता तदात्मनि भवेत्" (व्याप्य) समस्त गुणरूप वा पर्यायरूप भेद-विकल्प तथा (व्यापकता) एक द्रव्यरूप वस्तु (तदात्मनि) एक सत्त्वरूप वस्तुमें (भवेत्) होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जैसे सुवर्ण पीला, भारी, चिकना ऐसा कहनेका है, परन्तु एक सत्त्व है वैसे जीव द्रव्य ज्ञाता, दृष्टा ऐसा कहनेका है, परन्तु एक सत्त्व है। ऐसे एक सत्त्वमें व्याप्य-व्यापकता भवेत् अर्थात् भेदबुद्धि की जाय तो व्याप्य-व्यापकता होती है। विवरण—व्यापक अर्थात् द्रव्य परिणामी अपने परिणामका कर्ता होता है। व्याप्य अर्थात् वह परिणाम द्रव्यने किया। जिसमें ऐसा भेद किया जाय तो होता है, नहीं किया जाय तो नहीं होता। "अतदात्मनि अपि न एव" (अतदात्मनि) जीव सत्त्वसे पुद्गल द्रव्यका सत्त्व भिन्न है, (अपि) निश्चयसे (न एव) व्याप्य-व्यापकता नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि जैसे उपचारमात्रसे द्रव्य अपने परिणामका कर्ता है, वही परिणाम द्रव्यका किया हुआ है वैसे अन्य द्रव्यका कर्ता अन्य द्रव्य उपचारमात्रसे भी नहीं है, क्योंकि एक सत्त्व नहीं, भिन्नसत्त्व हैं। "व्याप्यव्यापकभावसम्भवमृते कर्तृ-कर्मस्थितिः का" (व्याप्य-व्यापकभाव) परिणाम-परिणामीमात्र भेदकी (सम्भवं) उत्पत्तिके (ऋते) बिना (कर्तृ-कर्मस्थितिः का) ज्ञानावरणादि पुद्गलकर्मका कर्ता जीवद्रव्य ऐसा अनुभव घटता नहीं। कारण कि जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्य एक सत्ता नहीं, भिन्न सत्ता है। ऐसे ज्ञान सूर्यके द्वारा मिथ्यात्वरूप अन्धकार मिटता है और जीव सम्यग्दृष्टि होता है॥४-४९॥

(स्रग्धरा)

ज्ञानी जानन्नपीमां स्वपरपरिणतिं पुद्गलश्चाप्यजानन्
व्याप्तृव्याप्यत्वमन्तः कलयितुमसहौ नित्यमत्यन्तभेदात्।
अज्ञानात्कर्तृकर्मभ्रममतिरनयोर्भाति तावन्न यावत्
विज्ञानार्चिश्चकास्ति क्रकचवददयं भेदमुत्पाद्य सद्यः॥५-५०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यावत् विज्ञानार्चिः न चकास्ति तावत् अनयोः कर्तृ-कर्मभ्रममतिः अज्ञानात् भाति" (यावत्) जितने काल (विज्ञानार्चिः) भेदज्ञानरूप अनुभव (न चकास्ति) नहीं प्रगट होता है (तावत्) उतने काल (अनयोः) जीव-पुद्गलमें (कर्तृ-कर्मभ्रममतिः) ज्ञानावरणादिका कर्ता जीवद्रव्य ऐसी है जो मिथ्या प्रतीति वह (अज्ञानात् भाति) अज्ञानपनेसे है। वस्तुका स्वरूप ऐसा तो नहीं है। कोई प्रश्न करता है कि ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता जीव सो अज्ञानपना है, सो क्यों है? "ज्ञानी पुद्गलः च व्याप्तृ-व्याप्यत्वम् अन्तः कलयितुम् असहौ" (ज्ञानी) जीववस्तु (पुद्गलः) ज्ञानावरणादि कर्मपिण्ड (व्याप्तृ-व्याप्यत्वम्) परिणामी-परिणामभावरूपसे (अन्तः कलयितुम्) एक संक्रमणरूप होनेको (असहौ) असमर्थ हैं, क्योंकि "नित्यम् अत्यन्तभेदात्" (नित्यम्) द्रव्यस्वभावसे (अत्यन्तभेदात्) अति ही भेद है। विवरण—जीवद्रव्यके भिन्न प्रदेश चैतन्यस्वभाव, पुद्गलद्रव्यके भिन्न प्रदेश अचेतन स्वभाव ऐसे भेद घना। कैसा है ज्ञानी? "इमां स्व-परपरिणतिं जानन् अपि" (इमां) प्रसिद्ध है ऐसे (स्व) अपने और (पर) समस्त ज्ञेयवस्तुके (परिणतिं) द्रव्य-गुण-पर्यायका अथवा उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यका (जानन्) ज्ञाता है। (अपि) (जीव तो) ऐसा है। तो फिर कैसा है पुद्गल? वही कहते हैं—"इमां स्व-परपरिणतिं अजानन्" (इमां) प्रगट है ऐसे (स्व) अपने और (पर) अन्य समस्त परद्रव्योंके (परिणतिं) द्रव्य-गुण-पर्याय आदिको (अजानन्) नहीं जानता है, ऐसा है पुद्गलद्रव्य। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य ज्ञाता है, पुद्गलकर्म ज्ञेय है ऐसा जीवको कर्मको ज्ञेय-ज्ञायकसम्बन्ध है, तथापि व्याप्य-व्यापकसम्बन्ध नहीं है, द्रव्योंका अत्यन्त भिन्नपना है, एकपना नहीं है। कैसा है भेदज्ञानरूप अनुभव? "अयं क्रकचवत् सद्यः भेदं उत्पाद्य" जिसने करौंतके समान शीघ्र ही जीव और पुद्गलका भेद उत्पन्न किया है॥५-५०॥

(आर्या)

यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत्तु तत्कर्म।
या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया॥६-५१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**यः परिणमति स कर्ता भवेत्**" (यः) जो कोई सत्तामात्र वस्तु (परिणमति) जो कोई अवस्था है उसरूप आप ही है, इस कारण (स कर्ता भवेत्) उस अवस्थाका सत्तामात्र वस्तु कर्ता भी होता है। और ऐसा कहना विरुद्ध भी नहीं है, कारण कि अवस्था भी है। "**यः परिणामः तत् कर्म**" (यः परिणामः) उस द्रव्यका जो कुछ स्वभावपरिणाम है (तत् कर्म) वह द्रव्यका परिणाम कर्म इस नामसे कहा जाता है। "**या परिणतिः सा क्रिया**" (या परिणतिः) द्रव्यका जो कुछ पूर्व अवस्थासे उत्तर अवस्थारूप होना है (सा क्रिया) उसका नाम क्रिया कहा जाता है। जैसे मृत्तिका घटरूप होती है, इसलिये मृत्तिका कर्ता कहलाती है, उत्पन्न हुआ घड़ा कर्म कहलाता है तथा मृत्तिका पिण्डसे घटरूप होना क्रिया कहलाती है। वैसे ही सत्त्वरूप वस्तुका कर्ता कहा जाता है, उस द्रव्यका उत्पन्न हुआ परिणाम कर्म कहा जाता है और उस क्रियारूप होना क्रिया कही जाती है। "**वस्तुतया त्रयं अपि न भिन्नं**" (वस्तुतया) सत्तामात्र वस्तुके स्वरूपका अनुभव करनेपर (त्रयम्) कर्ता-कर्म-क्रिया ऐसे तीन भेद (अपि) निश्चयसे (न भिन्नं) तीन सत्त्व तो नहीं, एक ही सत्त्व है। भावार्थ इस प्रकार है कि कर्ता-कर्म-क्रियाका स्वरूप तो इस प्रकार है, इसलिये ज्ञानावरणादि द्रव्य पिण्डरूप कर्मका कर्ता जीवद्रव्य है ऐसा जानना झूठा है, क्योंकि जीवद्रव्यका और पुद्गलद्रव्यका एक सत्त्व नहीं, कर्ता-कर्म-क्रियाकी कौन घटना ? ॥६-५१॥

(आर्या)

एकः परिणमति सदा परिणामो जायते सदैकस्य।
एकस्य परिणतिः स्यादनेकमप्येकमेव यतः॥७-५२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**सदा एकः परिणमति**" (सदा) त्रिकालमें (एकः) सत्तामात्र वस्तु (परिणमति) अपनेमें अवस्थान्तररूप होती है। "**सदा एकस्य**

परिणामः जायते'' (सदा) त्रिकालगोचर (एकस्य) सत्तामात्र है वस्तु उसकी (परिणामः जायते) अवस्था वस्तुरूप है। भावार्थ इस प्रकार है कि यथा सत्तामात्र वस्तु अवस्थारूप है तथा अवस्था भी वस्तुरूप है। **''परिणतिः एकस्य स्यात्''** (परिणतिः) क्रिया (एकस्य स्यात्) सो भी सत्तामात्र वस्तुकी है। भावार्थ इस प्रकार है कि क्रिया भी वस्तुमात्र है, वस्तुसे भिन्न सत्त्व नहीं। **''यतः अनेकम् अपि एकम् एव''** (यतः) जिस कारणसे (अनेकम्) एक सत्त्वके कर्ता-कर्म-क्रियारूप तीन भेद (अपि) यद्यपि इस प्रकार भी हैं तथापि (एकम् एव) सत्तामात्र वस्तु है। तीन ही विकल्प झूठे हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानावरणादि द्रव्यरूप पुद्गलपिण्ड कर्मका कर्ता जीववस्तु है ऐसा जानपना मिथ्याज्ञान है, क्योंकि एक सत्त्वमें कर्ता-कर्म-क्रिया उपचारसे कहा जाता है। भिन्न सत्त्वरूप है जो जीवद्रव्य-पुद्गलद्रव्य उनको कर्ता-कर्म-क्रिया कहाँसे घटेगा ? ॥७-५२॥

(आर्या)

नोभौ परिणमतः खलु परिणामो नोभयोः प्रजायेत।
उभयोर्न परिणतिः स्याद्यदनेकमनेकमेव स्यात् ॥८-५३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''खलु उभौ न परिणमतः''** (खलु) ऐसा निश्चय है कि (उभौ) एक चेतनलक्षण जीवद्रव्य और एक अचेतन कर्मपिण्डरूप पुद्गलद्रव्य (न परिणमतः) मिलकर एक परिणामरूप नहीं परिणमते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य अपनी शुद्ध चेतनारूप अथवा अशुद्ध चेतनारूप व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है। पुद्गलद्रव्य भी अपने अचेतन लक्षणरूप शुद्ध परमाणुरूप अथवा ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डरूप अपनेमें व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है। वस्तुका स्वरूप ऐसे तो है। परन्तु जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्य दोनों मिलकर अशुद्ध चेतनारूप है, राग-द्वेषरूप परिणाम उनसे परिणमते हैं ऐसा तो नहीं है। **''उभयोः परिणामः न प्रजायेत''** (उभयोः) जीवद्रव्य-पुद्गलद्रव्य उनके (परिणामः) दोनों मिलकर एक पर्यायरूप परिणाम (न प्रजायेत) नहीं होते हैं। **''उभयोः परिणतिः न स्यात्''** (उभयोः) जीव और पुद्गलकी (परिणतिः) मिलकर एक क्रिया (न स्यात्) नहीं होती है। वस्तुका स्वरूप ऐसा ही है। **''यतः अनेकम् अनेकम् एव सदा''** (यतः) जिस कारणसे (अनेकम्) भिन्न सत्तारूप हैं जीव-पुद्गल (अनेकम् एव सदा) वे तो

जीव-पुद्गल सदा ही भिन्नरूप हैं, एकरूप कैसे हो सकते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य-पुद्गलद्रव्य भिन्न सत्तारूप हैं सो जो पहले भिन्न सत्तापन छोड़कर एक सत्तारूप होवें तो पीछे कर्ता-कर्म-क्रियापना घटित हो। सो तो एकरूप होते नहीं, इसलिये जीव-पुद्गलका आपसमें कर्ता-कर्म-क्रियापना घटित नहीं होता ॥८-५३॥

(आर्या)

नैकस्य हि कर्तारौ द्वौ स्तो द्वे कर्मणी न चैकस्य।
नैकस्य च क्रिये द्वे एकमनेकं यतो न स्यात् ॥९-५४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ पर कोई मतान्तर निरूपण करेगा कि द्रव्यकी अनंत शक्तियाँ हैं सो एक शक्ति ऐसी भी होगी कि एक द्रव्य दो द्रव्योंके परिणामको करे। जैसे जीवद्रव्य अपने अशुद्ध चेतनारूप राग-द्वेष-मोह परिणामको व्याप्य-व्यापकरूप करे वैसे ही ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डको व्याप्य-व्यापकरूप करे। उत्तर इस प्रकार है कि द्रव्यके अनन्त शक्तियाँ हैं पर ऐसी शक्ति तो कोई नहीं कि जिससे जैसे अपने गुणके साथ व्याप्य-व्यापकरूप है, वैसे ही पर द्रव्यके गुणके साथ भी व्याप्य-व्यापकरूप होवे। **"हि एकस्य द्वौ कर्तारौ न"** (हि) निश्चयसे (एकस्य) एक परिणामके (द्वौ कर्तारौ न) दो कर्ता नहीं हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि अशुद्ध चेतनारूप राग-द्वेष-मोह परिणामका जिस प्रकार व्याप्य-व्यापकरूप जीवद्रव्य कर्ता है उसी प्रकार पुद्गलद्रव्य भी अशुद्ध चेतनारूप राग-द्वेष-मोह परिणामका कर्ता है ऐसा तो नहीं। जीवद्रव्य अपने राग-द्वेष-मोह परिणामका कर्ता है, पुद्गलद्रव्य कर्ता नहीं है। **"एकस्य द्वे कर्मणी न स्तः"** (एकस्य) एक द्रव्यके (द्वे कर्मणी न स्तः) दो परिणाम नहीं होते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार जीवद्रव्य राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध चेतना परिणामका व्याप्य-व्यापकरूप कर्ता है उस प्रकार ज्ञानावरणादि अचेतन कर्मका कर्ता जीव है ऐसा तो नहीं है। अपने परिणामका कर्ता है, अचेतन परिणामरूप कर्मका कर्ता नहीं है। **"च एकस्य द्वे क्रिये न"** (च) तथा (एकस्य) एक द्रव्यकी (द्वे क्रिये न) दो क्रिया नहीं होतीं। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य जिस प्रकार चेतन परिणतिरूप परिणमता है वैसे ही अचेतन परिणतिरूप परिणमता हो ऐसा तो नहीं है। **"यतः एकम् अनेकं न स्यात्"** (यतः) जिस कारणसे (एकम्) एक द्रव्य (अनेकं न स्यात्) दो द्रव्यरूप कैसे होवे ? भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य

एक चेतन द्रव्यरूप है सो जो पहले वह अनेक द्रव्यरूप होवे तो ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता भी होवे; अपने राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध चेतन परिणामका भी कर्ता होवे, सो ऐसा तो है नहीं। अनादिनिधन जीवद्रव्य एकरूप ही है, इसलिये अपने अशुद्ध चेतन परिणामका कर्ता है, अचेतनकर्मका कर्ता नहीं है। ऐसा वस्तु-स्वरूप है॥९-५४॥

(शार्दूलविक्रीडित)

आसंसारत एव धावति परं कुर्वेऽहमित्युच्चकै-
र्दुर्वारं ननु मोहिनामिह महाहङ्काररूपं तमः।
तद्भूतार्थपरिग्रहेण विलयं यद्येकवारं व्रजेत्
तत्किं ज्ञानघनस्य बन्धनमहो भूयो भवेदात्मनः॥१०-५५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ननु मोहिनाम् अहम् कुर्वे इति तमः आसंसारतः एव धावति'' (ननु) अहो जीव! (मोहिनाम्) मिथ्यादृष्टि जीवोंके (अहम् कुर्वे इति तमः) ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता जीव ऐसा है जो मिथ्यात्वरूप अन्धकार (आसंसारतः एव धावति) अनादि कालसे एक सन्तानरूप चला आ रहा है। कैसा है मिथ्यात्वरूपी तम? ''परं'' परद्रव्यरूप है। और कैसा है? ''उच्चकैः दुर्वारं'' अति ढीठ है। और कैसा है? ''महाहंकाररूपं'' (महाहंकार) मैं देव, मैं मनुष्य, मैं तिर्यंच, मैं नारक ऐसी जो कर्मकी पर्याय उसमें आत्मबुद्धि (रूपं) वही है स्वरूप जिसका ऐसा है। ''यदि तद् भूतार्थपरिग्रहेण एकवारं विलयं व्रजेत्'' (यदि) जो कभी (तत्) ऐसा है जो मिथ्यात्व अन्धकार (भूतार्थपरिग्रहेण) शुद्धस्वरूप अनुभवके द्वारा (एकवारं) अन्तर्मुहूर्त मात्र (विलयं व्रजेत्) विनाशको प्राप्त हो जाय। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवके यद्यपि मिथ्यात्व अन्धकार अनन्तकालसे चला आ रहा है। तथा जो सम्यक्त्व हो तो मिथ्यात्व छूटे, जो एकबार छूटे तो ''अहो तत् आत्मनः भूयः बन्धनं किं भवेत्'' (अहो) भो जीव! (तत्) उस कारणसे (आत्मनः) जीवके (भूयः) पुनः (बन्धनं किं भवेत्) एकत्वबुद्धि क्या होगी अपि तु नहीं होगी। कैसा है आत्मा? ''ज्ञानघनस्य'' ज्ञानका समूह है। भावार्थ—शुद्धस्वरूपका अनुभव होनेपर संसारमें रुलना नहीं होता॥१०-५५॥

(अनुष्टुप)

आत्मभावान् करोत्यात्मा परभावान् सदा परः।
आत्मैव ह्यात्मनो भावाः परस्य पर एव ते॥११-५६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"आत्मा आत्मभावान् करोति" (आत्मा) जीवद्रव्य (आत्मभावान्) अपने शुद्धचेतनरूप अथवा अशुद्धचेतनतारूप राग-द्वेष-मोहभाव, (करोति) उनरूप परिणमता है। "परः परभावान् सदा करोति" (परः) पुद्गलद्रव्य (परभावान्) पुद्गलद्रव्यके ज्ञानावरणादिरूप पर्यायको (सदा) त्रिकालगोचर (करोति) करता है। "हि आत्मनो भावाः आत्मा एव" (हि) निश्चयसे (आत्मनो भावाः) जीवके परिणाम (आत्मा एव) जीव ही हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि चेतन परिणामको जीव करता है, वे चेतन परिणाम भी जीव ही हैं, द्रव्यान्तर नहीं हुआ। "परस्य भावाः परः एव" (परस्य) पुद्गलद्रव्यके (भावः) परिणाम (पर एव) पुद्गलद्रव्य है, जीवद्रव्य नहीं हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता पुद्गल है और वस्तु भी पुद्गल है, द्रव्यान्तर नहीं॥११-५६॥

(वसंततिलका)

अज्ञानतस्तु सतृणाभ्यवहारकारी
ज्ञानं स्वयं किल भवन्नपि रज्यते यः।
पीत्वा दधीक्षुमधुराम्लरसातिगृद्ध्या
गां दोग्धि दुग्धमिव नूनमसौ रसालम्॥१२-५७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यः अज्ञानतः तु रज्यते" (यः) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव (अज्ञानतः तु) मिथ्या दृष्टिसे ही (रज्यते) कर्मकी विचित्रतामें अपनापन जानकर रंजायमान होता है। वह जीव कैसा है? "सतृणाभ्यवहारकारी" (सतृण) घासके साथ (अभ्यवहारकारी) आहार करता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जैसे हाथी अन्न-घास मिला ही बराबर जान खाता है, घासका और अन्नका विवेक नहीं करता है, वैसे मिथ्यादृष्टि

जीव कर्मकी सामग्रीको अपनी जानता है। जीवका और कर्मका विवेक नहीं करता है। कैसा है? **''किल स्वयं ज्ञानं भवन् अपि''** (किल स्वयं) निश्चयसे स्वरूपमात्रकी अपेक्षा (ज्ञानं भवन् अपि) यद्यपि ज्ञानस्वरूप है। और जीव कैसा है **''असौ नूनम् रसालम् पीत्वा गां दुग्धम् दोग्धि इव''** (असौ) यह है जो विद्यमान जीव (नूनम्) निश्चयसे (रसालम्) शिखरणीको (पीत्वा) पीकर ऐसा मानता है कि (गां दुग्धम् दोग्धि इव) मानो गायके दूधको पीता है। क्या करके? **''दधीक्षुमधुराम्लरसातिगृद्ध्या''** (दधीक्षु) शिखरणीमें (मधुराम्लरस) मीठे और खट्टे स्वादकी (अतिगृद्ध्या) अति ही आसक्तिसे। भावार्थ इस प्रकार है कि स्वादलंपट हुआ शिखरणी पीता है, स्वादभेद नहीं करता है। ऐसा निर्भेदपना मानता है, जैसा गायके दूधको पीते हुये निर्भेदपना माना जाता है॥१२-५७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अज्ञानात् मृगतृष्णिकां जलधिया धावन्ति पातुं मृगा
अज्ञानात्तमसि द्रवन्ति भुजगाध्यासेन रज्जौ जनाः।
अज्ञानाच्च विकल्पचक्रकरणाद्वातोत्तरङ्गाब्धिवत्
शुद्धज्ञानमया अपि स्वयममी कर्त्रीभवंत्याकुलाः॥१३-५८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''अमी स्वयम् शुद्धज्ञानमयाः अपि अज्ञानात् आकुलाः कर्त्रीभवन्ति''** (अमी) सब संसारी मिथ्यादृष्टि जीव (स्वयम्) सहजसे (शुद्धज्ञानमयाः) शुद्धस्वरूप है (अपि) तथापि (अज्ञानात्) मिथ्या दृष्टिसे (आकुलाः) आकुलित होते हुये (कर्त्रीभवन्ति) बलात्कार ही कर्ता होते हैं। किस कारणसे? **''विकल्पचक्रकरणात्''** (विकल्प) अनेक रागादिके (चक्र) समूहके (करणात्) करनेसे। किसके समान? **''वातोत्तरङ्गाब्धिवत्''** (वात) वायुसे (उत्तरङ्ग) डोलते-उछलते हुये (अब्धिवत्) समुद्रके समान। भावार्थ इसप्रकार है कि जैसे समुद्रका स्वरूप निश्चल है, वायुसे प्रेरित होकर उछलता है और उछलनेका कर्ता भी होता है, वैसे ही जीवद्रव्य स्वरूपसे अकर्ता है। कर्मसंयोगसे विभावरूप परिणमता है, इसलिये विभावपनेका कर्ता भी होता है। परन्तु अज्ञानसे, स्वभाव तो नहीं। दृष्टांत कहते हैं— **''मृगाः मृगतृष्णिकां अज्ञानात् जलधिया पातुं धावन्ति''** (मृगाः) जिस प्रकार हरिण (मृगतृष्णिकां) मरीचिकाको (अज्ञानात्) मिथ्या

भ्रान्तिके कारण (जलधिया) पानीकी बुद्धिसे (पातुं धावन्ति) पीनेके लिये दौड़ते हैं। ''जनाः रज्जौ तमसि अज्ञानात् भुजगाध्यासेन द्रवन्ति'' (जनाः) जिस प्रकार मनुष्य जीव (रज्जौ) रस्सीमें (तमसि) अन्धकारके होनेपर (अज्ञानात्) भ्रान्तिके कारण (भुजगाध्यासेन) सर्पकी बुद्धिसे (द्रवन्ति) डरते हैं॥१३-५८॥

(वसंततिलका)

ज्ञानाद्विवेचकतया तु परात्मनोर्यो
जानाति हंस इव वाःपयसोर्विशेषम्।
चैतन्यधातुमचलं स सदाधिरूढो
जानीत एव हि करोति न किञ्चनापि॥१४-५९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''यः तु परात्मनोः विशेषम् जानाति'' (यः तु) जो कोई सम्यग्दृष्टि जीव (पर) द्रव्यकर्मपिण्ड (आत्मनोः) शुद्ध चैतन्यमात्र, उनका (विशेषम्) भिन्नपना (जानाति) अनुभवता है। कैसा करके अनुभवता है? ''ज्ञानात् विवेचकतया'' (ज्ञानात्) सम्यग्ज्ञान द्वारा (विवेचकतया) लक्षणभेद कर। उसका विवरण— शुद्ध चैतन्यमात्र जीवका लक्षण, अचेतनपना पुद्गलका लक्षण, इससे जीव पुद्गल भिन्न भिन्न है ऐसा भेद भेदज्ञान कहना। दृष्टांत कहते हैं— ''वाः-पयसोः हंसः इव'' (वाः) पानी (पयसोः) दूध (हंसः इव) हंसके समान। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार हंस दूध पानी भिन्न भिन्न करता है उस प्रकार जो कोई जीव-पुद्गलको भिन्न भिन्न अनुभवता है। ''स हि जानीत एव किञ्चनापि न करोति'' (सः हि) वह जीव (जानीत एव) ज्ञायक तो है, (किञ्चनापि) परमाणुमात्र भी (न करोति) करता तो नहीं है। कैसा है ज्ञानी जीव? ''सः सदा अचलं चैतन्यधातुं अधिरूढः'' वह सदा निश्चल चैतन्य धातुमय आत्माके स्वरूपमें दृढ़तासे रहा है॥१४-५९॥

(मंदाक्रान्ता)

ज्ञानादेव ज्वलनपयसोरौष्ण्यशैत्यव्यवस्था
ज्ञानादेवोल्लसति लवणस्वादभेदव्युदासः।

ज्ञानादेव स्वरसविकसन्नित्यचैतन्यधातोः
क्रोधादेश्च प्रभवति भिदा भिन्दती कर्तृभावम् ॥१५-६०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ज्ञानात् एव स्वरसविकसन्नित्यचैतन्यधातोः क्रोधादेः च भिदा प्रभवति" (ज्ञानात् एव) शुद्ध स्वरूपमात्र वस्तुको अनुभवन करते ही (स्वरस) चेतनस्वरूप, उससे (विकसत्) प्रकाशमान है (नित्य) अविनश्वर ऐसा जो (चैतन्यधातोः) शुद्ध जीवस्वरूपका (क्रोधादेश्च) जितने अशुद्ध चेतनारूप रागादि परिणामका (भिदा) भिन्नपना (प्रभवति) होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि साम्प्रत जीवद्रव्य रागादि अशुद्ध चेतनारूप परिणमा है, सो तो ऐसा प्रतिभासता है कि ज्ञान क्रोधरूप परिणमा है; सो ज्ञान भिन्न क्रोध भिन्न ऐसा अनुभवना अति ही कठिन है। उत्तर इस प्रकार है कि साँचा ही कठिन है, पर वस्तुका शुद्धस्वरूप विचारनेपर भिन्नपनेरूप स्वाद आता है। कैसा है भिदा ? "कर्तृभावं भिन्दती" (कर्तृभावं) कर्मका कर्ता जीव ऐसी भ्रान्ति, उसको (भिन्दती) मूलसे दूर करता है। दृष्टांत कहते हैं—"एव ज्वलनपयसोः औष्ण्यशैत्यव्यवस्था ज्ञानात् उल्लसति" (एव) जिस प्रकार (ज्वलन) अग्नि (पयसोः) पानी, उनका (औष्ण्य) उष्णपना (शैत्य) शीतपना, उनका (व्यवस्था) भेद (ज्ञानात्) निजस्वरूपग्राही ज्ञानके द्वारा (उल्लसति) प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार अग्नि संयोगसे पानी ताता (उष्ण) किया जाता है, फिर 'ताता पानी' ऐसा कहा जाता है तथापि स्वभाव विचारने पर उष्णपना अग्निका है, पानी तो स्वभावसे शीला (ठंडा) है ऐसा भेदज्ञान विचारने पर उपजता है। और दृष्टांत—"एव लवणस्वादभेदव्युदासः ज्ञानात् उल्लसति" (एव) जिस प्रकार (लवण) खारा रस, उसका (स्वादभेद) व्यंजनसे भिन्नपनेके द्वारा खारा लवणका स्वभाव ऐसा जानपना, उससे (व्युदासः) व्यंजन खारा ऐसा कहा जाता था, जाना जाता था सो छूटा। (ज्ञानात्) निज स्वरूपका जानपना उसके द्वारा (उल्लसति) प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार लवणके संयोगसे व्यंजन संभारते हैं तो खारा व्यंजन ऐसा कहा जाता है, जाना भी जाता है, स्वरूप विचारनेपर खारा लवण, व्यंजन जैसा है वैसा ही है ॥१५-६०॥

(अनुष्टुप)

अज्ञानं ज्ञानमप्येवं कुर्वन्नात्मानमञ्जसा।
स्यात्कर्तात्मात्मभावस्य परभावस्य न क्वचित् ॥१६-६१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एवं आत्मा आत्मभावस्य कर्ता स्यात्" (एवं) सर्वथा प्रकार (आत्मा) जीवद्रव्य (आत्मभावस्य कर्ता स्यात्) अपने परिणामका कर्ता होता है। "परभावस्य कर्ता न क्वचित् स्यात्" (परभावस्य) कर्मरूप अचेतन पुद्गलद्रव्यका (कर्ता क्वचित् न स्यात्) कभी तीनों कालमें कर्ता नहीं होता। कैसा है आत्मा? "ज्ञानम् अपि आत्मानम् कुर्वन्" (ज्ञानम्) शुद्ध चेतनमात्र प्रगटरूप सिद्ध अवस्था (अपि) उस रूप भी (आत्मानम् कुर्वन्) आप तद्रूप परिणमता है। और कैसा है? "अज्ञानम् अपि आत्मानम् कुर्वन्" (अज्ञानम्) अशुद्ध चेतनारूप विभाव परिणाम (अपि) उसरूप भी (आत्मानम् कुर्वन्) आप तद्रूप परिणमता है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवद्रव्य अशुद्ध चेतनारूप परिणमता है, शुद्ध चेतनारूप परिणमता है, इसलिये जिस कालमें जिस चेतनारूप परिणमता है उस कालमें उसी चेतनाके साथ व्याप्य-व्यापकरूप है, इसलिये उस कालमें उसी चेतनाका कर्ता है। तो भी पुद्गलपिण्डरूप जो ज्ञानावरणादि कर्म है उसके साथ तो व्याप्य-व्यापकरूप नहीं है, इसलिये उसका कर्ता नहीं है। "अञ्जसा" समस्तरूपसे ऐसा अर्थ है ॥१६-६१॥

(अनुष्टुप)

आत्मा ज्ञानं स्वयं ज्ञानं ज्ञानादन्यत्करोति किम्।
परभावस्य कर्तात्मा मोहोऽयं व्यवहारिणाम् ॥१७-६२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"आत्मा ज्ञानं करोति" (आत्मा) चेतनद्रव्य (ज्ञानं) चेतनामात्र परिणामको (करोति) करता है। कैसा होता हुआ? "स्वयं ज्ञानं" जिस कारणसे आत्मा स्वयं चेतना परिणाममात्र स्वरूप है। "ज्ञानात् अन्यत् करोति किम्" (ज्ञानात् अन्यत्) चेतन परिणामसे भिन्न जो अचेतन पुद्गल परिणामरूप कर्म उसका (किम् करोति) करता है क्या? अपि तु न करोति—सर्वथा नहीं करता है। "आत्मा परभावस्य

कर्ता अयं व्यवहारिणां मोहः'' (आत्मा) चेतनद्रव्य (परभावस्य कर्ता) ज्ञानावरणादि कर्मको करता है (अयं) ऐसा जानपना, ऐसा कहना (व्यवहारिणां मोहः) मिथ्यादृष्टि जीवोंका अज्ञान है। भावार्थ इस प्रकार है कि कहनेमें ऐसा आता है कि ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता जीव है सो कहना भी झूठा है॥१७-६२॥

(वसंततिलका)

जीवः करोति यदि पुद्गलकर्म नैव
कस्तर्हि तत्कुरुत इत्यभिशङ्क्यैव।
एतर्हि तीव्ररयमोहनिवर्हणाय
सङ्कीर्त्यते श्रृणुत पुद्गलकर्मकर्तृ॥१८-६३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''पुद्गलकर्म कर्तृ संकीर्त्यते''** (पुद्गलकर्म) द्रव्यपिण्डरूप आठ कर्म उसका (कर्तृ) कर्ता (सङ्कीर्त्यते) जैसा है वैसा कहते हैं। **''श्रृणुत''** सावधान होकर तुम सुनो। प्रयोजन कहते हैं—**'एतर्हि तीव्ररयमोहनिवर्हणाय''** (एतर्हि) इस समय (तीव्ररय) दुर्निवार उदय है जिसका ऐसा जो (मोह) विपरीत ज्ञान उसको (निवर्हणाय) मूलसे दूर करनेके निमित्त। विपरीतपना कैसा करके जाना जाता है। **''इति अभिशङ्क्या एव''** (इति) जैसी करते हैं (अभिशङ्क्या) आशंका उसके द्वारा (एव) ही। वह आशंका कैसी है? **''यदि जीवः एव पुद्गलकर्म न करोति तर्हि कः तत् कुरुते''** (यदि) जो (जीवः एव) चेतनद्रव्य (पुद्गलकर्म) पिण्डरूप आठ कर्मको (न करोति) नहीं करता है (तर्हि) तो (कः तत् कुरुते) उसे कौन करता है। भावार्थ इस प्रकार है—जो जीवके करनेपर ज्ञानावरणादि कर्म होता है ऐसी भ्रान्ति उपजती है उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि पुद्गलद्रव्य परिणामी है, स्वयं सहज ही कर्मरूप परिणमता है॥१८-६३॥

(उपजाति)

स्थितेत्यविघ्ना खलु पुद्गलस्य
स्वभावभूता परिणामशक्तिः।

तस्यां स्थितायां स करोति भावं
यमात्मनस्तस्य स एव कर्ता ॥१९-६४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"इति खलु पुद्गलस्य परिणामशक्तिः स्थिता" (इति) इस प्रकार (खलु) निश्चयसे (पुद्गलस्य) मूर्त द्रव्यका (परिणामशक्तिः) परिणमनस्वरूप स्वभाव (स्थिता) अनादिनिधन विद्यमान है। कैसा है? "स्वभावभूता" सहजरूप है। और कैसा है? "अविघ्ना" निर्विघ्नरूप है। "तस्यां स्थितायां सः आत्मनः यम् भावं करोति सः तस्य कर्ता भवेत्" (तस्यां स्थितायां) उस परिणामशक्तिके रहते हुये (सः) पुद्गलद्रव्य (आत्मनः) अपने अचेतन द्रव्यसम्बन्धी (यम् भावं करोति) जिस परिणामको करता है (सः) पुद्गलद्रव्य (तस्य कर्ता भवेत्) उस परिणामका कर्ता होता है। भावार्थ इस प्रकार है—ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गलद्रव्य परिणमता है उस भावका कर्ता फिर पुद्गलद्रव्य होता है॥१९-६४॥

(उपजाति)

स्थितेति जीवस्य निरन्तराया
स्वभावभूता परिणामशक्तिः।
तस्यां स्थितायां स करोति भावं
यं स्वस्य तस्यैव भवेत् स कर्ता ॥२०-६५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"जीवस्य परिणामशक्तिः स्थिता इति" (जीवस्य) चेतनद्रव्यकी (परिणामशक्तिः) परिणमनरूप सामर्थ्य (स्थिता) अनादिसे विद्यमान है। (इति) ऐसा द्रव्यका सहज है। "स्वभावभूता" जो शक्ति (स्वभावभूता) सहजरूप है। और कैसी है? "निरन्तराया" प्रवाहरूप है, एक समयमात्र खण्ड नहीं है। 'तस्यां स्थितायां" उस परिणामशक्तिके होते हुये "सः स्वस्य यं भावं करोति" (सः) जीववस्तु (स्वस्य) आपसम्बन्धी (यं भावं) जिस किसी शुद्ध चेतनारूप अशुद्ध चेतनारूप परिणामको (करोति) करता है "तस्य एव स कर्ता भवेत्" (तस्य) उस परिणामका (एव) निश्चयसे (सः) जीववस्तु (कर्ता) करणशील (भवेत्) होता है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवद्रव्यकी

अनादिनिधन परिणमनशक्ति है ॥२०-६५॥

(आर्या)

ज्ञानमय एव भावः कुतो भवेद् ज्ञानिनो न पुनरन्यः।
अज्ञानमयः सर्वः कुतोऽयमज्ञानिनो नान्यः ॥२१-६६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ पर कोई प्रश्न करता है–"**ज्ञानिनः ज्ञानमयः एव भावः कुतो भवेत् पुनः न अन्यः**" (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टिके (ज्ञानमय एव भावः) भेदविज्ञानस्वरूप परिणाम (कुतो भवेत्) किस कारणसे होता है (न पुनः अन्यः) अज्ञानरूप नहीं होता। भावार्थ इस प्रकार है–सम्यग्दृष्टि जीव कर्मके उदयको भोगनेपर विचित्र रागादिरूप परिणमता है सो ज्ञानभावका कर्ता है जीव (उसके) ज्ञानभाव है, अज्ञानभाव नहीं है सो कैसे है ऐसा कोई बूझता है। "**अयम् सर्वः अज्ञानिनः अज्ञानमयः कुतः न अन्यः**" (अयम्) परिणाम (सर्वः) सबका सब परिणमन (अज्ञानिनः) मिथ्यादृष्टिके (अज्ञानमयः) अशुद्ध चेतनारूप बन्धका कारण होता है। (कुतः) कोई प्रश्न करता है ऐसा है सो कैसे है, (न अन्यः) ज्ञानजातिका कैसे नहीं होता। भावार्थ इस प्रकार है–मिथ्यादृष्टिके जो कुछ परिणाम होता है वह बन्धका कारण है ॥२१-६६॥

(अनुष्टुप्)

ज्ञानिनो ज्ञाननिर्वृत्ताः सर्वे भावा भवन्ति हि।
सर्वेऽप्यज्ञाननिर्वृत्ता भवन्त्यज्ञानिनस्तु ते ॥२२-६७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**हि ज्ञानिनः सर्वे भावाः ज्ञाननिर्वृत्ताः भवन्ति**" (हि) निश्चयसे (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टिके (सर्वे भावाः) जितने परिणाम हैं (ज्ञाननिर्वृत्ताः भवन्ति) ज्ञानस्वरूप होते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टिका द्रव्य शुद्धत्वरूप परिणमा है, इसलिये सम्यग्दृष्टिका जो कोई परिणाम होता है वह ज्ञानमय शुद्धत्व जातिरूप होता है, कर्मका अबन्धक होता है। "**तु ते सर्वे अपि अज्ञानिनः अज्ञाननिर्वृत्ताः भवन्ति**" (तु) यों भी है कि (ते) जितने परिणाम (सर्वे अपि) शुभोपयोगरूप अथवा अशुभोपयोगरूप हैं वे सब (अज्ञानिनः) मिथ्यादृष्टिके (अज्ञाननिर्वृत्ताः) अशुद्धत्वसे निपजे हैं।

(भवन्ति) विद्यमान हैं। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीवकी और मिथ्यादृष्टि जीवकी क्रिया तो एकसी है, क्रियासम्बन्धी विषय कषाय भी एकसी है, परन्तु द्रव्यका परिणमनभेद है। विवरण—सम्यग्दृष्टिका द्रव्य शुद्धत्वरूप परिणमा है, इसलिये जो कोई परिणाम बुद्धिपूर्वक अनुभवरूप है अथवा विचाररूप है अथवा व्रत-क्रियारूप है अथवा भोगाभिलाषरूप है अथवा चारित्रमोहके उदय क्रोध, मान, माया, लोभरूप है वह सभी परिणाम ज्ञानजातिमें घटता है। कारण कि जो कोई परिणाम है वह संवर-निर्जराका कारण है, ऐसा ही कोई द्रव्यपरिणमनका विशेष है। मिथ्यादृष्टिका द्रव्य अशुद्धरूप परिणमा है, इसलिये जो कोई मिथ्यादृष्टिका परिणाम अनुभवरूप तो होता ही नहीं। इस कारण सूत्रसिद्धान्तके पाठरूप है अथवा व्रत-तपश्चरणरूप है अथवा दान, पूजा, दया, शीलरूप है अथवा भोगाभिलाषरूप है अथवा क्रोध, मान, माया, लोभरूप है ऐसा समस्त परिणाम अज्ञानजातिका है, क्योंकि बन्धका कारण है, संवर-निर्जराका कारण नहीं है। द्रव्यका ऐसा ही परिणमनविशेष है॥२२-६७॥

(अनुष्टुप)

अज्ञानमयभावानामज्ञानी व्याप्य भूमिकाः।
द्रव्यकर्मनिमित्तानां भावानामेति हेतुताम्॥२३-६८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ऐसा कहा है कि सम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यादृष्टि जीवकी बाह्य क्रिया तो एकसी है परन्तु द्रव्य परिणमनविशेष है सो विशेषके अनुसार दिखलाते हैं। सर्वथा तो प्रत्यक्ष ज्ञानगोचर है। "**अज्ञानी द्रव्यकर्मनिमित्तानां भावानाम् हेतुताम् एति**" (अज्ञानी) मिथ्यादृष्टि जीव (द्रव्यकर्म) धाराप्रवाहरूप निरन्तर बँधते हैं—पुद्गलद्रव्यकी पर्यायरूप कार्मणवर्गणा ज्ञानावरणादि कर्म पिण्डरूप बँधते हैं जीवके प्रदेशके साथ एक क्षेत्रावगाही हैं, परस्पर बन्ध्यबन्धकभाव भी है। उनके (निमित्तानां) बाह्य कारणरूप हैं (भावानाम्) मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्व, राग, द्वेषरूप अशुद्ध परिणाम। भावार्थ इस प्रकार है—जैसे कलशरूप मृत्तिका परिणमती है, जैसे कुम्भकारका परिणाम उसका बाह्य निमित्तकारण है, व्याप्य-व्यापकरूप नहीं है उसी प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डरूप पुद्गलद्रव्य स्वयं व्याप्य-व्यापकरूप है। तथापि जीवका अशुद्ध चेतनारूप मोह, राग, द्वेषादि परिणाम बाह्य निमित्तकारण है, व्याप्य-व्यापकरूप तो नहीं है। उस परिणामके (हेतुताम्) कारणरूप (एति) आप परिणमा है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जानेगा कि जीवद्रव्य तो शुद्ध है,

उपचारमात्र कर्मबन्धका कारण होता है सो ऐसा तो नहीं है। आप स्वयं मोह, राग, द्वेष अशुद्ध चेतना परिणामरूप परिणमता है, इसलिये कर्मका कारण है। मिथ्यादृष्टि जीव अशुद्धरूप जिस प्रकार परिणमता है उसी प्रकार कहते हैं— **''अज्ञानमयभावानाम् भूमिकाः प्राप्य''** (अज्ञानमय) मिथ्यात्व जाति ऐसी है (भावानाम्) कर्मके उदयकी अवस्था उनकी (भूमिकाः) जिसके पाने पर अशुद्ध परिणाम होते हैं ऐसी संगतिको (प्राप्य) प्राप्तकर मिथ्यादृष्टि जीव अशुद्ध परिणामरूप परिणमता है। भावार्थ इस प्रकार है–द्रव्यकर्म अनेक प्रकारका है, उसका उदय अनेक प्रकारका है। एक कर्म ऐसा है जिसके उदय शरीर होता है, एक कर्म ऐसा है जिसके उदय, मन, वचन, काय होता है, एक कर्म ऐसा है जिसके उदय सुख, दुःख होता है। ऐसे अनेक प्रकारके कर्मका उदय होनेपर मिथ्यादृष्टि जीव कर्मके उदयको आपरूप अनुभवता है, इससे राग, द्वेष, मोह परिणाम होते हैं, उनके द्वारा नूतन कर्मबंध होता है। इस कारण मिथ्यादृष्टि जीव अशुद्ध चेतन परिणामका कर्ता है। क्योंकि मिथ्यादृष्टि जीवके शुद्धस्वरूपका अनुभव नहीं है, इसलिये कर्मके उदय कार्यको आपरूप अनुभवता है। जिस प्रकार मिथ्यादृष्टिके कर्मका उदय है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टिके भी है, परन्तु सम्यग्दृष्टि जीवको शुद्ध स्वरूपका अनुभव है, इस कारण कर्मके उदयको कर्मजातिरूप अनुभवता है, आपको शुद्धस्वरूप अनुभवता है। इसलिये कर्मके उदयमें नहीं रंजायमान होता है, इसलिये मोह, राग, द्वेषरूप नहीं परिणमता है, इसलिये कर्मबन्ध नहीं होता है, इसलिये सम्यग्दृष्टि अशुद्ध परिणामका कर्ता नहीं है। ऐसा विशेष है॥२३-६८॥

(उपेन्द्रवज्रा)

य एव मुक्त्वा नयपक्षपातं
स्वरूपगुप्ता निवसन्ति नित्यम्।
विकल्पजालच्युतशान्तचित्ता-
स्त एव साक्षादमृतं पिबन्ति॥२४-६९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ये एव नित्यम् स्वरूपगुप्ता निवसन्ति ते एव साक्षात् अमृतं पिबन्ति''–(ये एव) जो कोई जीव (नित्यम्) निरन्तर (स्वरूप) शुद्ध चैतन्यमात्र वस्तुमें (गुप्ताः) तन्मय हुये हैं (निवसन्ति) तिष्ठते हैं (ते एव) वे ही जीव

(साक्षात् अमृतं) अतीन्द्रिय सुखका (पिबन्ति) आस्वाद करते हैं। क्या करके ? **''नयपक्षपातं मुक्त्वा''**—(नय) द्रव्य-पर्यायरूप विकल्पबुद्धि, उसके (पक्षपातं) एक पक्षरूप अंगीकार, उसको (मुक्त्वा) छोड़कर। कैसे हैं वे जीव ? **''विकल्पजालच्युतशान्तचित्ताः''** (विकल्पजाल) एक सत्त्वका अनेकरूप विचार, उससे (च्युत) रहित हुआ है, (शान्तचित्ताः) निर्विकल्प समाधान मन जिनका, ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जो एक सत्त्वरूप वस्तु है उसका द्रव्य-गुण-पर्यायरूप, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप विचार करने पर विकल्प होता है, उस विकल्पके होनेपर मन आकुल होता है, आकुलता दुःख है, इसलिये वस्तुमात्रके अनुभवने पर विकल्प मिटता है, विकल्पके मिटनेपर आकुलता मिटती है, आकुलताके मिटनेपर दुःख मिटता है, इससे अनुभवशीली जीव परम सुखी है॥२४-६५॥

(उपजाति)

एकस्य बद्धो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥२५-७०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''चिति द्वयोः इति द्वौ पक्षपातौ''**—(चिति) चैतन्यमात्र वस्तुमें (द्वयोः) द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक दो नयोंके (इति) इस प्रकार (द्वौ पक्षपातौ) दो ही पक्षपात हैं। **''एकस्य बद्धः तथा अपरस्य न''**—(एकस्य) अशुद्ध पर्यायमात्र ग्राहक ज्ञानका पक्ष करने पर (बद्धः) जीवद्रव्य बँधा है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवद्रव्य अनादिसे कर्मसंयोगके साथ एक पर्यायरूप चला आया है, विभावरूप परिणमा है। इस प्रकार एक बन्धपर्यायको अंगीकार करिये, द्रव्यस्वरूपका पक्ष न करिये तब जीव बँधा है, एक पक्ष इस प्रकार है। (तथा) दूसरा पक्ष—(अपरस्य) द्रव्यार्थिक नयका पक्ष करने पर (न) नहीं बँधा है। भावार्थ इस प्रकार है—जीव द्रव्य अनादिनिधन चेतनालक्षण है, इस प्रकार द्रव्यमात्रका पक्ष करने पर जीव द्रव्य बँधा तो नहीं है, सदा अपने स्वरूप है, क्योंकि कोई भी द्रव्य किसी अन्य द्रव्य-गुण-पर्यायरूप नहीं परिणमता है, सभी द्रव्य अपने स्वरूपरूप परिणमते हैं। **''यः तत्त्ववेदी''** जो कोई शुद्ध चेतनमात्र जीवके स्वरूपका अनुभवनशील है जीव

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

''च्युतपक्षपातः'' —वह जीव पक्षपातसे रहित है। भावार्थ इस प्रकार है—एक वस्तुकी अनेकरूप कल्पना की जाती है उसका नाम पक्षपात कहा जाता है, इसलिये वस्तुमात्रका स्वाद आने पर कल्पनाबुद्धि सहज ही मिटती है ''तस्य चित् चित् एव अस्ति'' (तस्य) शुद्धस्वरूपको अनुभवता है, उसको '(चित्) चैतन्य वस्तु (चित् एव अस्ति) चेतनामात्र वस्तु है ऐसा प्रत्यक्षपने स्वाद आता है ॥२५-७०॥[1]

(उपजाति)

एकस्य मूढो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥२६-७१॥

अर्थ :—जीव मूढ़ (मोही) है ऐसा एक नयका पक्ष है और वह मूढ़ नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है, इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपातरहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है (अर्थात् उसे चित्स्वरूप जीव जैसा है वैसा ही अनुभवमें आता है) ॥२६-७१॥

(उपजाति)

एकस्य रक्तो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥२७-७२॥

अर्थ :—जीव रागी है ऐसा एक नयका पक्ष है और वह रागी नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो

१. आगे २६ से ४४ तकके श्लोक २५वाँ श्लोकके साथ मिलते-जुलते हैं। इसलिये पं० राजमलजीने उन श्लोकोंका ''खण्डान्वय सहित अर्थ'' नहीं किया है। मूल श्लोक, उनका अर्थ और भावार्थ हिन्दी समयसारमें यहाँ दिया गया है।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।२७-७२।।

(उपजाति)

एकस्य दुष्टो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।२८-७३।।

अर्थ :—जीव द्वेषी है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव द्वेषी नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।२८-७३।।

(उपजाति)

एकस्य कर्ता न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।२९-७४।।

अर्थ :—जीव कर्ता है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव कर्ता नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।२९-७४।।

(उपजाति)

एकस्य भोक्ता न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३०-७५।।

अर्थ :—जीव भोक्ता है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव भोक्ता नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३०-७५।।

(उपजाति)

एकस्य जीवो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३१-७६।।

अर्थ :—जीव जीव है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव जीव नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपातरहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३१-७६।।

(उपजाति)

एकस्य सूक्ष्मो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३२-७७।।

अर्थ :—जीव सूक्ष्म है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव सूक्ष्म नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपातरहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३२-७७।।

(उपजाति)

एकस्य हेतुर्न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ।

यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥३३-७८॥

अर्थ :—जीव हेतु (कारण) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव हेतु (कारण) नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥३३-७८॥

(उपजाति)

एकस्य कार्यं न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥३४-७९॥

अर्थ :—जीव कार्य है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव कार्य नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥३४-७९॥

(उपजाति)

एकस्य भावो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्धाविति पक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥३५-८०॥

अर्थ :—जीव भाव है (अर्थात् भावरूप है) ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव भाव नहीं है (अर्थात् अभावरूप है) ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप

जीव चित्स्वरूप ही है।।३५-८०।।

(उपजाति)

एकस्य चैको न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३६-८१।।

अर्थ :—जीव एक है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव एक नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३६-८१।।

(उपजाति)

एकस्य सांतो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३७-८२।।

अर्थ :—जीव सान्त है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव सान्त नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३७-८२।।

(उपजाति)

एकस्य नित्यो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३८-८३।।

अर्थ :—जीव नित्य है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव नित्य नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३८-८३।।

(उपजाति)

एकस्य वाच्यो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।३९-८४।।

अर्थ :—जीव वाच्य (अर्थात् वचनसे कहा जा सके ऐसा) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव वाच्य (वचनगोचर) नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।३९-८४।।

(उपजाति)

एकस्य नाना न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव।।४०-८५।।

अर्थ :—जीव नानारूप है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव नानारूप नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है।।४०-८५।।

(उपजाति)

एकस्य चेत्यो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।

यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥४१-८६॥

अर्थ :—जीव चेत्य (जाननेयोग्य) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव चेत्य नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥४१-८६॥

(उपजाति)

एकस्य दृश्यो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥४२-८७॥

अर्थ :—जीव दृश्य (देखनेयोग्य) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव दृश्य नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥४२-८७॥

(उपजाति)

एकस्य वेद्यो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥४३-८८॥

अर्थ :—जीव वेद्य (वेदनेयोग्य—ज्ञात होनेयोग्य) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव वेद्य नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥४३-८८॥

(उपजाति)

एकस्य भातो न तथा परस्य
चिति द्वयोर्द्वावितिपक्षपातौ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात-
स्तस्यास्ति नित्यं खलु चिच्चिदेव॥४४-८९॥

अर्थ :—जीव भात (प्रकाशमान अर्थात् वर्तमान प्रत्यक्ष) है ऐसा एक नयका पक्ष है और जीव भात नहीं है ऐसा दूसरे नयका पक्ष है; इस प्रकार चित्स्वरूप जीवके सम्बन्धमें दो नयोंके दो पक्षपात हैं। जो तत्त्ववेत्ता पक्षपात रहित है उसे निरन्तर चित्स्वरूप जीव चित्स्वरूप ही है॥४४-८९॥

भावार्थ :—बद्ध-अबद्ध, मूढ़-अमूढ़, रागी-अरागी, द्वेषी-अद्वेषी, कर्त्ता-अकर्त्ता, भोक्ता-अभोक्ता, जीव-अजीव, सूक्ष्म-स्थूल, कारण-अकारण, कार्य-अकार्य, भाव-अभाव, एक-अनेक, सान्त अनन्त, नित्य-अनित्य, वाच्य-अवाच्य, नाना अनाना, चेत्य अचेत्य, दृश्य अदृश्य, वेद्य अवेद्य, भात अभात इत्यादि नयोंके पक्षपात हैं। जो पुरुष नयोंके कथनानुसार यथा योग्य विवक्षापूर्वक तत्त्वका—वस्तुस्वरूपका निर्णय करके नयोंके पक्षपातको छोड़ता है उसे चित्स्वरूप जीवका चित्स्वरूप अनुभव होता है।

जीवमें अनेक साधारण धर्म हैं, परन्तु चित्स्वभाव उसका प्रगट अनुभवगोचर असाधारण धर्म है; इसलिये उसे मुख्य करके यहाँ जीवको चित्स्वरूप कहा है॥४४-८९॥

(वसंततिलका)

स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजाला-
मेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षाम्।
अन्तर्बहिः समरसैकरसस्वभावं
स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रम्॥४५-९०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एवं सः तत्त्ववेदी एकम् स्वं भावम्

उपयाति'' (एवं) पूर्वोक्त प्रकार (सः) सम्यग्दृष्टि जीव–(तत्त्ववेदी) शुद्धस्वरूपका अनुभवशील, (एकम् स्वं भावम् उपयाति) एक शुद्धस्वरूप चिद्रूप आत्माको आस्वादता है। कैसा है आत्मा? **''अन्तःबहिः समरसैकरसस्वभावं''** (अन्तः) भीतर (बहिः) बाहर (समरस) तुल्यरूप ऐसी (एकरस) चेतनशक्ति ऐसा है (स्वभावं) सहजरूप जिसका ऐसा है। किं कृत्वा–क्या करके शुद्धस्वरूप पाता है? **''नयपक्षकक्षाम् व्यतीत्य''** (नय) द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक भेद, उनका (पक्ष) अंगीकार, उसकी (कक्षाम्) समूह है–अनन्त नयविकल्प हैं, उनको (व्यतीत्य) दूरसे ही छोड़कर। भावार्थ इस प्रकार है—अनुभव निर्विकल्प है। उस अनुभवके कालमें समस्त विकल्प छूट जाते हैं। (नयपक्षकक्षा) कैसी है? **''महतीं''** जितने बाह्य-अभ्यंतर बुद्धिसे विकल्प उतने ही नयभेद ऐसी है। और कैसी है? **''स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजालाम्''** (स्वेच्छा) बिना ही उपजाये गये (समुच्छलत्) उपजते हैं ऐसे जो (अनल्प) अति बहु (विकल्प) निर्भेद वस्तुमें भेदकल्पना, उसका (जालाम्) समूह है जिसमें ऐसी है। कैसा है आत्मस्वरूप? **''अनुभूतिमात्रम्''** अतीन्द्रिय सुखस्वरूप है॥४५-९०॥

(रथोद्धता)

इन्द्रजालमिदमेवमुच्छलत्
पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः।
यस्य विस्फुरणमेव तत्क्षणं
कृत्स्नमस्यति तदस्मि चिन्महः॥४६-९१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—**''तत् चिन्महः अस्मि''** –मैं ऐसा ज्ञानपुञ्जरूप हूँ, **''यस्य विस्फुरणम्''** जिसका प्रकाशमात्र होने पर **''इदम् कृत्स्नम् इन्द्रजालम् तत्क्षणं एव अस्यति''** (इदम्) विद्यमान अनेक नयविकल्प जो (कृत्स्नम्) अति बहुत है (इन्द्रजालम्) झूठा है पर विद्यमान है, वह (तत्क्षणं) जिस कालमें शुद्ध चिद्रूप अनुभव होता है उसी कालमें (एव) निश्चयसे (अस्यति) विनश जाता है। भावार्थ इस प्रकार है–जैसे सूर्यका प्रकाश होनेपर अन्धकार फट जाता है उसी प्रकार शुद्ध चैतन्यमात्रका अनुभव होनेपर यावत् समस्त विकल्प मिटते हैं ऐसी शुद्ध चैतन्य वस्तु है सो मेरा स्वभाव,

अन्य समस्त कर्मकी उपाधि है। कैसा है इन्द्रजाल? "**पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः उच्छलत्**" (पुष्कल) अति बहुत (उच्चल) अति स्थूल ऐसी जो (विकल्प) भेदकल्पना ऐसी जो (वीचिभिः) तरंगावली उस द्वारा (उच्छलत्) आकुलतारूप है, इसलिये हेय हे, उपादेय नहीं है॥४६-९१॥

(स्वागता)

चित्स्वभावभरभावितभावा-
भावभावपरमार्थतयैकम्।
बन्धपद्धतिमपास्य समस्तां
चेतये समयसारमपारम्॥४७-९२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**समयसारम् चेतये**" शुद्ध चैतन्यका अनुभव करना कार्यसिद्धि है। कैसा है? "**अपारम्**" अनादि-अनंत है। और कैसा है? "**एकम्**" शुद्धस्वरूप है। कैसा करके शुद्धस्वरूप है? "**चित्स्वभावभरभावितभावाभावभावपरमार्थतया एकम्**" (चित्स्वभाव) ज्ञानगुण, उसका (भर) अर्थग्रहण व्यापार उसके द्वारा (भावित) होते हैं (भाव) उत्पाद (अभाव) विनाश (भाव) ध्रौव्य ऐसे तीन भेद उनके द्वारा (परमार्थतया एकम्) साधा है एक अस्तित्व जिसका। किं कृत्वा—क्या करके? "**समस्तां बन्धपद्धतिम् अपास्य**" (समस्तां) जितनी असंख्यात लोकमात्र भेदरूप है ऐसी जो (बन्धपद्धतिम्) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धरचना, उसका (अपास्य) ममत्व छोड़कर। भावार्थ इस प्रकार है—शुद्धस्वरूपका अनुभव होनेपर जिस प्रकार नय-विकल्प मिटते हैं उसी प्रकार समस्त कर्मके उदयसे होनेवाले जितने भाव हैं वे भी अवश्य मिटते हैं ऐसा स्वभाव है॥४७-९२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

आक्रामन्नविकल्पभावमचलं पक्षैर्नयानां विना
सारो यः समयस्य भाति निभृतैरास्वाद्यमानः स्वयम्।
विज्ञानैकरसः स एष भगवान्पुण्यः पुराणः पुमान्
ज्ञानं दर्शनमप्ययं किमथवा यत्किञ्चनैकोऽप्ययम्॥४८-९३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यः समयस्य सारः भाति" (यः) जो (समयस्य सारः) शुद्धस्वरूप आत्मा (भाति) अपने शुद्ध स्वरूपरूप परिणमता है। जैसा परिणमता है वैसा कहते हैं—"नयानां पक्षैः विना अचलं अविकल्पभावम् आक्रामन्" (नयानां) द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक ऐसे जो अनेक विकल्प उनके (पक्षैः विना) पक्षपात बिना किये (अचलं) त्रिकाल ही एकरूप है ऐसी (अविकल्पभावम्) निर्विकल्प शुद्ध चैतन्य वस्तु, उस रूप (आक्रामन्) जिस प्रकार शुद्धस्वरूप है उस प्रकार परिणमता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—जितना नय है उतना श्रुतज्ञानरूप है, श्रुतज्ञान परोक्ष है, अनुभव प्रत्यक्ष है, इसलिये श्रुतज्ञान बिना जो ज्ञान है वह प्रत्यक्ष अनुभवता है। इस कारण प्रत्यक्षरूपसे अनुभवता हुआ जो कोई शुद्धस्वरूप आत्मा "सः विज्ञानैकरसः" वही ज्ञानपुञ्ज वस्तु है ऐसा कहा जाता है। "सः भगवान्" वही परब्रह्म परमेश्वर ऐसा कहा जाता है। "एषः पुण्यः" वही पवित्र पदार्थ ऐसा भी कहा जाता है। "एषः पुराणः" वही अनादिनिधन वस्तु ऐसा भी कहा जाता है। "एषः पुमान्" वही अनन्त गुण विराजमान पुरुष ऐसा भी कहा जाता है। "अयं ज्ञानं दर्शनम् अपि" वही सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान ऐसा भी कहा जाता है। "अथवा किम्" अथवा बहुत क्या कहें "अथम् एकः यत् किञ्चन अपि" (अयम् एकः) यह जो है शुद्ध चैतन्य वस्तुकी प्राप्ति (यत् किञ्चन अपि) उसे जो कुछ कहा जाय वही है जैसी भी कही जाय वैसी ही है। भावार्थ इस प्रकार है—शुद्ध चैतन्यमात्र वस्तुप्रकाश निर्विकल्प एकरूप है, उसके नामकी महिमा की जाय सो अनन्त नाम कहे जायँ तो उतने ही घटित हो जाँय, वस्तु तो एकरूप है। कैसा है वह शुद्ध स्वरूप आत्मा ? "निभृतैः स्वयं आस्वाद्यमानः" निश्चल ज्ञानी पुरुषोंके द्वारा आप स्वयं अनुभवशील है।।४८-९३।।

(शार्दूलविक्रीडित)

दूरं भूरिविकल्पजालगहने भ्राम्यन्निजौघाच्च्युतो
दूरादेव विवेकनिम्नगमनान्नीतो निजौघं बलात्।
विज्ञानैकरसस्तदेकरसिनामात्मानमात्माहरन्
आत्मन्येव सदा गतानुगततामायात्ययं तोयवत्।।४९-९४।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अयं आत्मा गतानुगततां आयाति

तोयवत्'' (अयं) द्रव्यरूप विद्यमान है ऐसा (आत्मा) चेतन पदार्थ (गतानुगतताम्) स्वरूपसे नष्ट हुआ था सो फिर उस स्वरूपको प्राप्त हुआ, ऐसे भावको (आयाति) प्राप्त होता है। दृष्टांत (तोयवत्) पानीके समान। क्या करके? ''**आत्मानम् आत्मनि सदा आहरन्**'' आपको आपमें निरंतर अनुभवता हुआ। कैसा है आत्मा? ''**तदेकरसिनाम् विज्ञानैकरसः**'' (तदेकरसिनाम्) अनुभवरसिक हैं जो पुरुष उनको (विज्ञानैकरसः) ज्ञानगुण आस्वादरूप है। कैसे हुआ है? ''**निजौघात् च्युतः**'' (निजौघात्) जिस प्रकार पानीका शीत, स्वच्छ, द्रवत्व स्वभाव है, उस स्वभावसे कभी च्युत होता है, अपने स्वभावको छोड़ता है उसी प्रकार जीव द्रव्यका स्वभाव केवलज्ञान, केवलदर्शन, अतीन्द्रिय सुख इत्यादि अनन्त गुणस्वरूप है, उससे (च्युतः) अनादिकालसे लेकर भ्रष्ट हुआ है, विभावरूप परिणमा है। भ्रष्टपना जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं—''**दूरं भूरिविकल्पजालगहने भ्राम्यन्**'' (दूरं) अनादि कालसे लेकर (भूरि) अति बहुत हैं (विकल्प) कर्मजनित जितने भाव, उनमें आत्मरूप संस्कारबुद्धि, उसका (जाल) समूह, वही है (गहने) अटवीवन, उसमें (भ्राम्यन्) भ्रमता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार पानी अपने स्वादसे भ्रष्ट हुआ नाना वृक्षरूप परिणमता है उसी प्रकार जीव द्रव्य अपने शुद्ध स्वरूपसे भृष्ट हुआ नाना प्रकार चतुर्गति पर्यायरूप अपनेको आस्वादता है। हुआ तो कैसा हुआ? ''**बलात् निजौघं नीतः**'' (बलात्) बलजोरीसे (निजौघं) अपने शुद्धस्वरूपलक्षण निष्कर्म अवस्था (नीतः) उसरूप परिणमा है। ऐसा जिस कारणसे हुआ वही कहते हैं— ''**दूरात् एव**'' अनन्त काल फिरते हुये प्राप्त हुआ ऐसा जो ''**विवेकनिम्नगमनात्**'' (विवेक) शुद्धस्वरूपका अनुभव, ऐसा जो (निम्नगमनात्) नीचा मार्ग, उस कारणसे जीव द्रव्यका जैसा स्वरूप था वैसा प्रगट हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार पानी अपने स्वरूपसे भ्रष्ट होता है, काल निमित्त पाकर पुनः जलरूप होता है, नीचे मार्गसे ढलकता हुआ पुंजरूप भी होता है उसी प्रकार जीवद्रव्य अनादिसे स्वरूपसे भ्रष्ट है। शुद्धस्वरूपलक्षण सम्यक्त्व गुणके प्रगट होने पर मुक्त होता है, ऐसा द्रव्यका परिणाम है ॥४९-९४॥

(अनुष्टुप)

विकल्पकः परं कर्ता विकल्पः कर्म केवलम्।
न जातु कर्तृकर्मत्वं सविकल्पस्य नश्यति॥५०-९५॥

खण्डान्वय सहित अर्थः—''सविकल्पस्य कर्तृ-कर्मत्वं जातु न नश्यति'' (सविकल्पस्य) कर्मजनित हैं जो अशुद्ध रागादि भाव, उनको आपरूप जानता है ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवके (कर्तृ-कर्मत्वं) कर्तापना कर्मपना (जातु) सर्व काल (न नश्यति) नहीं मिटता है। जिस कारणसे ''परं विकल्पकः कर्ता केवलम् विकल्पः कर्म''(परं) एतावन्मात्र (विकल्पकः) विभाव मिथ्यात्व परिणामरूप परिणमा है जो जीव वह (कर्ता) जिस भावरूप परिणमा है उसका कर्ता अवश्य होता है। (केवलम्) एतावन्मात्र (विकल्पः) मिथ्यात्व रागादिरूप अशुद्ध चेतनपरिणामको (कर्म) जीवकी करतूति जानना। भावार्थ इस प्रकार है– कोई ऐसा मानेगा कि जीव द्रव्य सदा ही अकर्ता है उसके प्रति ऐसा समाधान कि जितने काल तक जीवका सम्यक्त्व गुण प्रकट नहीं होता उतने काल तक जीव मिथ्यादृष्टि है। मिथ्यादृष्टि हो तो अशुद्ध परिणामका कर्ता होता है सो जब सम्यक्त्व गुण प्रगट होता है तब अशुद्ध परिणाम मिटता है, तब अशुद्ध परिणामका कर्ता नहीं होता ॥५०-९५॥

(स्थोद्धता)

यः करोति स करोति केवलं
यस्तु वेत्ति स तु वेत्ति केवलम्।
यः करोति न हि वेत्ति स क्वचित्
यस्तु वेत्ति न करोति स क्वचित् ॥५१-९६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :— इस समय सम्यग्दृष्टि जीवका व मिथ्यादृष्टि जीवका परिणाम भेद बहुत है वही कहते हैं– ''यः करोति सः केवलं करोति'' (यः) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव (करोति) मिथ्यात्व रागादि परिणामरूप परिणमता है (सः केवलं करोति) वह वैसे ही परिणामका कर्ता होता है। ''तु यः वेत्ति'' जो कोई सम्यग्दृष्टि जीव शुद्धस्वरूपके अनुभवरूप परिणमता है ''सः केवलम् वेत्ति'' वह जीव उस ज्ञानपरिणामरूप है, इसलिये केवल ज्ञाता है, कर्ता नहीं है। ''यः करोति सः क्वचित् न वेत्ति'' जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व रागादिरूप परिणमता है वह शुद्धस्वरूपका अनुभवशील एक ही काल तो नहीं होता। ''यः तु वेत्ति सः क्वचित् न करोति'' जो कोई सम्यग्दृष्टि जीव शुद्ध स्वरूपको अनुभवता है वह जीव मिथ्यात्व रागादि भावका परिणमनशील नहीं होता। भावार्थ

इस प्रकार है कि सम्यक्त्व मिथ्यात्वके परिणाम परस्पर विरुद्ध हैं। जिस प्रकार सूर्यके प्रकाश होते हुये अन्धकार नहीं होता, अन्धकार होते हुये प्रकाश नहीं होता उसी प्रकार सम्यक्त्वके परिणाम होते हुये मिथ्यात्व परिणमन नहीं होता। इस कारण एक कालमें एक परिणामरूप जीव द्रव्य परिणमता है, अतः उस परिणामका कर्ता होता है, इसलिये मिथ्यादृष्टि जीव कर्मका कर्ता, सम्यग्दृष्टि जीव कर्मका अकर्ता ऐसा सिद्धांत सिद्ध हुआ ॥५१-९६॥

(इन्द्रवज्रा)

ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासतेऽन्तः
ज्ञप्तौ करोतिश्च न भासतेऽन्तः।
ज्ञप्तिः करोतिश्च ततो विभिन्ने
ज्ञाता न कर्तेति ततः स्थितं च॥५२-९७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अन्तः" सूक्ष्म द्रव्यस्वरूप दृष्टिसे "ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासते" (ज्ञप्तिः) ज्ञानगुण (करोतौ) मिथ्यात्व रागादिरूप चिक्कणता इनमें (न हि भासते) एकत्वपना नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है—संसार अवस्था (रूप) मिथ्यादृष्टि जीवके ज्ञानगुण भी है और रागादि चिक्कणता भी है, कर्मबन्ध होता है सो रागादि सचिक्कणतासे होता है। ज्ञानगुणके परिणमनसे नहीं होता ऐसा वस्तुका स्वरूप है। तथा "ज्ञप्तौ करोतिः अन्तः न भासते" (ज्ञप्तौ) ज्ञानगुणमें (करोतिः) अशुद्धरागादि परिणमनका (अन्तः न भासते) अन्तरंगमें एकत्वपना नहीं है। "ततः ज्ञप्तिः करोतिश्च विभिन्ने" (ततः) उस कारणसे (ज्ञप्तिः) ज्ञानगुण (करोतिः) अशुद्धपना (विभिन्ने) भिन्न-भिन्न हैं, एकरूप तो नहीं हैं। भावार्थ इस प्रकार है—ज्ञानगुण अशुद्धपना देखने पर तो मिलेके समान दिखता है, परन्तु स्वरूपसे भिन्न-भिन्न है। विवरण—ज्ञानपना मात्र ज्ञानगुण है, उसमें गर्भित यही दिखता है। सचिक्कणपना सो रागादि है, उसमें अशुद्धपना कहा जाता है। "ततः स्थितं ज्ञाता न कर्त्ता" (ततः) इस कारणसे (स्थितं) ऐसा सिद्धान्त निष्पन्न हुआ—(ज्ञाता) सम्यग्दृष्टि पुरुष (न कर्ता) रागादि अशुद्ध परिणामका कर्ता नहीं होता। भावार्थ इस प्रकार है—द्रव्यके स्वभावसे ज्ञानगुण कर्ता नहीं है, अशुद्धपना कर्ता है। सो सम्यग्दृष्टिके अशुद्धपना नहीं है, इसलिये सम्यग्दृष्टि कर्ता नहीं है॥५२-९७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कर्ता कर्मणि नास्ति नास्ति नियतं कर्मापि तत्कर्तरि
द्वन्द्वं विप्रतिषिध्यते यदि तदा का कर्तृकर्मस्थितिः।
ज्ञाता ज्ञातरि कर्म कर्मणि सदा व्यक्तेति वस्तुस्थिति-
र्नेपथ्ये बत नानटीति रभसा मोहस्तथाप्येष किम् ॥५३-९८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**कर्ता कर्मणि नियतं नास्ति**" (कर्ता) मिथ्यात्व रागादि अशुद्ध परिणाम परिणत जीव (कर्मणि) ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्डमें (नियतं) निश्चयसे (नास्ति) नहीं है अर्थात् इन दोनोंमें एक द्रव्यपना नहीं है। "**तत् कर्म अपि कर्तरि नास्ति**" (तत् कर्म अपि) वह भी ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्ड (कर्तरि) अशुद्ध भाव परिणत मिथ्यादृष्टि जीवमें (नास्ति) नहीं है अर्थात् इन दोनोंमें एक द्रव्यपना नहीं है। "**यदि द्वन्द्वं विप्रतिषिध्यते तदा कर्तृ कर्मस्थितिः का**" (यदि) जो (द्वन्द्वं) जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्यके एकत्वपनेका (विप्रतिषिध्यते) निषेध किया (तदा) तो (कर्तृकर्मस्थितिः का) जीवकर्ता ज्ञानावरणादि कर्म ऐसी व्यवस्था कैसे घटती है, अपितु नहीं घटती है। "**ज्ञाता ज्ञातरि**" जीवद्रव्य अपने द्रव्यत्वसे एकत्वको लिये हुये है। "**सदा**" सर्व ही काल ऐसा वस्तुका स्वरूप है। "**कर्म कर्मणि**" ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्ड अपने पुद्गलपिण्डरूप है। "**इति वस्तुस्थितिः व्यक्ता**" (इति) इसरूप (वस्तुस्थितिः) द्रव्यका स्वरूप (व्यक्ता) अनादिनिधनपने प्रगट है। "**तथापि एषः मोहः नेपथ्ये वत कथं रभसा नानटीति**" (तथापि) स्वरूप तो वस्तुका ऐसा है, जैसा कहा वैसा, फिर भी (एषः मोहः) यह है जो जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्यकी एकत्वरूप बुद्धि, वह (नेपथ्ये) मिथ्यामार्गमें (वत) इस बातका अचंभा है कि (रभसा) निरन्तर (कथं नानटीति) क्यों प्रवर्तती है। इस प्रकार बातका विचार क्यों है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवद्रव्य पुद्गलद्रव्य भिन्न भिन्न है, मिथ्यात्वरूप परिणमा हुआ जीव एकरूप जानता है इसका घना अचंभा है॥५३-९८॥

आगे मिथ्यादृष्टि एकरूप जानो तथापि जीव-पुद्गल भिन्न भिन्न हैं ऐसा कहते हैं—

(मन्दाक्रान्ता)

कर्ता कर्ता भवति न यथा कर्म कर्मापि नैव
ज्ञानं ज्ञानं भवति च यथा पुद्गलः पुद्गलोऽपि।
ज्ञानज्योतिर्ज्वलितमचलं व्यक्तमन्तस्तथोच्चै-
श्चिच्छक्तीनां निकरभरतोऽत्यन्तगम्भीरमेतत् ॥५४-९९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''एतत् ज्ञानज्योतिः तथा ज्वलितम्'' (एतत् ज्ञानज्योतिः) विद्यमान शुद्ध चैतन्यप्रकाश (तथा ज्वलितम्) जैसा था वैसा प्रगट हुआ। कैसा है? ''अचलं'' स्वरूपसे चलायमान नहीं होता। और कैसा है? ''अन्तः व्यक्तम्'' असंख्यात प्रदेशोंमें प्रगट है। और कैसा है? ''उच्चैः अत्यन्तगम्भीरम्'' अनन्तसे अनन्त शक्ति विराजमान है। किस कारण गम्भीर है? ''चिच्छक्तीनां निकरभरतः'' (चित्-शक्तीनां) ज्ञानगुणके जितने निरंश भेद-भाग उनके (निकरभरतः) अन्तानन्त समूह होते हैं, उनसे अत्यन्त गम्भीर है। आगे ज्ञानगुणका प्रकाश होने पर कैसे फलसिद्धि है वही कहते हैं—''यथा कर्ता कर्ता न भवति'' (यथा) ज्ञानगुण ऐसा प्रगट हुआ। जैसे (कर्ता) अज्ञानपनाको लिये हुये जीव मिथ्यात्व परिणामका कर्ता होता था सो तो (कर्ता न भवति) ज्ञान प्रकाश होने पर अज्ञान भावका कर्ता नहीं होता। ''कर्म अपि कर्म एव न'' (कर्म अपि) मिथ्यात्व रागादि विभाव कर्म भी (कर्म एव न भवति) रागादिरूप नहीं होता। ''यथा च'' जैसे कि ''ज्ञानं ज्ञानं भवति'' जो शक्ति विभाव परिणमनरूप परिणमी थी वही फिर अपने स्वभावरूप हुई। ''यथा'' जिस प्रकार ''पुद्गलः अपि पुद्गलः'' (पुद्गलः अपि) ज्ञानावरणादि कर्मरूप परिणमा था जो पुद्गल द्रव्य वही (पुद्गलः) कर्मपर्यायको छोड़कर पुद्गल द्रव्य हुआ ॥५४-९९॥

–४–

पुण्य-पाप अधिकार

(द्रुतविलम्बित)

तदथ कर्म शुभाशुभभेदतो
द्वितयतां गतमैक्यमुपानयन्।
ग्लपितनिर्भरमोहरजा अयं
स्वयमुदेत्यवबोधसुधाप्लवः ॥१-१००॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अयं अवबोधः सुधाप्लवः स्वयम् उदेति'' (अयं) विद्यमान (अवबोध) शुद्ध ज्ञानप्रकाश, वही है (सुधाप्लवः) चन्द्रमा (स्वयम् उदेति) जैसा है वैसा अपने तेजपुञ्जके द्वारा प्रगट होता है। कैसा है? ''ग्लपितनिर्भरमोहरजा'' (ग्लपित) दूर किया है (निर्भर) अतिशय सघन (मोहरजा) मिथ्यात्व अन्धकार जिसने, ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है–चन्द्रमाका उदय होने पर अन्धकार मिटता है, शुद्ध ज्ञान प्रकाश होने पर मिथ्यात्व परिणमन मिटता है। क्या करता हुआ ज्ञान चन्द्रमा उदय करता है–''अथ तत् कर्म ऐक्यं उपानयन्'' (अथ) यहाँसे लेकर (तत् कर्म) रागादि अशुद्ध चेतना परिणामरूप अथवा ज्ञानावरणादि पुद्गल पिण्डरूप, इनका (ऐक्यम् उपानयन्) एकत्वपना साधता हुआ। कैसा है कर्म? ''द्वितयतां गतम्'' दोपना करता है। कैसा दोपना? ''शुभाशुभभेदतः'' (शुभ) भला (अशुभ) बुरा ऐसा (भेदतः) भेद करता है। भावार्थ इस प्रकार है कि–किसी मिथ्यादृष्टि जीवका अभिप्राय ऐसा है जो दया, व्रत, तप, शील, संयम आदिसे देहरूप लेकर जितनी है शुभ क्रिया और शुभ क्रियाके अनुसार है उसरूप जो शुभोपयोग परिणाम तथा उन परिणामोंको निमित्त कर बाँधता है जो साता कर्म आदिसे लेकर पुण्यरूप पुद्गलपिण्ड, वे भले हैं, जीवको सुखकारी हैं। हिंसा विषय कषायरूप जितनी

है क्रिया, उस क्रियाके अनुसार अशुभोपयोगरूप संक्लेश परिणाम, उस परिणामके निमित्त कर होता है जो असाता कर्म आदिसे लेकर पाप बन्धरूप पुद्गलपिण्ड, वे बुरे हैं, जीवको दुःखकर्ता हैं। ऐसा कोई जीव मानता है। उसके प्रति समाधान ऐसा कि जैसे अशुभ कर्म जीवको दुःख करता है उसी प्रकार शुभ कर्म भी जीवको दुःख करता है। कर्ममें तो भला कोई नहीं है। अपने मोहको लिये हुये मिथ्यादृष्टि जीव कर्मको भला करके मानता है। ऐसी भेद प्रतीति शुद्ध स्वरूपका अनुभव हुआ तबसे पाई जाती है॥१-१००॥

ऐसा जो कहा कि कर्म एकरूप है उसके प्रति दृष्टान्त कहते हैं—

(मन्दाक्रान्ता)

एको दूरात्त्यजति मदिरां ब्राह्मणत्वाभिमाना-
दन्यः शुद्रः स्वयमहमिति स्नाति नित्यं तयैव।
द्वावप्येतौ युगपदुदरान्निर्गतौ शूद्रिकायाः
शूद्रौ साक्षादपि च चरतो जातिभेदभ्रमेण॥२-१०१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"द्वौ अपि एतौ साक्षात् शूद्रौ" (द्वौ अपि) विद्यमान दोनों (एतौ) ऐसे हैं–' (साक्षात्) निःसन्देहपने (शूद्रौ) दोनों चण्डाल हैं। कैसा होनेसे ? "शूद्रिकायाः उदरात् युगपत् निर्गतौ" –जिस कारणसे (शूद्रिकायाः उदरात्) चाण्डालीके पेटसे (युगपत् निर्गतौ) एक ही बार जन्मे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—किसी चाण्डालीने युगल दो पुत्रोंको एक ही बार जन्मा। कर्मके योगसे एक पुत्र ब्राह्मणका प्रतिपाल हुआ सो तो ब्राह्मणकी क्रिया करने लगा। दूसरा पुत्र चाण्डालीका प्रतिपाल हुआ सो तो चाण्डालकी क्रिया करने लगा। अब जो दोनोंके वंशकी उत्पत्ति विचारिये तो दोनों चाण्डाल हैं। उसी प्रकार कोई जीव दया, व्रत, शील, संयममें मग्न हैं, उनके शुभ कर्मबन्ध भी होता है। कोई जीव हिंसा, विषय कषायमें मग्न हैं, उनके पापबन्ध भी होता है। तो दोनों अपनी अपनी क्रियामें मग्न हैं। मिथ्या दृष्टिसे ऐसा मानते हैं कि शुभ कर्म भला, अशुभ कर्म बुरा। सो ऐसे दोनों जीव मिथ्यादृष्टि हैं, दोनों जीव कर्मबन्ध करणशील हैं। कैसे हैं वे ? "अथ च जातिभेदभ्रमेण चरतः" (अथ च) दोनों चाण्डाल हैं तो भी (जातिभेद) ब्राह्मण शूद्र ऐसा वर्णभेद उस रूप है (भ्रमेण) परमार्थ शून्य अभिमानमात्र, उस रूपसे (चरतः) प्रवर्तते हैं।

कैसा है जातिभेदभ्रम ? **''एकः मदिरां दूरात् त्यजति''** (एकः) चाण्डालीके पेटसे उपजा है पर प्रतिपाल ब्राह्मणके घर हुआ है ऐसा जो है वह (मदिरां) सुरापानको (दूरात् त्यजति) अत्यन्त त्याग करता है, छूता भी नहीं है, नाम भी नहीं लेता है ऐसा विरक्त है। किस कारणसे ? **''ब्राह्मणत्वाभिमानात्''** (ब्राह्मणत्व) अहं ब्राह्मणः ऐसा संस्कार, उसका (अभिमानात्) पक्षपातसे। भावार्थ इस प्रकार है—शूद्रीके पेटसे उपजा हूँ ऐसे मर्मको नहीं जानता है। मैं ब्राह्मण, मेरे कुलमें मदिरा निषिद्ध है ऐसा जानकर मदिराको छोड़ा है, सो भी विचार करने पर चाण्डाल है। उसी प्रकार कोई जीव शुभोपयोगी होता हुआ यतिक्रियामें मग्न होता हुआ शुद्धोपयोगको नहीं जानता, केवल यतिक्रियामात्र मग्न है। वह जीव ऐसा मानता है कि मैं मुनीश्वर, हमको विषय-कषाय सामग्री निषिद्ध है। ऐसा जानकर विषय-कषाय सामग्रीको छोड़ता है, आपको धन्यपना मानता है, मोक्षमार्ग मानता है। सो विचार करने पर ऐसा जीव मिथ्यादृष्टि है। कर्मबन्धको करता है, कांई भलापन तो नहीं है। **''अन्यः तया एव नित्यं स्राति''** (अन्यः) शूद्रीके पेटसे उपजा है, शूद्रका प्रतिपाल हुआ है, ऐसा जीव (तया) मदिरासे (एव) अवश्य ही (नित्यं स्राति) नित्य अति मग्न हो पीता है। क्या जानकर पीता है ? **''स्वयं शूद्रः इति''** मैं शूद्र, हमारे कुल मदिरा योग्य है, ऐसा जानकर। ऐसा जीव विचार करने पर चाण्डाल है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई मिथ्यादृष्टि जीव अशुभोपयोगी है, गृहस्थ क्रियामें रत है—हम गृहस्थ, मेरे विषय-कषाय क्रिया योग्य है ऐसा जानकर विषय-कषाय सेवता है। सो भी जीव मिथ्यादृष्टि है, कर्मबन्ध करता है, क्योंकि कर्म जनित पर्यायमात्रको आपरूप जानता है, जीवके शुद्ध स्वरूपका अनुभव नहीं है ॥२-१०१॥

(उपजाति)

हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां
सदाप्यभेदान्न हि कर्मभेदः।
तद्बन्धमार्गाश्रितमेकमिष्टं
स्वयं समस्तं खलु बन्धहेतुः ॥३-१०२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई मतान्तररूप होकर आशंका करता है—ऐसा कहता है कि कर्मभेद हैं—कोई कर्म शुभ है, कोई कर्म अशुभ है। किस कारणसे ?

हेतुभेद है, स्वभावभेद है, अनुभवभेद है, आश्रय भिन्न है। इन चार भेदोंके कारण कर्मभेद है। वहाँ हेतु अर्थात् कारणभेद है। विवरण–संक्लेश परिणामसे अशुभ कर्म बँधता है, विशुद्ध परिणामसे शुभबन्ध होता है। स्वभाव भेद अर्थात् प्रकृतिभेद है। विवरण–अशुभ कर्मसम्बन्धी प्रकृति भिन्न है—पुद्गल कर्मवर्गणा भिन्न है, शुभ कर्मसम्बन्धी प्रकृति भिन्न है—पुद्गल कर्म वर्गणा भी भिन्न है। अनुभव अर्थात् कर्मका रस, सो भी रसभेद है। विवरण—अशुभ कर्मके उदयमें जीव नारकी होता है अथवा तिर्यञ्च होता है अथवा हीन मनुष्य होता है। वहाँ अनिष्ट विषय संयोगरूप दुःखको पाता है, अशुभ कर्मका स्वाद ऐसा है। शुभ कर्मके उदयमें जीव देव होता है अथवा उत्तम मनुष्य होता है। वहाँ इष्ट विषय संयोगरूप सुखको पाता है, शुभ कर्मका स्वाद ऐसा है। इसलिये स्वादभेद भी है। आश्रय अर्थात् फलकी निष्पत्ति ऐसा भी भेद है। विवरण—अशुभ कर्मके उदयमें हीन पर्याय होती है, वहाँ अधिक संक्लेश होता है, उससे संसारकी परिपाटी होती है। शुभ कर्मके उदयमें उत्तम पर्याय होती है। वहाँ धर्मकी सामग्री मिलती है, उस धर्मकी सामग्रीसे जीव मोक्ष जाता है, इसलिये मोक्षकी परिपाटी शुभ कर्म है। ऐसा कोई मिथ्यावादी मानता है। उसके प्रति उत्तर ऐसा जो **''कर्मभेदः न हि''** कोई कर्म शुभरूप, कोई कर्म अशुभरूप ऐसा भेद तो नहीं है। किस कारणसे? **''हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां सदा अपि अभेदात्''** (हेतु) कर्मबन्धके कारण विशुद्ध परिणाम संक्लेश परिणाम ऐसे दोनों परिणाम अशुद्धरूप हैं, अज्ञानरूप हैं। इससे कारणभेद भी नहीं है, कारण एक ही है। (स्वभाव) शुभकर्म, अशुभकर्म ऐसे दोनों कर्म पुद्गल पिण्डरूप हैं। इस कारण एक ही स्वभाव है, स्वभाव भेद तो नहीं। (अनुभव) रस भी तो एक ही है, रसभेद तो नहीं। विवरण—शुभ कर्मके उदयसे जीव बँधा है, सुखी है। अशुभ कर्मके उदयसे जीव बँधा है, दुःखी है। विशेष तो कुछ नहीं। (आश्रय) फलकी निष्पत्ति, वह भी एक ही है, विशेष तो कुछ नहीं। विवरण—शुभ कर्मके उदय संसार, त्यों ही अशुभ कर्मके उदय संसार। विशेष तो कुछ नहीं। इससे ऐसा अर्थ निश्चित हुआ कि कोई कर्म भला, कोई कर्म बुरा ऐसा तो नहीं, सब ही कर्म दुःखरूप है। **''तत् एकम् बन्धमार्गाश्रितम् इष्टं''** (तत्) कर्म (एकम्) निःसन्देह (बन्धमार्गाश्रितम्) बन्धको करता है, (इष्टं) गणधरदेवने ऐसा माना है। किस कारणसे? जिस कारण **''खलु समस्तं स्वयं बन्धहेतुः''** (खलु) निश्चयसे (समस्तं) सर्व कर्मजाति (स्वयं बन्धहेतुः) आप भी बन्धरूप है। भावार्थ इस प्रकार है—आप मुक्तस्वरूप होवे तो कदाचित् मुक्तिको करे। कर्मजाति आप स्वयं बन्ध पर्यायरूप पुद्गलपिण्ड बँधी है सो मुक्ति कैसे करेगी। इससे कर्म सर्वथा बन्धमार्ग है।।३-१०२।।

(स्वागता)

कर्म सर्वमपि सर्वविदो यद्
बन्धसाधनमुशन्त्यविशेषात्।
तेन सर्वमपि तत्प्रतिषिद्धं
ज्ञानमेव विहितं शिवहेतुः ॥४-१०३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यत् सर्वविदः सर्वम् अपि कर्म अविशेषात् बन्धसाधनम् उशन्ति" (यत्) जिस कारण (सर्वविदः) सर्वज्ञ वीतराग (सर्वम् अपि कर्म) जितनी शुभरूप व्रत संयम तप शील उपवास इत्यादि क्रिया अथवा विषय-कषाय असंयम इत्यादि क्रिया उसको (अविशेषात्) एकसी दृष्टिकर (बन्धसाधनम् उशन्ति) बन्धका कारण कहते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जैसे जीवको अशुभ क्रिया करते हुये बन्ध होता है वैसे ही शुभ क्रिया करते हुये जीवको बन्ध होता है, बन्धनमें तो विशेष कुछ नहीं। "तेन तत् सर्वम् अपि प्रतिषिद्धं" (तेन) इस कारण (तत्) कर्म (सर्वम् अपि) शुभरूप अथवा अशुभरूप (प्रतिषिद्धं) कोई मिथ्यादृष्टि जीव शुभ क्रियाको मोक्षमार्ग जानकर पक्ष करता है सो निषेध किया, ऐसा भाव स्थापित किया कि मोक्षमार्ग कोई कर्म नहीं। "एव ज्ञानम् शिवहेतुः विहितं" (एव ज्ञानम्) निश्चयसे शुद्धस्वरूप अनुभव (शिवहेतुः) मोक्षमार्ग है, (विहितं) अनादि परम्परा ऐसा उपदेश है ॥४-१०३॥

(शिखरिणी)

निषिद्धे सर्वस्मिन् सुकृतदुरिते कर्मणि किल
प्रवृत्ते नैष्कर्म्ये न खलु मुनयः सन्त्यशरणाः।
तदा ज्ञाने ज्ञानं प्रतिचरितमेषां हि शरणं
स्वयं विन्दन्त्येते परममृतं तत्र निरताः ॥५-१०४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई प्रश्न करता है कि शुभ क्रिया तथा अशुभ क्रिया सर्व निषिद्ध की, मुनीश्वर किसे अवलम्बते हैं? उसका ऐसा समाधान किया

जाता है—''**सर्वस्मिन् सुकृत-दुरिते कर्मणि निषिद्धे**'' (सर्वस्मिन्) आमूल चूल (सुकृत) व्रत, संयम तपरूप क्रिया अथवा शुभोपयोगरूप परिणाम (दुरिते) विषय-कषायरूप क्रिया अथवा अशुभोपयोगरूप संक्लेश परिणाम, ऐसी (कर्मणि) करतूतिरूप (निषिद्धे) मोक्षमार्ग नहीं ऐसा मानते हुये ''**किल नैष्कर्म्ये प्रवृत्ते**'' (किल) निश्चयसे (नैष्कर्म्ये) सूक्ष्म स्थूलरूप अन्तर्जल्प बहिर्जल्परूप समस्त विकल्पोंसे रहित निर्विकल्प शुद्ध चैतन्यमात्र प्रकाशरूप वस्तु मोक्षमार्ग ऐसा (प्रवृत्ते) एकरूप ऐसा ही निश्चयसे ठहराते हुये ''**खलु मुनयः अशरणाः न सन्ति**'' (खलु) निश्चयसे (मुनयः) संसार शरीर भोगसे विरक्त होकर धरा है यतिपना जिन्होंने, वे (अशरणाः न सन्ति) आलम्बनके बिना शून्य मन ऐसे तो नहीं हैं। तो कैसा है? ''**तदा हि एषां ज्ञानं स्वयं शरणं**'' (तदा) जिस कालमें ऐसी प्रतीति आती है कि अशुभ क्रिया मोक्षमार्ग नहीं, शुभ क्रिया भी मोक्षमार्ग नहीं, उस कालमें (हि) निश्चयसे (एषां) मुनीश्वरोंको (ज्ञानं स्वयं शरणं) शुद्ध स्वरूपका अनुभव सहज ही आलम्बन है। कैसा है ज्ञान? ''**ज्ञाने प्रतिचरितम्**'' जो बाह्यरूप परिणमा था वही अपने शुद्धस्वरूप परिणमा है। शुद्ध स्वरूपका अनुभव होने पर कुछ विशेष भी है, कहते हैं—''**एते तत्र निरताः परमम् अमृतं विन्दन्ति**'' (एते) विद्यमान जो सम्यग्दृष्टि मुनीश्वर (तत्र) शुद्ध स्वरूपके अनुभवमें (निरताः) मग्न हैं वे (परमम् अमृतं) सर्वोत्कृष्ट अतीन्द्रिय सुखको (विन्दन्ति) आस्वादते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—शुभ अशुभ क्रियामें मग्न होता हुआ जीव विकल्पी है, इससे दुःखी है। क्रियासंस्कार छूटकर शुद्धस्वरूपका अनुभव होते ही जीव निर्विकल्प है, इससे सुखी है॥५-१०४॥

(शिखरिणी)

यदेतद् ज्ञानात्मा ध्रुवमचलमाभाति भवनं
शिवस्यायं हेतुः स्वयमपि यतस्तच्छिव इति।
अतोऽन्यद्बन्धस्य स्वयमपि यतो बन्ध इति तत्
ततो ज्ञानात्मत्वं भवनमनुभूतिर्हि विहितम्॥६-१०५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—''यत् एतत् ज्ञानात्मा भवनम् ध्रुवम् अचलम् आभाति अयं शिवस्य हेतुः'' (यत् एतत्) जो कोई (ज्ञानात्मा) चेतनालक्षण ऐसा

(भवनम्) सत्त्वस्वरूप (ध्रुवम् अचलम्) निश्चयसे स्थिर होकर (आभाति) प्रत्यक्षरूपसे स्वरूपका आस्वादक कहा है (अयं) यही (शिवस्य हेतुः) मोक्षका मार्ग है। किस कारणसे ? **''यतः स्वयम् अपि तत् शिवः इति''** (यतः) जिस कारण (स्वयम् अपि) अपने आप भी (तच्छिवः इति) मोक्षरूप है। भावार्थ इस प्रकार है—जीवका स्वरूप सदा कर्मसे मुक्त है। उसको अनुभवने पर मोक्ष होता है ऐसा घटता है, विरुद्ध तो नहीं। **''अतः अन्यत् बन्धस्य हेतुः''** (अतः) शुद्ध स्वरूपका अनुभव मोक्षमार्ग है, इसके बिना (अन्यत्) जो कुछ है शुभ क्रियारूप अशुभ क्रियारूप अनेक प्रकार (बन्धस्य हेतुः) वह सब बन्धका मार्ग है। **''यतः स्वयम् अपि बन्धः इति''** (यतः) जिस कारण (स्वयम् अपि) अपने आप भी (बन्धः इति) सर्व ही बन्धरूप है। **''ततः तत् ज्ञानात्मा स्वं भवनम् विहितं हि अनुभूतिः''** (ततः) तिस कारण (तत्) पूर्वोक्त (ज्ञानात्मा) चेतनालक्षण, ऐसा है (स्वं भवनम्) अपना जीवका सत्त्व (विहितम्) मोक्षमार्ग है, (हि) निश्चयसे (अनुभूतिः) प्रत्यक्षपने आस्वाद किया होता हुआ ॥६-१०५॥

(अनुष्टुप)

वृत्तं ज्ञानस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं सदा।
एकद्रव्यस्वभावत्वान्मोक्षहेतुस्तदेव तत् ॥७-१०६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञानस्वभावेन वृत्तं तत् तत् मोक्षहेतुः एव''** (ज्ञान) शुद्ध वस्तुमात्र, उसकी (स्वभावेन) स्वरूपनिष्पत्ति, उससे जो (वृत्तं) स्वरूपाचरण चारित्र (तत् तत् मोक्षहेतुः) वही वही मोक्षमार्ग है। (एव) इस बातमें सन्देह नहीं। भावार्थ इस प्रकार है—कोई जानेगा कि स्वरूपाचरण चारित्र ऐसा कहा जाता है जो आत्माके शुद्ध स्वरूपको विचारे अथवा चिन्तवे अथवा एकाग्ररूपसे मग्न होकर अनुभवे। सो ऐसा तो नहीं, उसके करने पर बन्ध होता है, क्योंकि ऐसा तो स्वरूपाचरण चारित्र नहीं है। तो स्वरूपाचरण चारित्र कैसा है ? जिस प्रकार पन्ना (सुवर्ण पत्र) पकानेसे सुवर्णमें की कालिमा जाती है, सुवर्ण शुद्ध होता है उसी प्रकार जीव द्रव्यके अनादिसे अशुद्ध चेतनारूप रागादि परिणमन था, वह जाता है, शुद्ध स्वरूपमात्र शुद्ध चेतनारूप जीवद्रव्य परिणमता है, उसका नाम स्वरूपाचरण चारित्र कहा जाता है, ऐसा मोक्षमार्ग है। कुछ विशेष—वह शुद्ध परिणमन जहाँ तक सर्वोत्कृष्ट होता है वहाँ तक शुद्धपनाके अनन्त भेद

हैं। वे भेद जातिभेदकी अपेक्षा तो नहीं। बहुत शुद्धता, उससे बहुत, उससे बहुत ऐसा थोड़ा-बहुतरूप भेद है। भावार्थ इस प्रकार है–जितनी शुद्धता होती है उतनी ही मोक्षका कारण है। जब सर्वथा शुद्धता होती है तब सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्षपदकी प्राप्ति होती है। किस कारण? **''सदा ज्ञानस्य भवनं एकद्रव्यस्वभावत्वात्''** (सदा) तीनों कालोंमें ही (ज्ञानस्य भवने) ऐसा है जो शुद्ध चेतना परिणमनरूप स्वरूपाचरण चारित्र वह आत्मद्रव्यका निज स्वरूप है, शुभाशुभ क्रियाके समान उपाधिरूप नहीं है, इस कारण (एकद्रव्यस्वभावत्वात्) एक जीव द्रव्यस्वरूप है। भावार्थ इस प्रकार है–कि जो गुण-गुणीरूप भेद करते हैं तो ऐसा भेद होता है कि जीवका शुद्धपना गुण। जो वस्तुमात्र अनुभव करते हैं तो ऐसा भेद भी मिटता है, क्योंकि शुद्धपना तथा जीवद्रव्य वस्तु तो एक सत्ता है, ऐसा शुद्धपना मोक्षकारण है। इसके बिना जो कुछ करतूतिरूप है वह समस्त बन्धका कारण है॥७-१०६॥

(अनुष्टुप)

वृत्तं कर्मस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं न हि।
द्रव्यान्तरस्वभावत्वान्मोक्षहेतुर्न कर्म तत्॥८-१०७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''कर्मस्वभावेन वृत्तं ज्ञानस्य भवनं न हि''** (कर्मस्वभावेन) जितना शुभ क्रियारूप अथवा अशुभ क्रियारूप आचरणलक्षण चारित्र उसके स्वभावसे अर्थात् उसरूप जो (वृत्तं) चारित्र वह (ज्ञानस्य) शुद्ध चैतन्य वस्तुका (भवनं) शुद्ध स्वरूप परिणमन (न हि) नहीं होता ऐसा निश्चय है। भावार्थ इस प्रकार है–जितना शुभ-अशुभ क्रियारूप आचरण अथवा बाह्यरूप वक्तव्य अथवा सूक्ष्म अन्तरंगरूप चिन्तवन अभिलाष स्मरण इत्यादि समस्त अशुद्धत्वरूप परिणमन है, शुद्ध परिणमन नहीं, इसलिये बन्धका कारण है, मोक्षका कारण नहीं है। इस कारण जिस प्रकार कामलाका नाहर (सिंह) कहनेके लिये नाहर है उसी प्रकार आचरणरूप (क्रियारूप) चारित्र कहनेके लिये चारित्र है, परन्तु चारित्र नहीं है। निःसन्देहरूपसे ऐसा जानो। **''तत् कर्म मोक्षहेतुः न''** (तत्) इस कारण (कर्म) बाह्य-आभ्यन्तररूप सूक्ष्म-स्थूलरूप जितना आचरणरूप (चारित्र) है वह (मोक्षहेतुः न) कर्मक्षपणका कारण नहीं, बन्धका कारण है। किस कारणसे? **''द्रव्यान्तरस्वभावत्वात्''** (द्रव्यान्तर) आत्मद्रव्यसे भिन्न पुद्गलद्रव्य, उसके (स्वभावत्वात्) स्वभावरूप होनेसे अर्थात् यह सब पुद्गल द्रव्यके उदयका कार्य है, जीवका स्वरूप नहीं है।

भावार्थ इस प्रकार है—जो शुभ-अशुभ क्रिया, सूक्ष्म-स्थूल अन्तर्जल्प बहिःजल्परूप जितना विकल्परूप आचरण है वह सब कर्मका उदयरूप परिणमन है, जीवका शुद्ध परिणमन नहीं है, इसलिये समस्त ही आचरण मोक्षका कारण नहीं है, बन्धका कारण है।।८-१०७।।

(अनुष्टुप)

मोक्षहेतुतिरोधानाद्बन्धत्वात्स्वयमेव च।
मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वात्तन्निषिध्यते।।९-१०८।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई जानेगा कि शुभ-अशुभ क्रियारूप जो आचरणरूप चारित्र है सो करने योग्य नहीं है उसी प्रकार वर्जन करने योग्य भी नहीं है? उत्तर इस प्रकार है—वर्जन करने योग्य है। कारण कि व्यवहार चारित्र होता हुआ दुष्ट है, अनिष्ट है, घातक है, इसलिये विषय-कषायके समान क्रियारूप चारित्र निषिद्ध है ऐसा कहते हैं— **''तत् निषिध्यते''** (तत्) शुभ-अशुभरूप करतूति (निषिध्यते) तजनीय है। कैसा होनेसे निषिद्ध है? **''मोक्षहेतुतिरोधानात्''** (मोक्ष) निष्कर्ष अवस्था, उसका (हेतु) कारण है जीवका शुद्धरूप परिणमन उसका (तिरोधानात्) घातक ऐसा है। इसलिये करतूति निषिद्ध है। और कैसा होनेसे? **''स्वयम् एव बन्धत्वात्''** अपने आप भी बन्धरूप है। भावार्थ इस प्रकार है—जितना शुभ अशुभ आचरण है वह सब कर्मके उदयके कारण अशुद्धरूप है, इसलिये त्याज्य है, उपादेय नहीं है। और कैसा होनेसे? **''मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वात्''** (मोक्ष) सकल कर्मक्षयलक्षण परमात्मपद, उसका (हेतु) जीवका गुण जो शुद्ध चेतनारूप परिणमन उसका (तिरोधायि) घातनशील ऐसा है (भावत्वात्) सहज लक्षण जिसका, ऐसा है इसलिये कर्म निषिद्ध है। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार पानी स्वरूपसे निर्मल है, कीचड़के संयोगसे मैला होता है—पानीका शुद्धपना घाता जाता है उसी प्रकार जीवद्रव्य स्वभावसे स्वच्छ-स्वरूप है—केवलज्ञान-दर्शन-सुख-वीर्यरूप है। वह स्वच्छपना विभावरूप अशुद्ध चेतनालक्षण मिथ्यात्व विषय-कषायरूप परिणामके कारण मिटा है। अशुद्ध परिणामका ऐसा ही स्वभाव है जो शुद्धपनाको मेटे, इसलिये समस्त कर्म निषिद्ध है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई जीव क्रियारूप यतिपना पाते हैं, उस यतिपनेमें मग्न होते हैं—जो हमने मोक्षमार्ग पाया, जो कुछ करना था सो किया, सो उन जीवोंको समझाते हैं कि यतिपनाका भरोसा छोड़कर शुद्ध चैतन्य स्वरूपको अनुभवो।।९-१०८।।

(शार्दूलविक्रीडित)

संन्यस्तव्यमिदं समस्तमपि तत्कर्मैव मोक्षार्थिना
संन्यस्ते सति तत्र का किल कथा पुण्यस्य पापस्य वा।
सम्यक्त्वादिनिजस्वभावभवनान्मोक्षस्य हेतुर्भवन्-
नैष्कर्म्यप्रतिबद्धमुद्धतरसं ज्ञानं स्वयं धावति॥१०-१०९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**मोक्षार्थिना तत् इदं समस्तम् अपि कर्म संन्यस्तव्यम्**" (मोक्षार्थिना) सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्ष—अतीन्द्रिय पद, उसमें जो अनन्त सुख उसको उपादेय अनुभवता है ऐसा है जो कोई जीव उसके द्वारा (तत् इदं) वही कर्म जो पहले ही कहा था (समस्तम् अपि) जितना शुभ क्रियारूप अशुभ क्रियारूप अन्तर्जल्परूप बहिर्जल्परूप इत्यादि करतूतिरूप (कर्म) क्रिया अथवा ज्ञानावरणादि पुद्गलका पिण्ड, अशुद्ध रागादिरूप जीवके परिणाम, ऐसा कर्म (संन्यस्तव्यम्) जीवस्वरूपका घातक है ऐसा जानकर आमूलचूल त्याज्य है। "**तत्र संन्यस्ते सति**" उस समस्त ही कर्मका त्याग होनेपर "**पुण्यस्य वा पापस्य वा का कथा**" पुण्यका पापका कौन भेद रहा? भावार्थ इस प्रकार है—समस्त कर्मजाति हेय है, पुण्य-पापके विवरणकी क्या बात रही। "**किल**" ऐसी बात निश्चयसे जानो, पुण्यकर्म भला ऐसी भ्रान्ति मत करो। "**ज्ञानं मोक्षस्य हेतुः भवन् स्वयं धावति**" (ज्ञानं) आत्माका शुद्ध चेतनारूप परिणमन (मोक्षस्य) सकल कर्मक्षयलक्षण ऐसी अवस्थाका (हेतुः भवन्) कारण होता हुआ (स्वयं धावति) स्वयं दौड़ता है ऐसा सहज है। भावार्थ इस प्रकार है—जैसे सूर्यका प्रकाश होनेपर सहज ही अन्धकार मिटता है वैसे ही जीवके शुद्ध चैतनारूप परिणमने पर सहज ही समस्त विकल्प मिटते हैं, ज्ञानावरणादि कर्म अकर्मरूप परिणमते हैं, रागादि अशुद्ध परिणाम मिटता है। कैसा है ज्ञान? "**नैष्कर्म्यप्रतिबद्धम्**" निर्विकल्पस्वरूप है। और कैसा है? "**उद्धतरसं**" प्रगटरूपसे चैतन्यस्वरूप है। कैसा होनेसे मोक्षका कारण होता है? "**सम्यक्त्वादिनिजस्वभावभवनात्**" (सम्यक्त्व) जीवका गुण सम्यग्दर्शन (आदि) सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र ऐसे हैं जो (निजस्वभाव) जीवके क्षायिक गुण उनके (भवनात्) प्रगटपनेके कारण। भावार्थ इस प्रकार है—कोई आशंका करेगा कि मोक्षमार्ग सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र इन तीनका मिला हुआ है, यहाँ ज्ञानमात्र मोक्षमार्ग कहा

सो क्यों कहा ? उसका समाधान ऐसा है–शुद्धस्वरूप ज्ञानमें सम्यग्दर्शन सम्यक्चारित्र सहज ही गर्भित हैं, इसलिये दोष तो कुछ नहीं, गुण है ॥१०-१०९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

यावत्पाकमुपैति कर्मविरतिर्ज्ञानस्य सम्यङ् न सा
कर्मज्ञानसमुच्चयोऽपि विहितस्तावन्न काचित्क्षतिः।
किंत्वत्रापि समुल्लसत्यवशतो यत्कर्म बन्धाय तन्
मोक्षाय स्थितमेकमेव परमं ज्ञानं विमुक्तं स्वतः॥११-११०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई भ्रान्ति करेगा जो मिथ्यादृष्टिका यतिपना क्रियारूप है, सो बन्धका कारण है, सम्यग्दृष्टिका है जो यतिपना शुभ क्रियारूप, सो मोक्षका कारण है। कारण कि अनुभव ज्ञान तथा दया व्रत तप संयमरूप क्रिया दोनों मिलकर ज्ञानावरणादि कर्मका क्षय करते हैं। ऐसी प्रतीति ही अज्ञानी जीव करते हैं। वहाँ समाधान ऐसा—जितनी शुभ-अशुभ क्रिया, बहिर्जल्परूप विकल्प अथवा अन्तर्जल्परूप अथवा द्रव्योंका विचाररूप अथवा शुद्ध स्वरूपका विचार इत्यादि समस्त कर्मबन्धका कारण है। ऐसी क्रियाका ऐसा ही स्वभाव है। सम्यग्दृष्टि मिथ्यादृष्टिका ऐसा भेद तो कुछ नहीं। ऐसी करतूतिसे ऐसा बन्ध है। शुद्ध स्वरूप परिणमनमात्रसे मोक्ष है। यद्यपि एक ही कालमें सम्यग्दृष्टि जीवके शुद्ध ज्ञान भी है, क्रियारूप परिणाम भी है। तथापि क्रियारूप है जो परिणाम उससे अकेला बन्ध होता है, कर्मका क्षय एक अंशमात्र भी नहीं होता है। ऐसा वस्तुका स्वरूप, सहारा किसका ? उसी समय शुद्ध स्वरूप अनुभव ज्ञान भी है। उसी समय ज्ञानसे कर्मक्षय होता है, एक अंशमात्र भी बन्ध नहीं होता है। वस्तुका ऐसा ही स्वरूप है। ऐसा जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं–"**तावत्कर्मज्ञानसमुच्चयः अपि विहितः**" (तावत्) तब तक (कर्म) क्रियारूप परिणाम (ज्ञान) आत्मद्रव्यका शुद्धत्वरूप परिणमन, उनका (समुच्चयः) एक जीवमें एक ही काल अस्तित्वपना है। (अपि विहितः) ऐसा भी है। परन्तु एक विशेष "**काचित् क्षतिः न**" (काचित्) कोई भी (क्षतिः) हानि (न) नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है–एक जीवमें एक ही काल ज्ञान, क्रिया दोनों कैसे होते हैं ? समाधान ऐसा–विरुद्ध तो कुछ नहीं। कितने ही काल तक दोनों होते हैं ऐसा ही वस्तुका

परिणाम है। परन्तु विरोधीके समान दिखता है। परन्तु अपने अपने स्वरूप है, विरोध तो नहीं करता है। उतने काल तक जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं– **''यावत् ज्ञानस्य सा कर्मविरतिः सम्यक् पाकं न उपैति''** (यावत्) जितने काल (ज्ञानस्य) आत्माका मिथ्यात्वरूप विभाव परिणाम मिटा है, आत्मद्रव्य शुद्ध हुआ है उसकी (सा) पूर्वोक्त (कर्म) क्रिया, उसका (विरतिः) त्याग (सम्यक् पाकं न उपैति) बराबर परिपक्वताको नहीं पाता है अर्थात् क्रियाका मूलमें विनाश नहीं हुआ है। भावार्थ इस प्रकार है–जब तक अशुद्ध परिणमन है तब तक जीवका विभाव परिणमनरूप है। उस विभाव परिणमनका अन्तरंग निमित्त है। बहिरंग निमित्त है। विवरण––अन्तरंग निमित्त जीवकी विभावरूप परिणमन शक्ति, बहिरंग निमित्त मोहनीय कर्मरूप परिणमा है पुद्गल पिण्डका उदय। सो मोहनीय कर्म दो प्रकारका है––एक मिथ्यात्वरूप है, दूसरा चारित्रमोहरूप है। जीवका विभाव परिणाम भी दो प्रकारका है–जीवका एक सम्यक्त्व गुण है वही विभावरूप होकर मिथ्यात्वरूप परिणमा है। उसके प्रति बहिरंग निमित्त मिथ्यात्वरूप परिणमा है पुद्गलपिण्डका उदय। जीवका एक चारित्रगुण है, वह विभावरूप परिणमता हुआ विषय कषायलक्षण चारित्रमोहरूप परिणमा है। उसके प्रति बहिरंग निमित्त है चारित्रमोहरूप परिणमा पुद्गलपिण्डका उदय। विशेष ऐसा– उपशमका क्षपणका क्रम इस प्रकार है, पहले मिथ्यात्व कर्मका उपशम होता है अथवा क्षपण होता है। उसके बाद चारित्रमोहका उपशम होता है अथवा क्षपण होता है। इसलिये समाधान ऐसा––किसी आसन्न भव्य जीवके काललब्धि प्राप्त होनेसे मिथ्यात्वरूप पुद्गलपिण्ड कर्म उपशमता है अथवा क्षपण होता है। ऐसा होने पर जीव सम्यक्त्वगुणरूप परिणमता है, वह परिणमन शुद्धतारूप है। वही जीव जब तक क्षपकश्रेणिपर चढ़ेगा तब तक चारित्रमोह कर्मका उदय है। उस उदयके रहते हुये जीव भी विषय कषायरूप परिणमता है। वह परिणमन रागरूप है, अशुद्धरूप है। इस कारण किसी कालमें जीवका शुद्धपना अशुद्धपना एक ही समय घटता है, विरुद्ध नहीं। **''किन्तु''** कुछ विशेष है, वह विशेष जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं––**''अत्र अपि''** एक ही जीवके एक ही काल शुद्धपना अशुद्धपना यद्यपि होता है तथापि अपना अपना कार्य करते हैं। **''यत् कर्म अवशतः बन्धाय समुल्लसति''** (यत्) जितनी (कर्म) द्रव्यरूप, भावरूप, अन्तर्जल्प-बहिर्जल्परूप सूक्ष्म-स्थूलरूप क्रिया (अवशतः) सम्यग्दृष्टि पुरुष सर्वथा क्रियासे विरक्त है पर चारित्रमोह कर्मके उदयमें बलात्कार होती है ऐसी (बन्धाय समुल्लसति) जितनी क्रिया है उतनी ज्ञानावरणादि कर्मबन्ध करती है, संवर निर्जरा अंशमात्र भी नहीं करती है। **''तत् एकम्**

ज्ञानं मोक्षाय स्थितम्'' (तत्) पूर्वोक्त (एकम् ज्ञानं) एक शुद्ध चैतन्यप्रकाश (मोक्षाय स्थितम्) ज्ञानावरणादि कर्मक्षयका निमित्त है। भावार्थ इस प्रकार है—एक जीवमें शुद्धपना अशुद्धपना एक ही काल होता है, परन्तु जितना अंश शुद्धपना है उतना अंश कर्मक्षपण है, जितना अंश अशुद्धपना है उतना अंश कर्मबन्ध होता है। एक ही काल दोनों कार्य होते हैं। ''एव'' ऐसा ही है, सन्देह करना नहीं। कैसा है शुद्धज्ञान? ''**परमं**'' सर्वोत्कृष्ट है–पूज्य है। और कैसा है? ''**स्वतः विमुक्तं**'' तीनों कालोंमें समस्त पर द्रव्यसे भिन्न है ॥११-११०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

मग्नाः कर्मनयावलम्बनपरा ज्ञानं न जानन्ति यन्
मग्ना ज्ञाननयैषिणोऽपि यदतिस्वच्छन्दमन्दोद्यमाः।
विश्वस्योपरि ते तरन्ति सततं ज्ञानं भवन्तः स्वयं
ये कुर्वन्ति न कर्म जातु न वशं यान्ति प्रमादस्य च ॥१२-१११॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''**कर्मनयावलम्बनपरा मग्नाः**'' (कर्म) अनेक प्रकारकी क्रिया, ऐसा है (नय) पक्षपात, उसका (अवलम्बन) क्रिया मोक्षमार्ग है ऐसा जानकर क्रियाका प्रतिपाल, उसमें (पराः) तत्पर हैं जो कोई अज्ञानी जीव वे भी (मग्नाः) धारमें डूबे हैं। भावार्थ इस प्रकार है–संसारमें रुलेगा, मोक्षका अधिकारी नहीं है। किस कारणसे डूबे हैं? ''**यत् ज्ञानं न जानन्ति**'' (यत्) जिस कारण (ज्ञानं) शुद्ध चैतन्य वस्तुका (न जानन्ति) प्रत्यक्षरूपसे आस्वाद करनेको समर्थ नहीं हैं। क्रियामात्र मोक्षमार्ग ऐसा जानकर क्रिया करनेको तत्पर हैं। ''**ज्ञाननयैषिणः अपि मग्नाः**'' (ज्ञान) शुद्ध चैतन्यप्रकाश, उसका (नय) पक्षपात, उसके (एषिणः) अभिलाषी हैं। भावार्थ इस प्रकार है–शुद्ध स्वरूपका अनुभव तो नहीं है, परन्तु पक्षमात्र बोलते हैं। (अपि) ऐसे भी जीव (मग्नाः) संसारमें डूबे ही हैं। कैसे होकर डूबे हैं? ''**यत् अतिस्वच्छन्दमन्दोद्यमाः**'' (यत्) जिस कारण (अतिस्वच्छन्द) अति ही स्वेच्छाचारपना, ऐसा है (मन्दोद्यमाः) शुद्ध चैतन्यस्वरूपका विचारमात्र भी नहीं करते हैं। ऐसे जो कोई हैं उन्हें मिथ्यादृष्टि जानना। यहाँ कोई आशंका करता है कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव मोक्षमार्ग ऐसी प्रतीति करने पर

मिथ्यादृष्टिपना क्यों होता है ? समाधान इस प्रकार है—वस्तुका स्वरूप इस प्रकार है कि जिस काल शुद्ध स्वरूपका अनुभव है उस काल अशुद्धतारूप है जितनी भाव-द्रव्यरूप क्रिया उतनी सहज ही मिटती है। मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा मानता है कि जितनी क्रिया जैसी है वैसी ही रहती है, शुद्धस्वरूप अनुभव मोक्षमार्ग है। सो वस्तुका स्वरूप ऐसा तो नहीं है। इससे जो ऐसा मानता है वह जीव मिथ्यादृष्टि है, वचनमात्रसे कहता है कि शुद्धस्वरूप अनुभव मोक्षमार्ग है। ऐसा कहनेसे कार्यसिद्धि तो कुछ नहीं है। **''ते विश्वस्य उपरि तरन्ति''** (ते) ऐसे जीव सम्यग्दृष्टि है जो कोई, वे (विश्वस्य उपरि) कहे हैं जो दोनों जातिके जीव उन दोनोंके ऊपर होकर (तरन्ति) सकल कर्मोंका क्षय कर मोक्षपदको प्राप्त होते हैं। कैसे हैं वे ? **''ये सततं स्वयं ज्ञानं भवन्तः कर्म न कुर्वन्ति, प्रमादस्य वशं जातु न यान्ति''** (ये) जो कोई निकट संसारी सम्यग्दृष्टि जीव (सततं) निरन्तर (स्वयं ज्ञानं) शुद्ध ज्ञानस्वरूप (भवन्तः) परिणमते हैं, (कर्म न कुर्वन्ति) अनेक प्रकारकी क्रियाको मोक्षमार्ग जानकर नहीं करते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार कर्मके उदयमें शरीर विद्यमान है पर हेयरूप जानते हैं उसी प्रकार अनेक प्रकारकी क्रियायें विद्यमान हैं पर हेयरूप जानते हैं। (प्रमादस्य वशं जातु न यान्ति) क्रिया तो कुछ नहीं ऐसा जानकर विषयी असंयमी भी कदाचित् नहीं होते, क्योंकि असंयमका कारण तीव्र संक्लेश परिणाम है सो तो संक्लेश मूल ही से गया है। ऐसे जो सम्यग्दृष्टि जीव वे जीव तत्काल मात्र मोक्षपदको पाते हैं॥१२-१११॥

(मन्दाक्रान्ता)

भेदोन्मादं भ्रमरसभरान्नाटयत्पीतमोहं
मूलोन्मूलं सकलमपि तत्कर्म कृत्वा बलेन।
हेलोन्मीलत्परमकलया सार्धमारब्धकेलि
ज्ञानज्योतिः कवलिततमः प्रोज्जृम्भे भरेण॥१३-११२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञानज्योतिः भरेण प्रोज्जृम्भे''** (ज्ञानज्योतिः) शुद्ध स्वरूपका प्रकाश (भरेण) अपनी सम्पूर्ण सामर्थ्यके द्वारा (प्रोज्जृम्भे) प्रगट हुआ। कैसा है ? **''हेलोन्मीलत्परमकलया सार्द्धम् आरब्धकेलि''** (हेला) सहजरूपसे (उन्मीलत्) प्रगट हुये (परमकलया) निरन्तरपने अतीन्द्रिय सुखप्रवाहके (सार्द्धम्) साथ

(आरब्धकेलि) प्राप्त किया है परिणमन जिसने, ऐसा है। और कैसा है? **''कवलिततमः''** (कवलित) दूर किया है (तमः) मिथ्यात्व अन्धकार जिसने, ऐसा है। ऐसा जिस प्रकार हुआ है उस प्रकार कहते हैं—**''तत्कर्म सकलमपि बलेन मूलोन्मूलं कृत्वा''** (तत्) कही है अनेक प्रकार (कर्म) भावरूप अथवा द्रव्यरूप क्रिया (सकलम् अपि) पापरूप अथवा पुण्यरूप (बलेन) बलजोरीसे (मूलोन्मूलं कृत्वा) जितनी क्रिया है वह सब मोक्षमार्ग नहीं है ऐसा जान समस्त क्रियामें ममत्वका त्याग कर शुद्ध ज्ञान मोक्षमार्ग है ऐसा सिद्धांत सिद्ध हुआ। कैसा है कर्म? **''भेदोन्मादं''** (भेद) शुभ क्रिया मोक्षमार्ग ऐसा पक्षपातरूप बिहरा (अन्तर) उससे (उन्मादं) हुआ है गहिलपना जिसमें, ऐसा है। और कैसा है? **''पीतमोहं''** (पीत) निगला है (मोहं) विपरीतपना जिसने, ऐसा है। जैसे कोई धतूराका पान कर गहिल होता है ऐसा है जो पुण्यकर्मको भला मानता है। और कैसा है? **''भ्रमरसभरात् नाटयत्''** (भ्रम) धोखा, उसका (रस) अमल, उसका (भरात्) अत्यन्त चढ़ना, उससे (नाटयत्) नाचता है। भावार्थ इस प्रकार है–जिस प्रकार कोई धतूरा पीकर सुध जाने पर नाचता है उसी प्रकार मिथ्यात्व कर्मके उदयमें शुद्ध स्वरूपके अनुभवसे भृष्ट है। शुभ कर्मके उदयसे जो देव आदि पदवी, उसमें रंजायमान होता है कि मैं देव, मेरे ऐसी विभूति, सो तो पुण्यकर्मके उदयसे; ऐसा मानकर बार-बार रंजायमान होता है॥१३-११२॥

–५–

आस्रव अधिकार

(द्रुतविलम्बित)

अथ महामदनिर्भरमन्थरं
समररङ्गपरागतमास्रवम्।
अयमुदारगभीरमहोदयो
जयति दुर्जयबोधधनुर्धरः ॥१-११३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अथ अयम् दुर्जयबोधधनुर्धरः आस्रवम् जयति'' (अथ) यहाँसे लेकर (अयम् दुर्जय) यह अखण्डित प्रताप, ऐसा (बोध) शुद्ध स्वरूप अनुभव, ऐसा है (धनुर्धरः) महायोद्धा, वह (आस्रवम्) अशुद्ध रागादि परिणामलक्षण आस्रव, उसको (जयति) मेटता है। भावार्थ इस प्रकार है—यहाँसे लेकर आस्रवका स्वरूप कहते हैं। कैसा है ज्ञान योद्धा ? ''उदार-गम्भीर-महोदयः'' (उदार) शाश्वत ऐसा है (गम्भीर) अनन्त शक्ति विराजमान, ऐसा है (महोदयः) स्वरूप जिसका ऐसा है। कैसा है आस्रव ? ''महामदनिर्भरमन्थरं'' (महामद) समस्त संसारी जीवराशि आस्रवके आधीन है, उससे हुआ है गर्व-अभिमान, उससे (निर्भर) मग्न हुआ है (मन्थरं) मतवालाकी भाँति, ऐसा है। ''समररङ्गपरागतम्'' (समर) संग्राम ऐसी ही (रङ्ग) भूमि, उसमें (परागतम्) सन्मुख आया है। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार प्रकाश अन्धकारका परस्पर विरोध है उसी प्रकार शुद्ध ज्ञान आस्रवका परस्पर विरोध है ॥१-११३॥

(शालिनी)

भावो रागद्वेषमोहैर्विना यो
जीवस्य स्याद् ज्ञाननिर्वृत्त एव।

रुन्धन् सर्वान् द्रव्यकर्मास्रवौघान्
एषोऽभावः सर्वभावास्रवाणाम् ॥२-११४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"जीवस्य यः भावः ज्ञाननिर्वृत्तः एव स्यात्" (जीवस्य) काललब्धि प्राप्त होनेसे प्रगट हुआ है सम्यक्त्वगुण जिसका ऐसा है जो कोई जीव, उसका (यः भावः) जो कोई सम्यक्त्वपूर्वक शुद्ध स्वरूप अनुभवरूप परिणाम। ऐसा परिणाम कैसा होता है? (ज्ञाननिर्वृत्तः एव स्यात्) शुद्ध ज्ञानचेतनामात्र है। उस कारणसे "एषः" ऐसा है जो शुद्ध चेतनामात्र परिणाम, वह "सर्वभावास्रवाणाम् अभावः" (सर्व) असंख्यात लोकमात्र जितने (भाव) अशुद्ध चेतनारूप राग, द्वेष, मोह आदि जीवके विभाव परिणाम होते हैं जो (आस्रवाणाम्) ज्ञानावरणादि पुद्गल कर्मके आगमनको निमित्तमात्र हैं उनके (अभावः) मूलोन्मूल विनाश है। भावार्थ इस प्रकार है—जिस काल शुद्ध चैतन्य वस्तुकी प्राप्ति होती है उस काल मिथ्यात्व राग-द्वेषरूप जीवका विभाव परिणाम मिटता है, इसलिये एक ही काल है, समयका अन्तर नहीं है। कैसा है शुद्ध भाव? "राग-द्वेष-मोहैः विना" रागादि परिणाम रहित है। शुद्ध चेतनामात्र भाव है। और कैसा है? "द्रव्यकर्मास्रवौघान् सर्वान् रुन्धन्" (द्रव्यकर्म) ज्ञानावरणादि कर्मपर्यायरूप परिणमा है पुद्गलपिण्ड, उसका (आस्रव) होता है धाराप्रवाहरूप समय-समय आत्मप्रदेशोंके साथ एकक्षेत्रावगाह, उसका (ओघ) समूह भावार्थ इस प्रकार है—ज्ञानावरणादिरूप कर्मवर्गणा परिणमती है, उसके भेद असंख्यात लोकमात्र हैं। उसके (सर्वान्) जितने धारारूप आते हैं कर्म उन सबको (रुन्धन्) रोकता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—जो कोई ऐसा मानेगा कि जीवका शुद्ध भाव होता हुआ रागादि अशुद्ध परिणामका नाश करता है, आस्रव जैसा ही होता है वैसा ही होता है सो ऐसा तो नहीं, जैसा कहते हैं वैसा है—जीवके शुद्ध भावरूप परिणमने पर अवश्य ही अशुद्ध भाव मिटता है। अशुद्ध भावके मिटने पर अवश्य ही द्रव्यकर्मरूप आस्रव मिटता है, इसलिये शुद्ध भाव उपादेय है, अन्य समस्त विकल्प हेय है॥२-११४॥

(उपजाति)

भावास्रवाभावमयं प्रपन्नो
द्रव्यास्रवेभ्यः स्वत एव भिन्नः।

ज्ञानी सदा ज्ञानमयैकभावो
निरास्रवो ज्ञायक एक एव ॥३-११५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अयं ज्ञानी निरास्रवः एव'' (अयं) द्रव्यरूप विद्यमान है वह (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (निरास्रवः एव) आस्रवसे रहित है। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीवोंको नोंध कर (समझ पूर्वक) विचारने पर आस्रव घटता नहीं। कैसा है ज्ञानी ? ''एकः'' रागादि अशुद्ध परिणामसे रहित है, शुद्ध स्वरूप परिणमा है। और कैसा है ? ''ज्ञायकः'' स्वद्रव्यस्वरूप परद्रव्यस्वरूप समस्त ज्ञेय वस्तुको जाननेके लिये समर्थ है। भावार्थ इस प्रकार है—ज्ञायकमात्र है, रागादि अशुद्धरूप नहीं है। और कैसा है ? ''सदा ज्ञानमयैकभावः'' (सदा) सर्व काल धाराप्रवाहरूप (ज्ञानमय) चेतनरूप ऐसा है (एकभावः) एक परिणाम जिसका, ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है—जितने विकल्प हैं वे सब मिथ्या। ज्ञानमात्र वस्तुका स्वरूप था सो अविनश्वर रहा। निरास्रवपना सम्यग्दृष्टि जीवको जिस प्रकार घटता है उस प्रकार कहते हैं—''भावास्रवाभावं प्रपन्नः'' (भावास्रव) मिथ्यात्व राग द्वेषरूप अशुद्ध चेतनापरिणाम, उसका (अभावं) विनाश, उसको (प्रपन्नः) प्राप्त हुआ है। भावार्थ इस प्रकार है—अनन्त कालसे लेकर जीव मिथ्यादृष्टि होता हुआ मिथ्यात्व राग, द्वेषरूप परिणमता था, उसका नाम आस्रव है। सो तो काललब्धि प्राप्त होने पर वही जीव सम्यक्त्व पर्यायरूप परिणमा, शुद्धतारूप परिणमा, अशुद्ध परिणाम मिटा, इसलिये भावास्रवसे तो इस प्रकार रहित हुआ। ''द्रव्यास्रवेभ्यः स्वत एव भिन्नः'' (द्रव्यास्रवेभ्यः) ज्ञानावरणादि कर्म पर्यायरूप जीवके प्रदेशोंमें बैठे हैं पुद्गलपिण्ड, उनसे (स्वतः) स्वभावसे (भिन्नः एव) सर्व काल निराला ही है। भावार्थ इस प्रकार है—आस्रव दो प्रकारका है। विवरण—एक द्रव्यास्रव है एक भावास्रव है। द्रव्यास्रव कहने पर कर्मरूप बैठे हैं आत्माके प्रदेशोंमें पुद्गल पिण्ड, ऐसे द्रव्यास्रवसे जीव स्वभाव ही से रहित है। यद्यपि जीवके प्रदेश कर्म पुद्गल पिण्डके प्रदेश एक ही क्षेत्रमें रहते हैं तथापि परस्पर एक द्रव्यरूप नहीं होते हैं, अपने अपने द्रव्य गुण पर्यायरूप रहते हैं। इसलिये पुद्गल पिण्डसे जीव भिन्न है। भावास्रव कहने पर मोह राग द्वेषरूप विभाव अशुद्ध चेतन परिणाम सो ऐसा परिणाम यद्यपि जीवके मिथ्यादृष्टि अवस्थामें विद्यमान ही था तथापि सम्यक्त्वरूप परिणमने पर अशुद्ध परिणाम मिटा। इस कारण सम्यग्दृष्टि जीव भावास्रवसे रहित है। इससे ऐसा अर्थ

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

निपजा कि सम्यग्दृष्टि जीव निरास्रव है ।।३-११५।।

और सम्यग्दृष्टि जीव जिस प्रकार निरास्रव है उस प्रकार कहते हैं—

(शार्दूलविक्रीडित)

सन्न्यस्यन्निजबुद्धिपूर्वमनिशं रागं समग्रं स्वयं
वारंवारमबुद्धिपूर्वमपि तं जेतुं स्वशक्तिं स्पृशन्।
उच्छिन्दन् परवृत्तिमेव सकलां ज्ञानस्य पूर्णो भवन्
आत्मा नित्यनिरास्रवो भवति हि ज्ञानी यदा स्यात्तदा।।४-११६।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''आत्मा यदा ज्ञानी स्यात् तदा नित्यनिरास्रवः भवति'' (आत्मा) जीवद्रव्य (यदा) जिसी काल (ज्ञानी स्यात्) अनन्त कालसे विभाव मिथ्यात्व भावरूप परिणमा था सो निकट सामग्री पाकर सहज ही विभाव परिणाम छूट जाता है, स्वभाव सम्यक्त्वरूप परिणमता है। ऐसा कोई जीव होता है। (तदा) उस कालसे लेकर पूरे आगामी कालमें (नित्यनिरास्रवः) सर्वथा सर्व काल सम्यग्दृष्टि जीव आस्रवसे रहित (भवति) होता है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई संदेह करेगा कि सम्यग्दृष्टि आस्रव सहित है कि आस्रव रहित है? समाधान ऐसा कि आस्रवसे रहित है। क्या करता हुआ निरास्रव है? ''निजबुद्धिपूर्वं रागं समग्रं अनिशं स्वयं सन्न्यस्यन्'' (निज) अपने (बुद्धि) मनको (पूर्वं) आलम्बन कर होता है जितना मोह-राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणाम ऐसा जो (रागं) पर द्रव्यके साथ रंजित परिणाम, जो (समग्रं) असंख्यात लोकमात्र भेदरूप है, उसे (अनिशं) सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके कालसे लेकर आगामी सर्व कालमें (स्वयं) सहज ही (सन्न्यस्यन्) छोड़ता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—नाना प्रकारके कर्मके उदयमें नाना प्रकारकी संसार-शरीर-भोग सामग्री होती है। इस समस्त सामग्रीको भोगता हुआ मैं देव हूँ, मैं मनुष्य हूँ, मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ, इत्यादिरूप रंजायमान नहीं होता। जानता है—मैं चेतनामात्र शुद्धस्वरूप हूँ, यह समस्त कर्मकी रचना है। ऐसा अनुभवते हुये मनका व्यापाररूप राग मिटता है। ''अबुद्धिपूर्वम् अपि तं जेतुं वारंवारम् स्वशक्तिम् स्पृशन्'' (अबुद्धिपूर्वम्) मनके आलम्बन बिना मोहकर्मके उदयरूप निमित्त कारणसे परिणमे हैं अशुद्धतारूप जीवके प्रदेश, (तं अपि) उसको भी (जेतुं) जीतनेके लिये (वारंवारम्) अखण्डित धाराप्रवाहरूप (स्वशक्तिं) शुद्ध चैतन्य वस्तु, उसको

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

(स्पृशन्) स्वानुभव प्रत्यक्षरूपसे आस्वादता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है–मिथ्यात्व राग द्वेषरूप हैं जो जीवके अशुद्ध चेतनारूप विभाव परिणाम वे दो प्रकारके हैं–एक परिणाम बुद्धिपूर्वक हैं, एक परिणाम अबुद्धिपूर्वक हैं। विवरण–बुद्धिपूर्वक कहने पर भी जो सब परिणाम मनके द्वारा प्रवर्तते हैं, बाह्य विषयके आधारसे प्रवर्तते हैं। प्रवर्तते हुये वह जीव आप भी जानता है कि मेरा परिणाम इस रूप है। तथा अन्य जीव भी अनुमान करके जानता है जो इस जीवके ऐसे परिणाम है। ऐसा परिणाम बुद्धिपूर्वक कहा जाता है। सो ऐसे परिणामको सम्यग्दृष्टि जीव मेट सकता है, क्योंकि ऐसा परिणाम जीवकी जानकारीमें है। शुद्धस्वरूपका अनुभव होने पर जीवके सहाराका भी है, इसलिये सम्यग्दृष्टि जीव पहले ही ऐसा परिणाम मेटता है। अबुद्धिपूर्वक परिणाम कहने पर पाँच इन्द्रिय और मनके व्यापारके बिना ही मोह कर्मके उदयका निमित्त कर मोह राग द्वेषरूप अशुद्ध विभाव परिणामरूप आप स्वयं जीव द्रव्य असंख्यात प्रदेशोंमें परिणमता है सो ऐसा परिणमन जीवकी जानकारीमें नहीं है और जीवके सहाराका भी नहीं है, इसलिये जिस किसी प्रकार मेटा जाता नहीं। अतएव ऐसे परिणामको मेटनेके लिये निरन्तपने शुद्ध स्वरूपको अनुभवता है, शुद्ध स्वरूपका अनुभव करने पर सहज ही मिटेगा। दूसरा उपाय तो कोई नहीं, इसलिये एक शुद्ध स्वरूपका अनुभव उपाय है। और क्या करता हुआ निरास्रव होता है? **''एव परवृत्तिम् सकलां उच्छिन्दन्''** (एव) अवश्य ही (पर) जितनी ज्ञेय वस्तु है उसमें (वृत्तिम्) रंजकपना ऐसी परिणाम क्रिया, जो (सकलां) जितनी है शुभरूप अथवा अशुभरूप, उसको (उच्छिन्दन्) मूलसे ही उखारता हुआ सम्यग्दृष्टि निरास्रव होता है। भावार्थ इस प्रकार है––ज्ञेय-ज्ञायकका सम्बन्ध दो प्रकार है––एक तो जानपनामात्र है, राग-द्वेषरूप नहीं है। यथा–केवली सकल ज्ञेय वस्तुको देखते जानते हैं, परन्तु किसी वस्तुमें राग-द्वेष नहीं करते। उसका नाम शुद्ध ज्ञानचेतना कहा जाता है। सो सम्यग्दृष्टि जीवके शुद्ध ज्ञानचेतनारूप जानपना है, इसलिये मोक्षका कारण है–बन्धका कारण नहीं है। दूसरा जानपना ऐसा जो कितनी ही विषयरूप वस्तुका जानपना भी है और मोह कर्मके उदयका निमित्त पाकर इष्टमें राग करता है, भोगकी अभिलाषा करता है तथा अनिष्टमें द्वेष करता है, अरुचि करता है सो ऐसे राग-द्वेषसे मिला हुआ है जो ज्ञान उसका नाम अशुद्ध चेतनालक्षण कर्मचेतना कर्मफलचेतनारूप कहा जाता है, इसलिये बन्धका कारण है। ऐसा परिणमन सम्यग्दृष्टिके नहीं है, क्योंकि मिथ्यात्वरूप परिणाम गया होनेसे ऐसा परिणमन नहीं होता है। ऐसा अशुद्ध ज्ञानचेतनारूप परिणाम मिथ्यादृष्टिके होता है। और कैसा होता हुआ

निरास्रव होता है? "ज्ञानस्य पूर्णः भवन्" पूर्ण ज्ञानरूप होता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—ज्ञानका खण्डितपना यह कि वह राग-द्वेषसे मिला हुआ है। राग-द्वेष गये होनेसे ज्ञानका पूर्णपना कहा जाता है। ऐसा होता हुआ सम्यग्दृष्टि जीव निरास्रव है॥४-११६॥

(अनुष्टुप)

सर्वस्यामेव जीवन्त्यां द्रव्यप्रत्ययसन्ततौ।
कुतो निरास्रवो ज्ञानी नित्यमेवेति चेन्मतिः॥५-११७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई आशंका करता है—सम्यग्दृष्टि जीव सर्वथा निरास्रव कहा और ऐसा ही है। परन्तु ज्ञानावरणादि द्रव्यपिंड जैसा था वैसा ही विद्यमान है। तथा उस कर्मके उदयमें नाना प्रकारकी भोगसामग्री जैसी थी वेसी ही है। तथा उस कर्मके उदयमें नाना प्रकारके सुख-दुःखको भोगता है, इन्द्रिय-शरीरसम्बन्धी भोग सामग्री जैसी थी वैसी ही है। सम्यग्दृष्टि जीव उस सामग्रीको भोगता भी है। इतनी सामग्रीके रहते हुये निरास्रवपना कैसे घटित होता है ऐसा कोई प्रश्न करता है— "द्रव्यप्रत्ययसन्ततौ सर्वस्यामेव जीवन्त्यां ज्ञानी नित्यम् निरास्रवः कुतः" (द्रव्यप्रत्यय) जीवके प्रदेशोंमें परिणमा है पुद्गल पिण्डरूप अनेक प्रकारका मोहनीय कर्म, उसकी (सन्ततौ) सन्तति—स्थितिबन्धरूप बहुत काल पर्यन्त जीवके प्रदेशोंमें रहती है। (सर्वस्याम्) जितनी होती, जैसी होती (जीवन्त्यां) उतनी ही है, विद्यमान है, वैसी ही है। (एव) निश्चयसे फिर भी (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (नित्यम् निरास्रवः) सर्वथा सर्व काल आस्रवसे रहित है ऐसा जो कहा सो (कुतः) क्या विचार करके कहा "चेत् इति मतिः" (चेत्) भो शिष्य! यदि (इति मतिः) तेरे मनमें ऐसी आशंका है तो उत्तर सुन, कहते हैं॥५-११७॥

(मालिनी)

विजहति न हि सत्तां प्रत्ययाः पूर्वबद्धाः
समयमनुसरन्तो यद्यपि द्रव्यरूपाः।
तदपि सकलरागद्वेषमोहव्युदासा-
दवतरति न जातु ज्ञानिनः कर्मबन्धः॥६-११८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''तदपि ज्ञानिनः जातु कर्मबन्धः न अवतरति'' (तदपि) तो भी (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (जातु) कदाचित् किसी भी नयसे (कर्मबन्धः) ज्ञानावरणादिरूप पुद्गलपिण्डका नूतन आगमन—कर्मरूप परिणमन (न अवतरति) नहीं होता। अथवा जो कभी सूक्ष्म अबुद्धिपूर्वक राग-द्वेष परिणामसे बन्ध होता है, अति ही अल्प बन्ध होता है तो भी सम्यग्दृष्टि जीवके बन्ध होता है ऐसा कोई तीनों कालोंमें कह सकता नहीं। आगे कैसा होनेसे बन्ध नहीं? ''**सकलरागद्वेषमोहव्युदासात्**'' जिस कारणसे ऐसा है उस कारणसे बन्ध नहीं घटित होता। (सकल) जितने शुभरूप अथवा अशुभरूप (राग) प्रीतिरूप परिणाम (द्वेष) दुष्ट परिणाम (मोह) पुद्गल द्रव्यकी विचित्रतामें आत्मबुद्धि ऐसा विपरीतरूप परिणाम, ऐसे (व्युदासात्) तीनों ही परिणामोंसे रहितपना ऐसा कारण है, इससे सामग्रीके विद्यमान होते हुये भी सम्यग्दृष्टि जीव कर्मबन्धका कर्ता नहीं है। विद्यमान सामग्री जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं—''**यद्यपि पूर्वबद्धाः प्रत्ययाः द्रव्यरूपाः सत्तां न हि विजहति**'' (यद्यपि) जो ऐसा भी है कि (पूर्वबद्धाः) सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके पहले जीव मिथ्यादृष्टि था, इससे मिथ्यात्व, राग, द्वेषरूप परिणामके द्वारा बाँधे थे जो (द्रव्यरूपाः प्रत्ययाः) मिथ्यात्वरूप तथा चारित्रमोहरूप पुद्गल कर्मपिण्ड, वे (सत्तां) स्थिति बन्धरूप होकर जीवके प्रदेशोंमें कर्मरूप विद्यमान हैं ऐसे अपने अस्तित्वको (न हि विजहति) नहीं छोड़ते हैं। उदय भी देते हैं ऐसा कहते हैं—''**समयम् अनुसरन्तः अपि**'' (समयम्) समय समय प्रति अखण्डित धाराप्रवाहरूप (अनुसरन्तः अपि) उदय भी देते हैं, तथापि सम्यग्दृष्टि कर्मबन्धका कर्ता नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई अनादिकालका मिथ्यादृष्टि जीव काललब्धिको प्राप्त करता हुआ सम्यक्त्व गुणरूप परिणमा, चारित्रमोह कर्मकी सत्ता विद्यमान है, उदय भी विद्यमान है, पञ्चेन्द्रिय विषयसंस्कार विद्यमान है, भोगता भी है, भोगता हुआ ज्ञान गुणके द्वारा वेदक भी है, तथापि जिस प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव आत्मस्वरूपको नहीं जानता है, कर्मके उदयको आप कर जानता है, इससे इष्ट-अनिष्ट विषय सामग्रीको भोगता हुआ राग-द्वेष करता है, इससे कर्मका बन्धक होता है उस प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव नहीं है। सम्यग्दृष्टि जीव आत्माको शुद्धस्वरूप अनुभवता है, शरीर आदि समस्त सामग्रीको कर्मका उदय जानता है, आये उदयको खपाता है। परन्तु अन्तरंगमें परम उदासीन है, इसलिये सम्यग्दृष्टि जीवको कर्मबन्ध नहीं है। ऐसी अवस्था सम्यग्दृष्टि जीवके सर्वकाल नहीं। जब तक सकल कर्मोंका क्षय कर निर्वाण पदवीको प्राप्त करता है तब तक ऐसी

अवस्था है। जब निर्वाण पद प्राप्त करेगा उस कालका तो कुछ कहना ही नहीं—साक्षात् परमात्मा है।।६-११८।।

(अनुष्टुप)

रागद्वेषविमोहानां ज्ञानिनो यदसम्भवः।
तत एव न बन्धोऽस्य ते हि बन्धस्य कारणम्।।७-११९।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ऐसा कहा कि सम्यग्दृष्टि जीवके बन्ध नहीं है सो ऐसी प्रतीति जिस प्रकार होती है उस प्रकार और कहते हैं—**''यत् ज्ञानिनः रागद्वेषविमोहानां असम्भवः ततः अस्य बन्धः न''** (यत्) जिस कारण (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (राग) रंजक परिणाम (द्वेष) उद्वेग (विमोहानां) प्रतीतिका विपरीतपना ऐसे अशुद्ध भावोंकी (असम्भवः) विद्यमानता नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीव कर्मके उदयमें रंजायमान नहीं होता, इसलिये रागादिक नहीं हैं (ततः) उस कारणसे (अस्य) सम्यग्दृष्टि जीवके (बन्धः न) ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मका बन्ध नहीं है। **''एव''** निश्चयसे ऐसा ही द्रव्यका स्वरूप है। **''हि ते बन्धस्य कारणम्''** (हि) जिस कारण (ते) राग, द्वेष, मोह ऐसे अशुद्ध परिणाम (बन्धस्य कारणम्) बन्धके कारण हैं। भावार्थ इस प्रकार है—कोई अज्ञानी जीव ऐसा मानेगा कि सम्यग्दृष्टि जीवके चारित्रमोहका उदय तो है, वह उदयमात्र होने पर आगामी ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध होता होगा ? समाधान इस प्रकार है—चारित्रमोहका उदयमात्र होने पर बन्ध नहीं है। उदयके होने पर जो जीवके राग, द्वेष, मोह परिणाम हो तो कर्मबन्ध होता है अन्यथा सहस्र कारण हो तो भी कर्मबन्ध नहीं होता। राग, द्वेष, मोह परिणाम भी मिथ्यात्व कर्मके उदयके सहारा है, मिथ्यात्वके जाने पर अकेले चारित्रमोहके उदयके सहाराका राग, द्वेष, मोह परिणाम नहीं है। इस कारण सम्यग्दृष्टिके राग, द्वेष, मोह परिणाम होता नहीं, इसलिये कर्मबन्धका कर्ता सम्यग्दृष्टि जीव नहीं होता।।७-११९।।

(वसंततिलका)

अध्यास्य शुद्धनयमुद्धतबोधचिह्न-
मेकाग्र्यमेव कलयन्ति सदैव ये ते।

रागादिमुक्तमनसः सततं भवन्तः
पश्यन्ति बन्धविधुरं समयस्य सारम् ॥८-१२०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ये शुद्धनयं ऐकाग्र्यम् एव सदा कलयन्ति" (ये) जो कोई आसन्न भव्य जीव (शुद्धनयम्) निर्विकल्प शुद्ध चैतन्य वस्तुमात्रका (ऐकाग्र्यम्) समस्त रागादि विकल्पसे चित्तका निरोध कर (एव) चित्तमें निश्चय लाकर (कलयन्ति) अखण्डित धाराप्रवाहरूप अभ्यास करते हैं (सदा) सर्व काल। कैसा है? "उद्धतबोधचिह्नम्" (उद्धत) सर्व काल प्रगट जो (बोध) ज्ञानगुण वही है (चिह्नम्) लक्षण जिसका, ऐसा है। क्या करके "अध्यास्य" जिस किसी प्रकार मनमें प्रतीति लाकर। "ते एव समयस्य सारम् पश्यन्ति" (ते एव) वे ही जीव निश्चयसे (समयस्य सारम्) सकल कर्मसे रहित अनन्त चतुष्टय विराजमान परमात्मपदको (पश्यन्ति) प्रगटरूपसे पाते हैं। कैसा पाते हैं? "बन्धविधुरम्" (बन्ध) अनादि कालसे एक बन्धपर्यायरूप चला आया था ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गलपिण्ड, उससे (विधुरं) सर्वथा रहित है। भावार्थ इस प्रकार है—सकल कर्मके क्षयसे हुआ है शुद्ध, उसकी प्राप्ति होती है शुद्धस्वरूपका अनुभव करते हुए। कैसे हैं वे जीव? "रागादिमुक्तमनसः" राग, द्वेष, मोहसे रहित है परिणाम जिनका, ऐसे हैं। और कैसे हैं? "सततं भवन्तः" (सततं) निरन्तरपने (भवन्तः) ऐसे ही हैं। भावार्थ इस प्रकार है—कोई जानेगा कि सर्वकाल प्रमादी रहता है, कभी एक जैसा कहा वैसा होता है सो इस प्रकार तो नहीं, सदा सर्वकाल शुद्धपनेरूप रहता है॥८-१२०॥

(वसंततिलका)

प्रच्युत्य शुद्धनयतः पुनरेव ये तु
रागादियोगमुपयान्ति विमुक्तबोधाः।
ते कर्मबन्धमिह बिभ्रति पूर्वबद्ध-
द्रव्यास्रवैः कृतविचित्रविकल्पजालम् ॥९-१२१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तु पुनः" ऐसा भी है—"ये शुद्धनयतः प्रच्युत्य रागादियोगं उपयान्ति ते इह कर्मबन्धम् बिभ्रति" (ये) जो कोई उपशम-

सम्यग्दृष्टि अथवा वेदकसम्यग्दृष्टि जीव (शुद्धनयतः) शुद्ध चेतनस्वरूपके अनुभवसे (प्रच्युत्य) भृष्ट हुये हैं तथा (रागादि) राग, द्वेष, मोहरूप अशुद्ध परिणाम (योगम्) रूप (उपयान्ति) होते हैं (ते) ऐसे हैं जो जीव वे (कर्मबन्धम्) ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गल पिण्ड (बिभ्रति) नया उपार्जित करते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीव जब तक सम्यक्त्वके परिणामोंसे साबुत रहता है तब तक राग, द्वेष, मोहरूप अशुद्ध परिणामके नहीं होनेसे ज्ञानावरणादि कर्मबन्ध नहीं होता। (किन्तु) जो सम्यग्दृष्टि जीव थे पीछे सम्यक्त्वके परिणामसे भृष्ट हुए, उनको राग, द्वेष, मोहरूप अशुद्ध परिणामके होनेसे ज्ञानावरणादि कर्मबन्ध होता है, क्योंकि मिथ्यात्वके परिणाम अशुद्धरूप हैं। कैसे हैं वे जीव? "**विमुक्तबोधाः**" (विमुक्त) छूटा है (बोधाः) शुद्धस्वरूपका अनुभव जिनका, ऐसे हैं। कैसा है कर्मबन्ध? "**पूर्वबद्धद्रव्यास्रवैः कृतविचित्रविकल्पजालम्**" (पूर्व) सम्यक्त्वके बिना उत्पन्न हुये (बद्ध) मिथ्यात्व, राग, द्वेषरूप परिणामके द्वारा बाँधे थे जो (द्रव्यास्रवैः) पुद्गलपिण्डरूप मिथ्यात्व कर्म तथा चारित्र मोहकर्म उनके द्वारा (कृत) किया है (विचित्र) नानाप्रकार (विकल्प) राग, द्वेष, मोह परिणाम, उसका (जालम्) समूह ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है—जितने काल जीव सम्यक्त्वके भावरूप परिणमा था उतने काल चारित्रमोह कर्म कीले हुये सर्पके समान अपना कार्य करनेके लिये समर्थ नहीं था। जब वही जीव सम्यक्त्वके भावसे भृष्ट हुआ मिथ्यात्व भावरूप परिणमा तब उकीले हुये सर्पके समान अपना कार्य करनेके लिये समर्थ हुआ। चारित्रमोहकर्मका कार्य ऐसा जो जीवके अशुद्ध परिणमनका निमित्त होना। भावार्थ इस प्रकार है—जीवके मिथ्यादृष्टि होनेपर चारित्रमोहका बन्ध भी होता है। जब जीव सम्यक्त्वको प्राप्त करता है तब चारित्रमोहके उदयमें बन्ध होता है परन्तु बन्धशक्ति हीन होती है, इसलिये बन्ध नहीं कहलाता। इस कारण सम्यक्त्वके होने पर चारित्रमोहको कीले हुये सर्पके समान ऊपर कहा है। जब सम्यक्त्व छूट जाता है तब उकीले हुये सर्पके समान चारित्रमोहको कहा सो ऊपरके भावार्थका अभिप्राय जानना ॥९-१२१॥

(अनुष्टुप)

इदमेवात्र तात्पर्यं हेयः शुद्धनयो न हि।
नास्ति बन्धस्तदत्यागात्तत्त्यागाद्बन्ध एव हि॥१०-१२२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अत्र इदम् एव तात्पर्यं'' (अत्र) इस समस्त अधिकारमें (इदम् एव तात्पर्यं) निश्चयसे इतना ही कार्य है। वह कार्य कैसा? ''शुद्धनयः हेयः न हि'' (शुद्धनयः) आत्माके शुद्ध स्वरूपका अनुभव (हेयः न हि) सूक्ष्म कालमात्र भी विसारने (भूलने) योग्य नहीं है। किस कारण? ''हि तत् अत्यागात् बन्धः नास्ति'' (हि) जिस कारण (तत्) शुद्ध स्वरूपका अनुभव, उसके (अत्यागात्) नहीं छूटनेसे (बन्धः नास्ति) ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध नहीं होता। और किस कारण? ''तत् त्यागात् बन्धः एव'' (तत्) शुद्ध स्वरूपका अनुभव, उसके (त्यागात्) छूटनेसे (बन्धः एव) ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध है। भावार्थ प्रगट है॥१०-१२२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

धीरोदारमहिम्न्यनादिनिधने बोधे निबध्नन्धृतिं
त्याज्यः शुद्धनयो न जातु कृतिभिः सर्वंकषः कर्मणाम्।
तत्रस्थाः स्वमरीचिचक्रमचिरात्संहृत्य निर्यद्बहिः
पूर्णं ज्ञानघनौघमेकमचलं पश्यन्ति शान्तं महः॥११-१२३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''कृतिभिः जातु शुद्धनयः त्याज्यः न हि'' (कृतिभिः) सम्यग्दृष्टि जीवोंके द्वारा (जातु) सूक्ष्म कालमात्र भी (शुद्धनयः) शुद्ध चैतन्यमात्र वस्तुका अनुभव (त्याज्यः न हि) विस्मरण योग्य नहीं है। कैसा है शुद्धनय? ''बोधे धृतिं निबध्नन्'' (बोधे) आत्मस्वरूपमें (धृतिं) अतीन्द्रिय सुखस्वरूप परिणतिको (निबध्नन्) परिणमाता है। कैसा है बोध? ''धीरोदारमहिम्नि'' (धीर) शाश्वती (उदार) धाराप्रवाहरूप परिणमनशील, ऐसी है (महिम्नि) बढ़ाई जिसकी, ऐसा है। और कैसा है? ''अनादिनिधने'' (अनादि) नहीं है आदि (अनिधने) नहीं है अन्त जिसका, ऐसा है। और कैसा है शुद्धनय? ''कर्मणाम् सर्वंकषः'' (कर्मणाम्) ज्ञानावरणादि पुद्गलकर्मपिण्डका अथवा राग, द्वेष मोहरूप अशुद्ध परिणामोंका (सर्वंकषः) मूलसे क्षय करणशील है। ''तत्रस्थाः शान्तं महः पश्यन्ति'' (तत्रस्थाः) शुद्ध स्वरूप-अनुभवमें मग्न हैं जो जीव, वे (शान्तं) सर्व उपाधिसे रहित ऐसे (महः) चैतन्य द्रव्यको (पश्यन्ति) प्रत्यक्षरूपसे प्राप्त करते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—परमात्मपदको प्राप्त होते हैं। कैसा है मह? ''पूर्णं'' असंख्यात प्रदेश ज्ञान विराजमान

है। और कैसा है? "ज्ञानघनौघम्" चेतनागुणका पुंज है। और कैसा है? "एकम्" समस्त विकल्पसे रहित निर्विकल्प वस्तुमात्र है। और कैसा है? "अचलं" कर्मसंयोगके मिटनेसे निश्चल है। क्या करके ऐसे स्वरूपकी प्राप्ति होती है? "स्वमरीचिचक्रम् अचिरात् संहृत्य" (स्वमरीचिचक्रम्) झूठ है, भ्रम है जो कर्मकी सामग्री इन्द्रिय, शरीर रागादिमें आत्मबुद्धि, उसको (अचिरात्) तत्कालमात्र (संहृत्य) विनाशकर। कैसा है मरीचिचक्र? "बहिः निर्यत्" अनात्मपदार्थोंमें भ्रमता है। भावार्थ इस प्रकार है—परमात्मपदकी प्राप्ति होने पर समस्त विकल्प मिटते हैं॥११-१२३॥

(मन्दाक्रान्ता)

रागादीनां झगिति विगमात्सर्वतोऽप्यास्रवाणां
नित्योद्योतं किमपि परमं वस्तु सम्पश्यतोऽन्तः।
स्फारस्फारैः स्वरसविसरैः प्लावयत्सर्वभावा-
नालोकान्तादचलमतुलं ज्ञानमुन्मग्नमेतत् ॥१२-१२४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एतत् ज्ञानम् उन्मग्नम्" (एतत्) जैसा कहा है वैसा शुद्ध (ज्ञानम्) शुद्ध चैतन्यप्रकाश (उन्मग्नम्) प्रगट हुआ। जिसको ज्ञान प्रगट हुआ वह जीव कैसा है? "किमपि वस्तु अन्तः सम्पश्यतः" (किम् अपि वस्तु) निर्विकल्प सत्तामात्र कुछ वस्तु, उसको (अन्तः सम्पश्यतः) भावश्रुतज्ञानके द्वारा प्रत्यक्षपने अवलम्बता है। भावार्थ इस प्रकार है—शुद्ध स्वरूपके अनुभवके काल जीव काष्ठके समान जड़ है ऐसा भी नहीं है, सामान्यतया सविकल्पी जीवके समान विकल्पी भी नहीं है, भावश्रुतके द्वारा कुछ निर्विकल्प वस्तुमात्रको अवलम्बता है। अवश्य अवलम्बता है। "परमं" ऐसे अवलम्बनको वचनद्वारसे कहनेको समर्थपना नहीं है, इसलिये कहना शक्य नहीं। कैसा है शुद्ध ज्ञानप्रकाश? "नित्योद्योतं" अविनाशी है प्रकाश जिसका। किस कारणसे? "रागादीनां झगिति विगमात्" (रागादीनां) राग, द्वेष, मोहकी जातिके हैं जितने असंख्यात लोकमात्र अशुद्ध परिणाम उनका (झगिति विगमात्) तत्काल विनाश होनेसे। कैसे हैं अशुद्ध परिणाम? "सर्वतः अपि आस्रवाणां" (सर्वतः अपि) सर्वथा प्रकार (आस्रवाणां) आस्रव ऐसा नाम-संज्ञा है जिनकी, ऐसे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जीवके अशुद्ध रागादि परिणामको सच्चा

आस्रवपना घटता है, उनका निमित्त पाकर कर्मरूप आस्रवती हैं जो पुद्गल की वर्गणा वे तो अशुद्ध परिणामके सहारेकी हैं, इसलिये उनकी कौन बात, परिणामोंके शुद्ध होने पर सहज ही मिटती है। और कैसा है शुद्ध ज्ञान? **''सर्वभावान् प्लावयन्''** (सर्वभावान्) जितने ज्ञेयवस्तु अतीत, अनागत, वर्तमान पर्यायसे सहित हैं उनको (प्लावयन्) अपनेमें प्रतिबिम्बित करता हुआ। किसके द्वारा? **''स्वरसविसरैः''** (स्वरस) चिद्रूप गुण, उसकी (विसरैः) अनन्त शक्ति, उसके द्वारा। कैसी है वे? **''स्फारस्फारैः''** (स्फार) अनन्त शक्ति, उससे भी (स्फारैः) अनन्तानन्तगुणी है। भावार्थ इस प्रकार है–द्रव्य अनन्त हैं, उनसे पर्यायभेद अनन्तगुणे हैं। उन समस्त ज्ञेयोंसे ज्ञानकी अनन्तगुणी शक्ति है। ऐसा द्रव्यका स्वभाव है। और कैसा है शुद्ध ज्ञान? **''आलोकान्तात् अचलम्''** सकल कर्मोंका क्षय होनेपर जैसा उत्पन्न हुआ वैसा ही अनन्त कालपर्यन्त रहेगा, कभी और-सा नहीं होगा। और कैसा है शुद्ध ज्ञान? **''अतुलं''** तीन लोकमें जिसका सुखरूप परिणमनका दृष्टांत नहीं है। ऐसा शुद्ध ज्ञानप्रकाश प्रगट हुआ ॥१२-१२४॥

–६–
संवर अधिकार

(शार्दूलविक्रीडित)

आसंसारविरोधिसंवरजयैकान्तावलिप्तास्रव-
न्यक्कारात्प्रतिलब्धनित्यविजयं सम्पादयत्संवरम्।
व्यावृत्तं पररूपतो नियमितं सम्यक् स्वरूपे स्फुर-
ज्ज्योतिश्चिन्मयमुज्ज्वलं निजरसप्राग्भारमुज्जृम्भते॥१-१२५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**चिन्मयम् ज्योतिः उज्जृम्भते**" (चित्) चेतना, वही है (मयम्) स्वरूप जिसका, ऐसा (ज्योतिः) प्रकाशरूप वस्तु (उज्जृम्भते) प्रगट होता है। कैसी है ज्योति? "**स्फुरत्**" सर्व काल प्रगट है। और कैसी है? "**उज्ज्वलं**" कर्मकलंकसे रहित है। और कैसी है? "**निजरसप्राग्भारम्**" (निजरस) चेतनगुण, उसका (प्राग्भारम्) समूह है। और कैसी है? "**पररूपतः व्यावृत्तं**" (पररूपतः) ज्ञेयाकार परिणमन, उससे (व्यावृत्तं) परान्मुख है। भावार्थ इस प्रकार है—सकल ज्ञेयवस्तुको जानती है तद्रूप नहीं होती, अपने स्वरूप रहती है। और कैसी है? "**स्वरूपे सम्यक् नियमितं**" (स्वरूपे) जीवका शुद्धस्वरूप, उसमें (सम्यक्) जैसी है वैसी (नियमितं) गाढ़रूपसे स्थापित है। और कैसी है? "**संवरम् सम्पादयत्**" (संवरम्) धाराप्रवाहरूप आस्रवता है ज्ञानावरणादि कर्म उसका निरोध (सम्पादयत्) करणशील है। भावार्थ इस प्रकार है—यहाँसे लेकर संवरका स्वरूप कहते हैं। कैसा है संवर? "**प्रतिलब्धनित्यविजयं**" (प्रतिलब्ध) पाया है (नित्य) शाश्वत (विजयं) जीतपना जिसने, ऐसा है। किस कारणसे ऐसा है? "**आसंसारविरोधिसंवरजयैकान्तावलिप्तास्रवन्यक्कारात्**" (आसंसार) अनंत कालसे लेकर (विरोधि) वैरी है ऐसा जो (संवर) बध्यमान कर्मका विरोध, उसका (जय) जीतपना, उसके द्वारा (एकान्तावलिप्त) मुझसे बड़ा तीन लोकमें कोई नहीं ऐसा हुआ है गर्व जिसको ऐसा (आस्रव) धाराप्रवाहरूप कर्मका आवागमन उसको (न्यक्कारात्) दूर करनेरूप मानभंगके

कारण। भावार्थ इस प्रकार है—आस्रव तथा संवर परस्पर अति ही वैरी हैं, इसलिये अनन्तकालसे लेकर सर्व जीवराशि विभाव मिथ्यात्व परिणतिरूप परिणमता है, इस कारण शुद्धज्ञानका प्रकाश नहीं है। इसलिये आस्रवके सहारे सर्व जीव हैं। काललब्धि पाकर कोई आसन्न भव्य जीव सम्यक्त्वरूप स्वभाव परिणति परिणमता है, इससे शुद्ध प्रकाश प्रगट होता है, इससे कर्मका आस्रव मिटता है। इससे शुद्ध ज्ञानका जीतपना घटित होता है॥१-१२५॥

(शार्दूलविक्रीडित)

चैद्रूप्यं जडरूपतां च दधतोः कृत्वा विभागं द्वयो-
रन्तर्दारुणदारणेन परितो ज्ञानस्य रागस्य च।
भेदज्ञानमुदेति निर्मलमिदं मोदध्वमध्यासिताः
शुद्धज्ञानघनौघमेकमधुना सन्तो द्वितीयच्युताः॥२-१२६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"इदं भेदज्ञानम् उदेति" (इदं) प्रत्यक्ष ऐसा (भेदज्ञानम्) जीवके शुद्धस्वरूपका अनुभव (उदेति) प्रगट होता है। कैसा है? "**निर्मलम्**" राग, द्वेष, मोहरूप अशुद्ध परिणतिसे रहित है। और कैसा है? "**शुद्धज्ञानघनौघम्**" (शुद्धज्ञान) शुद्धस्वरूपका ग्राहक ज्ञान, उसका (घन) समूह, उसका (ओघम्) पुञ्ज है। और कैसा है? "**एकम्**" समस्त भेदविकल्पसे रहित है। भेदज्ञान जिस प्रकार होता है उस प्रकार कहते हैं—"**ज्ञानस्य रागस्य च द्वयोः विभागं परतः कृत्वा**" (ज्ञानस्य) ज्ञानगुणमात्र (रागस्य) अशुद्ध परिणति, उन (द्वयोः) दोनोंका (विभागं) भिन्न-भिन्नपना (परतः) एक दूसरेसे (कृत्वा) करके भेदज्ञान प्रगट होता है। कैसे हैं वे दोनों? "**चैद्रूप्यं जडरूपतां च दधतोः**" चैतन्यमात्र जीवका स्वरूप, जडत्वमात्र अशुद्धपनाका स्वरूप। कैसा करके भिन्नपना किया? "**अन्तर्दारुणदारणेन**" (अन्तर्दारुण) अंतरंग सूक्ष्म अनुभव दृष्टि, ऐसी है (दारणेन) करोंत, उसके द्वारा। भावार्थ इस प्रकार है—शुद्ध ज्ञानमात्र तथा रागादि अशुद्धपना ये दोनों भिन्न-भिन्नरूपसे अनुभव करनेके लिये अति सूक्ष्म हैं, क्योंकि रागादि अशुद्धपना चेतनसा दिखता है, इसलिये अति सूक्ष्म दृष्टिसे जिस प्रकार पानी कीचड़से मिला होनेसे मैला हुआ है तथापि स्वरूपका अनुभव करने पर स्वच्छतामात्र पानी है, मैला है सो कीचड़की उपाधि है उसी प्रकार रागादि-परिणामके कारण ज्ञान अशुद्ध ऐसा दिखता है तथापि ज्ञानपनामात्र

ज्ञान है, रागादि अशुद्धपना उपाधि है। "**सन्तः अधुना इदं मोदध्वम्**" (सन्तः) सम्यग्दृष्टि जीव (अधुना) वर्तमान समयमें (इदं मोदध्वम्) शुद्ध ज्ञानानुभवको आस्वादो। कैसे हैं सन्तपुरुष? "**अध्यासिताः**" शुद्धस्वरूपका अनुभव है जीवन जिनका ऐसे हैं। और कैसे हैं? "**द्वितीयच्युताः**" हेय वस्तुको नहीं अवलम्बते हैं॥२-१२६॥

(मालिनी)

यदि कथमपि धारावाहिना बोधनेन
ध्रुवमुपलभमानः शुद्धमात्मानमास्ते।
तदयमुदयदात्माराममात्मानमात्मा
परपरिणतिरोधाच्छुद्धमेवाभ्युपैति॥३-१२७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—"**तत् अयम् आत्मा आत्मानम् शुद्धम् अभ्युपैति**" (तत्) तिस कारण (अयम् आत्मा) यह प्रत्यक्ष जीव (आत्मानम्) अपने स्वरूपको (शुद्धम्) जितने हैं द्रव्यकर्म भावकर्म, उनसे रहित (अभ्युपैति) प्राप्त करता है। कैसा है आत्मा? "**उदयदात्मारामम्**" (उदयत्) प्रगट हुआ है (आत्मा) अपना द्रव्य, ऐसा है (आरामम्) निवास जिसका, ऐसा है। किस कारणसे शुद्धकी प्राप्ति होती है। "**परपरिणतिरोधात्**" (परपरिणति) अशुद्धपना, उसके (रोधात्) विनाशसे। अशुद्धपनाका विनाश जिस प्रकार होता है उस प्रकार कहते हैं—"**यदि आत्मा कथमपि शुद्धम् आत्मानम् उपलभमानः आस्ते**" (यदि) जो (आत्मा) चेतन द्रव्य (कथमपि) काललब्धिको पाकर सम्यक्त्व पर्यायरूप परिणमता हुआ (शुद्धम्) द्रव्यकर्म, भावकर्मसे रहित ऐसे (आत्मानम्) अपने स्वरूपको (उपलभमानः आस्ते) आस्वादता हुआ प्रवर्तता है। कैसा करके? "**बोधनेन**" भावश्रुतज्ञानके द्वारा। कैसा है? "**धारावाहिना**" अखण्डित धाराप्रवाहरूप निरन्तर प्रवर्तता है। "**ध्रुवम्**" इस बातका निश्चय है॥३-१२७॥

(मालिनी)

निजमहिमरतानां भेदविज्ञानशक्त्या
भवति नियतमेषां शुद्धतत्त्वोपलम्भः।

अचलितमखिलान्यद्रव्यदूरेस्थितानां
भवति सति च तस्मिन्नक्षयः कर्ममोक्षः ॥४-१२८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एषां निजमहिमरतानां शुद्धतत्त्वोपलम्भः भवति" (एषां) ऐसे जो हैं, कैसे ? (निजमहिम) जीवके शुद्ध स्वरूप परिणमनमें (रतानां) मग्न हैं जो कोई, उनको (शुद्धतत्त्वोपलम्भः भवति) सकल कर्मोंसे रहित अनन्त चतुष्टय विराजमान ऐसा जो आत्मवस्तु उसकी प्राप्ति होती है। "नियतम्" अवश्य होती है ? कैसे करके होती है ? "भेदविज्ञानशक्त्या" (भेदविज्ञान) समस्त परद्रव्योंसे आत्मस्वरूप भिन्न है ऐसे अनुभवरूप (शक्त्या) सामर्थ्यके द्वारा। "तस्मिन् सति कर्ममोक्षः भवति" (तस्मिन्) शुद्ध-स्वरूपकी प्राप्ति होनेपर (कर्ममोक्षः भवति) द्रव्यकर्म, भावकर्मका मूलसे विनाश होता है। "अचलितम्" ऐसा द्रव्यका स्वरूप अमिट है। कैसा है कर्मक्षय ? "अक्षयः" आगामी अनन्त काल तक और कर्मका बन्ध नहीं होगा। जिन जीवोंका कर्मक्षय होता है वे जीव कैसे हैं ? "अखिलान्यद्रव्यदूरे स्थितानां" (अखिल) समस्त ऐसे जो (अन्यद्रव्य) अपने जीवद्रव्यसे भिन्न सब द्रव्य, उनसे (दूरे स्थितानां) सर्व प्रकार भिन्न हैं ऐसे जो जीव, उनके ॥४-१२८॥

(उपजाति)

सम्पद्यते संवर एष साक्षा-
च्छुद्धात्मतत्त्वस्य किलोपलम्भात् ।
स भेदविज्ञानत एव तस्मात्
तद्भेदविज्ञानमतीव भाव्यम् ॥५-१२९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तद भेदविज्ञानम् अतीव भाव्यम्" (तत्) उस कारणसे (भेदविज्ञानम्) समस्त परद्रव्योंसे भिन्न चैतन्य स्वरूपका अनुभव (अतीव भाव्यम्) सर्वथा उपादेय है ऐसा मानकर अखण्डित धाराप्रवाहरूप अनुभव करना योग्य है। कैसा होनेसे ? "किल शुद्धात्मतत्त्वस्य उपलम्भात् एषः संवरः साक्षात् सम्पद्यते" (किल) निश्चयसे (शुद्धात्मतत्त्वस्य) जीवके शुद्धस्वरूपके (उपलम्भात्) प्राप्ति होनेसे (एषः संवरः) नूतन कर्मके आगमनरूप आस्रवका निरोधलक्षण संवर (साक्षात् सम्पद्यते) सर्वथा

प्रकार होता है। ''स भेदविज्ञानतः एव'' (सः) शुद्धस्वरूपका प्रगटपना (भेदविज्ञानतः) शुद्धस्वरूपके अनुभवसे (एव) निश्चयसे होता है। ''तस्मात्'' तिस कारण भेदविज्ञान भी विनाशीक है तथापि उपादेय है ॥५-१२९॥

(अनुष्टुप)

भावयेद्भेदविज्ञानमिदमच्छिन्नधारया।
तावद्यावत्पराच्च्युत्वा ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठते॥६-१३०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इदम् भेदविज्ञानम् तावत् अच्छिन्नधारया भावयेत्'' (इदम् भेदविज्ञानम्) पूर्वोक्त लक्षण है जो शुद्ध स्वरूपका अनुभव उसका (तावत्) उतने काल तक (अच्छिन्नधारया) अखण्डित धाराप्रवाहरूपसे (भावयेत्) आस्वाद करे। ''यावत् परात् च्युत्वा ज्ञानं ज्ञाने प्रतिष्ठते'' (यावत्) जितने कालमें (परात् च्युत्वा) परसे छूटकर (ज्ञानं) आत्मा (ज्ञाने) शुद्ध स्वरूपमें (प्रतिष्ठते) एकरूप परिणमे। भावार्थ इस प्रकार है—निरन्तर शुद्ध स्वरूपका अनुभव कर्तव्य है। जिस काल सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्ष होगा उस काल समस्त विकल्प सहज ही छूट जायेंगे। वहाँ भेदविज्ञान भी एक विकल्परूप है, केवलज्ञानके समान जीवका शुद्धस्वरूप नहीं है, इसलिये सहज ही विनाशीक है ॥६-१३०॥

(अनुष्टुप)

भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
अस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन॥७-१३१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ये किल केचन सिद्धाः ते भेदविज्ञानतः सिद्धाः'' (ये) आसन्न भव्य जीव हैं जो कोई (किल) निश्चयसे (केचन) संसारी जीवराशिमेंसे जो कोई गिनतीके (सिद्धाः) सकल कर्मोंका क्षय कर निर्वाणपदको प्राप्त हुये (ते) वे समस्त जीव (भेदविज्ञानतः) सकल परद्रव्योंसे भिन्न शुद्धस्वरूपके अनुभवसे (सिद्धाः) मोक्षपदको प्राप्त हुए। भावार्थ इस प्रकार है—मोक्षका मार्ग शुद्धस्वरूपका अनुभव, अनादि संसिद्ध यही एक मोक्षमार्ग है। ''ये केचन बद्धाः ते किल अस्य एव अभावतः बद्धाः'' (ये केचन) जो

कोई (बद्धाः) ज्ञानावरणादि कर्मोंसे बँधे हैं (ते) वे समस्त जीव (किल) निश्चयसे (अस्य एव) ऐसा जो भेदविज्ञान, उसके (अभावतः) नहीं होनेसे (बद्धाः) बद्ध होकर संसारमें रुल रहे हैं। भावार्थ इस प्रकार है—भेदज्ञान सर्वथा उपादेय है ॥७-१३१॥

(मन्दाक्रान्ता)

भेदज्ञानोच्छलनकलनाच्छुद्धतत्त्वोपलम्भा-
द्रागग्रामप्रलयकरणात्कर्मणां संवरेण।
बिभ्रत्तोषं परममलालोकमम्लानमेकं
ज्ञानं ज्ञाने नियतमुदितं शाश्वतोद्योतमेतत् ॥८-१३२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एतत् ज्ञानं उदितं" (एतत्) प्रत्यक्ष विद्यमान (ज्ञानं) शुद्ध चैतन्यप्रकाश (उदितं) आस्रवका निरोध करके प्रगट हुआ। कैसा है? "ज्ञाने नियतम्" अनन्त कालसे परिणमता था अशुद्ध रागादि विभावरूप वह काललब्धि पाकर अपने शुद्धस्वरूप परिणमा है। और कैसा है? "शाश्वतोद्योतम्" अविनश्वर प्रकाश है जिसका, ऐसा है। और कैसा है? "तोषं बिभ्रत्" अतीन्द्रिय सुखरूप परिणमा है। और कैसा है? "परमम्" उत्कृष्ट है। और कैसा है? "अमलालोकम्" सर्वथा प्रकार सर्व काल सर्व त्रैलोक्यमें निर्मल है—साक्षात् शुद्ध है। और कैसा है? "अम्लानम्" सदा प्रकाशरूप है। और कैसा है? "एकं" निर्विकल्प है। शुद्ध ज्ञान ऐसा जिस प्रकार हुआ है उसी प्रकार कहते हैं—"कर्मणां संवरेण" ज्ञानावरणादिरूप आस्रवते थे जो कर्मपुद्गल उनके निरोधसे। कर्मका निरोध जिस प्रकार हुआ है उस प्रकार कहते हैं— "रागग्रामप्रलयकरणात्" (राग) राग, द्वेष, मोहरूप अशुद्ध विभाव परिणाम, उनका (ग्राम) समूह—असंख्यात लोकमात्र भेद, उनका (प्रलय) मूलसे सत्तानाश, उसके (करणात्) करनेसे। ऐसा भी किस कारणसे? "शुद्धतत्त्वोपलम्भात्" (शुद्धतत्त्व) शुद्ध चैतन्य वस्तु, उसकी (उपलम्भात्) साक्षात् प्राप्ति, उससे। ऐसा भी किस कारणसे? "भेदज्ञानोच्छलनकलनात्" (भेदज्ञान) शुद्धस्वरूप ज्ञान, उसका (उच्छलन) प्रगटपना, उसका (कलनात्) निरन्तर अभ्यास, उससे। भावार्थ इस प्रकार है—शुद्ध स्वरूपका अनुभव उपादेय है ॥८-१३२॥

–७–
निर्जरा अधिकार

(शार्दूलविक्रीडित)

रागाद्यास्रवरोधतो निजधुरां धृत्वा परः संवरः
कर्मागामि समस्तमेव भरतो दूरान्निरुन्धन् स्थितः।
प्राग्बद्धं तु तदेव दग्धुमधुना व्याजृम्भते निर्जरा
ज्ञानज्योतिरपावृत्तं न हि यतो रागादिभिर्मूर्च्छति॥१-१३३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अधुना निर्जरा व्याजृम्भते'' (अधुना) यहाँसे लेकर (निर्जरा) पूर्वबद्ध कर्मका अकर्मरूप परिणाम (व्याजृम्भते) प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है–निर्जराका स्वरूप जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं। निर्जरा किसके निमित्त (किसके लिये) है? ''तु तत् एव प्राग्बद्धं दग्धुम्'' (तु) संवरपूर्वक (तत्) जो ज्ञानावरणादि कर्म (एव) निश्चयसे (प्राग्बद्धं) सम्यक्त्वके नहीं होने पर मिथ्यात्व, राग, द्वेष परिणामसे बँधा था उसको (दग्धुम्) जलानेके लिये। कुछ विशेष– ''संवरः स्थितः'' संवर अग्रेसर हुआ है जिसका ऐसी है निर्जरा। भावार्थ इस प्रकार है– संवरपूर्वक जो निर्जरा सो निर्जरा, क्योंकि जो संवरके बिना होती है सब जीवोंको उदय देकर कर्मकी निर्जरा सो निर्जरा नहीं है। कैसा है संवर? ''रागाद्यास्रवरोधतः निजधुरां धृत्वा आगामि समस्तम् एव कर्म भरतः दूरात् निरुन्धन्'' (रागाद्यास्रवरोधतः) रागादि आस्रव भावोंके निरोधसे (निजधुरां) अपने एक संवररूप पक्षको (धृत्वा) धरता हुआ (आगामि) अखण्ड धाराप्रवाहरूप आस्रवित होनेवाले (समस्तम् एव कर्म) नाना प्रकारके ज्ञानावरणीय दर्शनावरणीय इत्यादि अनेक प्रकारके पुद्गल कर्मको (भरतः) अपने बड़प्पनसे (दूरात् निरुन्धन्) पासमें आने नहीं देता है। संवरपूर्वक निर्जरा कहने पर जो कुछ कार्य हुआ सो कहते हैं—''यतः ज्ञानज्योतिः अपावृत्तं रागादिभिः न मूर्च्छति''

(यतः) जिस निर्जरा द्वारा (ज्ञानज्योतिः) जीवका शुद्ध स्वरूप (अपावृत्तं) निरावरण होता हुआ (रागादिभिः) अशुद्ध परिणामोंसे (न मूर्च्छति) अपने स्वरूपको छोड़कर रागादिरूप नहीं होता ।।१-१३३।।

(अनुष्टुप)

तज्ज्ञानस्यैव सामर्थ्यं विरागस्यैव वा किल।
यत्कोऽपि कर्मभिः कर्म भुञ्जानोऽपि न बध्यते।।२-१३४।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''तत् सामर्थ्यं किल ज्ञानस्य एव वा विरागस्य एव'' (तत् सामर्थ्यं) ऐसी सामर्थ्य (किल) निश्चयसे (ज्ञानस्य एव) शुद्ध स्वरूपके अनुभवकी है, (वा विरागस्य एव) अथवा रागादि अशुद्धपना छूटा है, उसकी है। वह सामर्थ्य कौन ? ''यत् कोऽपि कर्म भुञ्जानोऽपि कर्मभिः न बध्यते'' (यत्) जो सामर्थ्य ऐसी है कि (कोऽपि) कोई सम्यग्दृष्टि जीव (कर्म भुञ्जानोऽपि) पूर्व ही बाँधा है ज्ञानावरणादि कर्म उसके उदयसे हुई है शरीर, मन, वचन, इन्द्रिय, सुख, दुःखरूप नाना प्रकारकी सामग्री, उसको यद्यपि भोगता है तथापि (कर्मभिः) ज्ञानावरणादिसे (न बध्यते) नहीं बँधता है। जिस प्रकार कोई वैद्य प्रत्यक्षरूपसे विषको खाता है तो भी नहीं मरता है और गुण जानता है, इससे अनेक यत्न जानता है, उससे विषकी प्राणघातक शक्ति दूर कर दी है। वही विष अन्य जीव खावे तो तत्काल मरे, उससे वैद्य नहीं मरता। ऐसी जानपनेकी सामर्थ्य है। अथवा कोई शूद्र मदिरा पीता है। परन्तु परिणामोंमें कुछ दुश्चिन्ता है, मदिरा पीनेमें रुचि नहीं है, ऐसा शूद्र जीव मतवाला नहीं होता। जैसा था वैसा ही रहता है। मद्य तो ऐसा है जो अन्य कोई पीता है तो तत्काल मतवाला होता है। सो जो कोई मतवाला नहीं होता ऐसे अरुचि परिणामका गुण जानो। उसी प्रकार कोई सम्यग्दृष्टि जीव नाना प्रकारकी सामग्रीको भोगता है, सुख-दुःखको जानता है, परन्तु ज्ञानमें शुद्ध स्वरूप आत्माको अनुभवता है, उससे ऐसा अनुभवता है जो ऐसी सामग्री कर्मका स्वरूप है, जीवको दुःखमय है, जीवका स्वरूप नहीं, उपाधि है ऐसा जानता है। उस जीवको ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध नहीं होता है। सामग्री तो ऐसी है जो मिथ्यादृष्टिके भोगनेमात्र कर्मबन्ध होता है। जो जीवको कर्मबन्ध नहीं होता, वह जानपनाकी सामर्थ्य है ऐसा जानना। अथवा सम्यग्दृष्टि जीव नानाप्रकारके कर्मके उदयफल भोगता है, परन्तु अभ्यंतर शुद्ध स्वरूपको अनुभवता है, इसलिये कर्मके

उदयफलमें रति नहीं उपजती, उपाधि जानता है, दुःख जानता है, इसलिये अत्यन्त रूखा है। ऐसे जीवके कर्मका बन्ध नहीं होता है, वह रूखे परिणामोंकी सामर्थ्य है ऐसा जानो। इसलिये ऐसा अर्थ ठहराया जो सम्यग्दृष्टि जीवके शरीर, इन्द्रिय आदि विषयोंका भोग निर्जराके लेखेमें है, निर्जरा होती है। क्योंकि आगामी कर्म तो नहीं बँधता है, पिछला उदयफल देकर मूलसे निर्जर जाता है, इसलिये सम्यग्दृष्टिका भोग निर्जरा है॥२-१३४॥

(रथोद्धता)

नाश्नुते विषयसेवनेऽपि यत्
स्वं फलं विषयसेवनस्य ना।
ज्ञानवैभवविरागताबलात्
सेवकोऽपि तदसावसेवकः॥३-१३५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तत् असौ सेवकः अपि असेवकः" (तत्) जिस कारणसे (असौ) सम्यग्दृष्टि जीव (सेवकः अपि) कर्मके उदयसे हुआ है जो शरीर पञ्चेन्द्रिय विषय सामग्री, उसको भोगता है तथापि (असेवकः) नहीं भोगता है। किस कारण? "यत् ना विषयसेवनेऽपि विषयसेवनस्य स्वं फलं न अश्नुते" (यत्) जिस कारणसे (ना) सम्यग्दृष्टि जीव (विषयसेवनेऽपि) पञ्चेन्द्रियसम्बन्धी विषयोंको सेवता है तथापि (विषयसेवनस्य स्वं फलं) पञ्चेन्द्रिय भोगका फल है ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध, उसको (न अश्नुते) नहीं पाता है। ऐसा भी किस कारणसे? "ज्ञानवैभवविरागताबलात्" (ज्ञानवैभव) शुद्धस्वरूपका अनुभव, उसकी महिमा, उसके कारण अथवा (विरागताबलात्) कर्मके उदयसे है विषयका सुख, जीवका स्वरूप नहीं है, इसलिये विषयसुखमें रति नहीं उत्पन्न होती है, उदास भाव है, इस कारण कर्मबन्ध नहीं होता है। भावार्थ इस प्रकार है— सम्यग्दृष्टि जो भोग भोगता है सो निर्जराके निमित्त है॥३-१३५॥

(मन्दाक्रान्ता)

सम्यग्दृष्टेर्भवति नियतं ज्ञानवैराग्यशक्तिः
स्वं वस्तुत्वं कलयितुमयं स्वान्यरूपाप्तिमुक्त्या।

यस्माज्ज्ञात्वा व्यतिकरमिदं तत्त्वतः स्वं परं च
स्वस्मिन्नास्ते विरमति परात्सर्वतो रागयोगात् ।।४-१३६।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''सम्यग्दृष्टेः नियतं ज्ञानवैराग्यशक्तिः भवति'' (सम्यग्दृष्टेः) द्रव्यरूपसे मिथ्यात्वकर्म उपशमा है, भावरूपसे शुद्ध सम्यक्त्व भावरूप परिणमा है जो जीव, उसके (ज्ञान) शुद्धस्वरूपका अनुभवरूप जानपना, (वैराग्य) जितने परद्रव्य द्रव्यकर्मरूप, भावकर्मरूप, नोकर्मरूप ज्ञेयरूप हैं उन समस्त पर द्रव्योंका सर्व प्रकार त्याग (शक्तिः) ऐसी दो शक्तियाँ (नियतं भवति) अवश्य होती है—सर्वथा होती हैं। दोनों शक्तियाँ जिस प्रकार होती हैं उस प्रकार कहते हैं—''**यस्मात् अयं स्वस्मिन् आस्ते परात् सर्वतः रागयोगात् विरमति**'' (यस्मात्) जिस कारण (अयं) सम्यग्दृष्टि (स्वस्मिन् आस्ते) सहज ही शुद्धस्वरूपमें अनुभवरूप होता है तथा (परात् रागयोगात्) पुद्गल द्रव्यकी उपाधिसे रहित है जितनी रागादि अशुद्ध परिणति उससे (सर्वतः विरमति) सर्व प्रकार रहित होता है। भावार्थ इस प्रकार है—ऐसा लक्षण सम्यग्दृष्टि जीवके अवश्य होता है। ऐसा लक्षण होने पर अवश्य वैराग्य गुण है। क्या करके ऐसा होता है? ''**स्वं परं च इदं व्यतिकरम् तत्त्वतः ज्ञात्वा**'' (स्वं) शुद्ध चैतन्यमात्र मेरा स्वरूप है, (परं) द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्मका विस्तार पराया—पुद्गल द्रव्यका है, (इदं व्यतिकरम्) ऐसा विवरण (तत्त्वतः ज्ञात्वा) कहनेके लिये नहीं है, वस्तु स्वरूप ऐसा ही है ऐसा अनुभवरूप जानता है सम्यग्दृष्टि जीव, इसलिये ज्ञानशक्ति है। आगे इतना करता है सम्यग्दृष्टि जीव सो किसके लिये? उत्तर इस प्रकार है—''**स्वं वस्तुत्वं कलयितुम्**'' (स्वं वस्तुत्वं) अपना शुद्धपना, उसके (कलयितुम्) निरन्तर अभ्यास अर्थात् वस्तुकी प्राप्तिके निमित्त। उस वस्तुकी प्राप्ति किससे होती है? ''**स्वान्यरूपाप्तिमुक्त्या**'' अपने शुद्ध स्वरूपका लाभ परद्रव्यका सर्वथा त्याग ऐसे कारणसे ।।४-१३६।।

(मन्दाक्रान्ता)

सम्यग्दृष्टिः स्वयमयमहं जातु बन्धो न मे स्या-
दित्युत्तानोत्पुलकवदना रागिणोऽप्याचरन्तु।

आलम्बन्तां समितिपरतां ते यतोऽद्यापि पापा
आत्मानात्मावगमविरहात्सन्ति सम्यक्त्वरिक्ताः ॥५-१३७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—इस बार ऐसा कहते हैं कि सम्यग्दृष्टि जीवके विषय भोगते हुये कर्मका बन्ध नहीं है, सो कारण ऐसा कि सम्यग्दृष्टिका परिणाम अति ही रूखा है, इसलिये भोग ऐसा लगता है मानो कोई रोगका उपसर्ग होता है। इसलिये कर्मका बन्ध नहीं है, ऐसा ही है। जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव पंचेन्द्रियोंके विषयके सुखको भोगते हैं वे परिणामोंसे चिकने हैं, मिथ्यात्व भावका ऐसा ही परिणाम है, सहारा किसका है। सो वे जीव ऐसा मानते हैं कि हम भी सम्यग्दृष्टि हैं, हमारे भी विषय सुख भोगते हुये कर्मका बन्ध नहीं है। सो वे जीव धोखेमें पड़े हैं, उनको कर्मका बन्ध अवश्य है। इसलिये वे जीव मिथ्यादृष्टि अवश्य हैं। मिथ्यात्वभावके बिना कर्मकी सामग्रीमें प्रीति नहीं उपजती है, ऐसा कहते हैं—"**ते रागिणः अद्यापि पापाः**" (ते) मिथ्यादृष्टि जीवराशि (रागिणः) शरीर पञ्चेन्द्रियके भोगसुखमें अवश्यकर रंजक हैं। (अद्यापि) करोड़ उपाय जो करे अनन्त कालतक तथापि (पापाः) पापमय हैं। ज्ञानावरणादि कर्मबन्धको करते हैं, महानिन्द्य हैं। किस कारणसे ऐसे हैं? "**यतः सम्यक्त्वरिक्ताः सन्ति**" (यतः) जिस कारणसे विषय-सुखरंजक है जितनी जीवराशि वे, (सम्यक्त्वरिक्ताः सन्ति) शुद्धात्मस्वरूपके अनुभवसे शून्य हैं। किस कारणसे? "**आत्मानात्मावगमविरहात्**" (आत्मा) शुद्ध चैतन्य वस्तु, (अनात्मा) द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म, उनका (अवगम) हेयोपादेयरूप भिन्नपनेरूप जानपना, उसका (विरहात्) शून्यपना होनेसे। भावार्थ इस प्रकार है—मिथ्यादृष्टि जीवके शुद्ध वस्तुके अनुभवकी शक्ति नहीं होती ऐसा नियम है, इसलिये मिथ्यादृष्टि जीव कर्मका उदय आया जानकर अनुभवता है, पर्यायमात्रमें अत्यन्त रत है। इस कारण मिथ्यादृष्टि सर्वथा रागी है। रागी होनेसे कर्मबन्ध कर्ता है। कैसा है मिथ्यादृष्टि जीव? "**अयम् अहं स्वयम् सम्यग्दृष्टिः जातु मे बन्धः न स्यात्**" '(अयं अहं) यह जो हूँ मैं, (स्वयम् सम्यग्दृष्टिः) स्वयं सम्यग्दृष्टि हूँ, इस कारण (जातु) त्रिकाल ही (मे बन्धः न स्यात्) अनेक प्रकारका विषयसुख भोगते हुये भी हमें तो कर्मका बन्ध नहीं है। "**इति आचरन्तु**" ऐसे जीव ऐसा मानते हैं तो मानो तथापि उनके कर्मबन्ध है। और कैसे हैं? "**उत्तानोत्पुलकवदनाः**" (उत्तान) ऊँचा कर (उत्पुलक) फुलाया है (वदनाः) गालमुख जिन्होंने, ऐसे हैं। "**अपि**" अथवा कैसे

हैं ? **''समितिपरतां आलम्बन्तां''** (समिति) मौनपना अथवा थोड़ा बोलना अथवा अपनेको हीना करके बोलना, इनका (परतां) समानरूप सावधानपना उसको (आलम्बन्तां) अवलम्बन करते हैं अर्थात् सर्वथा प्रकार इस रूप प्रकृतिका स्वभाव है जिनका, ऐसे हैं। तथापि रागी होनेसे मिथ्यादृष्टि हैं, कर्मका बन्ध करते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—जो कोई जीव पर्यायमात्रमें रत होते हुये प्रगट मिथ्यादृष्टि हैं उनकी प्रकृतिका स्वभाव है कि हम सम्यग्दृष्टि, हमें कर्मका बन्ध नहीं ऐसा मुखसे गरजते हैं, कितने ही प्रकृतिके स्वभावके कारण मौन-सा रहते हैं, कितने थोड़ा बोलते हैं। सो ऐसे होकर रहते हैं सो यह समस्त प्रकृतिका स्वभावभेद है। इसमें परमार्थ तो कुछ नहीं। जितने काल तक जीव पर्यायमें आपापन अनुभवता है उतने काल तक मिथ्यादृष्टि है, रागी है, कर्मका बन्ध करता है॥५-१३७॥

(मन्दाक्रान्ता)

आसंसारात्प्रतिपदममी रागिणो नित्यमत्ताः
सुप्ता यस्मिन्नपदमपदं तद्विबुध्यध्वमन्धाः।
एतैतेतः पदमिदमिदं यत्र चैतन्यधातुः
शुद्धः शुद्धः स्वरसभरतः स्थायिभावत्वमेति॥६-१३८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''भो अन्धाः'' (भो) सम्बोधन वचन, (अन्धाः) शुद्ध स्वरूपके अनुभवसे शून्य हैं जितनी जीवराशि। **''तत् अपदं अपदं विबुध्यध्वम्''** (तत्) कर्मके उदयसे है जो चार गतिरूप पर्याय तथा रागादि अशुद्ध परिणाम तथा इन्द्रियविषयजनित सुख दुःख इत्यादि अनेक हैं वह (अपदं अपदं) जितना कुछ है—कर्म संयोगकी उपाधि है, दो बार कहने पर सर्वथा जीवका स्वरूप नहीं है, (विबुध्यध्वम्) ऐसा अवश्य कर जानो। कैसा है मायाजाल ? **''यस्मिन् अमी रागिणः आसंसारात् सुप्ताः''** (यस्मिन्) जिसमें—कर्मका उदयजनित अशुद्ध पर्यायमें (अमी रागिणः) प्रत्यक्षरूपसे विद्यमान हैं जो पर्यायमात्रमें राग करनेवाले जीव वे (आसंसारात् सुप्ताः) अनादिकालसे लेकर उसरूप अपनेको अनुभवते हैं। भावार्थ इस प्रकार है—अनादिकालसे लेकर ऐसे स्वादको सर्व मिथ्यादृष्टि जीव आस्वादते हैं कि मैं देव हूँ, मनुष्य हूँ, सुखी हूँ, दुःखी हूँ, ऐसा पर्यायमात्रको आपा अनुभवते हैं, इसलिये सर्व जीवराशि जैसा अनुभवती है सो सर्व झूठा है, जीवका

तो स्वरूप नहीं है। कैसी है सर्व जीवराशि ? **प्रतिपदम् नित्यमत्ताः** (प्रतिपदम्) जैसी पर्याय ली उसीरूप (नित्यमत्ताः) ऐसे मतवाले हुये कि कोई काल कोई उपाय करनेपर मतवालापन उतरता नहीं। शुद्ध चैतन्यस्वरूप जैसा है वैसा दिखलाते हैं–**''इतः एत एत''** पर्यायमात्र अवधारा है आपा, ऐसे मार्ग मत जाओ, मत जाओ, क्योंकि (वह) तेरा मार्ग नहीं है, नहीं है। इस मार्ग पर आओ, अरे ! आओ, क्योंकि **''इदं पदं इदं पदं''** तेरा मार्ग यहाँ है, यहाँ है। **''यत्र चैतन्यधातुः''** (यत्र) जिसमें (चैतन्यधातुः) चेतनामात्र वस्तुका स्वरूप है। कैसा है ? **''शुद्धः शुद्धः''** सर्वथा प्रकार सर्व उपाधिसे रहित है। दो बार कहकर अत्यन्त गाढ़ किया है। और कैसा है ? **''स्थायिभावत्वम् एति''** अविनश्वर भावको पाता है। किस कारणसे ? **''स्वरसभरतः''** (स्वरस) चेतनास्वरूप उसके (भरतः) भारसे अर्थात् कहनामात्र नहीं है, सत्यस्वरूप वस्तु है, इसलिये नित्य शाश्वत है। भावार्थ इस प्रकार है–जिसको–पर्यायको मिथ्यादृष्टि जीव आपा कर जानता है वे तो सर्व विनाशीक हैं, इसलिये जीवका स्वरूप नहीं हैं। चेतनामात्र अविनाशी है, इसलिये जीवका स्वरूप है ॥६-१३८॥

(अनुष्टुप)

एकमेव हि तत्स्वाद्यं विपदामपदं पदम्।
अपदान्येव भासन्ते पदान्यन्यानि यत्पुरः ॥७-१३९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**तत् पदम् स्वाद्यं''** (तत्) शुद्ध चैतन्यमात्र वस्तुरूप (पदम्) मोक्षका कारण (स्वाद्यं) निरन्तर अनुभव करना। कैसा है ? **''हि एकम् एव''** (हि) निश्चयसे (एकम् एव) समस्त भेद विकल्पसे रहित निर्विकल्प वस्तुमात्र है। और कैसा है ? **''विपदाम् अपदं''** (विपदाम्) चतुर्गति संसार-सम्बन्धी नाना प्रकारके दुःखोंका (अपदं) अभावलक्षण है। भावार्थ इस प्रकार है–आत्मा सुखस्वरूप है। साता-असाता कर्मके उदयके संयोग होते हैं जो सुख दुःख सो जीवका स्वरूप नहीं हैं, कर्मकी उपाधि हैं। और कैसा है ? **यत्पुरः अन्यानि पदानि अपदानि एव भासन्ते''** (यत्पुरः) जिस शुद्ध स्वरूपका अनुभवरूप आस्वाद आने पर (अन्यानि पदानि) चारगतिकी पर्याय, राग, द्वेष, मोह, सुख दुःखरूप इत्यादि जितने अवस्थाभेद हैं वे (अपदानि एव भासन्ते) जीवका स्वरूप नहीं हैं, उपाधिरूप हैं, विनश्वर है, दुःखरूप हैं, ऐसा स्वाद स्वानुभव प्रत्यक्षरूपसे आता है। भावार्थ इस प्रकार है–शुद्ध चिद्रूप उपादेय, अन्य समस्त हेय ॥७-१३९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

एकज्ञायकभावनिर्भरमहास्वादं समासादयन्
स्वादं द्वन्द्वमयं विधातुमसहः स्वां वस्तुवृत्तिं विदन्।
आत्मात्मानुभवानुभावविवशो भ्रश्यद्विशेषोदयं
सामान्यं कलयन् किलैष सकलं ज्ञानं नयत्येकताम्॥८-१४०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''एषः आत्मा सकलं ज्ञानं एकताम् नयति'' (एष आत्मा) वस्तुरूप विद्यमान चेतन द्रव्य (सकलं ज्ञानं) जितनी पर्यायरूप परिणमा है ज्ञान—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनपर्ययज्ञान, केवलज्ञान इत्यादि अनेक विकल्परूप परिणमा है ज्ञान, उसको (एकताम्) निर्विकल्परूप (नयति) अनुभवता है। भावार्थ इस प्रकार है—जिस प्रकार उष्णतामात्र अग्नि है, इसलिये दाह्य वस्तुको जलाती हुई दाह्यके आकार परिणमती है, इसलिये लोगोंको ऐसी बुद्धि उपजती है कि काष्ठकी अग्नि, छानाकी अग्नि, तृणकी अग्नि। सो वे समस्त विकल्प झूठे हैं। अग्निके स्वरूपका विचार करने पर उष्णतामात्र अग्नि है, एकरूप है। काष्ठ, छाना, तृण अग्निका स्वरूप नहीं है उसी प्रकार ज्ञान चेतनाप्रकाशमात्र है, समस्त ज्ञेयवस्तुको जाननेका स्वभाव है, इसलिये समस्त ज्ञेयवस्तुको जानता है, जानता हुआ ज्ञेयाकार परिणमता है। इससे ज्ञानी जीवको ऐसी बुद्धि उपजती है कि मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान ऐसे भेद विकल्प सब झूठे हैं। ज्ञेयकी उपाधिसे मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय, केवल ऐसे विकल्प उपजे हैं। कारण कि ज्ञेयवस्तु नाना प्रकार है। जैसे ही ज्ञेयका ज्ञायक होता है वैसा ही नाम पाता है, वस्तुस्वरूपका विचार करने पर ज्ञानमात्र है। नाम धरना सब झूठा है। ऐसा अनुभव शुद्ध स्वरूपका अनुभव है। ''किल'' निश्चयसे ऐसा ही है। कैसा है अनुभवशीली आत्मा? **एकज्ञायकभावनिर्भरमहास्वादं समासादयन्**'' (एक) निर्विकल्प ऐसा जो (ज्ञायकभाव) चेतनद्रव्य, उसमें (निर्भर) अत्यन्त मग्नपना, उससे हुआ है (महास्वादं) अनाकुललक्षण सौख्य, उसको (समासादयन्) आस्वादता हुआ। और कैसा है? ''**द्वन्द्वमयं स्वादं विधातुम् असहः**'' (द्वन्द्वमयं) कर्मके संयोगसे हुआ है विकल्परूप आकुलतारूप (स्वादं) अज्ञानी जन सुख करके मानते हैं परन्तु दुःखरूप है ऐसा जो इन्द्रिय विषयजनित सुख उसको

(विधातुम्) अंगीकार करनेके लिये (असहः) असमर्थ है। भावार्थ इस प्रकार है—विषय कषायको दुःखरूप जानते हैं। और कैसा है? **''स्वां वस्तुवृत्तिं विदन्''** (स्वां) अपना द्रव्यसम्बन्धी (वस्तुवृत्तिं) आत्माका शुद्धस्वरूप, उससे (विदन्) तद्रूप परिणमता हुआ। और कैसा है? **''आत्मात्मानुभवानुभावविवशः''** (आत्मा) चेतन द्रव्य उसका (आत्मानुभव) आस्वाद उसकी (अनुभाव) महिमा उसके द्वारा (विवशः) गोचर है। और कैसा है? **''विशेषोदयं भ्रस्यत्''** (विशेष) ज्ञानपर्याय उसके द्वारा (उदयं) नाना प्रकार उनको (भ्रस्यत्) मेटता हुआ। और कैसा है? **''सामान्यं कलयन्''** (सामान्यं) निर्भेद सत्तामात्र वस्तुको (कलयन्) अनुभव करता हुआ ॥८-१४०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अच्छाच्छाः स्वयमुच्छलन्ति यदिमाः संवेदनव्यक्तयो
निष्पीताखिलभावमण्डलरसप्राग्भारमत्ता इव।
यस्याभिन्नरसः स एष भगवानेकोऽप्यनेकीभवन्
वल्गत्युत्कलिकाभिरद्भुतनिधिश्चैतन्यरत्नाकरः ॥९-१४१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''स एष चैतन्यरत्नाकरः''** (सः एषः) जिसका स्वरूप कहा है तथा कहेंगे ऐसा (चैतन्यरत्नाकरः) जीव द्रव्यरूपी महासमुद्र। भावार्थ इस प्रकार है—जीवद्रव्य समुद्रकी उपमा देकर कहा गया है सो इतना कहने पर द्रव्यार्थिक नयसे एक है, पर्यायार्थिकनयसे अनेक है। जिसप्रकार समुद्र एक है, तरंगावलिसे अनेक है। **''उत्कलिकाभिः''** समुद्रके पक्षमें तरंगावलि, जीवके पक्षमें एक ज्ञानगुणके मतिज्ञान, श्रुतज्ञान इत्यादि अनेक भेद उनके द्वारा **''वल्गति''** अपने बलसे अनादि कालसे परिणम रहा है। कैसा है? **''अभिन्नरसः''** जितनी पर्याय हैं उनसे भिन्न सत्ता नहीं है, एक ही सत्त्व है। और कैसा है? **''भगवान्''** ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य इत्यादि अनेक गुणोंसे बिराजमान है। और कैसा है? **''एकः अपि अनेकीभवन्''** (एकः अपि) सत्तास्वरूपसे एक है तथापि (अनेकीभवन्) अंशभेद करनेपर अनेक है। और कैसा है? **अद्भुतनिधिः''** (अद्भुत) अनन्त काल तक चारों गतियोंमें फिरते हुये जैसा सुख कहीं नहीं पाया ऐसे सुखका (निधिः) निधान है। और कैसा है? **''यस्य इमाः संवेदनव्यक्तयः स्वयं उच्छलन्ति''** (यस्य) जिस द्रव्यके

(इमाः) प्रत्यक्षरूपसे विद्यमान (संवेदन) ज्ञान, उसके (व्यक्तयः) मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान, केवलज्ञान इत्यादि अनेक पर्यायरूप अंशभेद (स्वयं) द्रव्यका सहज ऐसा ही है उस कारण (उच्छलन्ति) अवश्य प्रगट होते हैं। भावार्थ इस प्रकार है– कोई आशंका करेगा कि ज्ञान तो ज्ञानमात्र है, ऐसे जो मतिज्ञान आदि पाँच भेद वे क्यों हैं? समाधान इस प्रकार है—जो ज्ञानकी पर्याय है, विरुद्ध तो कुछ नहीं। वस्तुका ऐसा ही सहज है। पर्यायमात्र विचारनेपर मति आदि पाँच भेद विद्यमान हैं, वस्तुमात्र अनुभवनेपर ज्ञानमात्र है। विकल्प जितने हैं उतने समस्त झूठे हैं, क्योंकि विकल्प कोई वस्तु नहीं है, वस्तु तो ज्ञानमात्र है। कैसी है संवेदन व्यक्ति? "अच्छाच्छाः" निर्मलसे भी निर्मल है। भावार्थ इस प्रकार है–कोई ऐसा मानेगा कि जितनी ज्ञानकी पर्याय हैं वे समस्त अशुद्धरूप हैं सो ऐसा तो नहीं, कारण कि जिस प्रकार ज्ञान शुद्ध है उसी प्रकार ज्ञानकी पर्याय वस्तुका स्वरूप है, इसलिये शुद्धरूप है। परन्तु एक विशेष–पर्यायमात्रका अवधारण करनेपर विकल्प उत्पन्न होता है, अनुभव निर्विकल्प है, इसलिये वस्तुमात्र अनुभवनेपर समस्त पर्याय भी ज्ञानमात्र है, इसलिये ज्ञानमात्र अनुभव योग्य है। और कैसी है संवेदनव्यक्ति? **"निःपीताखिलभावमण्डलरसप्राग्भारमत्ताः इव"** (निःपीत) निगला है (अखिल) समस्त (भाव) जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल, आकाश ऐसे समस्त द्रव्य उनका (मण्डल) अतीत, अनागत, वर्तमान अनन्त पर्याय ऐसा है (रस) रसायनभूत दिव्य औषधि उसका (प्राग्भार) समूह उसके द्वारा (मत्ताः इव) मग्न हुई ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है–कोई परम रसायनभूत दिव्य औषधि पीता है तो सर्वांग तरंगावलिसी उपजती है उसी प्रकार समस्त द्रव्योंके जाननेमें समर्थ है ज्ञान, इसलिये सर्वांग आनन्द तरंगावलिसे गर्भित है॥९-१४१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

क्लिश्यन्तां स्वयमेव दुष्करतरैर्मोक्षोन्मुखैः कर्मभिः
क्लिश्यन्तां च परे महाव्रततपोभारेण भग्नाश्चिरम्।
साक्षान्मोक्ष इदं निरामयपदं संवेद्यमानं स्वयं
ज्ञानं ज्ञानगुणं विना कथमपि प्राप्तुं क्षमन्ते न हि॥१०-१४२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"परे इदं ज्ञानं ज्ञानगुणं विना प्राप्तुं कथम् अपि न हि क्षमन्ते" (परे) शुद्धस्वरूप अनुभवसे भ्रष्ट हैं जो जीव वे (इदं ज्ञानं) पूर्व

ही कहा है समस्त भेद विकल्पसे रहित ज्ञानमात्र वस्तु उसको (ज्ञानगुणं विना) शुद्धस्वरूप अनुभवशक्तिके बिना (प्रातुं) प्राप्त करनेको (कथम् अपि) हजार उपाय किये जाँय तो भी (न हि क्षमन्ते) निश्चयसे समर्थ नहीं होते हैं। कैसा है ज्ञानपद? **''साक्षात् मोक्षः''** प्रत्यक्षतया सर्वथा प्रकार मोक्षस्वरूप है। और कैसा है? **''निरामयपदं''** जितने उपद्रव क्लेश हैं उन सबसे रहित है। और कैसा है? **''स्वयं संवेद्यमानं''** (स्वयं) आपके द्वारा (संवेद्यमानं) आस्वाद करने योग्य है। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानगुण ज्ञानगुणके द्वारा अनुभवयोग्य है। कारणान्तरके द्वारा ज्ञान गुण ग्राह्य नहीं। कैसी है मिथ्यादृष्टि जीवराशि? **''कर्मभिः क्लिश्यन्तां''** विशुद्ध शुभोपयोगरूप परिणाम, जैनोक्त सूत्रका अध्ययन, जीवादिद्रव्योंके स्वरूपका बारबार स्मरण, पञ्च परमेष्ठीकी भक्ति इत्यादि हैं जो अनेक क्रियाभेद उनके द्वारा (क्लिश्यन्तां) बहुत आक्षेप (घटाटोप) करते हैं तो करो तथापि शुद्ध स्वरूपकी प्राप्ति होगी सो तो शुद्ध ज्ञान द्वारा होगी। कैसी है करतूति? **''स्वयम् एव दुष्करतरैः''** (स्वयम् एव) सहजपने (दुष्करतरैः) कष्टसाध्य है। भावार्थ इस प्रकार है कि जितनी क्रिया है वह सब दुःखात्मक है। शुद्धस्वरूप अनुभवकी नाईं सुखस्वरूप नहीं है। और कैसी है? **''मोक्षोन्मुखैः''** (मोक्ष) सकल कर्मक्षय उसकी (उन्मुखैः) परम्परा—आगे मोक्षका कारण होगी ऐसा भ्रम उत्पन्न होता है सो झूठा है। **''च''** और कैसे हैं मिथ्यादृष्टि जीव? **''महाव्रततपोभारेण चिरं भग्नाः क्लिश्यन्तां''** (महाव्रत) हिंसा, अनृत, स्तेय, अब्रह्म, परिग्रहसे रहितपना (तपः) महा परीषहोंका सहसा उनका (भार) बहुत बोझ उसके द्वारा (चिरं) बहुत काल पर्यन्त (भग्नाः) मरके चूरा होते हुये (क्लिश्यन्तां) बहुत कष्ट करते हैं तो करो तथापि ऐसा करते हुये कर्मक्षय तो नहीं होता ॥१०-१४२॥

(द्रुतविलम्बित)

पदमिदं ननु कर्मदुरासदं
सहजबोधकलासुलभं किल।
तत इदं निजबोधकलाबलात्
कलयितुं यततां सततं जगत् ॥११-१४३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ततः ननु इदं जगत् इदं पदं कलयितुं

सततं यततां'' (ततः) तिस कारणसे (ननु) अहो (इदं जगत्) विद्यमान है जो त्रैलोक्यवर्ती जीवराशि वह (इदं पदं) निर्विकल्प शुद्ध ज्ञानमात्र वस्तु उसका (कलयितुं) निरन्तर अभ्यास करनेके निमित्त (सततं) अखण्ड धाराप्रवाहरूप (यततां) यत्न करे। किस कारणके द्वारा ''निजबोधकलाबलात्'' (निजबोध) शुद्धज्ञान उसका (कला) प्रत्यक्ष अनुभव उसका (बलात्) समर्थपना उससे। क्योंकि ''किल'' निश्चयसे ज्ञानपद ''कर्मदुरासदं'' (कर्म) जितनी क्रिया है उससे (दुरासदं) अप्राप्य है और? ''सहजबोधकलासुलभं'' (सहजबोध) शुद्धज्ञान उसका (कला) निरन्तर अनुभव उसके द्वारा (सुलभं) सहज ही प्राप्त होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुभ अशुभरूप हैं जितनी क्रिया उनका ममत्व छोड़कर एक शुद्ध स्वरूप-अनुभव कारण है॥११-१४३॥

(उपजाति)

अचिन्त्यशक्तिः स्वयमेव देव-
श्चिन्मात्रचिन्तामणिरेष यस्मात्।
सर्वार्थसिद्धात्मतया विधत्ते
ज्ञानी किमन्यस्य परिग्रहेण॥१२-१४४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ज्ञानी (ज्ञानं) विधत्ते'' (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानं) निर्विकल्प चिद्रूप वस्तु उसको (विधत्ते) निरन्तर अनुभवता है। क्या जानकर? ''सर्वार्थसिद्धात्मतया'' (सर्वार्थसिद्ध) चतुर्गति संसारसम्बन्धी दुःखका विनाश, अतीन्द्रिय सुखकी प्राप्ति (आत्मतया) ऐसा कार्य सिद्ध होता है जिससे ऐसा है शुद्ध ज्ञानपद। ''अन्यस्य परिग्रहेण किम्'' (अन्यस्य) शुद्धस्वरूप अनुभव उससे बाह्य हैं जितने विकल्प। विवरण—शुभ-अशुभ क्रियारूप अथवा रागादि विकल्परूप अथवा द्रव्योंके भेद विचाररूप ऐसे हैं जो अनेक विकल्प उनका (परिग्रहेण) सावधानरूपसे प्रतिपालन अथवा आचरण अथवा स्मरण उसके द्वारा (किम्) कौन कार्यसिद्धि, अपि तु कोई कार्यसिद्धि नहीं। ऐसा किस कारणसे? ''यस्मात् एषः स्वयं चिन्मात्रचिन्तामणिः एव'' (यस्मात्) जिस कारणसे (एषः) शुद्ध जीववस्तु (स्वयम्) आपमें (चिन्मात्रचिन्तामणिः) शुद्ध ज्ञानमात्र ऐसा अनुभव चिन्तामणि रत्न है। (एव) इस बातको

निश्चय जानना, धोखा कुछ नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार किसी पुण्यवान् जीवके हाथमें चिन्तामणि रत्न होता है, उससे सब मनोरथ पूरा होता है, वह जीव लोहा, तांबा, रूपा ऐसी धातुका संग्रह करता नहीं उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवके पास शुद्ध स्वरूप-अनुभव ऐसा चिन्तामणि रत्न है, उसके द्वारा सकल कर्मक्षय होता है। परमात्मपदकी प्राप्ति होती है। अतीन्द्रिय सुखकी प्राप्ति होती है। वह सम्यग्दृष्टि जीव शुभ-अशुभरूप अनेक क्रियाविकल्पका संग्रह करता नहीं, कारण कि इनसे कार्यसिद्धि नहीं होती। और कैसा है? ''**अचिन्त्यशक्तिः**'' वचनगोचर नहीं है महिमा जिसकी ऐसा है? और कैसा है? ''**देवः**'' परम पूज्य है॥१२-१४४॥

(वसंततिलका)

इत्थं परिग्रहमपास्य समस्तमेव
सामान्यतः स्वपरयोरविवेकहेतुम्।
अज्ञानमुज्झितुमना अधुना विशेषाद्
भूयस्तमेव परिहर्त्तुमयं प्रवृत्तः॥१३-१४५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''**अधुना अयं भूयः प्रवृत्तः**'' (अधुना) यहाँसे आरम्भ कर (अयं) ग्रन्थका कर्ता (भूयः प्रवृत्तः) कुछ विशेष कहनेका उद्यम करता है। कैसा है ग्रन्थका कर्ता? ''**अज्ञानम् उज्झितुमना**'' (अज्ञानम्) जीवका कर्मका एकत्वबुद्धिरूप मिथ्यात्वभाव वह (उज्झितुमना) जैसे छूटे वैसा है अभिप्राय जिसका ऐसा है। क्या कहना चाहता है? ''**तम् एव विशेषात् परिहर्तुम्**'' (तम् एव) जितना पर द्रव्यरूप परिग्रह है उसको (विशेषात् परिहर्तुम्) भिन्न-भिन्न नामोंके विवरण सहित छोड़नेके लिये अथवा छुड़ानेके लिये। यहाँ तक कहा सो क्या कहा? ''**इत्थं समस्तम् एव परिग्रहम् सामान्यतः अपास्य**'' (इत्थं) यहाँ तक जो कुछ कहा सो ऐसा कहा (समस्तम् एव परिग्रहम्) जितनी पुद्गलकर्मकी उपाधिरूप सामग्री उसको (सामान्यतः अपास्य) जो कुछ परद्रव्य सामग्री है सो त्याज्य है ऐसा कहकर परद्रव्यका त्याग कहा। अब विशेषरूप कहते हैं। विशेषार्थ इस प्रकार है—जितना परद्रव्य उतना त्याज्य है ऐसा कहा। अब क्रोध परद्रव्य है, इसलिये त्याज्य है। मान परद्रव्य है, इसलिये त्याज्य है इत्यादि। भोजन पर

द्रव्य है, इसलिये त्याज्य है। पानी पीना परद्रव्य है, इसलिये त्याज्य है। कैसा है परद्रव्य परिग्रह? "स्वपरयोः अविवेकहेतुम्" (स्व) शुद्ध चिद्रूपमात्र वस्तु (परयोः) द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्म उनके (अविवेक) एकत्वरूप संस्कार उसका (हेतुम्) कारण है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीवकी जीव कर्ममें एकत्वबुद्धि है, इसलिये मिथ्यादृष्टिके पर द्रव्यका परिग्रह घटित होता है, सम्यग्दृष्टि जीवके भेदबुद्धि है, इसलिये पर द्रव्यका परिग्रह घटित नहीं होता। ऐसा अर्थ यहाँसे लेकर कहा जायेगा ॥१३-१४५॥

(स्वागता)

पूर्वबद्धनिजकर्मविपाकात्
ज्ञानिनो यदि भवत्युपभोगः।
तद्भवत्वथ च रागवियोगात्
नूनमेति न परिग्रहभावम् ॥१४-१४६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यदि ज्ञानिनः उपभोगः भवति तत् भवतु" (यदि) जो कदाचित् (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (उपभोगः) शरीर आदि सम्पूर्ण भोगसामग्री (भवति) सम्यग्दृष्टि जीव भोगता है (तत्) तो (भवतु) सामग्री होवे। सामग्रीका भोग भी होवे। "नूनम् परिग्रहभावम् न एति" (नूनम्) निश्चयसे (परिग्रहभावम्) विषय-सामग्रीकी स्वीकारता ऐसे अभिप्रायको (न एति) नहीं प्राप्त होता है। किस कारणसे? "अथ च रागवियोगात्" (अथ च) वहाँसे लेकर सम्यग्दृष्टि हुआ, (रागवियोगात्) वहाँसे लेकर विषयसामग्रीमें राग, द्वेष, मोहसे रहित हुआ, इस कारणसे। कोई प्रश्न करता है कि ऐसे विरागीके—सम्यग्दृष्टि जीवके विषयसामग्री क्यों होती है? उत्तर इस प्रकार है—"पूर्वबद्धनिजकर्मविपाकात्" (पूर्वबद्ध) सम्यक्त्व उत्पन्न होनेके पहले मिथ्यादृष्टि जीव था, रागी था, वहाँ रागभावके द्वारा बाँधा था जो (निजकर्म) अपने प्रदेशोंमें ज्ञानावरणादिरूप कार्मणवर्गणा उसके (विपाकात्) उदयसे। भावार्थ इस प्रकार है कि राग, द्वेष, मोह परिणामके मिटने पर द्रव्यरूप बाह्य सामग्रीका भोग बन्धका कारण नहीं है, निर्जराका कारण है, इसलिये सम्यग्दृष्टि जीव अनेक प्रकारकी विषयसामग्री भोगता है परन्तु रंजक परिणाम नहीं है, इसलिये बन्ध नहीं है, पूर्वमें बाँधा था जो कर्म उसकी निर्जरा है ॥१४-१४६॥

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

(स्वागता)

वेद्यवेदकविभावचलत्वाद्
वेद्यते न खलु कांक्षितमेव।
तेन कांक्षति न किञ्चन विद्वान्
सर्वतोऽप्यतिविरक्तिमुपैति ।।१५-१४७।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तेन विद्वान् किञ्चन न कांक्षति" (तेन) तिस कारणसे (विद्वान्) सम्यग्दृष्टि जीव (किञ्चन) कर्मका उदय करता है नाना प्रकारकी सामग्री उसमेंसे कोई सामग्री (न कांक्षति) कर्मकी सामग्रीमें कोई सामग्री जीवको सुखका कारण ऐसा नहीं मानता है, सर्व सामग्री दुःखका कारण ऐसा मानता है। और कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "सर्वतः अतिविरक्तिम् उपैति" (सर्वतः) जितनी कर्मजनित सामग्री है उससे मन, वचन, काय त्रिशुद्धिके द्वारा (अतिविरक्तिम्) सर्वथा त्यागरूप (उपैति) परिणमता है। किस कारणसे ऐसा है? "यतः खलु कांक्षितम् न वेद्यते एव" (यतः) जिस कारणसे (खलु) निश्चयसे (कांक्षितम्) जो कुछ चिन्तवन किया है वह (न वेद्यते) नहीं प्राप्त होता है। (एव) ऐसा ही है। किस कारणसे? "वेद्यवेदकविभावचलत्वात्" (वेद्य) वांछी (इच्छी) जाती है जो वस्तुसामग्री, (वेदक) वांछारूप जीवका अशुद्ध परिणाम, ऐसे हैं (विभाव) दोनों अशुद्ध विनश्वर कर्मजनित, इस कारणसे (चलत्वात्) क्षण प्रति क्षण प्रति औरसा होते हैं। कोई अन्य चिन्ता जाता है, कुछ अन्य होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि अशुद्ध रागादि परिणाम तथा विषयसामग्री दोनों समय समय प्रति विनश्वर हैं, इसलिये जीवका स्वरूप नहीं। इस कारण सम्यग्दृष्टिके ऐसे भावोंका सर्वथा त्याग है। इसलिये सम्यग्दृष्टिको बन्ध नहीं है, निर्जरा है।।१५-१४७।।

(स्वागता)

ज्ञानिनो न हि परिग्रहभावं
कर्म रागरसरिक्ततयैति।
रङ्गयुक्तिरकषायितवस्त्रे
स्वीकृतैव हि बहिर्लुठतीह ।।१६-१४८।।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''कर्म ज्ञानिनः परिग्रहभावं न हि एति'' (कर्म) जितनी विषयसामग्री भोगरूप क्रिया है वह (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (परिग्रहभावं) ममतारूप स्वीकारपनेको (न हि एति) निश्चयसे नहीं प्राप्त होती है। किस कारणसे ? ''रागरसरिक्ततया'' (राग) कर्मकी सामग्रीको आपा जानकर रंजक परिणाम ऐसा जो (रस) वेग, उससे (रिक्ततया) रीता है ऐसा भाव होनेसे। दृष्टान्त कहते हैं— 'हि इह अकषायितवस्त्रे रङ्गयुक्तिः बहिः लुठति एव'' (हि) जैसे (इह) सब लोकमें प्रगट है कि (अकषायित) नहीं लगा है हरडा फिटकरी लोद जिसको ऐसे (वस्त्रे) कपड़ामें (रङ्गयुक्तिः) मजीठके रंगका संयोग किया जाता है तथापि (बहिः लुठति) कपड़ासे नहीं लगता है, बाहर बाहर फिरता है उस प्रकार। भावार्थ ऐसा है कि सम्यग्दृष्टि जीवके पञ्चेन्द्रिय विषयसामग्री है, भोगता भी है। परन्तु अन्तरंग राग द्वेष मोहभाव नहीं है, इस कारण कर्मका बन्ध नहीं है, निर्जरा है। कैसी है रंग-युक्ति ? ''स्वीकृता'' कपड़ा रंग इकट्ठा किया है॥१६-१४८॥

(स्वागता)

ज्ञानवान् स्वरसतोऽपि यतः स्यात्
सर्वरागरसवर्जनशीलः।
लिप्यते सकलकर्मभिरेषः
कर्ममध्यपतितोऽपि ततो न॥१७-१४९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''यतः ज्ञानवान् स्वरसतः अपि सर्वराग-रसवर्जनशीलः स्यात्'' (यतः) जिस कारणसे (ज्ञानवान्) शुद्धस्वरूप अनुभवशीली है जो जीव वह (स्वरसतः) विभाव परिणमन मिटा है, इस कारण शुद्धतारूप द्रव्य परिणमा है, इसलिये (सर्वराग) जितना राग, द्वेष, मोह परिणामरूप (रस) अनादिका संस्कार, उससे (वर्जनशीलः स्यात्) रहित है स्वभाव जिसका ऐसा है। ''ततः एषः कर्ममध्यपतितः अपि सकलकर्मभिः न लिप्यते'' (ततः) तिस कारणसे (एषः) सम्यग्दृष्टि जीव (कर्म) कर्मके उदयजनित अनेक प्रकारकी भोगसामग्री उसमें (मध्यपतितः अपिः) पञ्चेन्द्रिय भोगसामग्री भोगता है, सुख दुःखको प्राप्त होता है तथापि (सकलकर्मभिः) आठों प्रकारके

हैं जो ज्ञानावरणादि कर्म, उनके द्वारा (न लिप्यते) नहीं बाँधा जाता है। भावार्थ इस प्रकार है कि अन्तरंग चिकनापन नहीं है, इससे बन्ध नहीं होता है, निर्जरा होती है॥१७-१४९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

यादृक् तादृगिहास्ति तस्य वशतो यस्य स्वभावो हि यः
कर्तुं नैष कथञ्चनापि हि परैरन्यादृशः शक्यते।
अज्ञानं न कदाचनापि हि भवेज्ज्ञानं भवत्सन्ततं
ज्ञानिन् भुंक्ष्व परापराधजनितो नास्तीह बन्धस्तव॥१८-१५०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई प्रश्न करता है कि सम्यग्दृष्टि जीव परिणामसे शुद्ध है तथापि पञ्चेन्द्रिय विषय भोगता है सो विषयको भोगते हुये कर्मका बन्ध है कि नहीं है? समाधान इस प्रकार है कि कर्मका बन्ध नहीं है। "**ज्ञानिन् भुंक्ष्व**" (ज्ञानिन्) भो सम्यग्दृष्टि जीव! (भुंक्ष्व) कर्मके उदयसे प्राप्त हुई है जो भोगसामग्री उसको भोगते हो तो भोगो "**तथापि तव बन्धः नास्ति**" (तथापि) तो भी (तव) तेरे (बन्धः) ज्ञानावरणादि कर्मका आगमन (नास्ति) नहीं है। कैसा बन्ध नहीं है? "**परापराधजनितः**" (पर) भोगसामग्री, उसका (अपराध) भोगनेमें आना, उससे (जनितः) उत्पन्न हुआ। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीवको विषयसामग्री भोगते हुये बन्ध नहीं है, निर्जरा है। कारण कि सम्यग्दृष्टि जीव सर्वथा अवश्यकर परिणामोंसे शुद्ध है। ऐसा ही वस्तुका स्वरूप है। परिणामोंकी शुद्धता रहते हुये बाह्य भोगसामग्रीके द्वारा बन्ध किया नहीं जाता। ऐसा वस्तुका स्वरूप है। यहाँ कोई आशंका करता है कि सम्यग्दृष्टि जीव भोग भोगता है सो भोग भोगते हुये रागरूप अशुद्ध परिणाम होता होगा सो उस रागपरिणामके द्वारा बन्ध होता होगा सो ऐसा तो नहीं। कारण कि वस्तुका स्वरूप ऐसा है जो शुद्ध ज्ञान होनेपर भोगसामग्रीको भोगते हुये सामग्रीके द्वारा अशुद्धरूप किया नहीं जाता। कितनी ही भोगसामग्री भोगो तथापि शुद्धज्ञान अपने स्वरूप—शुद्ध ज्ञानस्वरूप रहता है। वस्तुका ऐसा सहज है। ऐसा कहते हैं— "**ज्ञानं कदाचनापि अज्ञानं न भवेत्**" (ज्ञानं) शुद्ध स्वभावरूप परिणमा है आत्मद्रव्य, वह (कदाचन अपि) अनेक प्रकार भोग-सामग्रीको भोगता हुआ अतीत, अनागत, वर्तमान

कालमें (अज्ञानं) विभाव अशुद्ध रागादिरूप (न भवेत्) नहीं होता। कैसा है ज्ञान? **''सन्ततं भवत्''** शाश्वत शुद्धत्वरूप जीवद्रव्य परिणमा है, मायाजालके समान क्षण विनश्वर नहीं है। आगे दृष्टान्तके द्वारा वस्तुका स्वरूप साधते हैं–**''हि यस्य वशतः यः यादृक् स्वभावः तस्य तादृक् इह अस्ति''** (हि) जिस कारणसे (यस्य) जिस किसी वस्तुका (यः यादृक् स्वभावः) जो स्वभाव जैसा स्वभाव है वह (वशतः) अनादि-निधन है (तस्य) उस वस्तुका (तादृक् इह अस्ति) वैसा ही है। जिस प्रकार शंखका श्वेत स्वभाव है, श्वेत प्रगट है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टिका शुद्ध परिणाम होता हुआ शुद्ध है। **''एषः परैः कथञ्चन अपि अन्यादृशः कर्तुं न शक्यते''** (एषः) वस्तुका स्वभाव (परैः) अन्य वस्तुके किये (कथञ्चन अपि) किसी प्रकार (अन्यादृशः) दूसरेरूप (कर्तुं) करनेको (न शक्यते) नहीं समर्थ है। भावार्थ इस प्रकार है कि स्वभावसे श्वेत शंख है सो शंख काली मिट्टी खाता है, पीली मिट्टी खाता है, नाना वर्ण मिट्टी खाता है। ऐसी मिट्टी खाता हुआ शंख उस मिट्टीके रंगका नहीं होता है, अपने श्वेतरूप रहता है। वस्तुका ऐसा ही सहज है। उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव स्वभावसे राग द्वेष मोहसे रहित शुद्ध परिणामरूप है, वह जीव नाना प्रकार भोगसामग्री भोगता है तथापि अपने शुद्ध परिणामरूप परिणमता है। सामग्रीके रहते हुये अशुद्धरूप परिणमाया जाता नहीं ऐसा वस्तुका स्वभाव है, इसलिये सम्यग्दृष्टिके कर्मका बन्ध नहीं है, निर्जरा है॥१८-१५०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

ज्ञानिन् कर्म न जातु कर्तुमुचितं किञ्चित्तथाप्युच्यते
भुंक्षे हन्त न जातु मे यदि परं दुर्भुक्त एवासि भोः।
बन्धः स्यादुपभोगतो यदि न तत्किं कामचारोऽस्ति ते
ज्ञानं सन्वस बन्धमेष्यपरथा स्वस्यापराधाद्ध्रुवम्॥१९-१५१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञानिन् जातु कर्म कर्तुम् न उचितं''** (ज्ञानिन्) हे सम्यग्दृष्टि जीव! (जातु) किसी प्रकार कभी भी (कर्म) ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गलपिण्ड (कर्तुम्) बाँधनेको (न उचितं) योग्य नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके कर्मका बन्ध नहीं है। **''तथापि किञ्चित् उच्यते''** (तथापि)

तो भी (किञ्चित् उच्यते) कुछ विशेष है वह कहते हैं–**''हन्त यदि मे परं न जातु भुंक्षे भोः दुर्भुक्तो एव असि''** (हन्त) कड़क वचनके द्वारा कहते हैं। (यदि) जो ऐसा जानकर भोगसामग्रीको भोगता है कि (मे) मेरे (परं न जातु) कर्मका बन्ध नहीं है। ऐसा जानकर (भुंक्षे) पंचेन्द्रिय विषय भोगता है तो (भोः) अहो जीव! (दुर्भुक्तः एव असि) ऐसा जानकर भोगोंका भोगना अच्छा नहीं। कारण कि वस्तुस्वरूप इस प्रकार है– **''यदि उपभोगतः बन्धः न स्यात् तत् ते किं कामचारः अस्ति''** (यदि) जो ऐसा है कि (उपभोगतः) भोग सामग्रीको भोगते हुये (बन्धः न स्यात्) ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध नहीं है (तत्) तो (ते) अहो सम्यग्दृष्टि जीव! तेरे (कामचारः) स्वेच्छा आचरण (किं अस्ति) क्या ऐसा है अपि तु ऐसा तो नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके कर्मका बन्ध नहीं है। कारण कि सम्यग्दृष्टि जीव राग द्वेष मोहसे रहित है। वही सम्यग्दृष्टि जीव, यदि सम्यक्त्व छूटे मिथ्यात्वरूप परिणमे तो, ज्ञानावरणादि कर्मबन्धको अवश्य करे, क्योंकि मिथ्यादृष्टि होता हुआ राग द्वेष मोहरूप परिणमता है ऐसा कहते हैं–**''ज्ञानं सन् वस''** सम्यग्दृष्टि होता हुआ जितने काल प्रवर्तता है उतने काल बन्ध नहीं है **''अपरथा स्वस्य अपराधात् बन्धम् ध्रुवम् एषि''** (अपरथा) मिथ्यादृष्टि होता हुआ (स्वस्य अपराधात्) अपने ही दोषसे–रागादि अशुद्धरूप परिणमनके कारण (बन्धम् ध्रुवम् एषि) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धको तू ही अवश्य करता है॥१९-१५१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कर्तारं स्वफलेन यत्किल बलात्कर्मैव नो योजयेत्
कुर्वाणः फललिप्सुरेव हि फलं प्राप्नोति यत्कर्मणः।
ज्ञानं संस्तदपास्तरागरचनो नो बध्यते कर्मणा
कुर्वाणोऽपि हि कर्म तत्फलपरित्यागैकशीलो मुनिः॥२०-१५२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''तत् मुनिः कर्मणा नो बध्यते''** (तत्) तिस कारणसे (मुनिः) शुद्धस्वरूप अनुभव विराजमान सम्यग्दृष्टि जीव (कर्मणा) ज्ञानावरणादि कर्मसे (नो बध्यते) नहीं बँधता है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? **''हि कर्म कुर्वाणः अपि''** (हि) निश्चयसे (कर्म) कर्मजनित विषयसामग्री भोगरूप क्रियाको

(कुर्वाणः अपि) करता है—यद्यपि भोगता है तो भी **''तत्फलपरित्यागैकशीलः''** (तत्फल) कर्मजनित सामग्रीमें आत्मबुद्धि जानकर रंजक परिणामका (परित्याग) सर्वथा प्रकार स्वीकार छूट गया ऐसा है (एक) सुखरूप (शीलः) स्वभाव जिसका, ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके विभावरूप मिथ्यात्व परिणाम मिट गया है, उसके मिटनेसे अनाकुलत्वलक्षण अतीन्द्रिय सुख अनुभवगोचर हुआ है। और कैसा है? **''ज्ञानं सन् तदपास्तरागरचनः''** ज्ञानमय होते हुये दूर किया है रागभाव जिसमेंसे ऐसा है। इस कारण कर्मजनित हैं जो चार गतिकी पर्याय तथा पञ्चेन्द्रियोंके भोग वे समस्त आकुलतालक्षण दुःखरूप हैं। सम्यग्दृष्टि जीव ऐसा ही अनुभव करता है। इस कारण जितना कुछ साता-असातारूप कर्मका उदय, उससे जो कुछ इष्ट विषयरूप अथवा अनिष्ट विषयरूप सामग्री सो सम्यग्दृष्टिके सर्व अनिष्टरूप है। इसलिये जिस प्रकार किसी जीवके अशुभ कर्मके उदय रोग, शोक, दारिद्र आदि होता है, उसे जीव छोड़नेको बहुत ही करता है, परन्तु अशुभ कर्मके उदय नहीं छूटता है, इसलिये भोगना ही पड़े। उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवके, पूर्वमें अज्ञान परिणामके द्वारा बाँधा है जो सातारूप असातारूप कर्म उसके उदय अनेक प्रकार विषयसामग्री होती है, उसे सम्यग्दृष्टि जीव दुःखरूप अनुभवता है, छोड़नेको बहुत ही करता है। परन्तु जब तक क्षपकश्रेणि चढ़े तब तक छूटना अशक्य है, इसलिये परवश हुआ भोगता है। हृदयमें अत्यन्त विरक्त है, इसलिये अरंजक है, इसलिये भोग सामग्रीको भोगते हुये कर्मका बन्ध नहीं है, निर्जरा है। यहाँ दृष्टांत कहते हैं—**यत् किल कर्म कर्तारं स्वफलेन बलात् योजयेत्''** (यत्) जिस कारणसे ऐसा है। (किल) ऐसा ही है, सन्देह नहीं कि (कर्म) राजाकी सेवा आदिसे लेकर जितनी कर्मभूमिसम्बन्धी क्रिया (कर्तारं) क्रियामें रंजक होकर—तन्मय होकर करता है जो कोई पुरुष, उसको (स्वफलेन) जिस प्रकार राजाकी सेवा करते हुये द्रव्यकी प्राप्ति, भूमिकी प्राप्ति, जैसे खेती करते हुये अन्नकी प्राप्ति (बलात् योजयेत्) अवश्यकर कर्ता पुरुषका क्रियाके फलके साथ संयोग होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो क्रियाको नहीं करता उसको क्रियाके फलकी प्राप्ति नहीं होती। उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवको बन्ध नहीं होता, निर्जरा होती है। कारण कि सम्यग्दृष्टि जीव भोगसामग्री क्रियाका कर्ता नहीं है, इसलिये क्रियाका फल नहीं है कर्मका बन्ध, वह तो सम्यग्दृष्टिके नहीं है। दृष्टान्तसे दृढ़ करते हैं—**''यत् कुर्वाणः फललिप्सुः ना एव हि**

कर्मणः फलं प्राप्नोति'' (यत्) जिस कारणसे पूर्वोक्त नाना प्रकारकी क्रिया (कुर्वाणः) कोई करता हुआ (फललिप्सुः) फलकी अभिलाषा करके क्रियाको करता है ऐसा (ना) कोई पुरुष (कर्मणः फलं) क्रियाके फलको (प्राप्नोति) प्राप्त होता है। भावार्थ इस प्रकार है—जो कोई पुरुष क्रिया करता है, निरभिलाष होकर करता है उसको तो क्रियाका फल नहीं है ॥२०-१५२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

त्यक्तं येन फलं स कर्म कुरुते नेति प्रतीमो वयं
किन्त्वस्यापि कुतोऽपि किञ्चिदपि तत्कर्मावशेनापतेत् ।
तस्मिन्नापतिते त्वकम्पपरमज्ञानस्वभावे स्थितो
ज्ञानी किं कुरुतेऽथ किं न कुरुते कर्मेति जानाति कः ॥२१-१५३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''येन फलं त्यक्तं स कर्म कुरुते इति वयं न प्रतीमः'' (येन) जिस सम्यग्दृष्टि जीवने (फलं त्यक्तं) कर्मके उदयसे है जो भोगसामग्री उसका (फलं) अभिलाष (त्यक्तं) सर्वथा ममत्व छोड़ दिया है (सः) वह सम्यग्दृष्टि जीव (कर्म कुरुते) ज्ञानावरणादि कर्मको करता है (इति वयं न प्रतीमः) ऐसी तो हम प्रतीति नहीं करते। भावार्थ इस प्रकार है कि जो कर्मके उदयके प्रति उदासीन है उसे कर्मका बन्ध नहीं है, निर्जरा है। ''किन्तु'' कुछ विशेष ''अस्य अपि'' इस सम्यग्दृष्टिके भी ''अवशेन कुतः अपि किञ्चित् अपि कर्म आपतेत्'' (अवशेन) बिना ही अभिलाष किये बलात्कार ही (कुतः अपि किञ्चित् अपि कर्म) पहले ही बाँधा था जो ज्ञानावरणादि कर्म, उसके उदयसे हुई है जो पञ्चेन्द्रिय विषय भोगक्रिया वह (आपतेत्) प्राप्त होती है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार किसीको रोग, शोक, दारिद्र बिना ही बांछाके होता है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीवके जो कोई क्रिया होती है सो बिना ही वांछाके होती है। ''तस्मिन् आपतिते'' अनिच्छक है सम्यग्दृष्टि पुरुष, उसको बलात्कार होती है भोगक्रिया, उसके होते हुये ''ज्ञानी किं कुरुते'' (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (किं कुरुते) अनिच्छक होकर क्रमके उदयमें क्रिया करता है तो क्रियाका कर्ता हुआ क्या? ''अथ न कुरुते'' सर्वथा क्रियाका कर्ता सम्यग्दृष्टि जीव नहीं है। किसका कर्ता नहीं है?

''कर्म इति'' भोगक्रियाका। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? ''जानाति कः'' ज्ञायकस्वरूपमात्र है। तथा कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? ''अकम्पपरमज्ञानस्वभावे स्थितः'' निश्चल परम ज्ञानस्वभावमें स्थित है।।२१-१५३।।

(शार्दूलविक्रीडित)

सम्यग्दृष्टय एव साहसमिदं कर्तुं क्षमन्ते परं
यद्वज्रेऽपि पतत्यमी भयचलत्त्रैलोक्यमुक्ताध्वनि।
सर्वामेव निसर्गनिर्भयतया शङ्कां विहाय स्वयं
जानन्तः स्वमवध्यबोधवपुषं बोधाच्चयवन्ते न हि।।२२-१५४।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''सम्यग्दृष्टयः एव इदं साहसम् कर्तुं क्षमन्ते'' (सम्यग्दृष्टयः) स्वभाव गुणरूप परिणामी है जो जीवराशि वह (एव) निश्चयसे (इदं साहसम्) ऐसा धीरपना (कर्तुं) करनेके लिये (क्षमन्ते) समर्थ होती है। कैसा है साहस? ''परं'' सबसे उत्कृष्ट है। कौन साहस? ''यत् वज्रे पतति अपि अमी बोधात् न हि च्यवन्ते'' (यत्) जो साहस ऐसा है कि (वज्रे पतति अपि) महान् वज्रके गिरने पर भी (अमी) सम्यग्दृष्टि जीवराशि (बोधात्) शुद्धस्वरूपके अनुभवसे (न हि च्यवन्ते) सहज गुणसे स्खलित नहीं होती है। भावार्थ इस प्रकार है—कोई अज्ञानी ऐसा मानेगा कि सम्यग्दृष्टि जीवके सातकर्मके उदय अनेक प्रकार इष्ट भोगसामग्री होती है, असातकर्मके उदय अनेक प्रकार रोग, शोक, दारिद्र, परीषह, उपसर्ग इत्यादि अनिष्ट सामग्री होती है, उसको भोगते हुये शुद्धस्वरूप अनुभवसे चूकता होगा। उसका समाधान इस प्रकार है कि अनुभवसे नहीं चूकता है, जैसा अनुभव है वैसा ही रहता है, वस्तुका ऐसा ही स्वरूप है। कैसा है वज्र? ''भयचलत्त्रैलोक्यमुक्ताध्वनि'' (भय) वज्रके गिरने पर उसके त्राससे (चलत्) चलायमान ऐसी जो (त्रैलोक्य) सर्व संसारी जीवराशि, उसके द्वारा (मुक्त) छोड़ी गई है (अध्वनि) अपनी अपनी क्रिया जिसके गिरने पर, ऐसा है वज्र। भावार्थ इस प्रकार है—ऐसा है उपसर्ग परीषह जिनके होने पर मिथ्यादृष्टिको ज्ञानकी सुध नहीं रहती है। कैसे हैं सम्यग्दृष्टि जीव? ''स्वं जानन्तः'' (स्वं) शुद्ध चिद्रूपको (जानन्तः) प्रत्यक्षरूपसे अनुभवते हैं। कैसा है स्व? ''अवध्यबोधवपुषं'' (अवध्य) शाश्वत जो (बोध) ज्ञानगुण,

वह है (वपुषं) शरीर जिसका, ऐसा है। क्या करके? "सर्वाम् एव शङ्कां विहाय" (सर्वाम् एव) सात प्रकारके (शङ्कां) भयको (विहाय) छोड़कर। जिस प्रकार भय छूटता है उस प्रकार कहते हैं–"निसर्गनिर्भयतया" (निसर्ग) स्वभावसे (निर्भयतया) भयसे रहितपना होनेसे। भावार्थ इस प्रकार है–सम्यग्दृष्टि जीवोंका निर्भय स्वभाव है, इस कारण सहज ही अनेक प्रकारके परीषह उपसर्गका भय नहीं है। इसलिये सम्यग्दृष्टि जीवको कर्मका बन्ध नहीं है, निर्जरा है। कैसे है निर्भयपना? "स्वयं" ऐसा सहज है।।२२-१५४।।

(शार्दूलविक्रीडित)

लोकः शाश्वत एक एष सकलव्यक्तो विविक्तात्मन-
श्चिल्लोकं स्वयमेव केवलमयं यल्लोकयत्येककः।
लोकोऽयं न तवापरस्तदपरस्तस्यास्ति तद्भीः कुतो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति।।२३-१५५।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः सहजं ज्ञानं स्वयं सततं सदा विन्दति" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (सहजं) स्वभाव ही से (ज्ञानं) शुद्ध चैतन्य वस्तुको (विन्दति) अनुभवता है–आस्वादता है। कैसे अनुभवता है? (स्वयं) अपनेमें आपको अनुभवता है। किस काल? (सततं) निरन्तररूपसे (सदा) अतीत, अनागत, वर्तमानमें अनुभवता है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "निःशङ्कः" सात भयोंसे रहित है। कैसा होनेसे? "तस्य तद्भीः कुतः अस्ति" (तस्य) उस सम्यग्दृष्टिके (तद्भीः) इहलोकभय, परलोकभय (कुतः अस्ति) कहाँसे होवे? अपि तु नहीं होता। जैसा विचार करते हुये भय नहीं होता वैसा कहते हैं–"तव अयं लोकः तदपरः अपरः न" (तव) भो जीव! तेरा (अयं लोकः) विद्यमान है जो चिद्रूपमात्र वह लोक है। (तद्-अपरः) उससे अन्य जो कुछ है इहलोक, परलोक। विवरण–इहलोक अर्थात् वर्तमान पर्याय। उसमें ऐसी चिन्ता कि पर्याय पर्यन्त सामग्री रहेगी कि नहीं रहेगी। परलोक अर्थात् यहाँसे मरकर अच्छी गतिमें जावेंगे कि नहीं जावेंगे ऐसी चिन्ता। ऐसा जो (अपरः) इहलोक, परलोक पर्यायरूप (न) जीवका स्वरूप नहीं है। "यत् एषः अयं लोकः केवलं चिल्लोकं स्वयं एव लोकयति" (यत्) जिस कारणसे (एषः अयं लोकः) अस्तिरूप है जो चैतन्यलोक वह

(केवलं) निर्विकल्प है। (चिल्लोकं स्वयं एव लोकयति) ज्ञानस्वरूप आत्माको स्वयं ही देखता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो जीवका स्वरूप ज्ञानमात्र सो तो ज्ञानमात्र ही है। कैसा है चैतन्यलोक? "**शाश्वतः**" अविनाशी है। और कैसा है? "**एकः**" एक वस्तु है। और कैसा है? "**सकलव्यक्तः**" (सकल) त्रिकालमें (व्यक्तः) प्रगट है। किसको प्रगट है? "**विविक्तात्मनः**" (विविक्त) भिन्न है (आत्मनः) आत्मस्वरूप जिसको ऐसा है जो भेदज्ञानी पुरुष उसे ॥२३-१५५॥

(शार्दूलविक्रीडित)

एषैकैव हि वेदना यदचलं ज्ञानं स्वयं वेद्यते
निर्भेदोदितवेद्यवेदकबलादेकं सदानाकुलैः।
नैवान्यागतवेदनैव हि भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति ॥२४-१५६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**सः स्वयं सततं सदा ज्ञानं विन्दति**" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (स्वयं) अपने आप (सततं) निरन्तररूपसे (सदा) त्रिकालमें (ज्ञानं) जीवके शुद्ध स्वरूपको (विन्दति) अनुभवता है—आस्वादता है। कैसा है ज्ञान? "**सहजं**" स्वभावसे ही उत्पन्न है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "**निःशंकः**" सात भयोंसे मुक्त है। "**ज्ञानिनः तद्भीः कुतः**" (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवको (तद्भीः) वेदनाका भय (कुतः) कहाँसे होवे? अपितु नहीं होता है। कारण कि "**सदा अनाकुलैः**" सर्वदा भेदज्ञानसे विराजमान हैं जो पुरुष वे पुरुष "**स्वयं वेद्यते**" स्वयं ऐसा अनुभव करते हैं कि "**यत् अचलं ज्ञानं एषा एका एव वेदना**" (यत्) जिस कारणसे (अचलं ज्ञानं) शाश्वत है जो ज्ञान (एषा) यही (एका वेदना) जीवको एक वेदना है। (एव) निश्चयसे। "**अन्यागतवेदना एव न भवेत्**" (अन्या) इसे छोड़कर जो अन्य (आगतवेदना एव) कर्मके उदयसे हुई है सुखरूप अथवा दुःखरूप वेदना (न भवेत्) जीवको है ही नहीं। ज्ञान कैसा है? "**एकं**" शाश्वत है—एकरूप है। किस कारणसे एकरूप है? "**निर्भेदोदितवेद्यवेदकबलात्**" (निर्भेदोदित) अभेदरूपसे (वेद्यवेदक) जो वेदता है वही वेदा जाता है ऐसा जो (बलात्)

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

समर्थपना, उसके कारण। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका स्वरूप ज्ञान है, वह एकरूप है। जो साता-असाता कर्मके उदयसे सुख-दुःखरूप वेदना होती है वह जीवका स्वरूप नहीं है, इसलिये सम्यग्दृष्टि जीवको रोग उत्पन्न होनेका भय नहीं होता ॥२४-१५६॥

(शार्दूलविक्रीडित)

यत्सन्नाशमुपैति तन्न नियतं व्यक्तेति वस्तुस्थिति-
र्ज्ञानं सत्स्वयमेव तत्किल ततस्त्रातं किमस्यापरैः।
अस्यात्राणमतो न किञ्चन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शंकः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति॥२५-१५७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः ज्ञानं सदा विन्दति" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानं) शुद्धस्वरूप (सदा) तीनों कालोंमें (विन्दति) अनुभवता है—आस्वादता है। कैसा है ज्ञान? "सततं" निरन्तर वर्तमान है। और कैसा है ज्ञान? "स्वयं" अनादि-निधन है। और कैसा है? "सहजं" बिना कारण द्रव्यरूप है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "निःशंकः" कोई मेरा रक्षक है कि नहीं है ऐसे भयसे रहित है। किस कारणसे? "ज्ञानिनः तद्भीः कुतः" (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (तद्भीः) मेरा रक्षक कोई है कि नहीं है ऐसा भय (कुतः) कहाँसे होवे? अपितु नहीं होता है। "अतः अस्य किञ्चन अत्राणं न भवेत्" (अतः) इस कारणसे (अस्य) जीव वस्तुके (अत्राणं) अरक्षकपना (किञ्चन) परमाणुमात्र भी (न भवेत्) नहीं है। किस कारणसे नहीं है? "यत् सत् तत् नाशं न उपैति" (यत् सत्) जो कुछ सत्तास्वरूप वस्तु है (तत् नाशं न उपैति) वह तो विनाशको नहीं प्राप्त होती है। "इति नियतं वस्तुस्थितिः व्यक्ता" (इति) इस कारणसे (नियतं) अवश्य ही (वस्तुस्थितिः) वस्तुका अविनश्वरपना (व्यक्ता) प्रगट है। "किल तत् ज्ञानं स्वयं एव सत्, ततः अस्य अपरैः किं त्रातं" (किल) निश्चयसे (तत् ज्ञानं) ऐसा है जीवका शुद्धस्वरूप (स्वयं एव सत्) सहज ही सत्तास्वरूप है। (ततः) तिस कारणसे (अस्य) जीवके स्वरूपकी (अपरैः) किसी द्रव्यान्तरके द्वारा (किं त्रातं) क्या रक्षा की जायगी। भावार्थ इस प्रकार है कि सब जीवोंको ऐसा भय उत्पन्न होता है कि मेरा रक्षक कोई है कि नहीं, सो ऐसा भय सम्यग्दृष्टि जीवको नहीं होता।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

कारण कि वह ऐसा अनुभव करता है कि शुद्धजीवस्वरूप सहज ही शाश्वत है। इसकी कोई क्या रक्षा करेगा ।।२५-१५७।।

(शार्दूलविक्रीडित)

स्वं रूपं किल वस्तुनोऽस्ति परमा गुप्तिः स्वरूपेण न य-
च्छक्तः कोऽपि परः प्रवेष्टुमकृतं ज्ञानं स्वरूपं च नुः।
अस्यागुप्तिरतो न काचन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शङ्कः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति।।२६-१५८।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः ज्ञानं सदा विन्दति" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानं) शुद्ध चैतन्यवस्तुको (सदा विन्दति) निरन्तर अनुभवता है—आस्वादता है। कैसा है ज्ञान? "स्वयं" अनादि सिद्ध है। और कैसा है? "सहजं" शुद्ध वस्तुस्वरूप है। और कैसा है? "सततं" अखण्ड धाराप्रवाहरूप है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? 'निःशंकः" वस्तुको जतनसे रखा जाय, नहीं तो कोई चुरा लेगा ऐसा जो अगुप्तिभय उससे रहित है। "अतः अस्य काचन अगुप्तिः एव न भवेत् ज्ञानिनः तद्भीः कुतः" (अतः) इस कारणसे (अस्य) शुद्ध जीवके (काचन अगुप्तिः) किसी प्रकारका अगुप्तिपना (न भवेत्) नहीं है, (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (तद्भीः) मेरा कुछ कोई छीन न लेवे ऐसा अगुप्तिभय (कुतः) कहाँसे होवे? अपि तु नहीं होता। किस कारणसे? "किल वस्तुनः स्वरूपं परमा गुप्तिः अस्ति" (किल) निश्चयसे (वस्तुनः) जो कोई द्रव्य है उसका (स्वरूप) जो कुछ निज लक्षण है वह (परमा गुप्तिः अस्ति) सर्वथा प्रकार गुप्त है। किस कारणसे? "यत् स्वरूपे कः अपि परः प्रवेष्टुम् न शक्तः" (यत्) जिस कारणसे (स्वरूपे) वस्तुके सत्त्वमें (कः अपि परः) कोई अन्य द्रव्य अन्य द्रव्यमें (प्रवेष्टुम्) संक्रमणको (न शक्तः) समर्थ नहीं है। "नुः ज्ञानं स्वरूपं च" (नुः) आत्मद्रव्यका (ज्ञानं स्वरूपं) चैतन्य स्वरूप है। (च) वही ज्ञानस्वरूप कैसा है? "अकृतं" किसीने किया नहीं, कोई हर सकता नहीं। भावार्थ इस प्रकार है कि सब जीवोंको ऐसा भय होता है कि मेरा कुछ कोई चुरा लेगा, छीन लेगा सो ऐसा भय

सम्यग्दृष्टिको नहीं होता। जिस कारणसे सम्यग्दृष्टि ऐसा अनुभव करता है कि मेरा तो शुद्ध चैतन्यस्वरूप है, उसको तो कोई चुरा सकता नहीं, छीन सकता नहीं, वस्तुका स्वरूप अनादिनिधन है।।२६-१५८।।

(शार्दूलविक्रीडित)

प्राणोच्छेदमुदाहरन्ति मरणं प्राणाः किलास्यात्मनो
ज्ञानं तत्स्वयमेव शाश्वततया नोच्छिद्यते जातुचित्।
तस्यातो मरणं न किञ्चन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शङ्कः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति।।२७-१५९।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः ज्ञानं सदा विन्दति" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानं) शुद्धचैतन्य वस्तुको (सदा) निरन्तर (विन्दति) आस्वादता है। कैसा है ज्ञान? "स्वयं" अनादिसिद्ध है। और कैसा है? "सततं" अखण्ड धाराप्रवाहरूप है। और कैसा है? "सहजं" बिना कारण सहज ही निष्पन्न है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "निःशंकः" मरणशंकाके दोषसे रहित है। क्या विचारता हुआ निःशंक है? "अतः तस्य मरणं किञ्चन न भवेत् ज्ञानिनः तद्भीः कुतः" (अतः) इस कारणसे (तस्य) आत्मद्रव्यके (मरणं) प्राणवियोग (किञ्चन) सूक्ष्ममात्र (न भवेत्) नहीं होता, तिस कारण (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टिके (तद्भीः) मरणका भय (कुतः) कहाँसे होवे? अपि तु नहीं होता। जिस कारणसे "प्राणोच्छेदम् मरणं उदाहरन्ति" (प्राणोच्छेदम्) इन्द्रिय, बल, उच्छ्वास, आयु ऐसे हैं जो प्राण, उनका विनाश ऐसा जो (मरणं) मरण कहनेमें आता है (उदाहरन्ति) अरिहंतदेव ऐसा कहते हैं। "किल आत्मनः ज्ञानं प्राणाः" (किल) निश्चयसे (आत्मनः) जीव द्रव्यका (ज्ञानं प्राणाः) शुद्ध चैतन्यमात्र प्राण है। "तत् जातुचित् न उच्छिद्यते" (तत्) शुद्ध ज्ञान (जातुचित्) किसी कालमें (न उच्छिद्यते) नहीं विनशता है। किस कारणसे? "स्वयम् एव शाश्वततया" (स्वयम् एव) बिना ही जतन (शाश्वततया) अविनश्वर है तिस कारणसे। भावार्थ इस प्रकार है कि सभी मिथ्यादृष्टि जीवोंको मरणका भय होता है। सम्यग्दृष्टि जीव ऐसा अनुभवता है कि मेरा शुद्ध चैतन्यमात्र स्वरूप है सो तो विनशता नहीं, प्राण नष्ट होते हैं सो तो मेरा स्वरूप है

ही नहीं, पुद्गलका स्वरूप है। इसलिये मेरा मरण होवे तो डरों, मैं किस लिये डरों, मेरा स्वरूप शाश्वत है ॥२७-१५९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

एकं ज्ञानमनाद्यनन्तमचलं सिद्धं किलैतत्स्वतो
यावत्तावदिदं सदैव हि भवेन्नात्र द्वितीयोदयः।
तन्नाकस्मिकमत्र किञ्चन भवेत्तद्भीः कुतो ज्ञानिनो
निश्शङ्कः सततं स्वयं स सहजं ज्ञानं सदा विन्दति॥२८-१६०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः ज्ञानं सदा विन्दति" (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानं) शुद्धचैतन्य वस्तुको (सदा) त्रिकाल (विन्दति) आस्वादता है। कैसा है ज्ञान? "स्वयं" सहज ही से उपजा है। और कैसा है? "सततं" अखण्ड धाराप्रवाहरूप है। और कैसा है? "सहजं" बिना उपाय ऐसी ही वस्तु है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "निःशंकः" आकस्मिक भयसे रहित है। आकस्मिक अर्थात् अनचिन्ता तत्काल ही अनिष्टका उत्पन्न होना। क्या विचारता है सम्यग्दृष्टि जीव? "अत्र तत् आकस्मिकम् किञ्चन न भवेत् ज्ञानिनः तद्भीः कुतः" (अत्र) शुद्ध चैतन्यवस्तुमें (तत्) कहा है लक्षण जिसका ऐसा (आकस्मिकम्) क्षणमात्रमें अन्य वस्तुसे अन्य वस्तुपना (किञ्चन न भवेत्) ऐसा कुछ है ही नहीं, तिस कारण (ज्ञानिनः) सम्यग्दृष्टि जीवके (तद्भीः) आकस्मिकपनाका भय (कुतः) कहाँसे होवे? अपि तु नहीं होता। किस कारणसे? "एतत् ज्ञानं स्वतः यावत्" (एतत् ज्ञानं) शुद्ध जीव वस्तु (स्वतः यावत्) आप सहज जैसी है जितनी है "इदं तावत् सदा एव भवेत्" (इदं) शुद्ध वस्तुमात्र (तावत्) वैसी है उतनी है। (सदा) अतीत, अनागत, वर्तमान कालमें (एव भवेत्) निश्चयसे ऐसी ही है। "अत्र द्वितीयोदयः न" (अत्र) शुद्ध वस्तुमें (द्वितीयोदयः) औरसा स्वरूप (न) नहीं होता है। कैसा है ज्ञान? "एकं" समस्त विकल्पोंसे रहित है। और कैसा है? "अनाद्यनन्तम्" नहीं है आदि, नहीं है अन्त जिसका ऐसा है। और कैसा है? "अचलं" अपने स्वरूपसे नहीं विचलित होता। और कैसा है? "सिद्धं" निष्पन्न है ॥२८-१६०॥

(मन्दाक्रान्ता)

टङ्कोत्कीर्णस्वरसनिचितज्ञानसर्वस्वभाजः
सम्यग्दृष्टेर्यदिह सकलं घ्नन्ति लक्ष्माणि कर्म।
तत्तस्यास्मिन्पुनरपि मनाक्कर्मणो नास्ति बन्धः
पूर्वोपात्तं तदनुभवतो निश्चितं निर्जरैव॥२९-१६१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यत् इह सम्यग्दृष्टेः लक्ष्माणि सकलं कर्म घ्नन्ति" (यत्) जिस कारणसे (इह) विद्यमान (सम्यग्दृष्टेः) शुद्धस्वरूप परिणमा है जो जीव, उसके (लक्ष्माणि) निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सा, अमूढ़दृष्टि, उपगूहन, स्थितीकरण, वात्सल्य, प्रभावना अंगरूप गुण (सकलं कर्म) ज्ञानावरणादि आठ प्रकार पुद्गल द्रव्यके परिणमनको (घ्नन्ति) हनन करते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके जितने कोई गुण हैं वे शुद्ध परिणमनरूप हैं, इससे कर्मकी निर्जरा है। "तत् तस्य अस्मिन् कर्मणः मनाक् बन्धः पुनः अपि नास्ति" (तत्) तिस कारण (तस्य) सम्यग्दृष्टि जीवके (अस्मिन्) शुद्ध परिणामके होनेपर (कर्मणः) ज्ञानावरणादि कर्मोंका (मनाक् बन्धः) सूक्ष्ममात्र भी बन्ध (पुनः अपि नास्ति) कभी नहीं। "तत् पूर्वोपात्तं अनुभवतः निश्चितं निर्जरा एव" (तत्) ज्ञानावरणादि कर्म (पूर्वोपात्तं) सम्यक्त्व उत्पन्न होनेके पहले अज्ञान राग परिणामसे बाँधा था जो कर्म उसके उदयको (अनुभवतः) जो भोगता है ऐसे सम्यग्दृष्टि जीवके (निश्चितं) निश्चयसे (निर्जरा एव) ज्ञानावरणादि कर्मका गलना है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "टङ्कोत्कीर्णस्वरसनिचितज्ञानसर्वस्वभाजः" (टङ्कोत्कीर्ण) शाश्वत जो (स्वरस) स्व-परग्राहक शक्ति उससे (निचित) परिपूर्ण ऐसा (ज्ञान) प्रकाश गुण, वही है (सर्वस्व) आदि मूल जिसका ऐसा जो जीवद्रव्य, उसका (भाजः) अनुभव करनेमें समर्थ है। ऐसा है सम्यग्दृष्टि जीव, सो उसके नूतन कर्मका बन्ध नहीं है, पूर्वबद्ध कर्मकी निर्जरा है॥२९-१६१॥

(मन्दाक्रान्ता)

रुन्धन् बन्धं नवमिति निजैः सङ्गतोऽष्टाभिरङ्गैः
प्राग्बद्धं तु क्षयमुपनयन्निर्जरोज्जृम्भणेन।
सम्यग्दृष्टिः स्वयमतिरसादादिमध्यान्तमुक्तं
ज्ञानं भूत्वा नटति गगनाभोगरङ्गं विगाह्य॥३०-१६२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**सम्यग्दृष्टिः ज्ञानं भूत्वा नटति**" (सम्यग्दृष्टिः) शुद्ध स्वभावरूप होकर परिणत हुआ जीव (ज्ञानं भूत्वा) शुद्ध ज्ञानस्वरूप होकर (नटति) अपने शुद्ध स्वरूपरूप परिणमता है। कैसा है शुद्ध ज्ञान? "**आदिमध्यान्तमुक्तं**" अतीत, अनागत, वर्तमान कालगोचर शाश्वत है। क्या करके? "**गगनाभोगरङ्गं विगाह्य**" (गगन) जीवका शुद्ध स्वरूप है (आभोगरङ्गं) अखाड़ेकी नाचनेकी भूमि, उसको (विगाह्य) अनुभवगोचर करके, ऐसा है ज्ञानमात्र वस्तु। किस कारणसे? "**स्वयम् अतिरसात्**" अनाकुलत्वलक्षण अतीन्द्रिय जो सुख उसे प्राप्त होनेसे। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "**नवम् बन्धं रुन्धन्**" (नवम्) धाराप्रवाहरूप परिणमा है जो ज्ञानावरणादिरूप पुद्गलपिण्ड ऐसा जो (बन्धं) जीवके प्रदेशोंसे एक क्षेत्रावगाहरूप, उसको (रुन्धन्) मेटता हुआ। क्योंकि "**निजैः अष्टाभिः अङ्गैः सङ्गतः**" (निजैः अष्टाभिः) अपने ही निःशंकित, निःकांक्षित इत्यादिरूप कहे जो आठ (अङ्गैः) सम्यक्त्वके सहारेके गुण उनसे (सङ्गतः) भावरूप परिणमा है, ऐसा है। और कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "**तु प्राग्बद्धं कर्म क्षयं उपनयन्**" (तु) दूसरा कार्य ऐसा भी होता है कि (प्राग्बद्धं) पूर्वमें बाँधा जो ज्ञानावरणादि (कर्म) पुद्गलपिण्ड, उसका (क्षयं) मूलसे सत्तानाश (उपनयन्) करता हुआ। किसके द्वारा? "**निर्जरोज्जृम्भणेन**" (निर्जरा) शुद्ध परिणामके (उज्जृम्भणेन) प्रगटपनाके द्वारा॥३०-१६२॥

-८-

बन्ध अधिकार

(शार्दूलविक्रीडित)

रागोद्गारमहारसेन सकलं कृत्वा प्रमत्तं जगत्
क्रीडन्तं रसभावनिर्भरमहानाट्येन बन्धं धुनत्।
आनन्दामृतनित्यभोजि सहजावस्थां स्फुटन्नाटयद्-
धीरोदारमनाकुलं निरुपधि ज्ञानं समुन्मज्जति॥१-१६३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**ज्ञानं समुन्मज्जति**" (ज्ञानं) शुद्ध जीव (समुन्मज्जति) प्रगट होता है। भावार्थ—यहाँसे लेकर जीवका शुद्धस्वरूप कहते हैं। कैसा है शुद्धज्ञान ? "**आनन्दामृतनित्यभोजि**" (आनन्द) अतीन्द्रिय सुख, ऐसा है (अमृत) अपूर्व लब्धि, उसका (नित्यभोजि) निरन्तर आस्वादनशील है। और कैसा है ? "**स्फुटं सहजावस्थां नाटयत्**" (स्फुटं) प्रगटरूपसे (सहजावस्थां) अपने शुद्ध स्वरूपको (नाटयत्) प्रगट करता है। और कैसा है ? "**धीरोदारम्**" (धीर) अविनश्वर सत्तारूप है। (उदारम्) धाराप्रवाहरूप परिणमन स्वभाव है। और कैसा है ? "**अनाकुलं**" सब दुःखसे रहित है। और कैसा है ? "**निरुपधि**" समस्त कर्मकी उपाधिसे रहित है। क्या करता हुआ ज्ञान प्रगट होता है ? "**बन्धं धुनत्**" (बन्धं) ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गलपिण्डका परिणमन, उसको (धुनत्) मेटता हुआ। कैसा है बन्ध ? "**क्रीडन्तं**" प्रगटरूपसे गर्जता है। किसके द्वारा क्रीड़ा करता है ? "**रसभावनिर्भरमहानाट्येन**" (रसभाव) समस्त जीवराशिको अपने वशकर उत्पन्न हुआ जो अहंकारलक्षण गर्व, उससे (निर्भर) भरा हुआ जो (महानाट्येन) अनन्त कालसे लेकर अखाड़ेका सम्प्रदाय, उसके द्वारा। क्या करके ऐसा है बन्ध ? "**सकलं जगत् प्रमत्तं कृत्वा**" (सकलं जगत्) सर्व संसारी जीवराशिको (प्रमत्तं कृत्वा) जीवके शुद्धस्वरूपसे भ्रष्ट कर। किसके द्वारा ? "**रागोद्गारमहारसेन**" (राग) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिका (उद्गार) अति ही

आधिक्यपना, ऐसी जो (महारसेन) मोहरूप मदिरा, उसके द्वारा। भावार्थ इस प्रकार है–जिस प्रकार किसी जीवको मदिरा पिलाकर विकल किया जाता है, सर्वस्व छीन लिया जाता है, पदसे भ्रष्ट कर दिया जाता है उसी प्रकार अनादि कालसे लेकर सर्व जीवराशि राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणामसे मतवाली हुई है। इससे ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध होता है। ऐसे बन्धको शुद्ध ज्ञानका अनुभव मेटनशील है, इसलिये शुद्ध ज्ञान उपादेय है॥१-१६३॥

(पृथ्वी)

न कर्मबहुलं जगन्न चलनात्मकं कर्म वा
न नैककरणानि वा न चिदचिद्वधो बन्धकृत्।
यदैक्यमुपयोगभूः समुपयाति रागादिभिः
स एव किल केवलं भवति बन्धहेतुर्नृणाम्॥२-१६४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—प्रथम ही बन्धका स्वरूप कहते हैं–"यत् उपयोगभूः रागादिभिः ऐक्यम् समुपयाति स एव केवलं किल नृणाम् बन्धहेतुः भवति" (यत्) जो (उपयोग) चेतनागुणरूप (भूः) मूल वस्तु (रागादिभिः) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणामके साथ (ऐक्यम्) मिश्रितपनेरूपसे (समुपयाति) परिणमती है (सः एव) एतावन्मात्र (केवलं) अन्य सहाय विना (किल) निश्चयसे (नृणाम्) जितनी संसारी जीवराशि है उसके (बन्धहेतुः भवति) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धका कारण होता है। यहाँ कोई प्रश्न करता है कि बन्धका कारण इतनी ही है कि और भी कुछ बन्धका कारण है? समाधान इस प्रकार है कि बन्धका कारण इतना ही है, और तो कुछ नहीं है, ऐसा कहते हैं—"कर्मबहुलं जगत् न बन्धकृत् वा चलनात्मकं कर्म न बन्धकृत् वा अनेककरणानि न बन्धकृत् वा चिदचिद्वधः न बन्धकृत्" (कर्म) ज्ञानावरणादि कर्मरूप बाँधनेको योग्य हैं जो कार्मणवर्गणा, उनसे (बहुलं) घृतघटके समान भरा है ऐसा जो (जगत्) तीनसौ तेतालीस राजुप्रमाण लोकाकाशप्रदेश (न बन्धकृत्) वह भी बन्धका कर्ता नहीं है। समाधान इस प्रकार है कि जो रागादि अशुद्ध परिणामोंके बिना कार्मण वर्गणामात्रसे बन्ध होता तो जो मुक्त जीव हैं उनके भी बन्ध होता। भावार्थ इस प्रकार है कि रागादि अशुद्ध परिणाम हैं तो ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध है, तो फिर

कार्मण वर्गणाका सहारा कुछ नहीं है, जो रागादि अशुद्ध भाव नहीं हैं तो कर्मका बन्ध नहीं है, तो फिर कार्मणवर्गणाका सहारा कुछ नहीं है। (चलनात्मकं कर्म) मन-वचन-काययोग (न बन्धकृत्) वह भी बन्धका कर्ता नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो मन-वचन-काययोग बन्धका कर्ता होता तो तेरहवें गुणस्थानमें मन-वचन-काययोग है सो उनके द्वारा भी कर्मका बन्ध होता, इस कारण जो रागादि अशुद्ध भाव है तो कर्मका बन्ध है, तो फिर मन-वचन-काय योगोंका सहारा कुछ नहीं है, रागादि अशुद्ध भाव नहीं है तो कर्मका बन्ध नहीं है, तो फिर मन-वचन-काययोगका सहारा कुछ नहीं है। (अनेककरणानि) पाँच इन्द्रियाँ—स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, छठा मन (न बन्धकृत्) ये भी बन्धके कर्ता नहीं हैं। समाधान इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके पाँच इन्द्रियाँ हैं, मन भी हैं। उसके द्वारा पुद्गल द्रव्यके गुणका ज्ञायक भी है। जो पाँच इन्द्रिय और मनमात्रसे कर्मका बन्ध होता तो सम्यग्दृष्टि जीवको भी बन्ध सिद्ध होता। भावार्थ इस प्रकार है कि जो रागादि अशुद्ध भाव है तो कर्मका बन्ध है, तो फिर पाँच इन्द्रिय और छठे मनका सहारा कुछ नहीं है, जो रागादि अशुद्ध भाव नहीं है तो कर्मका बन्ध नहीं है, तो फिर पाँच इन्द्रिय और छठे मनका सहारा कुछ नहीं है। (चित्) जीवके सम्बन्ध सहित एकेन्द्रियादि शरीर (अचित्) जीवके सम्बन्ध सहित पाषाण, लोह, माटी उनका (वधः) मूलसे विनाश अथवा बाधा-पीड़ा (न बन्धकृत्) वह भी बन्धका कर्ता नहीं है। समाधान इस प्रकार है कि जो कोई महामुनीश्वर भावलिंगी मार्ग चलता है, दैवसंयोग सूक्ष्म जीवोंको बाधा होती है सो जो जीवघातमात्रसे बन्ध होता तो मुनीश्वरके कर्मबन्ध होता। भावार्थ इस प्रकार है कि जो रागादि अशुद्ध परिणाम है तो कर्मका बन्ध है, तो फिर जीवघातका सहारा कुछ नहीं है। जो रागादि अशुद्ध भाव नहीं है तो कर्मका बन्ध नहीं है, तो फिर जीवघातका सहारा कुछ नहीं है॥२-१६४॥

(शार्दूलविक्रीडित)

लोकः कर्मततोऽस्तु सोऽस्तु च परिस्पन्दात्मकं कर्म तत्
तान्यस्मिन्करणानि सन्तु चिदचिद्व्यापादनं चास्तु तत्।
रागादिनुपयोगभूमिमनयन् ज्ञानं भवेत् केवलं
बन्धं नैव कुतोऽप्युपैत्ययमहो सम्यग्दृगात्मा ध्रुवम्॥३-१६५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अहो अयम् सम्यग्दृगात्मा कुतः अपि ध्रुवम् एव बन्धं न उपैति'' (अहो) भो भव्यजीव ! (अयम् सम्यग्दृगात्मा) यह शुद्ध स्वरूपका अनुभवनशील सम्यग्दृष्टि जीव (कुतः अपि) भोग सामग्रीको भोगते हुये अथवा बिना भोगते हुये (ध्रुवम्) अवश्यकर (एव) निश्चयसे (बन्धं न उपैति) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धको नहीं करता है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव ? ''रागादीन् उपयोगभूमिम् अनयन्'' (रागादीन्) अशुद्धरूप विभाव परिणामोंको (उपयोगभूमिम्) चेतनामात्र गुणके प्रति (अनयन्) न परिणमाता हुआ। ''केवलं ज्ञानं भवेत्'' मात्र ज्ञानस्वरूप रहता है। भावार्थ इस प्रकार है—सम्यग्दृष्टि जीवको बाह्य आभ्यन्तर सामग्री जैसी थी वैसी ही है, परन्तु रागादि अशुद्धरूप विभाव परिणति नहीं है, इसलिये ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध नहीं है। ''ततः लोकः कर्म अस्तु च तत् परिस्पंदात्मकं कर्म अस्तु अस्मिन् तानि करणानि सन्तु च तत् चिदचिद्व्यापादनं अस्तु'' (ततः) तिस कारणसे (लोकः कर्म अस्तु) कार्मण वर्गणासे भरा है जो समस्त लोकाकाश सो तो जैसा है वैसा ही रहो। (च) और (तत् परिस्पन्दात्मकं कर्म अस्तु) ऐसा है जो आत्मप्रदेशकम्परूप मन-वचन-कायरूप तीन योग वे भी जैसा है वैसा ही रहो तथापि कर्मका बन्ध नहीं। क्या होने पर ? (तस्मिन्) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणामके चले जाने पर (तानि करणानि सन्तु) वे भी पाँच इन्द्रियाँ तथा मन सो जैसे हैं वैसे ही रहो (च) और (तत् चिद्चिद्व्यापादनं अस्तु) पूर्वोक्त चेतन अचेतनका घात जैसा होता था वैसा ही रहो तथापि शुद्ध परिणामके होने पर कर्मका बन्ध नहीं है ॥३-१६५॥

(पृथ्वी)

तथापि न निरर्गलं चरितुमिष्यते ज्ञानिनां
तदायतनमेव सा किल निरर्गला व्यापृतिः।
अकामकृतकर्म तन्मतमकारणं ज्ञानिनां
द्वयं न हि विरुद्ध्यते किमु करोति जानाति च॥४–१६६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''तथापि ज्ञानिनां निरर्गलं चरितुम् न इष्यते'' (तथापि) यद्यपि कार्मणवर्गणा, मन-वचन-काययोग, पाँच इन्द्रियाँ, मन, जीवका

घात इत्यादि बाह्य सामग्री कर्मबन्धका कारण नहीं है। कर्मबन्धका कारण रागादि अशुद्धपना है। वस्तुका स्वरूप ऐसा ही है। तो भी (ज्ञानिनां) शुद्धस्वरूपके अनुभवशील हैं जो सम्यग्दृष्टि जीव उनकी (निरर्गलं चरितुम्) प्रमादी होकर विषय भोगका सेवन किया तो किया ही, जीवोंका घात हुआ तो हुआ ही, मन वचन काय जैसे प्रवर्ते वैसे प्रवर्तो ही–ऐसी निरंकुश वृत्ति (न इष्यते) जानकर करते हुये कर्मका बन्ध नहीं है ऐसा तो गणधरदेव नहीं मानते हैं। किस कारणसे नहीं मानते हैं? कारण कि **''सा निरर्गला व्यापृतिः किल तदायतनम् एव''** (सा) पूर्वोक्त (निरर्गला व्यापृत्तिः) बुद्धिपूर्वक जानकर, अन्तरंगमें रुचिकर विषय-कषायोंमें निरंकुशरूपसे आचरण (किल) निश्चयसे (तदायतनम् एव) अवश्य कर मिथ्यात्व-राग-द्वेषरूप अशुद्ध भावोंको लिये हुये है, इससे कर्मबन्धका कारण है। भावार्थ इस प्रकार है कि ऐसी युक्तिका भाव मिथ्यादृष्टि जीवके होता है सो मिथ्यादृष्टि कर्मबन्धका कर्ता प्रगट ही है। कारण कि **''ज्ञानिनां तत् अकामकृत् कर्म अकारणं मतम्''** (ज्ञानिनां) सम्यग्दृष्टि जीवोंके (तत्) जो कुछ पूर्वबद्ध कर्मके उदयसे है वह समस्त (अकामकृतकर्म) अवांछित क्रियारूप है, इसलिये (अकारणं मतम्) कर्मबन्धका कारण नहीं है ऐसा गणधरदेवने माना है और ऐसा ही है। कोई कहेगा **''करोति जानाति च''** (करोति) कर्मके उदयसे होती है जो भोगसामग्री सो होती हुई अन्तरंग रुचिपूर्वक सुहाती है ऐसा भी है (जानाति च) तथा शुद्ध स्वरूपको अनुभवता है, समस्त कर्मजनित सामग्रीको हेयरूप जानता है ऐसा भी है। ऐसा कोई कहता है सो झूठा है। कारण कि **''द्वयं किमु न हि विरुद्ध्यते''** (द्वयं) ज्ञाता भी वांछक भी ऐसी दो क्रिया (किमु न हि विरुद्ध्यते) विरुद्ध नहीं क्या? अपि तु सर्वथा विरुद्ध हैं॥४-१६६॥

(वसंततिलका)

जानाति यः स न करोति करोति यस्तु
जानात्ययं न खलु तत्किल कर्म रागः।
रागं त्वबोधमयमध्यवसायमाहु-
र्मिथ्यादृशः स नियतं स च बन्धहेतुः॥५-१६७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''यः जानाति सः न करोति''** (यः) जो

कोई सम्यग्दृष्टि जीव (जानाति) शुद्ध स्वरूपको अनुभवता है (सः) वह सम्यग्दृष्टि जीव (न करोति) कर्मकी उदय सामग्रीमें अभिलाषा नहीं करता। **''तु यः करोति अयं न जानाति''** (तु) और (यः) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव (करोति) कर्मकी विचित्र सामग्रीको आप जानकर अभिलाषा करता है (अयं) वह मिथ्यादृष्टि जीव (न जानाति) शुद्ध स्वरूप जीवको नहीं जानता है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीवको जीवके स्वरूपका जानपना नहीं घटित होता। **''खलु''** ऐसा वस्तुका निश्चय है। ऐसा कहा जो मिथ्यादृष्टिका कर्ता है वहाँ करना सो क्या? **''तत् कर्म किल रागः''** (तत् कर्म) कर्मके उदय सामग्रीका करना वह (किल) वास्तवमें (रागः) कर्म सामग्रीमें अभिलाषारूप चिकना परिणाम है। कोई मानेगा कि कर्मसामग्रीमें अभिलाषा हुई तो क्या, न हुई तो क्या? सो ऐसा तो नहीं है, अभिलाषामात्र पूरा मिथ्यात्व परिणाम है ऐसा कहते हैं—**''तु रागं अबोधमयम् अध्यवसायम् आहुः''** (तु) वह वस्तु ऐसी है कि (रागं अबोधमयम् अध्यवसायम्) परद्रव्य सामग्रीमें है जो अभिलाषा वह निःकेवल मिथ्यात्वरूप परिणाम है ऐसा (आहुः) गणधरदेवने कहा है। **''सः नियतं मिथ्यादृशः भवेत्''** (सः) कर्मकी सामग्रीमें राग (नियतं) अवश्यकर (मिथ्यादृशः भवेत्) मिथ्यादृष्टि जीवके होता है। सम्यग्दृष्टि जीवके निश्चयसे नहीं होता। **''सः च बन्धहेतुः''** वह रागपरिणाम कर्मबन्धका कारण है। इसलिये भावार्थ ऐसा है कि मिथ्यादृष्टि जीव कर्मबन्ध करता है, सम्यग्दृष्टि जीव नहीं करता॥५-१६७॥

(वसंततिलका)

सर्वं सदैव नियतं भवति स्वकीय-
कर्मोदयान्मरणजीवितदुःखसौख्यम्।
अज्ञानमेतदिह यत्तु परः परस्य
कुर्यात्पुमान् मरणजीवितदुःखसौख्यम्॥६-१६८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''इह एतत् अज्ञानम्''** (इह) मिथ्यात्व परिणामका एक अंग दिखलाते हैं–(एतत् अज्ञानम्) ऐसा भाव मिथ्यात्वमय है। **''तु यत् परः पुमान् परस्य मरणजीवितदुःखसौख्यम् कुर्यात्''** (तु) वह कैसा भाव? (यत्) वह भाव ऐसा

कि (परः पुमान्) कोई पुरुष (परस्य) अन्य पुरुषके (मरणजीवितदुःखसौख्यम्) मरण-प्राणघात, जीवित-प्राणरक्षा, दुःख-अनिष्टसंयोग, सौख्य-इष्टप्राप्ति ऐसे कार्यको (कुर्यात्) करता है। भावार्थ इस प्रकार है—अज्ञानी मनुष्योंमें ऐसी कहावत है कि इस जीवने इस जीवको मारा, इस जीवने इस जीवको जिलाया, इस जीवने इस जीवको सुखी किया, इस जीवने इस जीवको दुःखी किया ऐसी कहावत है सो ऐसी ही प्रतीति जिस जीवको होवे वह जीव मिथ्यादृष्टि है ऐसा निःसन्देह जानियेगा, धोखा कुछ नहीं। क्यों जानना कि मिथ्यादृष्टि है? कारण कि **''मरणजीवितदुःखसौख्यम् सर्वं सदा एव नियतं स्वकीयकर्मोदयात् भवति''** (मरण) प्राणघात (जीवित) प्राणरक्षा (दुःखसौख्यम्) इष्ट-अनिष्टसंयोग यह जो (सर्वं) सब जीवराशिको होता है वह सब (सदा एव) सर्वकाल (नियतं) निश्चयसे (स्वकीयकर्मोदयात् भवति) जिस जीवने अपने विशुद्ध अथवा संक्लेशरूप परिणामके द्वारा पहले ही बाँधा है जो आयुः कर्म अथवा सातकर्म अथवा असातकर्म, उस कर्मके उदयसे उस जीवको मरण अथवा जीवन अथवा दुःख अथवा सुख होता है ऐसा निश्चय है। इस बातमें धोखा कुछ नहीं। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जीव किसी जीवको मारनेके लिये समर्थ नहीं है, जिलानेके लिये समर्थ नहीं है, सुखी दुःखी करनेके लिये समर्थ नहीं है॥६-१६८॥

(वसन्ततिलका)

अज्ञानमेतदधिगम्य परात्परस्य
पश्यन्ति ये मरणजीवितदुःखसौख्यम्।
कर्माण्यहंकृतिरसेन चिकीर्षवस्ते
मिथ्यादृशो नियतमात्महनो भवन्ति॥७-१६९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—**''ये परात् परस्य मरणजीवितदुःखसौख्यम् पश्यन्ति''** (ये) जो कोई अज्ञानी जीवराशि (परात्) अन्य जीवसे (परस्य) अन्य जीवका (मरणजीवितदुःखसौख्यम्) मरना, जीना, दुःख, सुख (पश्यन्ति) मानती है। क्या करके? **''एतत् अज्ञानम् अधिगम्य''** (एतत् अज्ञानम्) मिथ्यात्वरूप अशुद्ध परिणामको—ऐसे अशुद्धपनेको (अधिगम्य) पाकर। **''ते नियतम् मिथ्यादृशः भवन्ति''** (ते) जो जीवराशि ऐसा मानती है वह (नियतम्) निश्चयसे (मिथ्यादृशः भवन्ति) सर्वप्रकार मिथ्यादृष्टि राशि

है। कैसे हैं वे मिथ्यादृष्टि? "**अहंकृतिरसेन कर्माणि चिकीर्षवः**" (अहंकृति) मैं देव, मैं मनुष्य, मैं तिर्यंच, मैं नारक, मैं दुःखी, मैं सुखी ऐसी कर्मजनित पर्यायमें हैं आत्मबुद्धिरूप जो (रस) मग्नपना उसके द्वारा (कर्माणि) कर्मके उदयसे जितनी क्रिया होती है उसे (चिकीर्षवः) मैं करता हूँ, मैंने किया है, ऐसा करूँगा ऐसे अज्ञानको लिये हुये मानते हैं। और कैसे हैं? "**आत्महनः**" अपनेको घातनशील हैं॥७-१६९॥

(अनुष्टुप)

मिथ्यादृष्टेः स एवास्य बन्धहेतुर्विपर्ययात्।
य एवाध्यवसायोऽयमज्ञानात्माऽस्य दृश्यते॥८-१७०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**अस्य मिथ्यादृष्टेः सः एव बन्धहेतुः भवति**" (अस्य मिथ्यादृष्टेः) इस मिथ्यादृष्टि जीवके (सः एव) मिथ्यात्वरूप है जो ऐसा परिणाम कि इस जीवने इस जीवको मारा, इस जीवने इस जीवको जिलाया ऐसा भाव (बन्धहेतुः भवति) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धका कारण होता है। किस कारणसे? "**विपर्ययात्**" कारण कि ऐसा परिणाम मिथ्यात्वरूप है। "**यः एव अयम् अध्यवसायः**" इसको मारूँ, इसको जिलाऊँ ऐसा जो मिथ्यात्वरूप परिणाम जिनके होता है "**अस्य अज्ञानात्मा दृश्यते**" (अस्य) ऐसे जीवका (अज्ञानात्मा) मिथ्यात्वमय स्वरूप (दृश्यते) देखनेमें आता है॥८-१७०॥

(अनुष्टुप)

अनेनाध्यवसायेन निष्फलेन विमोहितः।
तत्किञ्चनापि नैवास्ति नात्मात्मानं करोति यत्॥९-१७१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**आत्मा आत्मानं यत् न करोति तत् किञ्चन अपि न एव अस्ति**" (आत्मा) मिथ्यादृष्टि जीव (आत्मानं) अपनेको (यत् न करोति) जिसरूप नहीं आस्वादता (तत् किञ्चन) ऐसी पर्याय ऐसा विकल्प (न एव अस्ति) त्रैलोक्यमें है ही नहीं। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीव जैसी पर्याय धारण करता है, जैसे भावरूप परिणमता है उस सबको आपस्वरूप जान अनुभवता है। इसलिये कर्मके स्वरूपको जीवके स्वरूपसे भिन्न कर नहीं जानता है, एकरूप अनुभव करता है। "**अनेन**

अध्यवसायेन'' इसको मारूँ, इसको जिलाऊँ, इसे मैंने मारा, इसे मैंने जिलाया, इसे मैंने सुखी किया, इसे मैंने दुःखी किया ऐसे परिणामसे ''विमोहितः'' गहल हुआ है। कैसा है परिणाम ? ''निःफलेन'' झूठा है। भावार्थ इस प्रकार है कि यद्यपि मारनेकी कहता है, जिलानेकी कहता है तथापि जीवोंका मरना जीना अपने कर्मके उदयके हाथ है। इसके परिणामोंके अधीन नहीं है। यह अपने अज्ञानपनेको लिये हुये अनेक झूठे विकल्प करता है ॥९-१७१॥

(इन्द्रवज्रा)

विश्वाद्विभक्तोऽपि हि यत्प्रभावा-
दात्मानमात्मा विदधाति विश्वम्।
मोहैककन्दोऽध्यवसाय एष
नास्तीह येषां यतयस्त एव॥१०-१७२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''ते एव यतयः'' वे ही यतीश्वर हैं ''येषां इह एष अध्यवसायः नास्ति'' (येषां) जिनकी (इह) सूक्ष्मरूप वा स्थूलरूप (एषः अध्यवसायः) इसको मारूँ, इसको जिलाऊँ ऐसा मिथ्यात्वरूप परिणाम (नास्ति) नहीं है। कैसा है परिणाम ? ''मोहैककन्दः'' (मोह) मिथ्यात्वका (एककन्दः) मूल कारण है। ''यत्प्रभावात्'' जिस मिथ्यात्व परिणामके कारण ''आत्मा आत्मानम् विश्वम् विदधाति'' (आत्मा) जीवद्रव्य (आत्मानम्) आपको (विश्वम्) मैं देव, मैं मनुष्य, मैं क्रोधी, मैं मानी, मैं सुखी, मैं दुःखी इत्यादि नानारूप (विदधाति) अनुभवता है। कैसा है आत्मा ? ''विश्वात् विभक्तः अपि'' कर्मके उदयसे हुई समस्त पर्यायोंसे भिन्न है, ऐसा है यद्यपि। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीव पर्यायमें रत है, इसलिये पर्यायको आपरूप अनुभवता है। ऐसे मिथ्यात्व भावके छूटने पर ज्ञानी भी साँचा, आचरण भी साँचा ॥१०-१७२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

सर्वत्राध्यवसानमेवमखिलं त्याज्यं यदुक्तं जिने-
स्तन्मन्ये व्यवहार एव निखिलोऽप्यन्याश्रयस्त्याजितः।

सम्यङ्निश्चयमेकमेव तदमी निष्कंपमाक्रम्य किं
शुद्धज्ञानघने महिम्नि न निजे बध्नन्ति सन्तो धृतिम्॥११-१७३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अमी सन्तः निजे महिम्नि धृतिम् किं न बध्नन्ति'' (अमी सन्तः) सम्यग्दृष्टि जीवराशि (निजे महिम्नि) अपने शुद्ध चिद्रूप स्वरूपमें (धृतिम्) स्थिरतारूप सुखको (किं न बध्नन्ति) क्यों न करे? अपि तु सर्वथा करे। कैसी है निजमहिमा? ''शुद्धज्ञानघने'' (शुद्ध) रागादिरहित ऐसे (ज्ञान) चेतनागुणका (घने) समूह है। क्या करके? ''तत् सम्यक् निश्चयं आक्रम्य'' (तत्) तिस कारणसे (सम्यक् निश्चयम्) निर्विकल्प वस्तुमात्रको (आक्रम्य) जैसी है वैसी अनुभवगोचर कर। कैसा है निश्चय? ''एकम् एव'' (एकम्) निर्विकल्प वस्तुमात्र है। (एव) निश्चयसे। और कैसा है? ''निष्कम्पम्'' सर्व उपाधिसे रहित है। ''यत् सर्वत्र अध्यवसानम् अखिलं एव त्याज्यं'' (यत्) जिस कारणसे (सर्वत्र अध्यवसानम्) मैं मारूँ, मैं जिलाऊँ, मैं दुःखी करूँ, मैं सुखी करूँ, मैं देव, मैं मनुष्य इत्यादि हैं जो मिथ्यात्वरूप असंख्यात लोकमात्र परिणाम (अखिलं एव त्याज्यं) वे समस्त परिणाम हेय हैं। कैसा है परिणाम? ''जिनैः उक्तं'' परमेश्वर केवलज्ञान विराजमान, उन्होंने ऐसा कहा है। ''तत्'' मिथ्यात्वभावका हुआ है त्याग, उसको ''मन्ये'' मैं ऐसा मानता हूँ कि, ''निखिलः अपि व्यवहारः त्याजितः एव'' (निखिलः अपि) जितना है सत्यरूप अथवा असत्यरूप (व्यवहारः) शुद्ध स्वरूपमात्रसे विपरीत जितने मन वचन कायके विकल्प वे सब (त्याजितः) सर्व प्रकार छूटे हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि पूर्वोक्त मिथ्याभाव जिसके छूट गया उसके समस्त व्यवहार छूट गया। कारण कि मिथ्यात्वके भाव तथा व्यवहारके भाव एक वस्तु है। कैसा है व्यवहार? ''अन्याश्रयः'' (अन्य) विपरीतपना वही है, (आश्रयः) अवलम्बन जिसका, ऐसा है॥११-१७३॥

(उपजाति)

रागादयो बन्धनिदानमुक्ता-
स्ते शुद्धचिन्मात्रमहोऽतिरिक्ताः।

आत्मा परो वा किमु तन्निमित्त-
मिति प्रणुन्नाः पुनरेवमाहुः ॥१२-१७४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**पुनः एवम् आहुः**" (पुनः) शुद्ध वस्तुस्वरूपका निरूपण किया तथापि पुनः (एवम् आहुः) ऐसा कहते हैं ग्रन्थके कर्ता श्री कुन्दकुन्दाचार्य। कैसा है? "**इति प्रणुन्नाः**" ऐसा प्रश्नरूप नम्र होकर पूछा है। कैसा है प्रश्नरूप? "**ते रागादयः बन्धनिदानम् उक्ताः**" अहो स्वामिन्! (ते रागादयः) अशुद्ध चेतनारूप हैं राग द्वेष मोह इत्यादि असंख्यात लोकमात्र विभाव परिणाम, वे (बन्धनिदानम् उक्ताः) ज्ञानावरणादि कर्मबन्धके कारण हैं ऐसा कहा, सुना, जाना, माना। कैसे हैं वे भाव? "**शुद्धचिन्मात्रमहोऽतिरिक्ताः**" (शुद्धचिन्मात्र) शुद्ध ज्ञानचेतनामात्र है जो (महः) ज्योतिस्वरूप जीववस्तु उससे (अतिरिक्ताः) बाहर हैं। अब एक प्रश्न मैं करता हूँ कि "**तन्निमित्तम् आत्मा वा परः**" (तन्निमित्तम्) उन राग द्वेष मोहरूप अशुद्ध परिणामोंका कारण कौन है? (आत्मा) जीवद्रव्य कारण है (वा) कि (परः) मोह कर्मरूप परिणमा है जो पुद्गल द्रव्यका पिण्ड वह कारण है। ऐसा पूछने पर आचार्य उत्तर कहते हैं ॥१२-१७४॥

(उपजाति)

न जातु रागादिनिमित्तभाव-
मात्मात्मनो याति यथार्ककान्तः।
तस्मिन्निमित्तं परसङ्ग एव
वस्तुस्वभावोऽयमुदेति तावत् ॥१३-१७५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**तावत् अयम् वस्तुस्वभावः उदेति**" (तावत्) किया था प्रश्न, उसका उत्तर इस प्रकार—(अयम् वस्तुस्वभावः) वह वस्तुका स्वरूप (उदेति) सर्व काल प्रगट है। कैसा है वस्तुका स्वभाव? "**जातु आत्मा आत्मनः रागादिनिमित्तभावम् न याति**" (जातु) किसी कालमें (आत्मा) जीवद्रव्य (आत्मनः रागादिनिमित्तभावम्) आप सम्बन्धी हैं जो राग द्वेष मोहरूप अशुद्ध परिणाम उनके कारणपनारूप (न याति) नहीं परिणमता है। भावार्थ इस प्रकार है कि द्रव्यके परिणामका

कारण दो प्रकारका है–एक उपादानकारण है, एक निमित्तकारण है। उपादानकारण द्रव्यके अन्तर्गर्भित है अपने परिणाम पर्यायरूप परिणमनशक्ति, वह तो जिस द्रव्यकी उसी द्रव्यमें होती है ऐसा निश्चय है। निमित्त कारण–जिस द्रव्यका संयोग प्राप्त होनेसे अन्य द्रव्य अपनी पर्यायरूप परिणमता है। वह तो जिस द्रव्यकी उस द्रव्यमें होती है, अन्य द्रव्यगोचर नहीं होती ऐसा निश्चय है। जैसे मिट्टी घट पर्यायरूप परिणमती है। उसका उपादान कारण है मिट्टीमें घटरूप परिणमनशक्ति। निमित्त कारण है बाह्यरूप कुम्हार, चक्र, दण्ड इत्यादि। वैसे ही जीवद्रव्य अशुद्ध परिणाम मोह राग द्वेषरूप परिणमता है। उसका उपादान कारण है जीवद्रव्यमें अन्तर्गभित विभावरूप अशुद्ध परिणमनशक्ति। **''तस्मिन् निमित्तं''** निमित्त कारण है **''परसङ्गः एव''** दर्शनमोह चारित्रमोह कर्मरूप बँधा जो जीवके प्रदेशोंमें एक क्षेत्रावगाहरूप पुद्गल द्रव्यका पिण्ड, उसका उदय। यद्यपि मोह कर्मरूप पुद्गलपिण्डका उदय अपने द्रव्यके साथ व्याप्य-व्यापकरूप है, जीवद्रव्यके साथ व्याप्य-व्यापकरूप नहीं है तथापि मोह कर्मका उदय होने पर जीवद्रव्य अपने विभाव परिणामरूप परिणमता है ऐसा ही वस्तुका स्वभाव है, सहारा किसका। यहाँ दृष्टांत है— **''यथा अर्ककान्तः''** जैसे स्फटिकमणि लाल, पीली, काली, इत्यादि अनेक छविरूप परिणमती है। उसका उपादान कारण है स्फटिकमणिके अन्तर्गर्भित नाना वर्णरूप परिणमनशक्ति। निमित्त कारण है बाह्य नाना वर्णरूप पूरीका संयोग।।१३-१७५।।

(अनुष्टुप)

इति वस्तुस्वभावं स्वं ज्ञानी जानाति तेन सः।
रागादीन्नात्मनः कुर्यान्नातो भवति कारकः।।१४-१७६।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''ज्ञानी इति वस्तुस्वभावं स्वं जानाति''** (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (इति) पूर्वोक्त प्रकार (वस्तुस्वभावं) द्रव्यका स्वरूप ऐसा जो (स्वं) अपना शुद्ध चैतन्य, उसको (जानाति) आस्वादरूप अनुभवता है **''तेन सः रागादीन् आत्मनः न कुर्यात्''** (तेन) तिस कारणसे (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (रागादीन्) राग द्वेष मोहरूप अशुद्ध परिणाम (आत्मनः) जीव द्रव्यके स्वरूप हैं ऐसा (न कुर्यात्) नहीं अनुभवता है, कर्मके उदयकी उपाधि है ऐसा अनुभवता है। **''अतः कारकः न भवति''** (अतः) इस कारणसे (कारकः) रागादि अशुद्ध परिणामोंका कर्ता (न भवति) नहीं होता। भावार्थ

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

इस प्रकार है कि सम्यग्दृष्टि जीवके रागादि अशुद्ध परिणामोंका स्वामित्वपना नहीं है, इसलिये सम्यग्दृष्टि जीव कर्ता नहीं है ॥१४-१७६॥

(अनुष्टुप)

इति वस्तुस्वभावं स्वं नाज्ञानी वेत्ति तेन सः।
रागादीनात्मनः कुर्यादतो भवति कारकः ॥१५-१७७॥*

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अज्ञानी इति वस्तुस्वभावं स्वं न वेत्ति" (अज्ञानी) मिथ्यादृष्टि जीव (इति) पूर्वोक्त प्रकार (वस्तुस्वभावं) द्रव्यका स्वरूप ऐसा जो (स्वं) अपना शुद्ध चैतन्य, उसको (न वेत्ति) आस्वादरूप नहीं अनुभवता है "तेन सः रागादीन् आत्मनः कुर्यात्" (तेन) तिस कारणसे (सः) मिथ्यादृष्टि जीव (रागादीन्) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणाम (आत्मनः) जीव द्रव्यके स्वरूप हैं ऐसा (कुर्यात्) अनुभवता है, कर्मके उदयकी उपाधि है ऐसा नहीं अनुभवता है, "अतः कारकः भवति" (अतः) इस कारणसे (कारकः) रागादि अशुद्ध परिणामोंका कर्ता (भवति) होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीवके रागादि अशुद्ध परिणामोंका स्वामित्वपना है, इसलिये मिथ्यादृष्टि जीव कर्ता है ॥१५-१७७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

इत्यालोच्य विवेच्य तत्किल परद्रव्यं समग्रं बलात्
तन्मूलां बहुभावसन्ततिमिमामुद्धर्तुकामः समम्।
आत्मानं समुपैति निर्भरवहत्पूर्णैकसंविद्युतं
येनोन्मूलितबन्ध एष भगवानात्मात्मनि स्फूर्जति ॥१६-१७८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एषः आत्मा आत्मानं समुपैति येन आत्मनि स्फूर्जति" (एषः आत्मा) प्रत्यक्ष है जो जीव द्रव्य वह (आत्मानं समुपैति) अनादि कालसे स्वरूपसे भ्रष्ट हुआ था तथापि इस अनुक्रमसे अपने स्वरूपको प्राप्त हुआ। (येन)

१. पंडित श्री राजमलजीकी टीकामें यह श्लोक एवं उसका अर्थ छूट गया है। श्लोक नं. १७६के आधारसे इस श्लोकका 'खण्डान्वय सहित अर्थ' बनाकर यहाँ पादटिप्पणमें दिया है।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

जिस स्वरूपकी प्राप्तिके कारण (आत्मनि स्फूर्जति) पर द्रव्यसे सम्बन्ध छूट गया, आपसे सम्बन्ध रहा। कैसा है? **''उन्मूलितबन्धः''** (उन्मूलित) मूल सत्तासे दूर किया है (बन्धः) ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गल द्रव्यका पिण्ड जिसने ऐसा है। और कैसा है? **''भगवान्''** ज्ञानस्वरूप है। कैसा करके अनुभवता है? **''निर्भरवहत्पूर्णैकसंविद्युतं''** (निर्भर) अनन्त शक्तिके पुञ्जरूपसे (वहत्) निरन्तर परिणमता है ऐसा जो (पूर्ण) स्वरससे भरा हुआ (एकसंवित्) विशुद्ध ज्ञान, उससे (युतं) मिला हुआ है ऐसे शुद्धस्वरूपको अनुभवता है। और कैसा है आत्मा? **''इमाम् बहुभावसन्ततिम् समम् उद्धर्तुकामः''** (इमां) कहा है स्वरूप जिसका ऐसा है (बहुभाव) राग द्वेष मोह आदि अनेक प्रकारके अशुद्ध परिणाम उनकी (सन्ततिम्) परम्परा, उसको (समम्) एक ही कालमें (उद्धर्तुकामः) उखाड़ कर दूर करनेका है अभिप्राय जिसका ऐसा है। कैसी है भावसन्तति? **''तन्मूलां''** पर द्रव्यका स्वामित्वपना है मूलकारण जिसका ऐसी है। क्या करके? **''किल बलात् तत् समग्रं परद्रव्यं इति आलोच्य विवेच्य''** (किल) निश्चयसे (बलात्) ज्ञानसे बलकर (तत्) द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मरूप (समग्रं परद्रव्यं) ऐसी है जितनी पुद्गल द्रव्यकी विचित्र परिणति, उसको (इति आलोच्य) पूर्वोक्त प्रकारसे विचारकर (विवेच्य) शुद्ध ज्ञानस्वरूपसे भिन्न किया है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्धस्वरूप उपादेय है, अन्य समस्त परद्रव्य हैय है॥१६-१७८॥

(मन्दाक्रान्ता)

रागादीनामुदयमदयं दारयत्कारणानां
कार्यं बन्धं विविधमधुना सद्य एव प्रणुद्य।
ज्ञानज्योतिः क्षपिततिमिरं साधु सन्नद्धमेतत्
तद्वद्यद्वत्प्रसरमपरः कोऽपि नास्यावृणोति॥१७-१७९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''एतत् ज्ञानज्योतिः तद्वत् सन्नद्धम्'' (एतत् ज्ञानज्योतिः) स्वानुभवगोचर शुद्ध चैतन्यवस्तु (तद्वत् सन्नद्धम्) अपने बल पराक्रमके साथ ऐसी प्रगट हुई कि ''यद्वत् अस्य प्रसरम् अपरः कः अपि न आवृणोति'' (यद्वत्) जैसे (अस्य प्रसरम्) शुद्ध ज्ञानका लोक अलोकसम्बन्धी सकल ज्ञेयको जाननेका

ऐसा प्रसार जिसको (अपरः कः अपि) अन्य कोई दूसरा द्रव्य (न आवृणोति) नहीं रोक सकता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका स्वभाव केवलज्ञान केवलदर्शन है, वह ज्ञानावरणादि कर्मबन्धके द्वारा आच्छादित है। ऐसा आवरण शुद्ध परिणामसे मिटता है, वस्तु स्वरूप प्रगट होता है। ऐसा शुद्ध स्वरूप जीवको उपादेय है। कैसी है ज्ञानज्योति **''क्षपिततिमिरं''** (क्षपित) विनाश किया है (तिमिरं) ज्ञानावरण दर्शनावरण क्रम जिसने ऐसी है। और कैसी है? **''साधु''** सर्व उपद्रवोंसे रहित है। और कैसी है? **''कारणानां रागादीनाम् उदयं दारयत्''** (कारणानां) कर्मबन्धके कारण ऐसे जो (रागादीनाम्) राग द्वेष मोहरूप अशुद्ध परिणाम, उनके (उदयं) प्रगटपनेको (दारयत्) मूलसे ही उखाड़ती हुई। कैसे उखाड़ती है? **''अदयं''** निर्दयपनेके समान। और क्या करके ऐसी होती है? **''कार्यं बन्धं अधुना सद्यः एव प्रणुद्य''** (कार्यं) रागादि अशुद्ध परिणामोंके होने पर होता है ऐसे (बन्धं) धाराप्रवाहरूप होनेवाले पुद्गलकर्मके बन्धको (सद्यः एव) जिस कालमें रागादि मिट गये उसी कालमें (प्रणुद्य) मेट करके। कैसा है बन्ध? **''विविधम्''** ज्ञानावरण दर्शनावरण इत्यादि असंख्यात लोकमात्र है। कोई वितर्क करेगा कि ऐसा तो द्रव्यरूप विद्यमान ही था? समाधान इस प्रकार है कि (अधुना) द्रव्यरूप यद्यपि विद्यमान ही था तथापि प्रगटरूप बन्धको दूर करने पर हुआ ॥१७-१७१॥

–१–
मोक्ष अधिकार

(शिखरिणी)

द्विधाकृत्य प्रज्ञाक्रकचदलनाद्बन्धपुरुषौ
नयन्मोक्षं साक्षात्पुरुषमुपलम्भैकनियतम् ।
इदानीमुन्मज्जत्सहजपरमानन्दसरसं
परं पूर्णं ज्ञानं कृतसकलकृत्यं विजयते ॥१-१८०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इदानीं पूर्णं ज्ञानं विजयते'' (इदानीम्) यहाँसे लेकर (पूर्णं ज्ञानं) समस्त आवरणका विनाश होने पर होता है जो शुद्ध वस्तुका प्रकाश वह (विजयते) आगामी अनन्त काल पर्यन्त उसीरूप रहता है, अन्यथा नहीं होता। कैसा है शुद्धज्ञान ? ''कृतसकलकृत्यं'' (कृत) किया है (सकलकृत्यं) करने योग्य समस्त कर्मका विनाश जिसने ऐसा है। और कैसा है ? ''उन्मज्जत्सहजपरमानन्दसरसं'' (उन्मज्जत्) अनादि कालसे गया था सो प्रगट हुआ है ऐसे जो (सहजपरमानन्द) द्रव्यके स्वभावरूपसे परिणमनेवाला अनाकुलत्वलक्षण अतीन्द्रिय सुख, उससे (सरसं) संयुक्त है। भावार्थ इस प्रकार है कि मोक्षका फल अतीन्द्रिय सुख है। क्या करता हुआ ज्ञान प्रगट होता है ? ''पुरुषम् साक्षात् मोक्षं नयत्'' (पुरुषम्) जीव द्रव्यको (साक्षात् मोक्षं) सकल कर्मका विनाश होने पर शुद्धत्व अवस्थाके प्रगटपनेरूप (नयत्) परिणमाता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि यहाँसे आरम्भकर सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्षके स्वरूपका निरूपण किया जाता है और कैसा है ? ''परं'' उत्कृष्ट है। और कैसा है ? ''उपलम्भैकनियतम्'' एक निश्चय स्वभावको प्राप्त है। क्या करता हुआ आत्मा मुक्त होता है ? ''बन्ध-पुरुषौ द्विधाकृत्य'' (बन्ध) द्रव्यकर्म, भावकर्म, नोकर्मरूप उपाधि (पुरुषौ) शुद्ध जीवद्रव्य, इनको (द्विधाकृत्य) सर्व बन्ध हेय, शुद्ध जीव उपादेय ऐसी भेदज्ञानरूप प्रतीति उत्पन्न कराकर। ऐसी प्रतीति जिस प्रकार

उत्पन्न होती है उस प्रकार कहते हैं– "**प्रज्ञाक्रकचदलनात्**" (प्रज्ञा) शुद्ध ज्ञानमात्र जीवद्रव्य, अशुद्ध रागादि उपाधि बन्ध ऐसी भेदज्ञानरूपी बुद्धि, ऐसी जो (क्रकच) करौंत, उसके द्वारा (दलनात्) निरन्तर अनुभवका अभ्यास करनेसे। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार करौंतके बार बार चालू करनेसे पुद्गलवस्तु काष्ठ आदि दो खण्ड हो जाता है उसी प्रकार भेदज्ञानके द्वारा जीव पुद्गलको बार बार भिन्न भिन्न अनुभव करने पर भिन्न भिन्न हो जाते हैं, इसलिये भेदज्ञान उपादेय है ॥१-१८०॥

(स्रग्धरा)

प्रज्ञाछेत्री शितेयं कथमपि निपुणैः पातिता सावधानैः
सूक्ष्मेऽन्तःसन्धिबन्धे निपतति रभसादात्मकर्मोभयस्य।
आत्मानं मग्नमंतःस्थिरविशदलसद्धाम्नि चैतन्यपूरे
बन्धं चाज्ञानभावे नियमितमभितः कुर्वती भिन्नभिन्नौ ॥२-१८१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य तथा कर्म पर्यायरूप परिणत पुद्गलद्रव्यका पिण्ड, इन दोनोंका एक बन्ध पर्यायरूप सम्बन्ध अनादिसे चला आया है सो ऐसा सम्बन्ध जब टूट जाय, जीवद्रव्य अपने शुद्ध स्वस्वरूप परिणवे, अनन्त चतुष्टयरूप परिणवे तथा पुद्गल द्रव्य ज्ञानावरणादि कर्म पर्यायको छोड़े—जीवके प्रदेशोंसे सर्वथा सम्बन्धरूप होकर सम्बन्ध छूट जाय। जीव पुद्गल दोनों भिन्न-भिन्न हो जावें, उसका नाम मोक्ष कहनेमें आता है। उस भिन्न-भिन्न होनेका कारण ऐसा जो मोह राग द्वेष इत्यादि विभावरूप अशुद्ध परिणतिके मिटने पर जीवका शुद्धत्वरूप परिणमन। उसका विवरण इस प्रकार है कि शुद्धत्व परिणमन सर्वथा सकल कर्मोंके क्षय करनेका कारण है। ऐसा शुद्धत्व परिणमन सर्वथा द्रव्यका परिणमनरूप है, निर्विकल्परूप है, इसलिये वचनके द्वारा कहनेका समर्थपना नहीं है। इस कारण इस रूपमें कहते हैं कि जीवके शुद्ध स्वरूपके अनुभवरूप परिणमाता है ज्ञानगुण सो मोक्षका कारण है। उसका समाधान ऐसा है कि शुद्ध स्वरूपके अनुभवरूप है जो ज्ञान वह जीवके शुद्धत्व परिणमनको सर्वथा लिये हुये है। जिसका शुद्धत्व परिणमन होता है उस जीवको शुद्धस्वरूपका अनुभव अवश्य होता है, धोखा नहीं, अन्यथा सर्वथा प्रकार अनुभव नहीं होता। इसलिये शुद्ध स्वरूपका अनुभव मोक्षका कारण है। यहाँ

अनेक प्रकारके मिथ्यादृष्टि जीव नाना प्रकारके विकल्प करते हैं सो उनका समाधान करते हैं। कोई कहते हैं जीवका स्वरूप, बन्धका स्वरूप जान लेना मोक्षमार्ग है। कोई कहते हैं कि बन्धका स्वरूप जानकर ऐसा चिन्तवन करना कि बन्ध कब छूटेगा कैसे छूटेगा ऐसी चिन्ता मोक्षका कारण है। ऐसा कहते हैं सो वे जीव झूठा हैं–मिथ्यादृष्टि हैं। मोक्षका कारण जैसा है वैसा कहते हैं–''**इयं प्रज्ञाच्छेत्री आत्मकर्मोभयस्य अन्तःसन्धिबन्धे निपतति**'' (इयं) वस्तुस्वरूपसे प्रगट है जो (प्रज्ञा) आत्माके शुद्ध स्वरूप अनुभव समर्थपनेसे परिणमा हुआ जीवका ज्ञानगुण, वही है (छेत्री) छैनी। भावार्थ इस प्रकार है कि सामान्यतया जिस किसी वस्तुको छेदकर दो करते हैं सो छैनीके द्वारा छेदते हैं। यहाँ भी जीव कर्मको छेदकर दो करना है, उनको दो रूपसे छेदनेके लिये स्वरूप अनुभव समर्थ ज्ञानरूप छैनी है। और तो दूसरा कारण न हुआ, न होगा। ऐसी प्रज्ञाछैनी जिस प्रकार छेदकर दो करती है उस प्रकार कहते हैं–(आत्मकर्मोभयस्य) आत्मा–चेतनामात्र द्रव्य, कर्म-पुद्गलका पिण्ड अथवा मोह राग द्वेषरूप अशुद्ध परिणति ऐसी है उभय-दो वस्तुएँ, उनको (अन्तःसन्धि) यद्यपि एक क्षेत्रावगाहरूप है, बन्धपर्यायरूप है, अशुद्धत्व विकाररूप परिणमा है तथापि परस्पर सन्धि है, निःसन्धि नहीं हुआ है, दो द्रव्योंका एक द्रव्यरूप नहीं हुआ है ऐसा है जो (बन्धे) ज्ञानछैनीके पैठनेका स्थान, उसमें (निपतति) ज्ञानछैनी पैठती है। पैठी हुई छेदकर भिन्न-भिन्न करती है। कैसी है प्रज्ञाछेनी ? ''**शिता**'' ज्ञानावरणीय कर्मका क्षयोपशम होने पर मिथ्यात्व कर्मका नाश होने पर शुद्ध चैतन्यस्वरूपमें अत्यन्त पैठन समर्थ है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार यद्यपि लोहसारकी छैनी अति पैनी होती है तो भी सन्धिका विचार कर देने पर छेद कर दो कर देती है उसी प्रकार यद्यपि सम्यग्दृष्टि जीवका ज्ञान अत्यन्त तीक्ष्ण है तथापि जीव-कर्मकी है जो भीतरमें सन्धि उसमें प्रवेश करने पर प्रथम तो बुद्धिगोचर छेदकर दो करता है। पश्चात् सकल कर्मका क्षय होनेसे साक्षात् छेदकर भिन्न भिन्न करता है। कैसा है जीव-कर्मका अन्तः सन्धिबन्ध ? ''**सूक्ष्मे**'' अति ही दुर्लक्ष्य सन्धिरूप है। उसका विवरण इस प्रकार है कि जो द्रव्यकर्म है ज्ञानावरणादि पुद्गलका पिण्ड, वह यद्यपि एक क्षेत्रावगाहरूप है, तथापि उसकी तो जीवसे भिन्नपनेकी प्रतीति विचारने पर उत्पन्न होती है, कारण कि द्रव्यकर्म पुद्गल पिण्डरूप है, यद्यपि एक क्षेत्रावगाहरूप है तथापि भिन्न-भिन्न प्रदेश है, अचेतन है, बँधता है, खुलता है ऐसा विचार करने पर भिन्नपनाकी प्रतीति उत्पन्न होती है। नोकर्म है जो शरीर-मन-वचन उससे भी उस प्रकारसे विचारने पर भेद प्रतीति उपजती है। भावकर्म जो मोह राग द्वेषरूप अशुद्ध चेतनारूप परिणाम वे अशुद्ध परिणाम वर्तमानमें जीवके साथ एक परिणमनरूप हैं, तथा

अशुद्ध परिणामके साथ वर्तमानमें जीव व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है। इस कारण उन परिणामोंका जीवसे भिन्नपनेका अनुभव कठिन है। तथापि सूक्ष्म सन्धिका भेद पाड़ने पर भिन्न प्रतीति होती है। उसका विचार ऐसा है कि जिस प्रकार स्फटिकमणि स्वरूपसे स्वच्छतामात्र वस्तु है। लाल पीली काली पुरीका संयोग प्राप्त होनेसे लाल पीली काली इसरूप स्फटिकमणि झलकती है। वर्तमानमें स्वरूपका विचार करने पर स्वच्छतामात्र भूमिका स्फटिकमणि वस्तु है। उसमें लाल पीला कालापन परसंयोगकी उपाधि है। स्फटिकमणिका स्वभावगुण नहीं है। उसी प्रकार जीवद्रव्यका स्वच्छ चेतनामात्र स्वभाव है। अनादि सन्तानरूप मोहकर्मके उदयसे मोह राग द्वेषरूप रंजक अशुद्ध चेतनारूप परिणमता है। तथापि वर्तमानमें स्वरूपका विचार करने पर चेतना भूमिमात्र तो जीववस्तु है। उसमें मोह राग-द्वेषरूप रंजकपना कर्मके उदयकी उपाधि है। वस्तुका स्वभाव गुण नहीं है। इस प्रकार विचार करना पर भेद-भिन्न प्रतीति उत्पन्न होती है जो अनुभवगोचर है। कोई प्रश्न करता है कि कितने कालके भीतर प्रज्ञाछैनी गिरती है– भिन्न-भिन्न करती है? उत्तर इस प्रकार है—**''रभसात्''** अति सूक्ष्म काल–एक समयमें गिरती है, उसी काल भिन्न-भिन्न करती है। कैसी है प्रज्ञाछैनी? **''निपुणैः कथं अपि पातिता''** (निपुणैः) आत्मानुभवमें प्रवीण हैं जो सम्यग्दृष्टि जीव उनके द्वारा (कथम् अपि) संसारका निकटपना ऐसी काललब्धि प्राप्त होनेसे (पातिता) स्वरूपमें पैठनेसे पैठती है। भावार्थ इस प्रकार है कि भेदविज्ञान बुद्धिपूर्वक विकल्परूप है, ग्राह्य-ग्राहकरूप है, शुद्धस्वरूपके समान निर्विकल्प नहीं है। इसलिये उपायरूप है। कैसे हैं सम्यग्दृष्टि जीव? **''सावधानैः''** जीवका स्वरूप कर्मका स्वरूप उनके भिन्न भिन्न विचारमें जागरूक हैं, प्रमादी नहीं हैं। कैसी है प्रज्ञाछैनी? **''अभितः भिन्नभिन्नौ कुर्वती''** (अभितः) सर्वथा प्रकार (भिन्नभिन्नौ कुर्वती) जीवको कर्मको जुदा जुदा करती है। जिस प्रकार भिन्न भिन्न करती है उस प्रकार कहते हैं– **चैतन्यपूरे आत्मानं मग्नं कुर्वती अज्ञानभावे बन्धं नियमितं कुर्वती''** (चैतन्य) स्वपर-स्वरूप ग्राहक ऐसा जो प्रकाशगुण उसके (पूरे) त्रिकालगोचर प्रवाहमें? (आत्मानं) जीव द्रव्यको (मग्नं कुर्वती) एक वस्तुरूप ऐसा साधती है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध चेतनामात्र जीवका स्वरूप है ऐसा अनुभवगोचर आता है। (अज्ञानभावे) रागादिपनामें (नियमितं बन्धं कुर्वती) नियमसे बन्धका स्वभाव है ऐसा साधती है। भावार्थ इस प्रकार है कि रागादि अशुद्धपना कर्मबन्धकी उपाधि है, जीवका स्वरूप नहीं है ऐसा अनुभवगोचर आता है। कैसा है चैतन्यपूर? **''अन्तःस्थिरविशदलसद्धाम्नि''** (अन्तः) सर्व असंख्यात प्रदेशोंमें

एकस्वरूप, (स्थिर) सर्व काल शाश्वत, (विशद) सर्व काल शुद्धत्वरूप और (लसत्) सर्व काल प्रत्यक्ष ऐसा (धाम्नि) केवलज्ञान केवलदर्शन तेजपुंज है जिसका, ऐसा है॥२-१८१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

भित्त्वा सर्वमपि स्वलक्षणबलाद्भेत्तुं हि यच्छक्यते
चिन्मुद्राङ्कितनिर्विभागमहिमा शुद्धश्चिदेवास्म्यहम् ।
भिद्यन्ते यदि कारकाणि यदि वा धर्मा गुणा वा यदि
भिद्यन्तां न भिदास्ति काचन विभौ भावे विशुद्धे चिति ॥३-१८२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि जिसके शुद्धस्वरूपका अनुभव होता है वह जीवका ऐसा परिणाम संस्कार होता है। "**अहम् शुद्धः चित् अस्मि एव**" (अहम्) मैं (शुद्धः चित् अस्मि) शुद्ध चेतन्यमात्र हूँ। (एव) निश्चयसे ऐसा ही हूँ। "**चिन्मुद्राङ्कितनिर्विभागमहिमा**" (चिन्मुद्रा) चेतनागुण उसके द्वारा (अङ्कित) चिन्हित कर दी ऐसी है (निर्विभाग) भेदसे रहित (महिमा) बड़ाई जिसकी ऐसा हूँ। ऐसा अनुभव जिस प्रकार होता है उस प्रकार कहते हैं—**सर्वम् अपि भित्त्वा**" (सर्वम्) जितनी कर्मके उदयकी उपाधि है उसको (भित्त्वा) अनादिकालसे आपा जानकर अनुभवता था सो परद्रव्य जानकर स्वामित्व छोड़ दिया। कैसा है परद्रव्य? "**यत् तु भेत्तुम् शक्यते**" (यत्) जो कर्मरूप परद्रव्य वस्तु? (भेत्तुं शक्यते) जीवसे भिन्न करनेको शक्य है अर्थात् दूर किया जा सकता है। किस कारणसे? "**स्वलक्षणबलात्**" (स्वलक्षण) जीवका लक्षण चेतन कर्मका लक्षण अचेतन ऐसा भेद उसके? (बलात्) सहायसे। कैसा हूँ मैं? "**यदि कारकाणि वा धर्माः वा गुणा भिद्यन्ते भिद्यन्तां चिति भावे काचन भिदा न**" (यदि) जो (कारकाणि) आत्मा आत्माको आत्माके द्वारा आत्मामें ऐसा भेद (वा) अथवा (धर्माः) उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप द्रव्य-गुण-पर्यायरूप भेदबुद्धि अथवा (गुणाः) ज्ञानगुण दर्शनगुण सुखगुण इत्यादि अनन्त गुणरूप भेदबुद्धि (भिद्यन्ते) जो ऐसा भेद वचनके द्वारा उपजाया हुआ उपजता है (तदा भिद्यन्तां) तो वचनमात्र भेद होओ। परंतु (चिति भावे) चैतन्यसत्तामें तो (काचन भिदा न) कोई भेद नहीं है। निर्विकल्पमात्र चैतन्य वस्तुका सत्त्व है। कैसा है चैतन्यभाव? "**विभौ**" अपने स्वरूपको

व्यापनशील है। और कैसा है? "विशुद्धे" सर्व कर्मकी उपाधिसे रहित है॥३-१८२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अद्वैतापि हि चेतना जगति चेद् दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत्
तत्सामान्यविशेषरूपविरहात्साऽस्तित्वमेव त्यजेत् ।
तत्त्यागे जडता चितोऽपि भवति व्याप्यो विना व्यापका-
दात्मा चान्तमुपैति तेन नियतं दृग्ज्ञप्तिरूपास्तु चित् ॥४-१८३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—'तेन चित् नियतं दृग्ज्ञप्तिरूपा अस्तु' (तेन) तिस कारणसे (चित्) चेतनामात्र सत्ता (नियतं) अवश्य कर (दृग्ज्ञप्तिरूपा अस्तु) दर्शन ऐसा नाम ज्ञान ऐसा नाम दो नाम संज्ञाके द्वारा उपदिष्ट होओ। भावार्थ इस प्रकार है कि एक सत्त्वरूप चेतना, उसके नाम दो—एक तो दर्शन ऐसा नाम, दूसरा ज्ञान ऐसा नाम। ऐसा भेद होता है तो होओ, विरुद्ध तो कुछ नहीं है ऐसे अर्थको दृढ़ करते हैं—"चेत् जगति चेतना अद्वैता अपि तत् दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत्। सा अस्तित्वम् एव त्यजेत्" (चेत्) जो ऐसा है कि (जगति) त्रैलोक्यवर्ती जीवोंमें प्रगट है (चेतना) स्वपरग्राहक शक्ति। कैसी है? (अद्वैता अपि) एक प्रकाशरूप है। तथापि (दृग्ज्ञप्तिरूपं त्यजेत्) दर्शनरूप चेतना ज्ञानरूप चेतना ऐसे दो नामोंको छोड़े तो उसमें तीन दोष उत्पन्न होते हैं। प्रथम दोष—"सा अस्तित्वम् एव त्यजेत्" (सा) वह चेतना (अस्तित्वम् एव त्यजेत्) अपने सत्त्वको अवश्य छोड़े। भावार्थ इस प्रकार है कि चेतना सत्त्व नहीं है ऐसा भाव प्राप्त होगा। किस कारणसे? **सामान्यविशेषरूपविरहात्** (सामान्य) सत्तामात्र (विशेष) पर्यायरूप, उनके (विरहात्) रहितपनाके कारण। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार समस्त जीवादि वस्तु सत्त्वरूप है, वही सत्त्व पर्यायरूप है। उसी प्रकार चेतना अनादि-निधन सत्तास्वरूप वस्तुमात्र निर्विकल्प है। इस कारण चेतनाका दर्शन ऐसा नाम कहा जाता है। कारण कि समस्त ज्ञेय वस्तुको ग्रहण करती है। जिस तिस ज्ञेयाकाररूप परिणमती है। ज्ञेयाकाररूप परिणमन चेतनाकी पर्याय है, तिसरूप परिणमती है, इसलिये चेतनाका ज्ञान ऐसा नाम है। ऐसी दो अवस्थाओंको छोड़ दे तो चेतना वस्तु नहीं है ऐसी प्रतीति उत्पन्न हो जाय। यहाँ कोई आशंका करेगा कि चेतना नहीं तो नहीं रहो, जीव द्रव्य तो विद्यमान है? उत्तर इस प्रकार है कि चेतना मात्रके

द्वारा जीव द्रव्य साधा है। इस कारण उस चेतनाके सिद्ध हुये बिना जीव द्रव्य भी सिद्ध नहीं होगा। अथवा तो सिद्ध होगा तो वह पुद्गल द्रव्यके समान अचेतन सिद्ध होगा, चेतन नहीं सिद्ध होगा। इसी अर्थको कहते हैं, दूसरा दोष ऐसा–''**तत्त्यागे चितः अपि जडता भवति**'' (तत्त्यागे) चेतनाका अभाव होने पर (चितः अपि) जीव द्रव्यको भी (जडता भवति) पुद्गल द्रव्यके समान जीव द्रव्य भी अचेतन है ऐसी प्रतीति उत्पन्न होती है। ''**च**'' तीसरा दोष ऐसा कि **व्यापकात् विना व्याप्यः आत्मा अन्तम् उपैति**'' (व्यापकात् विना) चेतन गुणका अभाव होने पर (व्याप्यः आत्मा) चेतना गुणमात्र है जो जीव द्रव्य वह (अन्तम् उपैति) मूलसे जीव द्रव्य नहीं है ऐसी प्रतीति भी उत्पन्न होती है। ऐसे तीन दोष मोटे दोष हैं। ऐसे दोषोंसे जो कोई भय करता है उसे ऐसा मानना चाहिये कि चेतना दर्शन ज्ञान ऐसे दो नाम संज्ञा विराजमान है। ऐसा अनुभव सम्यक्त्व है॥४-१८३॥

(इन्द्रवज्रा)

एकश्चितश्चिन्मय एव भावो
भावाः परे ये किल ते परेषाम् ।
ग्राह्यस्ततश्चिन्मय एव भावो
भावाः परे सर्वत एव हेयाः ॥५-१८४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''**चितः चिन्मयः भावः एव**'' (चितः) जीव द्रव्यका (चिन्मयः) चेतनामात्र ऐसा (भावः) स्वभाव है। (एव) निश्चयसे ऐसा ही है, अन्यथा नहीं है। कैसा है चेतनामात्र भाव? ''**एकः**'' निर्विकल्प है, निर्भेद है, सर्वथा शुद्ध है। ''**किल ये परे भावाः ते परेषाम्**'' (किल) निश्चयसे (ये परे भावाः) शुद्ध चैतन्य स्वरूपसे अनमिलते हैं जो द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मसम्बन्धी परिणाम वे (परेषाम्) समस्त पुद्गल कर्मके हैं, जीवके नहीं हैं। ''**ततः चिन्मयः भावः ग्राह्यः एव परे भावाः सर्वतः हेयाः एव**'' (ततः) तिस कारणसे (चिन्मयः भावः) शुद्ध चेतनामात्र है जो स्वभाव वह (ग्राह्यः एव) जीवका स्वरूप है ऐसा अनुभव करना योग्य है। (परे भावाः) इससे अनमिलते हैं जो द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्म स्वभाव वे (सर्वतः हेयाः एव) सर्वथा प्रकार जीवका स्वरूप नहीं है ऐसा अनुभव करना योग्य है। ऐसा अनुभव सम्यक्त्व है। सम्यक्त्वगुण मोक्षका कारण है॥५-१८४॥

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

(शार्दूलविक्रीडित)

सिद्धान्तोऽयमुदात्तचित्तचरितैर्मोक्षार्थिभिः सेव्यतां
शुद्धं चिन्मयमेकमेव परमं ज्योतिः सदैवास्म्यहम् ।
एते ये तु समुल्लसन्ति विविधा भावाः पृथग्लक्षणा-
स्तेऽहं नास्मि यतोऽत्र ते मम परद्रव्यं समग्रा अपि ॥६-१८५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"मोक्षार्थिभिः अयं सिद्धान्तः सेव्यतां" (मोक्षार्थिभिः) सकल कर्मका क्षय होने पर होता है अतीन्द्रिय सुख, उसे उपादेयरूप अनुभवते हैं ऐसे हैं जो कोई जीव उनके द्वारा (अयं सिद्धान्तः) जैसा कहेंगे वस्तुका स्वरूप उसका (सेव्यतां) निरन्तर अनुभव करो। कैसे हैं मोक्षार्थी जीव? **उदात्तचित्तचरितैः**" (उदात्त) संसार शरीर भोगसे रहित है (चित्तचरितैः) मनका अभिप्राय जिनका ऐसे हैं। कैसा है वह परमार्थ? "**अहम् शुद्धं चिन्मयम् ज्योतिः सदा एव अस्मि**" (अहम्) स्वसंवेदन प्रत्यक्ष हूँ जो मैं जीवद्रव्य (शुद्धं चिन्मयम् ज्योतिः) शुद्ध ज्ञानस्वरूप प्रकाश (सदा) सर्वकाल (एव) निश्चयसे (अस्मि) हूँ। "**तु ये एते विविधाः भावाः ते अहं न अस्मि**" (तु) एक विशेष है—(ये एते विविधाः भावाः) शुद्ध चैतन्यस्वरूपसे अनमिलते हैं जो रागादि अशुद्ध भाव शरीर आदि सुख दुःख आदि नाना प्रकार अशुद्ध पर्याय (ते अहं न अस्मि) ये सब जीवद्रव्यस्वरूप नहीं है। कैसे हैं अशुद्ध भाव? "**पृथग्लक्षणाः**" मेरे शुद्धचैतन्य स्वरूपसे नहीं मिलते हैं। किस कारणसे? "**यतः अत्र ते समग्राः अपि मम परद्रव्यं**" (यतः) जिस कारणसे (अत्र) निजस्वरूपका अनुभव करनेपर (ते समग्राः अपि) जितने हैं रागादि अशुद्ध विभाव पर्याय वे (मम परद्रव्यं) मुझे परद्रव्यरूप हैं। कारण कि शुद्ध चैतन्य लक्षणसे मिलते हुये नहीं हैं, इसलिये समस्त विभाव परिणाम हेय हैं॥६-१८५॥

(अनुष्टुप)

परद्रव्यग्रहं कुर्वन् बध्येतैवापराधवान् ।
बध्येतानपराधो न स्वद्रव्ये संवृतो यतिः ॥७-१८६॥

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

खण्डान्वय सहित अर्थ : ''अपराधवान् बध्येत एव'' (अपराधवान्) शुद्ध चिद्रूप अनुभवस्वरूपसे भ्रष्ट है जो जीव वह (बध्येत) ज्ञानावरणादि कर्मोंके द्वारा बाँधा जाता है। कैसा है? ''परद्रव्यग्रहं कुर्वन्'' (परद्रव्य) शरीर मन वचन रागादि अशुद्ध परिणाम उनका (ग्रहं) आत्मबुद्धिरूप स्वामित्वको (कुर्वन्) करता हुआ। ''अनपराधः मुनिः न बध्येत'' (अनपराधः) कर्मके उदयके भावको आत्माका जानकर नहीं अनुभवता है ऐसा है जो (मुनिः) परद्रव्यसे विरक्त सम्यग्दृष्टि जीव (न बध्येत) ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डके द्वारा नहीं बाँधा जाता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार कोई चोर परद्रव्यको चुराता है, गुनहगार होता है। गुनहगार होनेसे बाँधा जाता है उसी प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव परद्रव्यरूप हैं जो द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्म उनको आपा जान अनुभवता है, शुद्ध स्वरूप अनुभवसे भ्रष्ट है। परमार्थबुद्धिसे विचार करने पर गुनहगार है, ज्ञानावरणादि कर्मका बन्ध करता है। सम्यग्दृष्टि जीव ऐसे भावसे रहित है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? ''स्वद्रव्ये संवृतः'' अपने आत्मद्रव्यमें संवररूप है। अर्थात् आत्मामें मग्न है॥७-१८६॥

(मालिनी)

अनवरतमनन्तैर्बध्यते सापराधः
स्पृशति निरपराधो बन्धनं नैव जातु।
नियतमयमशुद्धं स्वं भजन्सापराधो
भवति निरपराधः साधु शुद्धात्मसेवी ॥८-१८७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ : ''सापराधः अनवरतम् अनन्तैः बध्यते'' (सापराधः) परद्रव्यरूप है पुद्गलकर्म, उसको आपरूप जानता है ऐसा मिथ्यादृष्टि जीव (अनवरतम्) अखण्ड धाराप्रवाहरूप (अनन्तैः) गणनासे अतीत ज्ञानावरणादिरूप बँधी हैं पुद्गलवर्गणा उनके द्वारा (बध्यते) बाँधा जाता है। ''निरपराधः जातु बन्धनं न एव स्पृशति'' (निरपराधः) शुद्धस्वरूपको अनुभवता है ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव (जातु) किसी भी कालमें (बन्धनं) पूर्वोक्त कर्मबन्धको (न स्पृशति) नहीं छूता है। (एव) निश्चयसे। आगे सापराध निरपराधका लक्षण कहते हैं– ''अयम् अशुद्धं स्वं नियतम् भजन् सापराधः भवति'' (अयम्) मिथ्यादृष्टि जीव (अशुद्धं) रागादि अशुद्ध परिणामरूप परिणमा है ऐसे

(स्वं) आपसम्बन्धी जीवद्रव्यको (नियतम् भजन्) ऐसा ही निरन्तर अनुभवता हुआ (सापराधः भवति) अपराध सहित होता है। **''साधु शुद्धात्मसेवी निरपराधः भवति''** (साधु) जैसा है वैसा (शुद्धात्म) सकल रागादि अशुद्धपनासे भिन्न शुद्धचिद्रूपमात्र ऐसे जीवद्रव्यके (सेवी) अनुभवसे विराजमान है जो सम्यग्दृष्टि जीव वह (निरपराधः) सर्व अपराधसे रहित है। इसलिये कर्मका बन्धक नहीं होता ॥८-१८७॥

(???)

अतो हताः प्रमादिनो गताः सुखासीनतां
प्रलीनं चापलमुन्मूलितमालंबनम्
आत्मन्येवालानितं च चित्त-
मासंपूर्णविज्ञानघनोपलब्धेः ॥९-१८८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—अतः प्रमादिनः हताः'' (अतः प्रमादिनः) शुद्ध स्वरूपकी प्राप्तिसे भ्रष्ट हैं जो जीव वे (हताः) मोक्षमार्गके अधिकारी नहीं हैं। ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवोंका धिक्कार किया है। कैसे हैं? **''सुखासीनतां गताः''** कर्मके उदयसे प्राप्त जो मोक्षसामग्री उसमें सुखकी वांछा करते हैं। **''चापलम् प्रलीनं''** (चापलम्) रागादि अशुद्ध परिणामोंसे होती है सर्वप्रदेशोंमें आकुलता (प्रलीनं) वह भी हेय की। **''आलम्बनम् उन्मूलितम्''** (आलम्बनम्) बुद्धिपूर्वक ज्ञान करते हुये जितना पढ़ना विचारना चिन्तवन करना स्मरण करना इत्यादि है वह (उन्मूलितम्) मोक्षका कारण नहीं है ऐसा जानकर हेय ठहराया है। **''आत्मनि एव चित्तम् आलानितं''** (आत्मनि एव) शुद्धस्वरूपमें एकाग्र होकर (चित्तम् आलानितं) मनको बाँधा है। ऐसा कार्य जिस प्रकार हुआ उस प्रकार कहते हैं— **''आसम्पूर्णविज्ञानघनोपलब्धेः''** (आसम्पूर्णविज्ञान) निरावरण केवलज्ञान उसका (घन) समूह जो आत्मद्रव्य उसकी (उपलब्धेः) प्रत्यक्ष प्राप्ति होनेसे ॥९-१८८॥

(वसंततिलका)

यत्र प्रतिक्रमणमेव विषं प्रणीतं
तत्राप्रतिक्रमणमेव सुधा कुतः स्यात् ।

तत्किं प्रमाद्यति जनः प्रपतन्नधोऽधः
किं नोर्ध्वमूर्ध्वमधिरोहति निष्प्रमादः ॥१०–१८९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—तत् जनः किं प्रमाद्यति'' (तत्) तिस कारणसे (जनः) समस्त संसारी जीवराशि (किं प्रमाद्यति) क्यों प्रमाद करती है। भावार्थ इस प्रकार है कि कृपासागर हैं सूत्रके कर्ता आचार्य वे ऐसा कहते हैं कि नाना प्रकारके विकल्प करनेसे साध्यसिद्धि तो नहीं है। कैसा है नाना प्रकारके विकल्प करनेवाला जन? ''अधः अधः प्रपतन्'' जैसे जैसे अधिक क्रिया करता है, अधिक अधिक विकल्प करता है वैसे वैसे अनुभवसे भ्रष्टसे भ्रष्ट होता है। तिस कारणसे ''जनः ऊर्ध्वम् ऊर्ध्वम् किं न अधिरोहति'' (जनः) समस्त संसारी जीवराशि (ऊर्ध्वम् ऊर्ध्वम्) निर्विकल्पसे निर्विकल्प अनुभवरूप (किं न अधिरोहति) क्यों नहीं परिणमता है। कैसा है जन? ''निःप्रमादः'' निर्विकल्प है। कैसा है निर्विकल्प अनुभव? ''यत्र प्रतिक्रमणम् विषं एव प्रणीतं'' (यत्र) जिसमें (प्रतिक्रमणम्) पठन पाठन स्मरण चिन्तवन स्तुति वन्दना इत्यादि अनेक क्रियारूप विकल्प (विषं एव प्रणीतं) विषके समान कहा है। ''तत्र अप्रतिक्रमणम् सुधाकुटः एव स्यात्'' (तत्र) उस निर्विकल्प अनुभवमें (अप्रतिक्रमणम्) न पढ़ना, न पढ़ाना, न वंदना, न निन्दना ऐसा भाव (सुधाकुटः एव स्यात्) अमृतके निधानके समान है। भावार्थ ऐसा है कि निर्विकल्प अनुभव सुखरूप है, इसलिये उपादेय है, नाना प्रकारके विकल्प आकुलतारूप हैं, इसलिये हेय हैं॥१०-१८९॥

(पृथ्वी)

प्रमादकलितः कथं भवति शुद्धभावोऽलसः
कषायभरगौरवादलसता प्रमादो यतः।
अतः स्वरसनिर्भरे नियमितः स्वभावे भवन्
मुनिः परमशुद्धतां व्रजति मुच्यते वाऽचिरात् ॥११-१९०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अलसः प्रमादकलितः शुद्धभावः कथं भवति'' (अलसः) अनुभवमें शिथिल है ऐसा जीव। और कैसा है? (प्रमादकलितः) नाना

प्रकारके विकल्पोंसे संयुक्त है ऐसा जीव (शुद्धभावः कथं भवति) शुद्धोपयोगी कैसे होता है, अपि तु नहीं होता। **''यतः अलसता प्रमादः कषायभरगौरवात्''** (यतः) जिस कारणसे (अलसता) अनुभवमें शिथिलता (प्रमादः) नाना प्रकारका विकल्प है। किस कारणसे होता है? (कषाय) रागादि अशुद्ध परिणतिके (भर) उदयके (गौरवात्) तीव्रपनासे होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो जीव शिथिल है, विकल्प करता है वह जीव शुद्ध नहीं है। कारण कि शिथिलपना विकल्पपना अशुद्धपनाका मूल है। **''अतः मुनिः परमशुद्धतां व्रजति च अचिरात् मुच्यते''** (अतः) इस कारणसे (मुनिः) सम्यग्दृष्टि जीव (परमशुद्धतां व्रजति) शुद्धोपयोग परिणतिरूप परिणमता है (च) ऐसा होता हुआ (अचिरात् मुच्यते) उसी काल कर्मबन्धसे मुक्त होता है। कैसा है मुनि? **''स्वभावे नियमितः भवन्''** (स्वभावे) शुद्ध स्वरूपमें (नियमितः भवन्) एकाग्ररूपसे मग्न होता हुआ। कैसा है स्वभाव? **''स्वरसनिर्भरे''** (स्वरस) चेतनागुणसे (निर्भरे) परिपूर्ण है॥११-१९०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

त्यक्त्वाऽशुद्धिविधायि तत्किल परद्रव्यं समग्रं स्वयं
स्वद्रव्ये रतिमेति यः स नियतं सर्वापराधच्युतः।
बन्धध्वंसमुपेत्य नित्यमुदितः स्वज्योतिरच्छोच्छल-
च्चैतन्यामृतपूरपूर्णमहिमा शुद्धो भवन्मुच्यते॥१२-१९१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ: **''सः मुच्यते''** (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (मुच्यते) सकल कर्मोंका क्षयकर अतीन्द्रिय सुखलक्षण मोक्षको प्राप्त होता है। कैसा है? **''शुद्धो भवन्''** राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिसे भिन्न होता हुआ। और कैसा है? **''स्वज्योतिरच्छोच्छलच्चैतन्यामृतपूरपूर्णमहिमा''** (स्वज्योतिः) द्रव्यके स्वभाव गुणरूप (अच्छ) निर्मल (उच्छलत्) धाराप्रवाहरूप परिणमनशील ऐसा जो (चैतन्य) चेतनागुण, उसरूप जो (अमृत) अतीन्द्रिय सुख, उसके (पूर) प्रवाहसे (पूर्ण) तन्मय है (महिमा) माहात्म्य जिसका, ऐसा है। और कैसा है? **''नित्यम् उदितः''** सर्व काल अतीन्द्रिय सुखस्वरूप है। और कैसा है? **नियतं सर्वापराधच्युतः''** (नियतं) अवश्य कर (सर्वापराध) जितने सूक्ष्म-स्थूलरूप राग द्वेष मोह परिणाम उनसे (च्युतः) सर्व प्रकार

रहित है। क्या करता हुआ ऐसा होता है? "**बन्धध्वंसम् उपेत्य**" (बन्ध) ज्ञानावरणादि पुद्गल कर्मकी बन्धरूप पर्यायके (ध्वंसम्) सत्ताके नाशरूप (उपेत्य) अवस्थाको प्राप्त कर। और क्या करता हुआ ऐसा होता है? "**तत् समग्रं परद्रव्यं स्वयं त्यक्त्वा**" द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्म सामग्रीके मूलसे ममत्वको स्वयं छोड़कर। कैसा है। पर द्रव्य? "**अशुद्धिविधायि**" अशुद्ध परिणतिको बाह्यरूप निमित्त मात्र है। "**किल**" निश्चयसे। "**यः स्वद्रव्ये रतिम् एति**" (यः) जो सम्यग्दृष्टि जीव (स्वद्रव्ये) शुद्ध चैतन्यमें (रतिम् एति) निर्विकल्प अनुभवसे उत्पन्न हुये सुखमें मग्नपनाको प्राप्त हुआ है। भावार्थ इस प्रकार है—सर्व अशुद्धपनाके मिटनेसे शुद्धपना होता है। उसके सहाराका है शुद्ध चिद्रूपका अनुभव, ऐसा मोक्षमार्ग है॥१२-१९१॥

(मन्दाक्रान्ता)

बन्धच्छेदात्कलयदतुलं मोक्षमक्षय्यमेत-
न्नित्योद्योतस्फुटितसहजावस्थमेकान्तशुद्धम् ।
एकाकारस्वरसभरतोऽत्यन्तगम्भीरधीरं
पूर्णं ज्ञानं ज्वलितमचले स्वस्य लीनं महिम्नि ॥१३-१९२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**एतत् पूर्णं ज्ञानं ज्वलितम्**" (एतत्) जिस प्रकार कहा है कि (पूर्णं ज्ञानं) समस्त कर्ममल कलंकका विनाश होनेसे जीव द्रव्य जैसा था अनन्त गुण विराजमान वैसा (ज्वलितम्) प्रगट हुआ। कैसा प्रगट हुआ? "**मोक्षम् कलयत्**" (मोक्षम्) जीवकी जो निःकर्मरूप अवस्था, उस (कलयत्) अवस्थारूप परिणमता हुआ। कैसा है मोक्ष? "**अक्षय्यम्**" आगामी अनन्तकाल पर्यन्त अविनश्वर है, (अतुलं) उपमा रहित है। किस कारणसे? "**बन्धच्छेदात्**" (बन्ध) ज्ञानावरणादि आठ कर्मके (छेदात्) मूल सत्तासे नाश द्वारा। कैसा है शुद्ध ज्ञान? "**नित्योद्योतस्फुटितसहजावस्थम्**" (नित्योद्योत) शाश्वत प्रकाशसे (स्फुटित) प्रगट हुआ है (सहजावस्थम्) अनन्त गुण विराजमान शुद्ध जीव द्रव्य जिसको, ऐसा है। और कैसा है? "**एकान्तशुद्धम्**" सर्वथा प्रकार शुद्ध है। और कैसा है? "**अत्यन्तगम्भीरधीरं**" (अत्यन्तगम्भीर) अनन्त गुण विराजमान ऐसा है, (धीरं) सर्व काल शाश्वत है। किस

कारणसे ? **''एकाकारस्वरसभरतः''** (एकाकार) एकरूप हुये (स्वरस) अनन्त ज्ञान अनन्त दर्शन अनन्त सुख अनन्त वीर्यके (भरतः) अतिशयके कारण। और कैसा है ? **''स्वस्य अचले महिम्नि लीनं''** (स्वस्य अचले महिम्नि) अपने प्रतापमें (लीनं) मग्नरूप है। भावार्थ इस प्रकार है कि सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्षमें आत्मद्रव्य स्वाधीन है। अन्यत्र चतुर्गतिमें जीव पराधीन है। मोक्षका स्वरूप कहा ॥१३-१९२॥

–१०–
सर्वविशुद्धज्ञान अधिकार

(मन्दाक्रान्ता)

नीत्वा सम्यक् प्रलयमखिलान् कर्तृभोक्त्रादिभावान्
दूरीभूतः प्रतिपदमयं बन्धमोक्षप्रक्लृप्तेः ।
शुद्धः शुद्धः स्वरसविसरापूर्णपुण्याचलार्चि-
ष्टंकोत्कीर्णप्रकटमहिमा स्फूर्जति ज्ञानपुञ्जः ॥१-१९३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**अयं ज्ञानपुञ्जः स्फूर्जति**" (अयं) यह विद्यमान (ज्ञानपुञ्जः) शुद्ध जीवद्रव्य (स्फूर्जति) प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि यहाँसे लेकर जीवका जैसा शुद्ध स्वरूप है उसे कहते हैं। कैसा है ज्ञानपुञ्ज "**टङ्कोत्कीर्णप्रकटमहिमा**" (टङ्कोत्कीर्ण) सर्व काल एकरूप ऐसा है (प्रकट) स्वानुभवगोचर (महिमा) स्वभाव जिसका, ऐसा है। और कैसा है? "**स्वरसविसरापूर्णपुण्याचलार्चिः**" (स्वरस) शुद्ध ज्ञानचेतनाके (विसर) अनन्त अंशभेदसे (आपूर्ण) सम्पूर्ण ऐसा है (पुण्य) निरावरण ज्योतिःरूप (अचल) निश्चल (अर्चिः) प्रकाशस्वरूप जिसका, ऐसा है। और कैसा है? "**शुद्धः शुद्धः**" शुद्ध शुद्ध है, अर्थात् दो बार शुद्ध कहनेसे अति ही विशुद्ध है। और कैसा है? "**बन्धमोक्षप्रक्लृप्तेः प्रतिपदम् दूरीभूतः**" (बन्ध) ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डसे सम्बन्धरूप एक क्षेत्रावगाह, (मोक्ष) सकलकर्मका नाश होनेपर जीवके स्वरूपका प्रगटपना, ऐसे (प्रक्लृप्तेः) जो दो विकल्प, उनसे (प्रतिपदम्) एकेन्द्रियसे लेकर पञ्चेन्द्रिय पर्यायरूप जहाँ है वहाँ (दूरीभूतः) अति ही भिन्न है। भावार्थ इस प्रकार है कि एकेन्द्रियसे लेकर पञ्चेन्द्रिय तक जीवद्रव्य जहाँ तहाँ द्रव्यस्वरूपके विचारकी अपेक्षा बन्ध ऐसे मुक्त ऐसे विकल्पसे रहित है। द्रव्यका स्वरूप जैसा है वैसा ही है। क्या करता हुआ जीवद्रव्य ऐसा है? "**अखिलान् कर्तृभोक्त्रादिभावान् सम्यक् प्रलयम् नीत्वा**" (अखिलान्) गणना करने

पर अनन्त हैं ऐसे जो (कर्तृ) जीव कर्ता है ऐसा विकल्प (भोक्तृ) जीव भोक्ता है ऐसा विकल्प, इनसे लेकर अनन्त भेद उनका (सम्यक्) मूलसे (प्रलयम् नीत्वा) विनाशकर। ऐसा कहते हैं ॥१-१९३॥

(अनुष्टुप)

कर्तृत्वं न स्वभावोऽस्य चितो वेदयितृत्ववत् ।
अज्ञानादेव कर्तायं तदभावादकारकः ॥२-१९४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अस्य चितः कर्तृत्वं न स्वभावः" (अस्य चितः) चैतन्यमात्र स्वरूप जीवका (कर्तृत्वं) ज्ञानावरणादि कर्मको करे अथवा रागादि परिणामको करे ऐसा (न स्वभावः) सहजका गुण नहीं है। दृष्टांत कहते हैं—वेदयितृत्ववत्" जिस प्रकार जीव कर्मका भोक्ता भी नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य कर्मका भोक्ता हो तो कर्ता होवे। सो तो भोक्ता भी नहीं है, इससे कर्ता भी नहीं है। "अयं कर्ता अज्ञानात् एव" (अयं) यह जीव (कर्ता) रागादि अशुद्ध परिणामको करता है ऐसा भी है सो किस कारणसे ? (अज्ञानात् एव) कर्मजनित भावमें आत्मबुद्धि ऐसा है जो मिथ्यात्वरूप विभाव परिणाम, उसके कारण जीव कर्ता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीववस्तु रागादि विभाव परिणामका कर्ता है ऐसा जीवका स्वभावगुण नहीं है। परंतु अशुद्धरूप विभाव परिणति है। "तदभावात् अकारकः" (तदभावात्) मिथ्यात्व राग द्वेषरूप विभाव परिणति मिटती है सो उसके मिटनेसे (अकारकः) जीव सर्वथा अकर्ता होता है ॥२-१९४॥

(शिखरिणी)

अकर्ता जीवोऽयं स्थित इति विशुद्धः स्वरसतः
स्फुरच्चिज्ज्योतिभिश्छुरितभुवनाभोगभवनः ।
तथाप्यस्यासौ स्याद्यदिह किल बन्धः प्रकृतिभिः
स खल्वज्ञानस्य स्फुरति महिमा कोऽपि गहनः ॥३-१९५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अयं जीवः अकर्ता इति स्वरसतः स्थितः" (अयं जीवः) विद्यमान है जो चैतन्य द्रव्य वह (अकर्ता) ज्ञानावरणादिका अथवा रागादि अशुद्ध

परिणामका कर्ता नहीं है (इति) ऐसा सहज (स्वरसतः स्थितः) स्वभावसे अनादिनिधन ऐसा ही है। कैसा है? "**विशुद्धः**" द्रव्यकी अपेक्षा द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मसे भिन्न है। "**स्फुरच्चिज्ज्योतिर्भिश्छुरितभुवनाभोगभवनः**" (स्फुरत्) प्रकाशरूप ऐसे (चिज्ज्योतिर्भिः) चेतना गुणके द्वारा (छुरित) प्रतिबिम्बित हैं? (भुवनाभोगभवनः) अनन्त द्रव्य अपनी अतीत अनागत वर्तमान समस्त पर्याय सहित जिसमें, ऐसा है। "**तथापि किल इह अस्य प्रकृतिभिः यत् असौ बन्धः स्यात्**" (तथापि) शुद्ध है जीव द्रव्य तो भी (किल) निश्चयसे (इह) संसार अवस्थामें (अस्य) जीवको (प्रकृतिभिः) ज्ञानावरणादि कर्मरूप (यत् असौ बन्धः स्यात्) जो कुछ बन्ध होता है "**सः खलु अज्ञानस्य कः अपि महिमा स्फुरति**" (सः) जो बन्ध होता है वह (खलु) निश्चयसे (अज्ञानस्य कः अपि महिमा स्फुरति) मिथ्यात्वरूप विभाव परिणमनशक्तिका कोई ऐसा ही स्वभाव है। कैसा है? "**गहनः**" असाध्य है। भावार्थ इस प्रकार है– जीव द्रव्य संसार अवस्थामें विभावरूप मिथ्यात्व राग द्वेष मोह परिणामरूप परिणमा है, इस कारण जैसा परिणमा है वैसे भावोंका कर्ता होता है। अशुद्ध भावोंका कर्ता होता है। अशुद्ध भावोंके मिटने पर जीवका स्वभाव अकर्ता है॥३-१९५॥

(अनुष्टुप्)

भोक्तृत्वं न स्वभावोऽस्य स्मृतः कर्तृत्ववच्चितः।
अज्ञानादेव भोक्ताऽयं तदभावादवेदकः॥४-१९६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**अस्य चितः भोक्तृत्वं स्वभावः न स्मृतः**" (अस्य चितः) चेतन द्रव्यका (भोक्तृत्वं) ज्ञानावरणादि कर्मके फलका अथवा सुख-दुःखरूप कर्मफलचेतनाका अथवा रागादि अशुद्ध परिणामरूप कर्मचेतनाका भोक्ता जीव है ऐसा (स्वभावः) जीव द्रव्यका सहज गुण, ऐसा तो (न स्मृतः) गणधरदेवने नहीं कहा है। जीवका भोक्ता स्वभाव नहीं है ऐसा कहा है। दृष्टांत कहते हैं—"**कर्तृत्ववत्**" जिस प्रकार जीवद्रव्य कर्मका कर्ता भी नहीं है। "**अयं जीवः भोक्ता**" यही जीव द्रव्य अपने सुख-दुःखरूप परिणामको भोगता है ऐसा भी है सो किस कारणसे? "**अज्ञानात् एव**" अनादिसे कर्मका संयोग है, इसलिये मिथ्यात्व राग द्वेष अशुद्ध विभावरूप परिणमा है, इस कारण भोक्ता है। "**तदभावात् अवेदकः**" मिथ्यात्वरूप विभाव परिणामका नाश होनेसे जीव द्रव्य साक्षात् अभोक्ता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार जीव द्रव्यका अनन्त चतुष्टय

स्वरूप है उस प्रकार कर्मका कर्तापन भोक्तापन स्वरूप नहीं है। कर्मकी उपाधिसे विभावरूप अशुद्ध परिणतिरूप विकार है। इसलिये विनाशीक है। उस विभाव परिणतिके विनाश होने पर जीव अकर्ता है, अभोक्ता है। आगे मिथ्यादृष्टि जीव द्रव्यकर्मका अथवा भावकर्मका कर्ता है, सम्यग्दृष्टि कर्ता नहीं है ऐसा कहते हैं॥४-१९६॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अज्ञानी प्रकृतिस्वभावनिरतो नित्यं भवेद्वेदको
ज्ञानी तु प्रकृतिस्वभावविरतो नो जातुचिद्वेदकः।
इत्येवं नियमं निरूप्य निपुणैरज्ञानिता त्यज्यतां
शुद्धैकात्ममये महस्यचलितैरासेव्यतां ज्ञानिता ॥५-१९७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**निपुणैः अज्ञानिता त्यज्यतां**" (निपुणैः) सम्यग्दृष्टि जीवोंको (अज्ञानिता) परद्रव्यमें आत्मबुद्धि ऐसी मिथ्यात्व परिणति (त्यज्यतां) जिस प्रकार मिटे उस प्रकार सर्वथा मेटने योग्य है। कैसे हैं सम्यग्दृष्टि जीव? "**महसि अचलितैः**" शुद्ध चिद्रूपके अनुभवमें अखण्ड धारारूप मग्न हैं। कैसा है शुद्ध चिद्रूपका अनुभव? "**शुद्धैकात्ममये**" (शुद्ध) समस्त उपाधिसे रहित ऐसा जो (एकात्म) अकेला जीवद्रव्य (मये) उसके स्वरूप है। और क्या करना है? "**ज्ञानिता आसेव्यतां**" शुद्ध वस्तुके अनुभवरूप सम्यक्त्वपरिणतिरूप सर्वकाल रहना उपादेय है। क्या जानकर ऐसा होवे? "**इति एवं नियमं निरूप्य**" (इति) जिस प्रकार कहते हैं—(एवं नियमं) ऐसे वस्तुस्वरूप परिणमनके निश्चयको (निरूप्य) अवधार करके। वह वस्तुका स्वरूप कैसा? "**अज्ञानी नित्यं वेदकः भवेत्**" (अज्ञानी) मिथ्यादृष्टि जीव (नित्यं) सर्वकाल (वेदकः भवेत्) द्रव्यकर्मका भावकर्मका भोक्ता होता है ऐसा निश्चय है। मिथ्यात्वका परिणमन ऐसा ही है। कैसा है अज्ञानी? "**प्रकृतिस्वभावनिरतः**" (प्रकृति) ज्ञानावरणादि आठ कर्मके (स्वभाव) उदय होने पर नाना प्रकार चतुर्गति शरीर रागादिभाव सुख-दुःखपरिणति इत्यादिमें (निरतः) आपा जान एकत्वबुद्धिरूप परिणमा है। "**तु ज्ञानी जातु वेदकः नो भवेत्**" (तु) मिथ्यात्वके मिटने पर ऐसा भी है कि (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (जातु) कदाचित् (वेदकः नो भवेत्) द्रव्यकर्मका भावकर्मका भोक्ता नहीं होता ऐसा वस्तुका स्वरूप है। कैसा

है ज्ञानी ? "**प्रकृतिस्वभावविरतः**" (प्रकृति) कर्मके (स्वभाव) उदयके कार्यमें (विरतः) हेय जानकर छूट गया है स्वामित्वपना जिसका, ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवके सम्यक्त्व होनेपर अशुद्धपना मिटा है, इसलिये भोक्ता नहीं है।।५-१९७।।

(वसंततिलका)

ज्ञानी करोति न न वेदयते च कर्म
जानाति केवलमयं किल तत्स्वभावम् ।
जानन्परं करणवेदनयोरभावा-
च्छुद्धस्वभावनियतः स हि मुक्त एव ।।६-१९८।।

खण्डान्वय सहित अर्थ : ? "**ज्ञानी कर्म न करोति च न वेदयते**" (ज्ञानी) सम्यग्दृष्टि जीव (कर्म न करोति) रागादि अशुद्ध परिणामोंका कर्ता नहीं है। (च) और (न वेदयते) सुख दुःखसे लेकर अशुद्ध परिणामोंका भोक्ता नहीं है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव ? "**किल अयं तत्स्वभावम् इति केवलम् जानाति**" (किल) निश्चयसे (अयं) जो शरीर भोग रागादि सुख दुःख इत्यादि समस्त (तत्स्वभावम्) कर्मका उदय हैं, जीवका स्वरूप नहीं है (इति केवलम् जानाति) सम्यग्दृष्टि जीव ऐसा जानता है, परंतु स्वामित्वरूप नहीं परिणमता है। "**हि सः मुक्तः एव**" (हि) तिस कारणसे (सः) सम्यग्दृष्टि जीव (मुक्तः एव) जैसे निर्विकार सिद्ध हैं वैसा है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव ? "**परं जानन्**" जितनी है पर द्रव्यकी सामग्री उसका ज्ञायकमात्र है। मिथ्यादृष्टिके समान स्वामीरूप नहीं है। और कैसा है ? "**शुद्धस्वभावनियतः**" (शुद्धस्वभाव) शुद्ध चैतन्यवस्तुमें (नियतः) आस्वादरूप मग्न है। किस कारणसे ? "**करणवेदनयोः अभावात्**" (करण) कर्मका करना (वेदन) कर्मके भोग ऐसे भाव? (अभावात्) सम्यग्दृष्टि जीवके मिटे हैं इस कारण। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यात्व संसार है, मिथ्यात्वके मिटने पर जीव सिद्धसदृश है।।६-१९८।।

(अनुष्टुप)

ये तु कर्तारमात्मानं पश्यन्ति तमसा ततः ।
सामान्यजनवत्तेषां न मोक्षोऽपि मुमुक्षताम् ।।७-१९९।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**तेषां मोक्षः न**" (तेषां) ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवोंको (न मोक्षः) कर्मका विनाश, शुद्ध स्वरूपकी प्राप्ति नहीं है। कैसे हैं वे जीव? "**मुमुक्षताम् अपि**" जैनमताश्रित हैं, बहुत पढ़े हैं, द्रव्यक्रियारूप चारित्र पालते हैं, मोक्षके अभिलाषी हैं तो भी उन्हें मोक्ष नहीं है। किनके समान? "**सामान्यजनवत्**" जिस प्रकार तापस योगी भरड़ा इत्यादि जीवोंको मोक्ष नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई जानेगा कि जैनमत-आश्रित हैं, कुछ विशेष होगा सो तो कुछ नहीं है। कैसे हैं वे जीव? "**तु ये आत्मानं कर्तारम् पश्यन्ति**" (तु) जिस कारण ऐसा है कि (ये) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव (आत्मानं) जीवद्रव्यको (कर्तारम् पश्यन्ति) वह ज्ञानावरणादि कर्मको रागादि अशुद्ध परिणामको करता है ऐसा जीवद्रव्यका स्वभाव है ऐसा मानते हैं, प्रतीति करते हैं, आस्वादते हैं। और कैसे हैं? "**तमसा तताः**" मिथ्यात्वभाव ऐसे अन्धकारसे व्याप्त हैं, अन्ध हुये हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि वे महामिथ्यादृष्टि हैं जो जीवका स्वभाव कर्तारूप मानते हैं, कारण कि कर्तापन जीवका स्वभाव नहीं है, विभावरूप अशुद्ध परिणति है सो भी परके संयोगसे है, विनाशीक है॥७-१९९॥

(अनुष्टुप)

नास्ति सर्वोऽपि सम्बन्धः परद्रव्यात्मतत्त्वयोः।
कर्तृकर्मत्वसम्बन्धाभावे तत्कर्तृता कुतः॥८-२००॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—तत् परद्रव्यात्मतत्त्वयोः कर्तृता कुतः" (तत्) तिस कारणसे (परद्रव्य) ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गलका पिण्ड (आत्मतत्त्वयोः) शुद्ध जीवद्रव्य इनमें (कर्तृता) जीवद्रव्य पुद्गल कर्मका कर्ता, पुद्गल द्रव्य जीवभावका कर्ता ऐसा सम्बन्ध (कुतः) कैसे होवे? अपितु तु कुछ नहीं होता। किस कारणसे? "**कर्तृकर्मसम्बन्धाभावे**" (कर्तृ) जीव कर्ता (कर्म) ज्ञानावरणादि कर्म ऐसा है जो (सम्बन्ध) दो द्रव्योंका एक सम्बन्ध ऐसा (अभावे) द्रव्यका स्वभाव नहीं है तिस कारण। वह भी किस कारणसे? "**सर्वः अपि सम्बन्धः नास्ति**" (सर्वः) जो कोई वस्तु है वह (अपि) यद्यपि एकक्षेत्रावगाहरूप है तथापि (सम्बन्धः नास्ति) अपने अपने स्वरूप है, कोई द्रव्य किसी द्रव्यके साथ तन्मयरूप नहीं मिलता है, ऐसा वस्तुका स्वरूप है। इस कारण जीव पुद्गलकर्मका कर्ता नहीं है॥८-२००॥

(वसंततिलका)

ऐकस्य वस्तुन इहान्यतरेण सार्धं
सम्बन्ध एव सकलोऽपि यतो निषिद्धः ।
तत्कर्तृकर्मघटनास्ति न वस्तुभेदे
पश्यन्त्वकर्तृ मुनयश्च जनाश्च तत्त्वम् ॥९-२०१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तत् वस्तुभेदे कर्तृकर्मघटना न अस्ति" (तत्) तिस कारणसे (वस्तुभेदे) जीवद्रव्य चेतनस्वरूप पुद्गलद्रव्य अचेतनस्वरूप ऐसे भेदको अनुभवते हुये (कर्तृकर्मघटना) जीवद्रव्य कर्ता पुद्गलपिण्ड कर्म ऐसा व्यवहार (न अस्ति) सर्वथा नहीं है। तो कैसा है? "मुनयः जनाः तत्त्वम् अकर्तृ पश्यन्तु" (मुनयः जनाः) सम्यग्दृष्टि हैं जो जीव वे? (तत्त्वम्) जीवस्वरूपको (अकर्तृ पश्यन्तु) कर्ता नहीं है ऐसा अनुभवो-आस्वादो। किस कारणसे? "यतः एकस्य वस्तुनः अन्यतरेण सार्धं सकलोऽपि सम्बन्धः निषिद्धः एव" (यतः) जिस कारणसे? (एकस्य वस्तुनः) शुद्ध जीवद्रव्यका (अन्यतरेण सार्धं) पुद्गल द्रव्यके साथ (सकलः अपि) द्रव्यरूप, गुणरूप अथवा पर्यायरूप (सम्बन्धः) एकत्वपना (निषिद्धः एव) अतीत अनागत वर्तमान कालमें वर्जा है। भावार्थ इस प्रकार है कि अनादि-निधन जो द्रव्य जैसा है वह वैसा ही है, अन्य द्रव्यके साथ नहीं मिलता है, इसलिये जीवद्रव्य पुद्गलकर्मका अकर्ता है॥९-२०१॥

(वसंततिलका)

ये तु स्वभावनियमं कलयन्ति नेम-
मज्ञानमग्नमहसो बत ते वराकाः ।
कुर्वन्ति कर्म तत एव हि भावकर्म-
कर्ता स्वयं भवति चेतन एव नान्यः ॥१०-२०२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"बत ते वराकाः कर्म कुर्वन्ति" (बत) दुःखके साथ कहते हैं कि (ते वराकाः) ऐसी जो मिथ्यादृष्टि जीवराशि (कर्म कुर्वन्ति) मोह

राग द्वेषरूप अशुद्ध परिणति करती है। कैसी है "**अज्ञानमग्नमहसः**" (अज्ञान) मिथ्यात्वरूप भावके कारण (मग्न) आच्छादा गया है (महसः) शुद्ध चैतन्यप्रकाश जिसका ऐसी है। "**तु ये इमम् स्वभावनियमं न कलयन्ति**" (तु) क्योंकि (ये) जो (इमम् स्वभावनियमं) जीवद्रव्य ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्डका कर्ता नहीं है ऐसे वस्तुस्वभावको (न कलयन्ति) स्वानुभव प्रत्यक्षरूपसे नहीं अनुभवती है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीवराशि शुद्ध स्वरूपके अनुभवसे भ्रष्ट है, इसलिये पर्यायरत है, इसलिये मिथ्यात्व राग द्वेष अशुद्ध परिणामरूप परिणमती है। "**ततः भावकर्मकर्ता चेतन एव स्वयं भवति, न अन्यः**" (ततः) तिस कारण (भावकर्म) मिथ्यात्व राग द्वेष अशुद्ध चेतनारूप परिणामका, (कर्ता चेतन एव स्वयं भवति) व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है ऐसा जीवद्रव्य, आप कर्ता होता है, (न अन्यः) पुद्गलकर्म कर्ता नहीं होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव मिथ्यादृष्टि होता हुआ जैसे अशुद्ध भावरूप परिणमता है वैसे भावोंका कर्ता होता है ऐसा सिद्धान्त है ॥१०-२०२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कार्यत्वादकृतं न कर्म न च तज्जीवप्रकृत्योर्द्वयो-
रज्ञायाः प्रकृतेः स्वकार्यफलभुग्भावानुषंगात्कृतिः ।
नैकस्याः प्रकृतेरचित्त्वलसनाज्जीवोऽस्य कर्ता ततो
जीवस्यैव च कर्म तच्चिदनुगं ज्ञाता न यत्पुद्गलः ॥११-२०३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ततः अस्य जीवः कर्ता च तत् चिदनुगं जीवस्य एव कर्म" (ततः) तिस कारणसे (अस्य) रागादि अशुद्ध चेतना परिणामके (जीवः कर्ता) जीव द्रव्य उस कालमें व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है, इसलिये कर्ता है (च) और (तत्) रागादि अशुद्ध परिणमन (चिदनुगं) अशुद्धरूप है, चैतनारूप है, इसलिये (जीवस्य एव कर्म) उस कालमें व्याप्य-व्यापकरूप जीव द्रव्य आप परिणमता है, इसलिये जीवका किया है। किस कारणसे ? "**यत् पुद्गलः ज्ञाता न**" (यत्) जिस कारणसे (पुद्गलः ज्ञाता न) पुद्गल द्रव्य चेतनारूप नहीं है। रागादि परिणाम चेतनारूप नहीं है, इसलिये जीवका किया है। कहा है भाव उसे गाढ़ा-पक्का करते हैं—"**कर्म अकृतं न**" (कर्म) रागादि अशुद्ध चेतनारूप परिणाम

(अकृतं न) अनादिनिधन आकाश द्रव्यके समान स्वयंसिद्ध है ऐसा भी नहीं है, किसीके द्वारा किया हुआ होता है। ऐसा है किस कारणसे ? **''कार्यत्वात्''** कारण कि घटके समान उपजता है, विनशता है। इसलिये प्रतीति ऐसी जो करतूतिरूप है। (च) तथा **''तत् जीवप्रकृत्योः द्वयोः कृतिः न''** (तत्) रागादि अशुद्ध चेतन परिणमन (जीव) चेतनद्रव्य (प्रकृत्योः) पुद्गलद्रव्य ऐसे (द्वयोः) दो द्रव्योंकी (कृतिः न) करतूति नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई ऐसा मानेगा कि जीव तथा कर्मके मिलने पर रागादि अशुद्ध चेतन परिणाम होता है, इसलिये दोनों द्रव्य कर्ता हैं ? समाधान इस प्रकार है कि दोनों द्रव्य कर्ता नहीं हैं, कारण कि रागादि अशुद्ध परिणामोंका बाह्य कारण–निमित्तमात्र पुद्गल कर्मका उदय है। अन्तरंग कारण व्याप्य-व्यापकरूप जीव द्रव्य विभावरूप परिणमता है। इसलिये जीवका कर्तापना घटित होता है, पुद्गल कर्मका कर्तापना घटित नहीं होता है। कारण कि **''अज्ञायाः प्रकृतेः स्वकार्यफलभुग्भावानुषङ्गात्''** (अज्ञायाः) अचेतन द्रव्यरूप है जो (प्रकृतेः) ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म, उसके (स्वकार्य) अपनी करतूतिके (फल) सुख-दुःखके (भुग्भाव) भोक्तापनेका (अनुषङ्गात्) प्रसंग प्राप्त होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो द्रव्य जिस भावका कर्ता होता है वह उस द्रव्यका भोक्ता भी होता है। ऐसा होने पर रागादि अशुद्ध चेतन परिणाम जो जीव कर्म दोनोंके मिलकर किया होवे तो दोनों भोक्ता होंगे, सो दोनों भोक्ता तो नहीं हैं। कारण कि जीव द्रव्य चेतन है तिस कारण सुख दुःखका भोक्ता होवे ऐसा घटित होता है, पुद्गल द्रव्य अचेतन होनेसे सुख दुःखका भोक्ता घटित नहीं होता। इसलिये रागादि अशुद्ध चेतन परिणमनका अकेला संसारी जीव कर्ता है, भोक्ता भी है। इसी अर्थको और गाढ़ा-पक्का करते हैं–**''एकस्याः प्रकृतेः कृतिः न''** (एकस्याः प्रकृतेः) अकेले पुद्गलकर्मकी (कृतिः न) करतूति नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई ऐसा मानेगा कि रागादि अशुद्ध चेतन परिणाम अकेले पुद्गलकर्मका किया है ? उत्तर ऐसा है कि ऐसा भी नहीं है। कारण कि **''अचित्त्वलसनात्''** अनुभव ऐसा आता है कि पुद्गलकर्म अचेतन द्रव्य है, रागादि परिणाम अशुद्ध चेतनारूप है। इसलिये अचेतन द्रव्यका परिणाम अचेतनरूप होता है, चेतनरूप नहीं होता। इस कारण रागादि अशुद्ध परिणामका कर्ता संसारी जीव है, भोक्ता भी है ॥११-२०३॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कर्मैव प्रवितर्क्य कर्तृ हतकैः क्षिप्त्वात्मनः कर्तृतां
कर्तात्मैष कथञ्चिदित्यचलिता कैश्चिच्छ्रुतिः कोपिता ।

तेषामुद्धतमोहमुद्रितधियां बोधस्य संशुद्धये
स्याद्वादप्रतिबंधलब्धविजया वस्तुस्थितिः स्तूयते ॥१२-२०४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**वस्तुस्थितिः स्तूयते''** (वस्तु) जीवद्रव्यके (स्थितिः) स्वभावकी मर्यादा (स्तूयते) जैसी है वैसी कहते हैं। कैसी है? **''स्याद्वादप्रतिबन्धलब्धविजया''** (स्याद्वाद) जीव कर्ता है, अकर्ता भी है ऐसा अनेकान्तपना, उसकी (प्रतिबन्ध) सावधानरूपसे की गई स्थापना, उससे (लब्धं) पाया है (विजया) जीतपना जिसने ऐसी है। किस निमित्त कहते हैं? **तेषां बोधस्य संशुद्धये''** (तेषाम्) जो जीवको अकर्ता कहते हैं ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवोंकी (बोधस्य संशुद्धये) विपरीत बुद्धिके छुड़ानेके निमित्त जीवका स्वरूप साधते हैं। कैसी है वह मिथ्यादृष्टि जीवराशि? **''उद्धतमोहमुद्रितधियां''** (उद्धत) तीव्र उदयरूप (मोह) मिथ्यात्वभावसे (मुद्रित) आच्छादित है (धियां) शुद्ध स्वरूप अनुभवरूप सम्यक्त्वशक्ति जिनको ऐसी है। और कैसी है? **एषः आत्मा कथञ्चित् कर्ता इति कैश्चित् श्रुतिः कोपिता''** (एषः आत्मा) चेतना स्वभावमात्र जीवद्रव्य (कथञ्चित् कर्ता) किसी युक्तिसे अशुद्ध भावका कर्ता भी है (इति) इस प्रकार (कैश्चित् श्रुतिः) कितने ही मिथ्यादृष्टि जीवोंको ऐसा सुननेमात्रसे (कोपिता) अत्यन्त क्रोध उत्पन्न होता है। कैसा क्रोध होता है? **''अचलिता''** जो अति गाढ़ा है, अमिट है। जिससे ऐसा मानते हैं—**''आत्मनः कर्तृतां क्षिप्त्वा''** (आत्मनः) जीवका (कर्तृतां) अपने रागादि अशुद्ध भावोंका कर्तापना (क्षिप्त्वा) सर्वथा मेटकर (न मानकर) क्रोध करते हैं। और कैसा मानते हैं—**''कर्म एव कर्तृ इति प्रवितर्क्य''** (कर्म एव) अकेला ज्ञानावरणादि कर्मपिण्ड (कर्तृ) रागादि अशुद्ध परिणामोंका अपनेमें व्याप्य-व्यापक होकर कर्ता है (इति प्रवितर्क्य) ऐसा गाढ़ापन करते हैं–प्रतीति करते हैं। सो ऐसी प्रतीति करते हुये कैसे हैं? **''हतकैः''** अपने घातक हैं, क्योंकि मिथ्यादृष्टि हैं ॥१२-२०४॥

(शार्दूलविक्रीडित)

माऽकर्तारममी स्पृशन्तु पुरुषं सांख्या इवाप्यार्हताः
कर्तारं कलयन्तु तं किल सदा भेदावबोधादधः ।

ऊर्ध्वं तूद्धतबोधधामनियतं प्रत्यक्षमेनं स्वयं
पश्यन्तु च्युतकर्तृभावमचलं ज्ञातारमेकं परम् ॥१३-२०५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ऐसा कहा था कि स्याद्वाद स्वरूपके द्वारा जीवका स्वरूप कहेंगे। उसका उत्तर है—"**अमी आर्हताः अपि पुरुषं अकर्तारम् मा स्पृशन्तु**" (अमी) विद्यमान जो (आर्हताः अपि) जैनोक्त स्याद्वाद स्वरूपको अंगीकार करते हैं ऐसे जो सम्यग्दृष्टि जीव वे भी (पुरुषं) जीवद्रव्यको (अकर्तारम्) रागादि अशुद्ध परिणामोंका सर्वथा कर्ता नहीं है ऐसा (मा स्पृशन्तु) मत अंगीकार करो। किनके समान? "**सांख्याः इव**" जिस प्रकार सांख्य मतवाले जीवको सर्वथा अकर्ता मानते हैं उसी प्रकार जैन भी सर्वथा अकर्ता मत मानो। जैसा मानने योग्य है वैसा कहते हैं—"**सदा तं भेदावबोधात् अधः कर्तारं किल कलयन्तु तु ऊर्ध्वं एनं च्युतकर्तृभावम् पश्यन्तु**" (सदा) सर्व काल द्रव्यका स्वरूप ऐसा है कि (तं) जीवद्रव्यको (भेदावबोधात् अधः) शुद्धस्वरूप परिणमनरूप सम्यक्त्वसे भ्रष्ट मिथ्यादृष्टि होता हुआ मोह राग द्वेषरूप परिणमता है उतने काल (कर्तारं किल कलयन्तु) मोह राग द्वेषरूप अशुद्ध चेतन परिणामका कर्ता जीव है ऐसा अवश्य मानो–प्रतीति करो। (तु) वही जीव (ऊर्ध्वं) जब मिथ्यात्व परिणाम छूटकर अपने शुद्ध स्वरूप सम्यक्त्व भावरूप परिणमता है तब (एनं च्युतकर्तृभावम्) छोड़ा है रागादि अशुद्ध भावोंका कर्तापन जिसने ऐसी (पश्यन्तु) श्रद्धा करो–प्रतीति करो–ऐसा अनुभव करो। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार जीवका ज्ञानगुण स्वभाव है। वह ज्ञानगुण संसार अवस्था अथवा मोक्ष अवस्थामें नहीं छूटता उस प्रकार रागादिपना जीवका स्वभाव नहीं है तथापि संसार अवस्थामें जब तक कर्मका संयोग है तब तक मोह राग द्वेषरूप अशुद्धपनेसे विभावरूप जीव परिणमता है और तब तक कर्ता है। जीवके सम्यक्त्व गुणके परिणमनके बाद ऐसा जानना—"**उद्धतबोधधामनियतं**" (उद्धत) सकल ज्ञेय पदार्थको जाननेके लिये उतावले ऐसे (बोधधाम) ज्ञानका प्रताप है (नियतं) सर्वस्व जिसका ऐसा है। और कैसा है? "**स्वयं प्रत्यक्षम्**" आपको अपने आप प्रगट हुआ है। और कैसा है? "**अचलं**" चार गतिके भ्रमणसे रहित हुआ है। और कैसा है? "**ज्ञातारम्**" ज्ञानमात्र स्वरूप है। और कैसा है? **परम् एकं**" रागादि अशुद्ध परिणतिसे रहित शुद्ध वस्तुमात्र है॥१३-२०५॥

(मालिनी)

क्षणिकमिदमिहैकः कल्पयित्वात्मतत्त्वं
निजमनसि विधत्ते कर्तृभोक्त्रोर्विभेदम् ।
अपहरति विमोहं तस्य नित्यामृतौघैः
स्वयमयमभिषिञ्चंश्चिच्चमत्कार एव ॥१४-२०६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इह एकः निजमनसि कर्तृभोक्त्रोः विभेदम् विधत्ते'' (इह) साम्प्रत विद्यमान है ऐसा (एकः) बौद्धमतको माननेवाला कोई जीव (निजमनसि) अपने ज्ञानमें (कर्तृ-भोक्त्रोः) कर्तापना भोक्तापनामें (विभेदम्) भेद (विधत्ते) करता है। भावार्थ इस प्रकार है कि वह ऐसा कहता है कि क्रियाका कर्ता कोई अन्य है, भोक्ता कोई अन्य है। ऐसा क्यों मानता है? ''इदम् आत्मतत्त्वं क्षणिकम् कल्पयित्वा'' (इदम् आत्मतत्त्वं) अनादिनिधन है जो चैतन्यस्वरूप जीवद्रव्य, उसको (क्षणिकम् कल्पयित्वा) जिस प्रकार अपने नेत्ररोगके कारण कोई श्वेत शंखको पीला देखता है उसी प्रकार अनादिनिधन जीवद्रव्यको मिथ्या भ्रान्तिके कारण ऐसा मानता है कि एक समयमात्रमें पूर्वका जीव मूलसे विनस जाता है, अन्य नया जीव मूलसे उपज आता है। ऐसा मानता हुआ मानता है कि क्रियाका कर्ता अन्य कोई जीव है, भोक्ता अन्य कोई जीव है। ऐसा अभिप्राय मिथ्यात्वका मूल है। इसलिये ऐसे जीवको समझाते हैं—''अयम् चिच्चमत्कारः तस्य विमोहं अपहरति'' (अयम् चिच्चमत्कारः) किसी जीवने बाल्यावस्थामें किसी नगरको देखा था। कुछ काल जाने पर और तरुण अवस्था आने पर उसी नगरको देखता है। देखते हुये ऐसा ज्ञान उत्पन्न होता है कि वही यह नगर है जिस नगरको मैंने बालकपनेमें देखा था। ऐसा है जो अतीत अनागत वर्तमान शाश्वत ज्ञानमात्र वस्तु वह 'तस्य विमोहं अपहरति' क्षणिकवादीके मिथ्यात्वको दूर करता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो जीवतत्त्व क्षण विनश्वर होता तो पूर्व ज्ञानको लेकर जो वर्तमान ज्ञान होता है वह किसको होवे, इसलिये जीवद्रव्य सदा शाश्वत है ऐसा कहनेसे क्षणिकवादी प्रतिबुद्ध होता है। कैसी है जीववस्तु? नित्यामृतौघैः स्वयम् अभिषिञ्चत्'' (नित्य) सदाकाल अविनश्वरपनारूप जो (अमृत) जीवद्रव्यका जीवनमूल उसके (ओघैः) समूह द्वारा (स्वयम्

अभिषिञ्चन्) अपनी शक्तिसे आप पुष्ट होता हुआ। "एव" निश्चयसे ऐसा ही जानियेगा, अन्यथा नहीं ॥१४-२०६॥

(अनुष्टुप)

वृत्त्यंशभेदतोऽत्यन्तं वृत्तिमन्नाशकल्पनात् ।
अन्यः करोति भुङ्क्तेऽन्य इत्येकान्तश्चकास्तु मा ॥१५-२०७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—क्षणिकवादी प्रतिबोधित किया जाता है— "**इति एकान्तः मा चकास्तु**" (इति) इस प्रकार (एकान्तः) द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिकके भेद बिना किये सर्वथा ऐसा ही है ऐसा कहना (मा चकास्तु) किसी जीवको स्वप्नमात्रमें भी ऐसा श्रद्धान मत होओ। ऐसा कैसा? "**अन्यः करोति अन्यः भुंक्ते**" (अन्यः करोति) अन्य प्रथम समयका उत्पन्न हुआ कोई जीव कर्मका उपार्जन करता है (अन्यः भुंक्ते) अन्य दूसरे समयका उत्पन्न हुआ जीव कर्मको भोगता है ऐसा एकान्तपना मिथ्यात्व है। भावार्थ इस प्रकार है—जीव वस्तु द्रव्यरूप है पर्यायरूप है। इसलिये द्रव्यरूपसे विचार करने पर जो जीव कर्मका उपार्जन करता है वही जीव उदय आने पर भोगता है। पर्यायरूपसे विचार करनेपर जिस परिणाम अवस्थामें ज्ञानावरणादि कर्मका उपार्जन करता है, उदय आने पर परिणामोंका अवस्थान्तर होता है, इसलिये अन्य पर्याय करती है अन्य पर्याय भोगती है। ऐसा भाव स्याद्वाद साध सकता है। जैसा बौद्धमतका जीव कहता है वह तो महाविपरीत है। सो कौन विपरीतपना? "**अत्यन्तं वृत्त्यंशभेदतः वृत्तिमन्नाशकल्पनात्**" (अत्यन्तं) द्रव्यका ऐसा ही स्वरूप है सहारा किसका। (वृत्ति) अवस्था, उसका (अंश) एक द्रव्यकी अनन्त अवस्था ऐसा (भेदतः) कोई अवस्था विनश जाती है, अन्य कोई अवस्था उत्पन्न होती है ऐसा अवस्थाभेद विद्यमान है। ऐसे अवस्थाभेदका छल पकड़कर कोई बौद्धमतका मिथ्यादृष्टि जीव (वृत्तिमन्नाशकल्पनात्) वृत्तिमान—जिसका अवस्थाभेद होता है ऐसी सत्तारूप शाश्वत वस्तुका नाश कल्पना—मूलसे सत्ताका नाश मानता है, इसलिये ऐसा कहना विपरीतपना है। भावार्थ इस प्रकार है कि बौद्धमतका जीव पर्यायमात्रको वस्तु मानता है, पर्याय जिसकी है ऐसी सत्तामात्र वस्तुको नहीं मानता है। इस कारण ऐसा मानता है सो महामिथ्यात्व है॥१५-२०७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

आत्मानं परिशुद्धमीप्सुभिरतिव्याप्तिं प्रपद्यान्धकैः
कालोपाधिबलादशुद्धिमधिकां तत्रापि मत्वा परैः ।
चैतन्यं क्षणिकं प्रकल्प्य पृथुकैः शुद्धर्जुसूत्रे रतैः
आत्मा व्युज्झित एष हारवदहो निःसूत्रमुक्तेक्षिभिः ॥१६-२०८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—एकान्तपनेसे जो माना जाय सो मिथ्यात्व है अहो पृथुकैः एषः आत्मा व्युज्झितः'' (अहो) भो जीव (पृथुकैः) नाना प्रकार अभिप्राय है जिनका ऐसे जो मिथ्यादृष्टि जीव हैं उनको (एषः आत्मा) विद्यमान शुद्ध चैतन्य वस्तु (व्युज्झितः) सधी नहीं। कैसे हैं एकान्तवादी? ''शुद्धर्जुसूत्रे रतैः'' (शुद्ध) द्रव्यार्थिक नयसे रहित* (ऋजुसूत्रे) वर्तमान पर्यायमात्रमें वस्तुरूप अंगीकार करनेरूप एकान्तपनेमें (रतैः) मग्न हैं। ''चैतन्यं क्षणिकं प्रकल्प्य'' एक समयमात्रमें एक जीव मूलसे विनश जाता है, अन्य जीव मूलसे उत्पन्न होता है ऐसा मान कर बौद्धमतके जीवोंको जीवस्वरूपकी प्राप्ति नहीं है। तथा मतान्तर कहते हैं—''अपरैः तत्रापि कालोपाधिबलात् अधिकां अशुद्धिं मत्वा'' (अपरैः) कोई मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी ऐसे हैं जो जीवका शुद्धपना नहीं मानते हैं। सर्वथा अशुद्धपना मानते हैं। उन्हें भी वस्तुकी प्राप्ति नहीं है ऐसा कहते हैं—(कालोपाधिबलात्) अनन्त काल हुआ जीव द्रव्य कर्मके साथ मिला हुआ ही चला आया है, भिन्न तो हुआ नहीं ऐसा मानकर (तत्रापि) उस जीवमें (अधिकां अशुद्धिं मत्वा) जीव द्रव्य अशुद्ध है, शुद्ध है ही नहीं ऐसी प्रतीति करते हैं जो जीव उन्हें भी वस्तुकी प्राप्ति नहीं है। मतान्तर कहते हैं—''अन्धकैः अतिव्याप्तिं प्रपद्य'' एकान्त मिथ्यादृष्टि जीव कोई ऐसे हैं जो (अतिव्याप्तिं प्रपद्य) कर्मकी उपाधिको नहीं मानते हैं। ''आत्मानं परिशुद्धम् ईप्सुभिः'' जीव द्रव्यको सर्व काल सर्वथा शुद्ध मानते हैं। उन्हें भी स्वरूपकी प्राप्ति नहीं है। कैसे हैं एकान्तवादी? ''निःसूत्रमुक्तेक्षिभिः'' (निःसूत्र) स्याद्वाद सूत्र बिना (मुक्तेक्षिभिः) सकल कर्मके क्षयलक्षण मोक्षको चाहते हैं, उनके प्राप्ति

* यहाँ पर 'द्रव्यार्थिक नयसे रहित' पाठके स्थानमें हस्तलिखित एवं पहली मुद्रित प्रतिमें 'पर्यायार्थिक नयसे रहित' ऐसा पाठ है जो भूलसे आ पड़ा मालूम पड़ता है।

नहीं है। उसका दृष्टांत–''हारवत्'' हारके समान। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार सूतके बिना मोती नहीं सधता है–हार नहीं होता है उसी प्रकार स्याद्वाद सूत्रके ज्ञान बिना एकान्तवादोंके द्वारा आत्माका स्वरूप नहीं सधता है–आत्मस्वरूपकी प्राप्ति नहीं होती है, इसलिये जो कोई आपको सुख चाहते हैं वे स्याद्वादसूत्रके द्वारा जैसा आत्माका स्वरूप साधा गया है वैसा मानिएगा ॥१६-२०८॥

(शार्दूलविक्रीडित)

कर्तुर्वेदयितुश्च युक्तिवशतो भेदोऽस्त्वभेदोऽपि वा
कर्ता वेदयिता च मा भवतु वा वस्त्वेव सञ्चिन्त्यताम् ।
प्रोता सूत्र इवात्मनीह निपुणैर्भेत्तुं न शक्या क्वचि-
च्चिच्चिन्तामणिमालिकेयमभितोऽप्येका चकास्त्वेव नः ॥१७-२०९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''निपुणैः वस्तु एव सञ्चिन्त्यताम्'' (निपुणैः) शुद्धस्वरूप अनुभवमें प्रवीण हैं ऐसे जो सम्यग्दृष्टि जीव, उनको (वस्तु एव) समस्त विकल्पसे रहित निर्विकल्प सत्तामात्र चैतन्यस्वरूप (सञ्चिन्त्यताम्) स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे अनुभव करने योग्य है। कर्तुः च वेदयितुः युक्तिवशतः भेदः अस्तु अथवा अभेदः अस्तु'' (कर्तुः) कर्तामें (च) और (वेदयितुः) भोक्तामें (युक्तिवशतः) द्रव्यार्थिक नय पर्यायार्थिक नयका भेद करने पर (भेदः अस्तु) अन्य पर्याय करती है अन्य पर्याय भोगती है, पर्यायार्थिक नयसे ऐसा भेद है तो होओ। ऐसा साधनेपर साध्यसिद्धि तो कुछ नहीं है। (अथवा) द्रव्यार्थिकनयसे (अभेदः) जो जीवद्रव्य ज्ञानावरणादि कर्मका कर्ता है वही जीवद्रव्य भोक्ता है ऐसा (अस्तु) भी है तो ऐसा भी होओ, इसमें भी साध्यसिद्धि तो कुछ नहीं है। ''वा कर्ता च वेदयिता वा मा भवतु'' (वा) कर्तृत्वनयसे (कर्ता) जीव अपने भावोंका कर्ता है (च) तथा भोक्तृत्वनयसे (वेदयिता) जिसरूप परिणमता है उस परिणामका भोक्ता है ऐसा है तो ऐसा ही होओ। ऐसा विचार करने पर शुद्धस्वरूपका अनुभव तो नहीं है। कारण कि ऐसा विचारना अशुद्धरूप विकल्प है। (वा) अथवा अकर्तृत्वनयसे जीव अकर्ता है (च) तथा अभोक्तृत्वनयसे जीव (मा) भोक्ता नहीं है (भवतु) कर्ता-भोक्ता नहीं है तो मत ही होओ। ऐसा विचार करने पर भी शुद्धस्वरूपका अनुभव नहीं है। कारण कि

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

"**प्रोता इह आत्मनि क्वचित् भर्तुं न शक्यः**" (प्रोता) कोई नय विकल्प। उसका विवरण—अन्य करता है अन्य भोगता है ऐसा विकल्प अथवा जीव कर्ता है भोक्ता है ऐसा विकल्प अथवा जीव कर्ता नहीं है भोक्ता नहीं है ऐसा विकल्प इत्यादि अनन्त विकल्प हैं तो भी उनमेंसे कोई विकल्प (इह आत्मनि) शुद्ध वस्तुमात्र है जीवद्रव्य उसमें (क्वचित्) किसी भी कालमें (भर्तुं न शक्यः) शुद्ध स्वरूपके अनुभवरूप स्थापनेको समर्थ नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई अज्ञानी ऐसा जानेगा कि इस स्थलमें ग्रन्थकर्ता आचार्यने कर्तापन अकर्तापन भोक्तापन अभोक्तापन बहुत प्रकारसे कहा है सो इसमें क्या अनुभवकी प्राप्ति बहुत है? समाधान इस प्रकार है कि समस्त नय विकल्पोंके द्वारा शुद्ध स्वरूपका अनुभव सर्वथा नहीं है। उसको (स्वरूपको) मात्र जनानेके लिये ही शास्त्रमें बहुत नय-युक्तिसे दिखलाया है। तिस कारण "**नः इयम् एका अपि चिच्चिन्तामणिमालिका अभितः चकास्तु एव**" (नः) हमें (इयं) स्वसंवेदनप्रत्यक्ष (एका अपि) समस्त विकल्पोंसे रहित (चित्) शुद्ध चेतनारूप (चिन्तामणि) अनन्त शक्तिगर्भित (मालिका) चेतनामात्र वस्तुकी (अभितः चकास्तु एव) सर्वथा प्रकार प्राप्ति होओ। भावार्थ इस प्रकार है कि निर्विकल्पमात्रका अनुभव उपादेय है, अन्य विकल्प समस्त हेय हैं। दृष्टांत ऐसा— "**सूत्रे प्रोता इव**" जिस प्रकार कोई पुरुष मोतीकी मालाको पोना जानता है, माला गूँथता हुआ अनेक विकल्प करता है सो वे समस्त विकल्प झूठे हैं, विकल्पोंमें शोभा करनेकी शक्ति नहीं है। शोभा तो मोतीमात्र वस्तु है, उसमें है। इसलिये पहिननेवाला पुरुष मोतीकी माला जानकर पहिनता है, गूँथनेके बहुत विकल्प जानकर नहीं पहिनता है। देखनेवाला भी मोतीकी माला जानकर शोभा देखता है, गूँथनेके विकल्पोंको नहीं देखता है। उसी प्रकार शुद्ध चेतनामात्र सत्ता अनुभव करने योग्य है। उसमें घटते हैं जो अनेक विकल्प उन सबकी सत्ता अनुभव करने योग्य नहीं है॥१७-२०९॥

(रथोद्धता)

व्यावहारिकदृशैव केवलं
कर्तृ कर्म च विभिन्नमिष्यते।
निश्चयेन यदि वस्तु चिन्त्यते
कर्तृ कर्म च सदैकमिष्यते॥१८-२१०॥

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

खण्डान्वय सहित अर्थ :—यहाँ कोई प्रश्न करता है कि ज्ञानावरणादि कर्मरूप पुद्गल पिण्डका कर्ता जीव है कि नहीं? उत्तर इस प्रकार है कि कहनेको तो है, वस्तुस्वरूप विचारने पर कर्ता नहीं है। ऐसा कहते हैं—**व्यावहारिकदृशा एव केवलं**'' झूठा व्यवहारदृष्टिसे ही ''**कर्तृ**'' कर्ता ''**च**'' तथा ''**कर्म**'' किया गया कार्य ''**विभिन्नम् इष्यते**'' भिन्न-भिन्न हैं। जीव ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्मका कर्ता ऐसा कहनेके लिये सत्य है। कारण कि युक्ति ऐसी कि रागादि अशुद्ध परिणामोंको जीव करता है। रागादि अशुद्ध परिणामोंके होते समय ज्ञानावरणादिरूप पुद्गल द्रव्य परिणमता है इस कारण कहनेके लिये ऐसा है कि ज्ञानावरणादि कर्म जीवने किये। स्वरूपका विचार करने पर ऐसा कहना झूठा है। कारण कि ''**यदि निश्चयेन चिन्त्यते**'' (यदि) जो (निश्चयेन) सच्ची व्यवहार दृष्टिसे (चिन्त्यते) देखा जाय, क्या देखा जाय? ''**वस्तु**'' स्वद्रव्य परिणाम परद्रव्य परिणामरूप वस्तुका स्वरूप तो ''**सदा एव कर्तृ कर्म एकम् इष्यते**'' (सदा एव) सर्व ही काल (कर्तृ) परिणमता है जो द्रव्य (कर्म) द्रव्यका परिणाम (एकम् इष्यते) एक है अर्थात् कोई जीव अथवा पुद्गल द्रव्य अपने परिणामोंके साथ व्याप्य-व्यापकरूप परिणमता है, इसलिये कर्ता है, वही कर्म है, क्योंकि परिणाम उस द्रव्यके साथ व्याप्य-व्यापकरूप है ऐसा (इष्यते) विचार करने पर घटित होता है—अनुभवमें आता है। अन्य द्रव्यका अन्य द्रव्य कर्ता, अन्य द्रव्यका परिणाम अन्य द्रव्यका कर्म ऐसा तो अनुभवमें घटता नहीं। कारण कि दो द्रव्योंका व्याप्य-व्यापकपना नहीं है॥१८-२१०॥

(नर्दटक)

ननु परिणाम एव किल कर्म विनिश्चयतः
स भवति नापरस्य परिणामिन एव भवेत्।
न भवति कर्तृशून्यमिह कर्म न चैकतया
स्थितिरिह वस्तुनो भवतु कर्तृ तदेव ततः ॥१९-२११॥[1]

श्लोकार्थ :—''**ननु किल**'' वास्तवमें ''**परिणामः एव**'' परिणाम ही

१. पंडित श्री राजमलजीकी टीकामें आत्मख्यातिका यह श्लोक अनुवाद करनेसे रह गया है, अतः हिन्दी समयसारके आधारसे उक्त श्लोक अर्थ सहित यहाँ दिया गया है।

''विनिश्चयतः'' निश्चयसे ''कर्म'' कर्म है और ''सः परिणामिनः एव भवेत्, अपरस्य न भवति'' परिणाम अपने आश्रयभूत परिणामीका होता है, अन्यका नहीं (क्योंकि परिणाम अपने अपने द्रव्यके आश्रित हैं, अन्यके परिणामका अन्य आश्रय नहीं होता); और ''कर्म कर्तृशून्यं इह न भवति'' कर्म कर्ताके बिना नहीं होता, ''च'' तथा ''वस्तुनः एकतया स्थितिः इह न'' वस्तुकी एकरूप (कूटस्थ) स्थिति नहीं होती (क्योंकि वस्तु द्रव्य पर्याय स्वरूप होनेसे सर्वथा नित्यत्व बाधा सहित है); ''ततः'' इसलिये ''तत् एव कर्तृ भवतु'' वस्तु स्वयं ही अपने परिणामरूप कर्मका कर्ता है (यह निश्चित सिद्धान्त है) ॥१९-२११॥

(पृथ्वी)

बहिर्लुठति यद्यपि स्फुटदनन्तशक्तिः स्वयं
तथाऽप्यपरवस्तुनो विशति नान्यवस्त्वन्तरम् ।
स्वभावनियतं यतः सकलमेव वस्त्विष्यते
स्वभावचलनाकुलः किमिह मोहितः क्लिश्यते ॥२०-२१२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—जीवका स्वभाव ऐसा है कि सकल ज्ञेयको जानता है। कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा जानेगा कि ज्ञेय वस्तुको जानते हुये जीवके अशुद्धपना घटित होता है। उसका समाधान ऐसा है कि अशुद्धपना नहीं घटित होता है। जीव वस्तुका ऐसा ही स्वभाव है जो समस्त ज्ञेय वस्तुको जानता है। यहाँसे लेकर ऐसा भाव कहते हैं—इह **स्वभावचलनाकुलः मोहितः किं क्लिश्यते**'' (इह) जीव समस्त ज्ञेयको जानता है ऐसा देखकर (स्वभाव) जीवका शुद्ध स्वरूप, उससे (चलन) स्खलितपना जानकर (आकुलः) खेद-खिन्न हुआ मिथ्यादृष्टि जीव (मोहितः) मिथ्यात्वरूप अज्ञानपनाके आधीन हो (किं क्लिश्यते) क्यों खेद-खिन्न होता है? कारण कि ''**यतः स्वभावनियतं सकलम् एव वस्तु इष्यते**'' (यतः) जिस कारण (सकलम् एव वस्तु) जो कोई जीव द्रव्य अथवा पुद्गल द्रव्य इत्यादि है वह सब (स्वभावनियतं) नियमसे अपने स्वरूप है ऐसा (इष्यते) अनुभवगोचर होता है। यही अर्थ प्रगट करके कहते हैं—**यद्यपि स्फुटदनन्तशक्तिः स्वयं बहिर्लुठति**'' (यद्यपि) यद्यपि प्रत्यक्षरूपसे ऐसा है

कि (स्फुटत्) सदा काल प्रगट है (अनन्तशक्तिः) अविनश्वर चेतनाशक्ति जिसकी ऐसा जीवद्रव्य (स्वयं बहिः लुठति) स्वयं समस्त ज्ञेयको जानकर ज्ञेयाकाररूप परिणमता है ऐसा जीवका स्वभाव है, "**तथापि अन्यवस्त्वन्तरम्** (तथापि) तो भी (अन्यवस्त्वन्तरम्) एक कोई जीवद्रव्य अथवा पुद्गलद्रव्य "**अपरवस्तुनः न विशति**" किसी अन्य द्रव्यमें प्रवेश नहीं करता है, वस्तुस्वभाव ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य समस्त ज्ञेय वस्तुको जानता है ऐसा तो स्वभाव है, परन्तु ज्ञान ज्ञेयरूप नहीं होता है, ज्ञेय भी ज्ञान द्रव्यरूप नहीं परिणमता है ऐसी वस्तुकी मर्यादा है॥२०-२१२॥

(रथोद्धता)

वस्तु चैकमिह नान्यवस्तुनो
येन तेन खलु वस्तु वस्तु तत् ।
निश्चयोऽयमपरो परस्य कः
किं करोति हि बहिर्लुठन्नपि ॥२१-२१३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—अर्थ कहा था उसे गाढ़ा करते हैं—**येन इह एकम् वस्तु अन्यवस्तुनः न**" (येन) जिस कारणसे (इह) छह द्रव्योंमें कोई (एकम् वस्तु) जीवद्रव्य अथवा पुद्गल द्रव्य सत्तारूप विद्यमान है वह (अन्यवस्तुनः न) अन्य द्रव्यसे सर्वथा नहीं मिलता ऐसी द्रव्योंके स्वभावकी मर्यादा है। "**तेन खलु वस्तु तत् वस्तु**" (तेन) तिस कारणसे (खलु) निश्चयसे (वस्तु) जो कोई द्रव्य (तत् वस्तु) वह अपने स्वरूप है—जिस प्रकार है उसी प्रकार है, "**अयम् निश्चयः**" ऐसा तो निश्चय है, परमेश्वरने कहा है, अनुभवगोचर भी होता है। **कः अपरः बहिः लुठन् अपि अपरस्य किं करोति**" (कः अपरः) ऐसा कौन द्रव्य है जो (बहिः लुठन् अपि) यद्यपि ज्ञेय वस्तुको जानता है तो भी (अपरस्य किं करोति) ज्ञेय वस्तुके साथ सम्बन्ध कर सके? अर्थात् कोई द्रव्य नहीं कर सके। भावार्थ इस प्रकार है कि वस्तुस्वरूपकी मर्यादा तो ऐसी है कि कोई द्रव्य किसी द्रव्यके साथ एकरूप नहीं होता है। इसके उपरान्त भी जीवका स्वभाव ज्ञेय वस्तुको जाने ऐसा है तो रहो तो भी धोखा तो कुछ नहीं है, जीव द्रव्य ज्ञेयको जानता हुआ अपने स्वरूप है॥२१-२१३॥

(रथोद्धता)

यत्तु वस्तु कुरुतेऽन्यवस्तुनः
किञ्चनापि परिणामिनः स्वयम् ।
व्यावहारिकदृशैव तन्मतं
नान्यदस्ति किमपीह निश्चयात् ॥२२-२१४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—कोई आशंका करता है कि जैन सिद्धान्तमें भी ऐसा कहा है कि जीव ज्ञानावरणादि पुद्गलकर्मको करता है, भोगता है। उसका समाधान इस प्रकार है कि झूठे व्यवहारसे कहनेको है। द्रव्यके स्वरूपका विचार करने पर परद्रव्यका कर्ता जीव नहीं है। "तु यत् वस्तु स्वयम् परिणामिनः अन्यवस्तुनः किञ्चन अपि कुरुते" (तु) ऐसा भी कहावत है कि (यत् वस्तु) जो कोई चेतनालक्षण जीवद्रव्य (स्वयम् परिणामिनः अन्यवस्तुनः) अपनी परिणाम शक्तिसे ज्ञानावरणादिरूप परिणमता है ऐसे पुद्गल द्रव्यका (किञ्चन अपि कुरुते) कुछ करता है ऐसा कहना, "तत् व्यावहारिकदृशा" (तत्) जो कुछ ऐसा अभिप्राय है वह सब (व्यावहारिकदृशा) झूठी व्यवहारदृष्टिसे है। "निश्चयात् किम् अपि नास्ति इह मतं" (निश्चयात्) वस्तुके स्वरूपका विचार करने पर (किम् अपि नास्ति) ऐसा विचार—ऐसा अभिप्राय कुछ नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कुछ ही बात नहीं, मूलसे झूठ है (इह मतं) ऐसा सिद्धान्त सिद्ध हुआ ॥२२-२१४॥

(शार्दूलविक्रीडित)

शुद्धद्रव्यनिरूपणार्पितमतेस्तत्त्वं समुत्पश्यतो
नैकद्रव्यगतं चकास्ति किमपि द्रव्यान्तरं जातुचित् ।
ज्ञानं ज्ञेयमवैति यत्तु तदयं शुद्धस्वभावोदयः
किं द्रव्यान्तरचुम्बनाकुलधियस्तत्त्वाच्च्यवन्ते जनाः ॥२३-२१५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"जनाः तत्त्वात् किं च्यवन्ते" (जनाः) समस्त संसारी जीव (तत्त्वात्) जीव वस्तु सर्व काल शुद्धस्वरूप है, समस्त ज्ञेयको जानती

है ऐसे अनुभवसे (किं च्यवन्ते) क्यों भ्रष्ट होते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि वस्तुका स्वरूप तो प्रगट है, भ्रम क्यों करते हैं। कैसे हैं जन? **''द्रव्यान्तरचुम्बनाकुलधियः''** (द्रव्यान्तर) समस्त ज्ञेय वस्तुको जानता है जीव, इससे (चुम्बन) अशुद्ध हुआ है जीवद्रव्य ऐसा जानकर (आकुलधियः) ज्ञेय वस्तुका जानपना कैसे छूटे, जिसके छूटनेसे जीवद्रव्य शुद्ध होवे ऐसी हुई है बुद्धि जिनकी, ऐसे हैं। **''तु''** उसका समाधान ऐसा है कि **''यत् ज्ञानं ज्ञेयम् अवैति तत् अयं शुद्धस्वभावोदयः''** (यत्) जो ऐसा है कि (ज्ञानं ज्ञेयम् अवैति) ज्ञान ज्ञेयको जानता है ऐसा प्रगट है (तत् अयं) सो यह (शुद्धस्वभावोदयः) शुद्ध जीव वस्तुका स्वरूप है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिसप्रकार अग्निका दाहक स्वभाव है, समस्त दाह्य वस्तुको जलाती है। जलाती हुई अग्नि अपने शुद्धस्वरूप है। अग्निका ऐसा ही स्वभाव है उसी प्रकार जीव ज्ञानस्वरूप है, समस्त ज्ञेयको जानता है। जानता हुआ अपने स्वरूप है ऐसा वस्तुका स्वभाव है। ज्ञेयके जानपनासे जीवका अशुद्धपना मानता है सो मत मानो, जीव शुद्ध है। और समाधान करते हैं। कारण कि **''किम् अपि द्रव्यान्तरं एकद्रव्यगतं न चकास्ति''** (किम् अपि द्रव्यान्तरं) कोई ज्ञेयरूप पुद्गल द्रव्य अथवा धर्म अधर्म आकाश काल द्रव्य (एकद्रव्य) शुद्ध जीव वस्तुमें (गतं) एक द्रव्यरूपसे परिणमता है ऐसा (न चकास्ति) नहीं शोभता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव समस्त ज्ञेयको जानता है, ज्ञान ज्ञानरूप है, ज्ञेय वस्तु ज्ञेयरूप है। कोई द्रव्य अपने द्रव्यत्वको छोड़कर अन्य द्रव्यरूप तो नहीं हुआ ऐसा अनुभव जिसको है सो कहते हैं—**शुद्धद्रव्यनिरूपणार्पितमतेः''** (शुद्धद्रव्य) समस्त विकल्पसे रहित शुद्ध चेतनामात्र जीववस्तुके (निरूपण) प्रत्यक्ष अनुभवमें (अर्पितमतेः) स्थापित किया है बुद्धिका सर्वस्व जिसने ऐसे जीवके। और कैसे जीवके? **''तत्त्वं समुत्पश्यतः''** सत्तामात्र शुद्ध जीववस्तुको प्रत्यक्ष आस्वादता है ऐसे जीवके। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव समस्त ज्ञेयको जानता है, समस्त ज्ञेयसे भिन्न है ऐसा स्वभाव सम्यग्दृष्टि जीव जानता है॥२३-२१५॥

(मन्दाक्रान्ता)

शुद्धद्रव्यस्वरसभवनात्किं स्वभावस्य शेष-
मन्यद्द्रव्यं भवति यदि वा तस्य किं स्यात्स्वभावः।
ज्योत्स्नारूपं स्नपयति भुवं नैव तस्यास्ति भूमि-
र्ज्ञानं ज्ञेयं कलयति सदा ज्ञेयमस्यास्ति नैव॥२४-२१६॥

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

खण्डान्वय सहित अर्थ :—सदा ज्ञानं ज्ञेयं कलयति अस्य ज्ञेयं न अस्ति एव'' (सदा) सर्व काल (ज्ञानं) अर्थग्रहणशक्ति (ज्ञेयं) स्वपरसम्बन्धी समस्त ज्ञेय वस्तुको (कलयति) एक समयमें द्रव्य-गुण-पर्यायभेदयुक्त जैसी है उस प्रकार जानता है। एक विशेष—(अस्य) ज्ञानके सम्बन्धसे (ज्ञेयं न अस्ति) ज्ञेय वस्तु ज्ञानसे सम्बन्धरूप नहीं है। (एव) निश्चयसे ऐसा ही है। दृष्टान्त कहते हैं—**ज्योत्स्नारूपं भुवं स्नपयति तस्य भूमिः न अस्ति एव''** (ज्योत्स्नारूपं) चन्द्रिकाका प्रसार (भुवं स्नपयति) भूमिको श्वेत करता है। एक विशेष–(तस्य) ज्योत्सनाके प्रसारके सम्बन्धसे (भूमिः न अस्ति) भूमि ज्योत्स्नारूप नहीं होती। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार ज्योत्स्ना फैलती है, समस्त भूमि श्वेत होती है तथापि ज्योत्स्नाका भूमिका सम्बन्ध नहीं है उसी प्रकार ज्ञान समस्त ज्ञेयको जानता है तथापि ज्ञानका ज्ञेयका सम्बन्ध नहीं है। ऐसा वस्तुका स्वभाव है। ऐसा कोई नहीं माने उसके प्रति युक्तिके द्वारा घटित करते हैं—**''शुद्धद्रव्यस्वरसभवनात्''** शुद्ध द्रव्य अपने अपने स्वभावमें रहता है तो **''स्वभावस्य शेषं किं''** (स्वभावस्य) सत्तामात्र वस्तुका (शेषं किं) क्या बचा? भावार्थ इस प्रकार है कि सत्तामात्र वस्तु निर्विभाग एकरूप है, जिसके दो भाग होते नहीं। **''यदि वा''** जो कभी **''अन्यद्रव्यं भवति''** अनादिनिधन सत्तारूप वस्तु अन्य सत्तारूप होवे तो **''तस्य स्वभावः किं स्यात्''** (तस्य) पहले साधी हुई सत्तारूप वस्तुका (स्वभावः किं स्यात्) जो पूर्वका सत्त्व अन्य सत्त्वरूप होवे तो पूर्व सत्तामांहेका क्या बचा? अपि तु पूर्व सत्ताका विनाश सिद्ध होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार जीवद्रव्य चेतना सत्तारूप है, निर्विभाग है सो चेतना सत्ता जो कभी पुद्गल द्रव्य–अचेतनारूप हो जाय तो चेतनासत्ताका विनाश होना कौन मेट सकता है? सो वस्तुका स्वरूप ऐसा तो नहीं है, इसलिये जो द्रव्य जैसा है जिस प्रकार है वैसा ही है अन्यथा होता नहीं। इसलिये जीवका ज्ञान समस्त ज्ञेयको जानता है तो जानो तथापि जीव अपने स्वरूप है॥२४-२१६॥

(मन्दाक्रान्ता)

रागद्वेषद्वयमुदयते तावदेतन्न यावत्
ज्ञानं ज्ञानं भवति न पुनर्बोध्यतां याति बोध्यम् ।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

ज्ञानं ज्ञानं भवतु तदिदं न्यक्कृताज्ञानभावं
भावाभावौ भवति तिरयन् येन पूर्णस्वभावः ॥२५-२१७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—एतत् रागद्वेषद्वयं तावत् उदयते'' (एतत्) विद्यमान (राग) इष्टमें अभिलाष (द्वेष) अनिष्टमें उद्वेग ऐसे (द्वयम्) दो जातिके अशुद्ध परिणाम (तावत् उदयते) तब तक होते हैं ''**यावत् ज्ञानं ज्ञानं न भवति**'' (यावत्) जब तक (ज्ञानं) जीवद्रव्य (ज्ञानं न भवति) अपने शुद्धस्वरूपके अनुभवरूप नहीं परिणमता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जितने काल तक जीव मिथ्यादृष्टि है उतने काल तक राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणमन नहीं मिटता। ''**तथा बोध्यं बोध्यतां यावत् न याति**'' (तथा) तथा (बोध्यं) ज्ञानावरणादि कर्म अथवा रागादि अशुद्ध परिणाम (बोध्यतां यावत् न याति) ज्ञेयमात्र बुद्धिको नहीं प्राप्त होते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानावरणादि कर्म सम्यग्दृष्टि जीवको जाननेके लिये हैं। कोई अपने कर्मका उदय कार्य जिस तिस प्रकार करनेके लिये समर्थ नहीं है। ''**तत् ज्ञानं ज्ञानं भवतु**'' (तत्) तिस कारणसे (ज्ञानं) जीव वस्तु (ज्ञानं भवतु) शुद्ध परिणतिरूप होकर शुद्धस्वरूपके अनुभव समर्थ होओ। कैसा है शुद्ध ज्ञान? **न्यक्कृताज्ञानभावं**'' (**न्यक्कृत**) दूर किया है (अज्ञानभावं) मिथ्यात्वरूप परिणति जिसने ऐसा है। ऐसा होनेपर कार्यकी प्राप्ति कहते हैं—''**येन पूर्णस्वभावः भवति**'' (येन) जिस शुद्ध ज्ञानके द्वारा (पूर्णस्वभावः भवति) जैसा द्रव्यका अनन्त चतुष्टयस्वरूप है वैसा प्रगट होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि मुक्तिपदकी प्राप्ति होती है। कैसा है पूर्ण स्वभाव? ''**भावाभावौ तिरयन्**'' चतुर्गतिसम्बन्धी उत्पाद-व्ययको सर्वथा दूर करता हुआ जीवका स्वरूप प्रगट होता है॥२५-२१७॥

(मन्दाक्रान्ता)

रागद्वेषाविह हि भवति ज्ञानमज्ञानभावात्
तौ वस्तुत्वप्रणिहितदृशा दृश्यमानौ न किञ्चित् ।
सम्यग्दृष्टिः क्षपयतु ततस्तत्त्वदृष्ट्या स्फुटन्तौ
ज्ञानज्योतिर्ज्वलति सहजं येन पूर्णाचलार्चिः ॥२६-२१८॥

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ततः सम्यग्दृष्टिः स्फुटं तत्त्वदृष्ट्या तौ क्षपयतु" (ततः) तिस कारणसे (सम्यग्दृष्टिः) शुद्ध चैतन्य अनुभवशीली जीव (स्फुटं तत्त्वदृष्ट्या) प्रत्यक्षरूप है जो शुद्ध जीवस्वरूपका अनुभव उसके द्वारा (तौ) राग-द्वेष दोनोंको (क्षपयतु) मूलसे मेट कर दूर करो। "येन ज्ञानज्योतिः सहजं ज्वलति" (येन) जिन राग-द्वेषके मेटनेसे (ज्ञानज्योतिः सहजं ज्वलति) शुद्ध जीवका स्वरूप जैसा है वैसा सहज प्रगट होता है। कैसी है ज्ञानज्योति? "पूर्णाचलार्चिः" (पूर्ण) जैसा स्वभाव है ऐसा और (अचल) सर्वकाल अपने स्वरूप है ऐसा (अर्चिः) प्रकाश है जिसका, ऐसी है। राग-द्वेषका स्वरूप कहते हैं—"हि ज्ञानम् अज्ञानभावात् इह रागद्वेषौ भवति" (हि) जिस कारण (ज्ञानम्) जीव द्रव्य (अज्ञानभावात्) अनादि कर्म संयोगसे परिणमा है विभाव परिणति मिथ्यात्वरूप, उसके कारण (इह) वर्तमान संसार अवस्थामें (रागद्वेषौ भवति) राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणतिसे व्याप्य-व्यापकरूप आप परिणमता है। इस कारण "तौ वस्तुत्वप्रणिहितदृशा दृश्यमानौ न किञ्चित्" (तौ) राग-द्वेष दोनों जातिके अशुद्ध परिणाम (वस्तुत्वप्रणिहितदृशा दृश्यमानौ) सत्तास्वरूप दृष्टिसे विचार करने पर (न किञ्चित्) कुछ वस्तु नहीं। भावार्थ इस प्रकार है कि जैसे सत्तास्वरूप एक जीव द्रव्य विद्यमान है वैसे राग-द्वेष कोई द्रव्य नहीं, जीवकी विभाव परिणति है। वही जीव जो अपने स्वभावरूप परिणमे तो राग-द्वेष सर्वथा मिटे। ऐसा होना सुगम है कुछ मुश्किल नहीं है—अशुद्ध परिणति मिटती है शुद्ध परिणति होती है ॥२६-२१८॥

(शालिनी)

रागद्वेषोत्पादकं तत्त्वदृष्ट्या
नान्यद्द्रव्यं वीक्ष्यते किञ्चनापि।
सर्वद्रव्योत्पत्तिरन्तश्चकास्ति
व्यक्तात्यन्तं स्वस्वभावेन यस्मात् ॥२७-२१९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई ऐसा मानता है कि जीवका स्वभाव राग-द्वेषरूप परिणमनेका नहीं है, पर द्रव्य ज्ञानावरणादि कर्म तथा शरीर भोगसामग्री बलात्कार जीवको राग-द्वेषरूप परिणमाते हैं सो ऐसा तो नहीं, जीवकी

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

विभाव परिणामशक्ति जीवमें है, इसलिये मिथ्यात्वके भ्रमरूप परिणमता हुआ राग-द्वेषरूप जीव द्रव्य आप परिणमता है, पर द्रव्यका कुछ सहारा नहीं है। ऐसा कहते हैं—**''किञ्चन अपि अन्यद्द्रव्यं तत्त्वदृष्ट्या रागद्वेषोत्पादकं न वीक्ष्यते''** (किञ्चन अपि अन्यद्द्रव्यं) आठ कर्मरूप अथवा शरीर मन वचन नोकर्मरूप अथवा बाह्य भोगसामग्री इत्यादिरूप है जितना पर द्रव्य वह (तत्त्वदृष्ट्या) द्रव्यके स्वरूपको देखते हुये सांची दृष्टिसे (रागद्वेषोत्पादकं) अशुद्ध चेतनारूप हैं जो राग-द्वेषपरिणाम उनको उत्पन्न करनेमें समर्थ (न वीक्ष्यते) नहीं दिखलाई देता। कहे हुये अर्थको गाढ़ा–दृढ़ करते हैं—**''यस्मात् सर्वद्रव्योत्पत्तिः स्वस्वभावेन अन्तश्चकास्ति''** (यस्मात्) जिस कारणसे (सर्वद्रव्य) जीव पुद्गल धर्म अधर्म काल आकाशका (उत्पत्तिः) अखण्ड धारारूप परिणाम (स्वस्वभावेन) अपने-अपने स्वरूपसे है (अन्तः चकास्ति) ऐसा ही अनुभवमें निश्चित होता है और ऐसे ही वस्तु सधती है, अन्यथा विपरीत है। कैसी है परिणति? **''अत्यन्तं व्यक्ता''** अति हि प्रगट है॥२७-२१९॥

(मालिनी)

यदिह भवति रागद्वेषदोषप्रसूतिः
कतरदपि परेषां दूषणं नास्ति तत्र।
स्वयमयमपराधी तत्र सर्पत्यबोधो
भवतु विदितमस्तं यात्वबोधोऽस्मि बोधः ॥२८-२२०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि जीव द्रव्य संसार अवस्थामें राग द्वेष मोह अशुद्ध चेतनारूप परिणमता है सो वस्तुके स्वरूपका विचार करने पर जीवका दोष है, पुद्गल द्रव्यका दोष कुछ नहीं है, कारण कि जीव द्रव्य अपने विभाव मिथ्यात्वरूप परिणमता हुआ अपने अज्ञानपनाको लिये हुये राग-द्वेष मोहरूप आप परिणमता है, जो कभी शुद्ध परिणतिरूप होकर शुद्ध स्वरूपके अनुभवरूप परिणवे, राग द्वेष मोहरूप न परिणवे तो पुद्गल द्रव्य क्या चारा (इलाज) है वही कहते हैं—**''इह यत् रागद्वेषदोषप्रसूतिः भवति तत्र कतरत् अपि परेषां दूषणं नास्ति''** (इह) अशुद्ध अवस्थामें (यत्) जो कुछ (रागद्वेषदोषप्रसूतिः भवति) रागादि अशुद्ध परिणति होती है (तत्र)

उस अशुद्ध परिणतिके होनेमें (कतरत् अपि) अति ही थोड़ा भी (परेषां दूषणं नास्ति) जितनी ज्ञानावरणादि कर्मका उदय अथवा शरीर मन वचन अथवा पञ्चेन्द्रिय भोगसामग्री इत्यादि बहुत सामग्री है उसमें किसीका दूषण तो नहीं है। तो क्या है? **''अयम् स्वयम् अपराधी तत्र अबोधः सर्पति''** (अयम्) संसारी जीव (स्वयम् अपराधी) आप मिथ्यात्वरूप परिणमता हुआ शुद्ध स्वरूपके अनुभवसे भ्रष्ट है। कर्मके उदयसे हुआ है अशुद्ध भाव, उसको आपरूप जानता है (तत्र) इस प्रकार अज्ञानका अधिकार होनेपर (अबोधः सर्पति) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणति होती है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीव आप मिथ्यादृष्टि होता हुआ परद्रव्यको आप जानकर अनुभवे वहाँ राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिका होना कौन रोके? इसलिये पुद्गल कर्मका कौन दोष? (विदितं भवतु) ऐसा ही विदित होओ कि रागादि अशुद्ध परिणतिरूप जीव परिणमता है सो जीवका दोष है, पुद्गल द्रव्यका दोष नहीं। अब अगला विचार कुछ है कि नहीं है? उत्तर इस प्रकार है—अगला यह विचार है कि **''अबोधः अस्तं यातु''** मोह-राग-द्वेषरूप है जो अशुद्ध परिणति उसका विनाश होओ। उसका विनाश होनेसे **''बोधः अस्मि''** मैं शुद्ध चिद्रूप अविनश्वर अनादिनिधन जैसा हूँ वैसा विद्यमान ही हूँ। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्य शुद्धस्वरूप है। उसमें मोह-राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणति होती है। उस अशुद्ध परिणतिके मेटनेका उपाय यह कि सहज ही द्रव्य शुद्धत्वरूप परिणवे तो अशुद्ध परिणति मिटे। और तो कोई करतूति—उपाय नहीं है। उस अशुद्ध परिणतिके मिटने पर जीवद्रव्य जैसा है वैसा है, कुछ घट-बढ़ तो नहीं ॥२८-२२०॥

(रथोद्धता)

रागजन्मनि निमित्ततां पर-
द्रव्यमेव कलयन्ति ये तु ते।
उत्तरन्ति न हि मोहवाहिनीं
शुद्धबोधविधुरान्धबुद्धयः ॥२९-२२१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—कहे हुये अर्थको गाढ़ा-दृढ़ करते हैं—**ते मोहवाहिनीं न हि उत्तरन्ति''** (ते) ऐसी मिथ्यादृष्टि जीवराशि (मोहवाहिनीं) मोह-राग-

द्वेषरूप अशुद्ध परिणति ऐसी जो शत्रुकी सेना उसको (न हि उत्तरन्ति) नहीं मेट सकती है। कैसे हैं वे मिथ्यादृष्टि जीव? शुद्धबोधविधुरान्धबुद्धयः'' (शुद्ध) सकल उपाधिसे रहित जीव वस्तुके (बोध) प्रत्यक्षका अनुभवसे (विधुर) रहित होनेसे (अन्ध) सम्यक्त्वसे शून्य है (बुद्धयः) ज्ञान सर्वस्व जिनका, ऐसे हैं। उनका अपराध कौनसा? उत्तर–ऐसा अपराध ऐसा है, वही कहते हैं—''ये रागजन्मनि परद्रव्यं निमित्ततां एव कलयन्ति'' (ये) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसे हैं–(रागजन्मनि) राग द्वेष मोह अशुद्ध परिणतिरूप परिणमनेवाले जीवद्रव्यके विषयमें (परद्रव्यं) आठ कर्म शरीर आदि नोकर्म तथा बाह्य भोगसामग्रीरूप (निमित्ततां कलयन्ति) पुद्गल द्रव्यका निमित्त पाकर जीव रागादि अशुद्धरूप परिणमता है ऐसी श्रद्धा करती है जो कोई जीवराशि वे मिथ्यादृष्टि हैं–अनन्त संसारी हैं, जिससे ऐसा विचार है कि संसारी जीवके रागादि अशुद्धरूप परिणमनशक्ति नहीं है, पुद्गलकर्म बलात्कार ही परिणमाता है। जो ऐसा है तो पुद्गलकर्म तो सर्वकाल विद्यमान ही है। जीवको शुद्ध परिणामका अवसर कौन? अपि तु कोई अवसर नहीं ॥२९-२२१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा बोधा न बोध्यादयं
यायात्कामपि विक्रियां तत इतो दीपः प्रकाश्यादिव ।
तद्वस्तुस्थितिबोधवन्ध्यधिषणा एते किमज्ञानिनो
रागद्वेषमयीभवन्ति सहजां मुञ्चन्त्युदासीनताम् ॥३०-२२२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसी आशंका करेगा कि जीवद्रव्य ज्ञायक है, समस्त ज्ञेयको जानता है, इसलिये परद्रव्यको जानते हुये कुछ थोड़ा-बहुत रागादि अशुद्ध परिणतिका विकार होता होगा? उत्तर इस प्रकार है कि परद्रव्यको जानते हुये तो एक निरंशमात्र भी नहीं है, अपनी विभाव परिणति करनेसे विकार है। अपनी शुद्ध परिणति होने पर निर्विकार है। ऐसा कहते हैं— 'एते अज्ञानिनः किं रागद्वेषमयीभवन्ति सहजां उदासीनतां किं मुञ्चन्ति'' (एते अज्ञानिनः) विद्यमान हैं जो मिथ्यादृष्टि जीव वे (किं रागद्वेषमयीभवन्ति) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिमें मग्न क्यों होते हैं? तथा (सहजां उदासीनतां किं मुञ्चंति) सहज ही है

सकल परद्रव्यसे भिन्नपना ऐसी प्रतीतिको क्यों छोड़ते हैं ? भावार्थ इस प्रकार है कि वस्तुका स्वरूप जो प्रगट है, विचलित होते हैं सो पूरा अचम्भा है। कैसे हैं अज्ञानी जीव ? **तद्वस्तुस्थितिबोधबन्ध्यधिषणाः''** (तद्वस्तु) शुद्ध जीव द्रव्यकी (स्थिति) स्वभावकी मर्यादाके (बोध) अनुभवसे (बन्ध्य) शून्य है (धिषणाः) बुद्धि जिनकी, ऐसे हैं। जिस कारणसे **''अयं बोधा''** विद्यमान है जो चेतनामात्र जीवद्रव्य? वह **''बोध्यात्''** समस्त ज्ञेयको जानता है, इस कारण **''कामपि विक्रियां न यायात्''** राग-द्वेष-मोहरूप किसी विक्रियारूप नहीं परिणमता है। कैसा है जीवद्रव्य **''पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा''** (पूर्ण) नहीं है खण्ड जिसका, (एक) समस्त विकल्पसे रहित (अच्युत) अनन्त काल पर्यन्त स्वरूपसे नहीं चलायमान (शुद्ध) द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मसे रहित ऐसा जो (बोध) ज्ञानगुण वही है (महिमा) सर्वस्व जिसका, ऐसा है। दृष्टान्त कहते हैं—**''ततः इतः प्रकाश्यात् दीपः इव''** (ततः इतः) बाएँ-दाहिने ऊपर-तले आगे-पीछे (प्रकाश्यात्) दीपकके प्रकाशसे देखते हैं घड़ा कपड़ा इत्यादि उस कारण (दीपः इव) जिस प्रकार दीपकमें कोई विकार नहीं उत्पन्न होता। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार दीपक प्रकाशस्वरूप है, घट-पट आदि अनेक वस्तुओंको प्रकाशता है। प्रकाशते हुये जो अपना प्रकाशमात्र स्वरूप था वैसा ही है, विकार तो कुछ देखा नहीं जाता। उसी प्रकार जीवद्रव्य ज्ञानस्वरूप है, समस्त ज्ञेयको जानता है। जानते हुये जो अपना ज्ञानमात्र स्वरूप था वैसा ही है। ज्ञेयको जानते हुये विकार कुछ नहीं है ऐसा वस्तुका स्वरूप जिनको नहीं भासित होता वे मिथ्यादृष्टि हैं॥३०-२२२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

रागद्वेषविभावमुक्तमहसो नित्यं स्वभावस्पृशः
पूर्वागामिसमस्तकर्मविकला भिन्नास्तदात्वोदयात् ।
दूरारूढचरित्रवैभवबलाच्चञ्चच्चिदर्चिर्मयीं
विन्दन्ति स्वरसाभिषिक्तभुवनां ज्ञानस्य सञ्चेतनाम् ॥३१-२२३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''नित्यं स्वभावस्पृशः ज्ञानस्य सञ्चेतनां विन्दन्ति''** (नित्यं स्वभावस्पृशः) निरन्तर शुद्ध स्वरूपका अनुभव है जिन्हें ऐसे हैं जो सम्यग्दृष्टि जीव, वे (ज्ञानस्य सञ्चेतनां) राग-द्वेष-मोहसे रहित शुद्ध ज्ञानमात्र वस्तुको

(विन्दन्ति) प्राप्त करते हैं—आस्वादते हैं। कैसी है ज्ञानचेतना? "**स्वरसाभिषिक्तभुवनां**" अपने आत्मीक रससे जगतको मानो सिञ्चन करती है। और कैसी है? "**चञ्चच्चिदर्चिर्मयीं**" (चञ्चत्) सकल ज्ञेयको जाननेमें समर्थ ऐसा जो? (चिदर्चिः) चैतन्यप्रकाश, ऐसा है (मयीं) सर्वस्व जिसका, ऐसी है। ऐसी चेतनाका जो कारण है उसे कहते हैं— "**दूरारूढचरित्रवैभवबलात्**" (दूर) अति गाढ़—दृढ़ (आरूढ) प्रगट हुआ जो (चरित्र) राग-द्वेष अशुद्ध परिणतिसे रहित जीवका जो चारित्रगुण, उसके (वैभव) प्रतापकी (बलात्) सामर्थ्यसे। भावार्थ इसप्रकार है कि शुद्ध चारित्र तथा शुद्ध ज्ञानचेतनाको एक वस्तुपना है। कैसे हैं सम्यग्दृष्टि जीव? "**रागद्वेषविभावमुक्तमहसः**" (रागद्वेष) जितनी अशुद्ध परिणति है उस रूप जो (विभाव) जीवका विकारभाव, उससे (मुक्त) रहित हुआ है (महसः) शुद्ध ज्ञान जिनका, ऐसे हैं। और कैसे हैं? "**पूर्वागामिसमस्तकर्मविकलाः**" (पूर्व) जितना अतीत काल (आगामि) जितना अनागत काल तत्सम्बन्धी? (समस्त) नाना प्रकार असंख्यात लोकमात्र (कर्म) रागादिरूप अथवा सुख-दुःखरूप अशुद्धचेतना विकल्प, उनसे (विकलाः) सर्वथा रहित हैं। और कैसे हैं? "**तदात्वोदयात् भिन्नाः**" (तदात्वोदयात्) वर्तमान कालमें आये हुये उदयसे हुई है जो शरीर-सुख-दुःखरूप विषय भोग-सामग्री इत्यादि, उससे (भिन्नाः) परम उदासीन हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई सम्यग्दृष्टि जीव त्रिकालसम्बन्धी कर्मकी उदय सामग्रीसे विरक्त होकर शुद्ध चेतनाको प्राप्त करते हैं—आस्वादते हैं॥३१-२२३॥

(उपजाति)

ज्ञानस्य सञ्चेतनयैव नित्यं
प्रकाशते ज्ञानमतीव शुद्धम्।
अज्ञानसञ्चेतनया तु धावन्
बोधस्य शुद्धिं निरुणद्धि बन्धः॥३२-२२४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ज्ञानचेतनाका फल अज्ञानचेतनाका फल कहते हैं—"**नित्यं**" निरन्तर "**ज्ञानस्य सञ्चेतनया**" राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिके बिना शुद्ध जीवस्वरूपके अनुभवरूप जो ज्ञानपरिणति उसके द्वारा "**अतीव शुद्धम् ज्ञानम् प्रकाशते एव**" (अतीव शुद्धम् ज्ञानम्) सर्वथा निरावरण केवलज्ञान (प्रकाशते) प्रगट होता

है। भावार्थ इस प्रकार है कि कारण सदृश कार्य होता है, इसलिये शुद्ध ज्ञानका अनुभव करने पर शुद्ध ज्ञानकी प्राप्ति होती है ऐसा घटित होता है, (एव) ऐसा ही निश्चयसे। ''तु'' तथा ''अज्ञानसञ्चेतनया बन्धः धावन् बोधस्य शुद्धिं निरुणद्धि'' (अज्ञानसञ्चेतनया) राग-द्वेष-मोहरूप तथा सुख-दुःखादिरूप जीवकी अशुद्ध परिणतिके द्वारा (बन्धः धावन्) ज्ञानावरणादि कर्मबन्ध अवश्य होता हुआ (बोधस्य शुद्धिं निरुणद्धि) केवलज्ञानकी शुद्धताको रोकता है। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानचेतना मोक्षका मार्ग, अज्ञानचेतना संसारका मार्ग ॥३२-२२४॥

(आर्या)

कृतकारितानुमननैस्त्रिकालविषयं मनोवचनकायैः ।
परिहृत्य कर्म सर्वं परमं नैष्कर्म्यमवलम्बे ॥३३-२२५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—कर्मचेतनारूप कर्मफलचेतनारूप है जो अशुद्ध परिणति उसे मिटानेका अभ्यास करता है—''**परमं नैष्कर्म्यम् अवलम्बे**'' मैं शुद्ध चैतन्यस्वरूप जीव हूँ। सकल कर्मकी उपाधिसे रहित ऐसा मेरा स्वरूप मुझे स्वानुभव प्रत्यक्षसे आस्वादमें आता है। क्या विचार कर? ''**सर्वं कर्म परिहृत्य**'' जितना द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्म है उन समस्तका स्वामित्व छोड़कर। अशुद्ध परिणतिका विवरण— ''**त्रिकालविषयं**'' एक अशुद्ध परिणति अतीत कालके विकल्परूप है जो मैं ऐसा किया ऐसा भोगा इत्यादि रूप है। एक अशुद्ध परिणति आगामी कालके विषयरूप है जो ऐसा करूँगा ऐसा करनेसे ऐसा होगा इत्यादि रूप है। एक अशुद्ध परिणति वर्तमान विषयरूप है जो मैं देव, मैं राजा, मेरे ऐसी सामग्री, मुझे ऐसा सुख अथवा दुःख इत्यादि रूप है। एक ऐसा भी विकल्प है कि ''**कृतकारितानुमननैः**'' (कृत) जो कुछ आपकी है हिंसादि क्रिया (कारित) जो अन्य जीवको उपदेश देकर करवाई हो (अनुमननैः) जो किसीने सहज ही की हुई क्रियासे सुख मानना। तथा एक ऐसा भी विकल्प है जो ''**मनोवचनकायैः**'' मनसे चिन्तवन करना, वचनसे बोलना, शरीरसे प्रत्यक्ष करना। ऐसे विकल्पोंको परस्पर फैलाने पर उनचास-४९ भेद होते हैं, वे समस्त जीवका स्वरूप नहीं है, पुद्गलकर्मके उदयसे होते हैं ॥३३-२२५॥

भूतकालका विचार इस प्रकार करता है—

यदहमकार्षं यदचीकरं यत्कुर्वन्तमप्यन्यं समन्वज्ञासिषं मनसा च वाचा च कायेन च तन्मिथ्या मे दुष्कृतमिति ।[1]

खण्डान्वय सहित अर्थ : ? "तत् दुष्कृतं मे मिथ्या भवतु" (तत् दुष्कृतम्) राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणति अथवा ज्ञानावरणादि कर्मपिण्ड (मे मिथ्या भवतु) स्वरूपसे भ्रष्ट होते हुये मैंने आपस्वरूप अनुभवा सो अज्ञानपना हुआ। साम्प्रत (अब) ऐसा अज्ञानपना जाओ। 'मैं शुद्धस्वरूप' ऐसा अनुभव होओ। पापके बहुत भेद हैं, उन्हें कहते हैं—"यत् अहम् अकार्षं" (यत्) जो पाप (अहम् अकार्षं) मैंने किया है। "यत् अहम् अचीकरं" जो पाप अन्यको उपदेश देकर कराया है। तथा "अन्यं कुर्वन्तम् अपि समन्वज्ञासिषं" सहज ही किया है अन्य किसीने, उसमें मैंने सुख माना होवे "मनसा" मनसे "वाचा" वचनसे "कायेन" शरीरसे। यह सब जीवका स्वरूप नहीं है। इसलिये मैं तो स्वामी नहीं हूँ। इसका स्वामी तो पुद्गलकर्म है। ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव अनुभवता है।

(आर्या)

मोहाद्यदहमकार्षं समस्तमपि कर्म तत्प्रतिक्रम्य ।
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणि नित्यमात्मना वर्ते ॥३४-२२६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अहम् आत्मना आत्मनि वर्ते" (अहम्) चेतनामात्र स्वरूप हूँ जो मैं वस्तु वह मैं (आत्मना) अपनेपनेसे (अपने द्वारा) (आत्मनि वर्ते) रागादि अशुद्ध परिणति त्यागकर अपने शुद्ध स्वरूपमें अनुभवरूप प्रवर्तता हूँ। कैसा है आत्मा अर्थात् आप ? "नित्यम् चैतन्यात्मनि" (नित्यम्) सर्व काल (चैतन्यात्मनि) ज्ञानमात्र स्वरूप है। और कैसा है ? "निष्कर्मणि" समस्त कर्मकी उपाधिसे रहित है। क्या करता हुआ ऐसे प्रवर्तता हूँ ? "तत् समस्तं कर्म प्रतिक्रम्य" पहले किया है तो कुछ अशुद्धपनारूप कर्म उसका त्यागकर। कौन कर्म ? "यत् अहम् अकार्षं" जो आप किया है। किस कारणसे ? "मोहात्" शुद्धस्वरूपसे भ्रष्ट होकर कर्मके उदयमें आत्मबुद्धि होनेसे ॥३४-२२६॥

१. श्री समयसारकी आत्मख्याति-टीकाका यह भाग गद्यरूप है, पद्यरूप अर्थात् कलशरूप नहीं है, इसलिये उसको नंबर नहीं दिया गया है।

वर्तमान कालकी आलोचना इस प्रकार है —

न करोमि न कारयामि न कुर्वन्तमप्यन्यं समनुजानामि मनसा च वाचा च कायेन चेति ।[1]

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**न करोमि**" वर्तमान कालमें होता है जो राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणति अथवा ज्ञानावरणादि पुद्गल कर्मबन्ध, उसको मैं नहीं करता हूँ। भावार्थ इस प्रकार है—मेरा स्वामित्वपना नहीं है ऐसा अनुभवता है सम्यग्दृष्टि जीव। "**न कारयामि**" अन्यको उपदेश देकर नहीं करवाता हूँ। "**अन्यं कुर्वन्तम् अपि न समनुजानामि**" अपनेसे सहज अशुद्धपनारूप परिणमता है जो कोई जीव उसमें मैं सुख नहीं मानता हूँ (मनसा) मनसे (वाचा) वचनसे (कायेन) शरीरसे। सर्वथा वर्तमान कर्मका मेरे त्याग है।

(आर्या)

मोहविलासविजृम्भितमिदमुदयत्कर्म सकलमालोच्य ।
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणि नित्यमात्मना वर्ते ॥३५-२२७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**अहं आत्मना आत्मनि नित्यम् वर्ते**" (अहं) मैं (आत्मना) परद्रव्यकी सहाय बिना अपनी सहायसे (आत्मनि) अपनेमें (वर्ते) सर्वथा उपादेय बुद्धिसे प्रवर्तता हूँ। क्या करके ? "**इदम् सकलम् कर्म उदयत् आलोच्य**" (इदम्) वर्तमानमें उपस्थित (सकलम् कर्म) जितना अशुद्धपना अथवा ज्ञानावरणादि कर्मपिण्डरूप पुद्गल जो कि (उदयत्) वर्तमान कालमें उदयरूप है उसका (आलोच्य) शुद्ध जीवका स्वरूप नहीं है ऐसा विचार करते हुये स्वामित्वपना छोड़कर। कैसा है कर्म ? "**मोहविलासविजृम्भितम्**" (मोह) मिथ्यात्वके (विलास) प्रभुत्वपनेके कारण (विजृम्भितम्) फैला हुआ है। कैसा हूँ मैं आत्मा ? "**चैतन्यात्मनि**" शुद्ध चेतनामात्र स्वरूप हूँ। और कैसा हूँ ? "**निष्कर्मणि**" समस्त कर्मकी उपाधिसे रहित हूँ ॥३५-२२७॥

भविष्य कर्मका प्रत्याख्यान करता है—

---

१ देखिये पदटिप्पण पृ. २०३

न करिष्यामि न कारयिष्यामि न कुर्वन्तमप्यन्यं समनु-
ज्ञास्यामि मनसा च वाचा च कायेन चेति ।[1]

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**न करिष्यामि**" आगामी कालमें रागादि अशुद्ध परिणामोंको नहीं करूँगा "**न कारयिष्यामि**" न कराऊँगा "**अन्यं कुर्वन्तम् न समनुज्ञास्यामि**" (अन्यं कुर्वन्तम्) सहज ही अशुद्ध परिणतिको करता है जो कोई जीव उसको (न समनुज्ञास्यामि) अनुमोदन नहीं करूँगा "**मनसा**" मनसे "**वाचा**" वचनसे "**कायेन**" शरीरसे।

(आर्या)

प्रत्याख्याय भविष्यत्कर्म समस्तं निरस्तसम्मोहः ।
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणि नित्यमात्मना वर्ते ॥३६-२२८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**निरस्तसम्मोहः आत्मना आत्मनि नित्यम् वर्ते**" (निरस्त) गई है (सम्मोहः) मिथ्यात्वरूप अशुद्ध परिणति जिसकी ऐसा हूँ जो मैं सो (आत्मना) अपने ज्ञानके बलसे (आत्मनि) अपने स्वरूपमें (नित्यम् वर्ते) निरन्तर अनुभवरूप प्रवर्तता हूँ। कैसा है आत्मा अर्थात् आप? "**चैतन्यात्मनि**" शुद्ध चेतनामात्र है। और कैसा है? "**निष्कर्मणि**" समस्त कर्मकी उपाधिसे रहित है। क्या करके आत्मामें प्रवर्तता हूँ? "**भविष्यत् समस्तं कर्म प्रत्याख्याय**" (भविष्यत्) आगामी कालसम्बन्धी (समस्तं कर्म) जितने रागादि अशुद्ध विकल्प हैं वे (प्रत्याख्याय) शुद्ध स्वरूपसे अन्य हैं ऐसा जानकर अंगीकाररूप स्वामित्वको छोड़कर॥३६-२२८॥

(उपजाति)

समस्तमित्येवमपास्य कर्म
त्रैकालिकं शुद्धनयावलम्बी ।
विलीनमोहो रहितं विकारै-
श्चिन्मात्रमात्मानमथावलम्बे ॥३७-२२९॥

१. देखिये पदटिप्पण पृ. २०६

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अथ विलीनमोहः चिन्मात्रम् आत्मानम् अवलम्बे" (अथ) अशुद्ध परिणतिके मिटनेके उपरान्त (विलीनमोहः) मूलसे ही मिटा है मिथ्यात्व परिणाम जिसका ऐसा मैं (चिन्मात्रम् आत्मानम् अवलम्बे) ज्ञानस्वरूप जीव वस्तुको निरन्तर आस्वादता हूँ। कैसा आस्वादता हूँ ? "विकारैः रहितं" जो राग-द्वेष-मोहरूप अशुद्ध परिणतिसे रहित है। ऐसा कैसा हूँ मैं ? "शुद्धनयावलम्बी" (शुद्धनय) शुद्ध जीववस्तुका (अवलम्बी) आलम्बन ले रहा हूँ, ऐसा हूँ। क्या करता हुआ ऐसा हूँ ? "इत्येवम् समस्तम् कर्म अपास्य" (इति एवम्) पूर्वोक्त प्रकारसे (समस्तम् कर्म) जितने हैं ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म रागादि भावकर्म उन्हें (अपास्य) जीवसे भिन्न जानकर—स्वीकारको त्यागकर। कैसा है रागादि कर्म ? "त्रैकालिकं" अतीत अनागत वर्तमान कालसम्बन्धी है॥३७-२२९॥

(आर्या)

विगलन्तु कर्मविषतरुफलानि मम भुक्तिमन्तरेणैव ।
सञ्चेतयेऽहमचलं चैतन्यात्मानमात्मानम् ॥३८-२३०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"अहम् आत्मानं सञ्चेतये" मैं शुद्ध चिद्रूपको—अपनेको आस्वादता हूँ। कैसा है आत्मा अर्थात् आप ? "चैतन्यात्मानम्" ज्ञानस्वरूप मात्र है। और कैसा है ? "अचलं" अपने स्वरूपसे स्खलित नहीं है। अनुभवका फल कहते हैं—"कर्मविषतरुफलानि मम भुक्तिम् अन्तरेण एव विगलन्तु" (कर्म) ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्डरूप (विषतरु) विषका वृक्ष—क्योंकि चैतन्य प्राणका घातक है—उसके (फलानि) फल अर्थात् उदयकी सामग्री (मम भुक्तिम् अन्तरेण एव) मेरे भोगे बिना ही (विगलन्तु) मूलसे सत्तासहित नाश होओ। भावार्थ इस प्रकार है कि कर्मका उदय है सुख अथवा दुःख, उसका नाम है कर्मफलचेतना, उससे भिन्न स्वरूप आत्मा ऐसा जानकर सम्यग्दृष्टि जीव अनुभव करता है॥३८-३३०॥

(वसंततिलका)

निःशेषकर्मफलसंन्यसनान्ममैवं
सर्वक्रियान्तरविहारनिवृत्तवृत्तेः ।

चैतन्यलक्ष्म भजतो भृशमात्मतत्त्वं
कालावलीयमचलस्य वहत्वनन्ता ॥३९-२३१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"मम एवं अनन्ता कालावली वहतु" (मम) मुझे (एवं) कर्मचेतना कर्मफलचेतनासे रहित होकर शुद्ध ज्ञानचेतना विराजमानपनेसे (अनन्ता कालावली वहतु) अनन्तकाल यों ही पूरा होओ। भावार्थ इस प्रकार है कि कर्मचेतना कर्मफलचेतना हेय, ज्ञानचेतना उपादेय। कैसा हूँ मैं? "सर्वक्रियान्तरविहारनिवृत्तवृत्तेः" (सर्व) अनन्त ऐसी (क्रियान्तर) शुद्ध ज्ञानचेतनासे अन्य—कर्मके उदय अशुद्ध परिणति, उसमें (विहार) विभावरूप परिणमता है जीव, उससे (निवृत्त) रहित ऐसी है (वृत्तेः) ज्ञानचेतनामात्र प्रवृत्ति जिसकी, ऐसा हूँ। किस कारणसे ऐसा हूँ? "निःशेषकर्मफलसंन्यसनात्" (निःशेष) समस्त (कर्म) ज्ञानावरणादिके (फल) संसारसम्बन्धी सुख-दुःखके (संन्यसनात्) स्वामित्वपनेके कारण। और कैसा हूँ? "भृशम् आत्मतत्त्वं भजतः" (भृशम्) निरन्तर (आत्मतत्त्वं) शुद्ध चैतन्य वस्तुका (भजतः) अनुभव है जिसको, ऐसा हूँ। कैसा है आत्मतत्त्व? "चैतन्यलक्ष्म" शुद्ध ज्ञानस्वरूप है। और कैसा है? "अचलस्य" आगामी अनन्तकाल तक स्वरूपसे अमिट है॥३९-२३१॥

(वसंततिलका)

यः पूर्वभावकृतकर्मविषद्रुमाणां
भुंक्ते फलानि न खलु स्वत एव तृप्तः।
आपातकालरमणीयमुदर्करम्यं
निष्कर्मशर्ममयमेति दशान्तरं सः ॥४०-२३२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यः खलु पूर्वभावकृतकर्मविषद्रुमाणां फलानि न भुङ्क्ते" (यः) जो कोई सम्यग्दृष्टि जीव (खलु) सम्यक्त्व उत्पन्न हुये बिना (पूर्वभाव) मिथ्यात्वभावके द्वारा (कृत) उपार्जित (कर्म) ज्ञानावरणादि पुद्गलपिण्डरूपी (विषद्रुम) चैतन्य प्राणघातक विषवृक्षके (फलानि) संसारसम्बन्धी सुख-दुःखको (न भुङ्क्ते) नहीं भोगता है। भावार्थ इस प्रकार है कि सुख-दुःखका ज्ञायकमात्र है, परन्तु पर द्रव्यरूप जानकर रंजक नहीं है। कैसा है सम्यग्दृष्टि जीव? "स्वतः एव

तृप्तः'' शुद्ध स्वरूपके अनुभवने पर होता है अतीन्द्रिय सुख, उससे तृप्त अर्थात् समाधानरूप है। ''सः दशान्तरं एति'' (सः) वह सम्यग्दृष्टि जीव (दशान्तरं) निःकर्म अवस्थारूप निर्वाणपदको (एति) प्राप्त करता है। कैसी है दशान्तर? ''आपातकालरमणीयम्'' वर्तमानकालमें अनन्तसुख विराजमान है। ''उदर्करम्यं'' आगामी अनन्तकाल तक सुखरूप है। और कैसी है अवस्थान्तर? ''निष्कर्मशर्ममयम्'' सकलकर्मका विनाश होने पर प्रगट होता है जो द्रव्यका सहजभूत अतीन्द्रिय अनन्त सुख, उसमय है—उससे एक सत्तारूप है॥४०-२३२॥

(स्रग्धरा)

अत्यन्तं भावयित्वा विरतिमविरतं कर्मणस्तत्फलाच्च
प्रस्पष्टं नाटयित्वा प्रलयनमखिलाज्ञानसञ्चेतनायाः।
पूर्णं कृत्वा स्वभावं स्वरसपरिगतं ज्ञानसञ्चेतनां स्वां
सानन्दं नाटयन्तः प्रशमरसमितः सर्वकालं पिबन्तु॥४१-२३३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इतः प्रशमरसम् सर्वकालं पिबन्तु'' (इतः) यहाँसे लेकर (सर्वकालं) आगामी अनन्तकाल पर्यन्त (प्रशमरसम् पिवन्तु) अतीन्द्रिय सुखको आस्वादो। वे कौन? ''स्वां ज्ञानसञ्चेतनां सानन्दं नाटयन्तः'' (स्वां) आपसम्बन्धी है जो (ज्ञानसञ्चेतनां) शुद्ध ज्ञानमात्र परिणति, उसको (सानन्दं नाटयन्तः) आनन्द सहित नचाते हैं अर्थात् अतीन्द्रिय सुखसहित ज्ञानचेतनारूप परिणमते हैं, ऐसे हैं जो जीव। क्या करके? ''स्वभावं पूर्णं कृत्वा'' (स्वभावं) केवलज्ञान उसको (पूर्णं कृत्वा) आवरण सहित था सो निरावरण किया। कैसा है स्वभाव? ''स्वरसपरिगतं'' चेतनारसका निधान है। और क्या करके? ''कर्मणः च तत्फलात् अत्यन्तं विरतिम् भावयित्वा'' (कर्मणः) ज्ञानावरणादि कर्मसे (च) और (तत्फलात्) कर्मके फल सुख-दुःखसे (अत्यन्तं) अतिशयरूपसे (विरतिम्) शुद्ध स्वरूपसे भिन्न है ऐसा अनुभव होने पर स्वामित्वपनेके त्यागको (भावयित्वा) भाकर अर्थात् ऐसा सर्वथा निश्चय करके ''अविरतं'' जिस प्रकार एक समयमात्र खण्ड न होवे उस प्रकार सर्वकाल। और क्या करके? ''अखिलाज्ञानसञ्चेतनायाः प्रलयनम् प्रस्पष्टं नाटयित्वा'' सर्व मोह-राग-

द्वेषरूप अशुद्ध परिणतिका भले प्रकार विनाश करके। भावार्थ इस प्रकार है कि मोह-राग-द्वेष परिणति विनशती है, शुद्ध ज्ञानचेतना प्रगट होती है, अतीन्द्रिय सुखरूप जीव परिणमता है। इतना कार्य जब होता है तब एक ही साथ होता है।।४१-२३३।।

(वंशस्थ)

इतः पदार्थप्रथनावगुण्ठनाद्-
विना कृतेरेकमनाकुलं ज्वलत् ।
समस्तवस्तुव्यतिरेकनिश्चयाद्-
विवेचितं ज्ञानमिहावतिष्ठते ।।४२-२३४।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"इतः इह ज्ञानम् अवतिष्ठते" (इतः) अज्ञानचेतनाके विनाश होनेके उपरान्त (इह) आगामी सर्वकाल (ज्ञानम्) शुद्ध ज्ञानमात्र जीववस्तु (अवतिष्ठते) विराजमान प्रवर्तती है। कैसा है ज्ञान (ज्ञानमात्र जीववस्तु)? "विवेचितं" सर्वकाल समस्त परद्रव्यसे भिन्न है। किस कारणसे ऐसा जाना? **समस्तवस्तुव्यतिरेकनिश्चयात्**" (समस्तवस्तु) जितनी परद्रव्यकी उपाधि है उससे (व्यतिरेक) सर्वथा भिन्नरूप ऐसी है (निश्चयात्) अवश्य द्रव्यकी शक्ति उसके कारण। कैसा है ज्ञान? "**एकम्**" समस्त भेद विकल्पसे रहित है। और कैसा है? "**अनाकुलं**" अनाकुलत्वलक्षण है अतीन्द्रिय सुख उससे बिराजमान है। और कैसा है? "**ज्वलत्**" सर्वकाल प्रकाशमान है। ऐसा क्यों है? "**पदार्थप्रथनावगुण्ठनात् विना**" (पदार्थ) जितने विषय उनका (प्रथना) विस्तार—पाँच वर्ण पाँच रस दो गन्ध आठ स्पर्श शरीर मन वचन सुख-दुःख इत्यादि—उसका (अवगुण्ठनात्) मालारूप गूँथना, उससे (विना) रहित है अर्थात् सर्वमालासे भिन्न है जीववस्तु। कैसी है विषयमाला? "**कृतेः**" पुद्गल द्रव्यकी पर्यायरूप है।।४२-२३४।।

(शार्दूलविक्रीडित)

अन्येभ्यो व्यतिरिक्तमात्मनियतं बिभ्रत्पृथग्वस्तुता-
मादानोज्झनशून्यमेतदमलं ज्ञानं तथावस्थितम् ।

मध्याद्यन्तविभागमुक्तसहजस्फारप्रभाभासुरः
शुद्धज्ञानघनो यथाऽस्य महिमा नित्योदितस्तिष्ठति ॥४३-२३५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एतत् ज्ञानं तथा अवस्थितं यथा अस्य महिमा नित्योदितः तिष्ठति" (एतत् ज्ञानम्) शुद्ध ज्ञान (तथा अवस्थितम्) उस प्रकार प्रगट हुआ (यथा अस्य महिमा) जिस प्रकार शुद्ध ज्ञानका प्रकाश (नित्योदितः तिष्ठति) आगामी अनन्त काल पर्यन्त अविनश्वर जैसा है वैसा ही रहेगा। कैसा है ज्ञान? "अमलं" ज्ञानावरण कर्ममलसे रहित है। और कैसा है ज्ञान? "आदानोज्झनशून्यम्" (आदान) परद्रव्यका ग्रहण (उज्झन) स्वस्वरूपका त्याग उससे (शून्यम्) रहित है। और कैसा है ज्ञान? "पृथक् वस्तुताम् बिभ्रत्" सकल परद्रव्यसे भिन्न सत्तारूप है। और कैसा है? "अन्येभ्यः व्यतिरिक्तम्" कर्मके उदयसे हैं जितने भाव उनसे भिन्न है। और कैसा है? "आत्मनियतं" अपने स्वरूपसे अमिट है। कैसी है ज्ञानकी महिमा? "मध्याद्यन्तविभागमुक्तसहजस्फारप्रभाभासुरः" (मध्य) वर्तमान (आदि) पहला (अन्त) आगामी ऐसे (विभाग) भेदसे (मुक्त) रहित (सहज) स्वभावरूप (स्फारप्रभा) अनन्त ज्ञानशक्तिसे (भासुरः) साक्षात् प्रकाशमान है। और कैसा है? "शुद्धज्ञानघनः" चेतनाका समूह है॥४३-२३५॥

(उपजाति)

उन्मुक्तमुन्मोच्यमशेषतस्तत्
तथात्तमादेयमशेषतस्तत् ।
यदात्मनः संहृतसर्वशक्तेः
पूर्णस्य संधारणमात्मनीह ॥४४-२३६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"यत् आत्मनः इह आत्मनि सन्धारणम्" (यत्) जो (आत्मनः) अपने जीवका (इह आत्मनि) अपने स्वरूपमें (सन्धारणम्) स्थिर होना है "तत्" एतावन्मात्र समस्त "उन्मोच्यम् उन्मुक्तम्" जितना हेयरूपसे छोड़ना था

सो छूटा। "**अशेषतः**" कुछ छोड़नेके लिये बाकी नहीं रहा। "**तथा तत् आदेयम् अशेषतः आत्तम्**" (तथा) उसी प्रकार (तत् आदेयम्) जो कुछ ग्रहण करनेके लिये था (अशेषतः आत्तम्) सो समस्त ग्रहण किया। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव सर्व कार्यसिद्धि। कैसा है आत्मा? "**संहृतसर्वशक्तेः**" (संहृत) विभावरूप परिणमे थे वे ही हुये हैं स्वभावरूप ऐसे हैं (सर्वशक्तेः) अनन्तगुण जिसके ऐसा है। और कैसा है? "**पूर्णस्य**" जैसा था वैसा प्रगट हुआ ॥४४-२३६॥

(अनुष्टुप)

व्यतिरिक्तं परद्रव्यादेवं ज्ञानमवस्थितम् ।
कथमाहारकं तत्स्याद्येन देहोऽस्य शङ्क्यते ॥४५-२३७॥[1]

श्लोकार्थ :—"**एवं**" इस प्रकार (पूर्वोक्त रीतिसे) "**ज्ञानम् परद्रव्यात् व्यतिरिक्तं अवस्थितम्**" ज्ञान पर द्रव्यसे पृथक् अवस्थित (-निश्चल रहा हुआ) है, "**तत्**" वह (ज्ञान) "**आहारकं**" आहारक (अर्थात् कर्म-नोकर्मरूप आहार करनेवाला) "**कथम् स्यात्**" कैसे हो सकता है "**येन**" कि जिससे "**अस्य देहः शङ्क्यते**" उसके देहकी शंका की जा सके? (ज्ञानके देह हो ही नहीं सकता, क्योंकि उसके कर्म-नोकर्मरूप आहार ही नहीं है) ॥४५-२३७॥

(अनुष्टुप)

एवं ज्ञानस्य शुद्धस्य देह एव न विद्यते ।
ततो देहमयं ज्ञातुर्न लिङ्गं मोक्षकारणम् ॥४६-२३८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**ततः देहमयं लिङ्गं ज्ञातुः मोक्षकारणम् न**" (ततः) तिस कारणसे (देहमयं लिङ्गं) द्रव्यक्रियारूप यतिपना अथवा गृहस्थपना (ज्ञातुः) जीवके (मोक्षकारणम् न) सकल कर्मक्षयलक्षण मोक्षका कारण तो नहीं है। किस कारणसे? कारण कि "**एवं शुद्धस्य ज्ञानस्य**" पूर्वोक्त प्रकारसे साधा है जो शुद्धस्वरूप

१. पं० श्री राजमलजी कृत टीकामें यह श्लोक छूट गया है। अतः उक्त श्लोक अर्थ सहित, हिन्दी समयसारके आधारसे यहाँ दिया गया है।

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

जीव उसके "देहः एव न विद्यते" शरीर ही नहीं है अर्थात् शरीर है वह भी जीवका स्वरूप नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि जीव द्रव्यक्रियाको मोक्षका कारण मानता है उसे समझाया है॥४६-२३८॥

(अनुष्टुप)

दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा तत्त्वमात्मनः।
एक एव सदा सेव्यो मोक्षमार्गो मुमुक्षुणा ॥४७-२३९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"मुमुक्षुणा एकः एव मोक्षमार्गः सदा सेव्यः" (मुमुक्षुणा) मोक्षको उपादेय अनुभवता है ऐसा जो पुरुष, उसके द्वारा (एकः एव) शुद्ध स्वरूपका अनुभव (मोक्षमार्गः) सकल कर्मोंके विनाशका कारण है ऐसा जानकर (सदा सेव्यः) निरन्तर अनुभव करने योग्य है। वह मोक्षमार्ग क्या है? "आत्मनः तत्त्वम्" शुद्ध जीवका स्वरूप है और कैसा है आत्मतत्त्व? "दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा" सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्र उन तीन स्वरूपकी एक सत्ता है आत्मा (सर्वस्व) जिसका, ऐसा है॥४७-२३९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

एको मोक्षपथो य एष नियतो दृग्ज्ञप्तिवृत्त्यात्मक-
स्तत्रैव स्थितिमेति यस्तमनिशं ध्यायेच्च तं चेतति।
तस्मिन्नेव निरन्तरं विहरति द्रव्यान्तराण्यस्पृशन्
सोऽवश्यं समयस्य सारमचिरान्नित्योदयं विन्दति ॥४८-२४०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सः नित्योदयं समयस्य सारम् अचिरात् अवश्यं विन्दति" (सः) ऐसा है जो सम्यग्दृष्टि जीव वह (नित्योदयं) नित्य उदयरूप (समयस्य सारम्) सकल कर्मका विनाशकर प्रगट हुआ है सो शुद्ध चैतन्यमात्र उसको (अचिरात्) अति ही थोड़े कालमें (अवश्यं विन्दति) सर्वथा आस्वादता है। भावार्थ इस प्रकार है कि निर्वाणपदको प्राप्त होता है। कैसा है? "यः तत्र एव स्थितिम् एति"

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

(यः) जो सम्यग्दृष्टि जीव (तत्र) शुद्ध चैतन्यमात्र वस्तुमें (एव) एकाग्र होकर (स्थितिम् एति) स्थिरता करता है, **"च तं अनिशं ध्यायेत्"** (च) तथा (तं) शुद्ध चिद्रूपको (अनिशं ध्यायेत्) निरन्तर अनुभवता है, **"च तं चेतति"** (तं चेतति) बार बार उस शुद्धस्वरूपका स्मरण करता है (च) और **"तस्मिन् एव निरन्तरं विहरति"** (तस्मिन्) शुद्ध चिद्रूपमें (एव) एकाग्र होकर (निरन्तरं विहरति) अखण्ड धाराप्रवाहरूप प्रवर्तता है। कैसा होता हुआ? **"द्रव्यान्तराणि अस्पृशन्"** कितनी कर्मके उदयसे नाना प्रकारकी अशुद्ध परिणति उसको सर्वथा छोड़ता हुआ। वह चिद्रूप कौन है? **"यः एषः दृग्ज्ञप्तिवृत्तात्मकः"** (यः एषः) जो यह ज्ञानके प्रत्यक्ष है (दृग्) दर्शन (ज्ञप्ति) ज्ञान (वृत्त) चारित्र, वही है (आत्मकः) सर्वस्व जिसका, ऐसा है। और कैसा है? **"मोक्षपथः"** जिसके शुद्धस्वरूप परिणमने पर सकल कर्मोंका क्षय होता है। और कैसा है? **"एकः"** समस्त विकल्पसे रहित है। और कैसा है? **"नियतः"** द्रव्यार्थिकदृष्टिसे देखने पर जैसा है वैसा ही है, उससे हीनरूप नहीं है, अधिक नहीं है॥४८-२४०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

ये त्वेनं परिहृत्य संवृतिपथप्रस्थापितेनात्मना
लिङ्गे द्रव्यमये वहन्ति ममतां तत्त्वावबोधच्युताः।
नित्योद्योतमखण्डमेकमतुलालोकं स्वभावप्रभा-
प्राग्भारं समयस्य सारममलं नाद्यापि पश्यन्ति ते ॥४९-२४१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**"ते समयस्य सारम् अद्यापि न पश्यन्ति"** (ते) ऐसी है मिथ्यादृष्टि जीवराशि वह (समयस्य सारम्) सकल कर्मोंसे विमुक्त है जो परमात्मा उसे (अद्यापि) द्रव्यव्रत धारण किया है, बहुतसे शास्त्र पढ़े हैं तो भी (न पश्यन्ति) नहीं प्राप्त होती है। भावार्थ इस प्रकार है कि निर्वाणपदको नहीं प्राप्त होती है। कैसा है समयसार? **"नित्योद्योतम्"** सर्वकाल प्रकाशमान है। और कैसा है? **"अखण्डम्"** जैसा था वैसा है। और कैसा है? **"एकम्"** निर्विकल्प सत्तारूप है। और कैसा है? **"अतुलालोकं"** जिसकी उपमाका दृष्टांत तीन लोकमें कोई नहीं है। और कैसा

है? **स्वभावप्रभाप्राग्भारं''** (स्वभाव) चेतनास्वरूप उसका (प्रभा) प्रकाश उसका (प्राग्भारं) एक पुंज है। और कैसा है? **अमलं''** कर्ममलसे रहित है। कैसी है वह मिथ्यादृष्टि जीवराशि? **''ये लिङ्गे ममतां वहन्ति''** (ये) जो कोई मिथ्यादृष्टि जीवराशि (लिङ्गे) द्रव्यक्रियामात्र है जो यतिपना उसमें (ममतां वहन्ति) मैं यति हूँ, हमारी क्रिया मोक्षमार्ग है ऐसी प्रतीति करती है। कैसा है लिङ्ग? **''द्रव्यमये''** शरीरसम्बन्धी है–बाह्य क्रियामात्रका अवलम्बन करता है। कैसे हैं वे जीव? **''तत्त्वावबोधच्युताः''** (तत्त्व) जीवका शुद्ध स्वरूप उसका (अवबोध) प्रत्यक्षपने अनुभव उससे (च्युताः) अनादि कालसे भ्रष्ट हैं। द्रव्यक्रियाको करते हुये आपको कैसे मानते हैं? **''संवृतिपथप्रस्थापितेन आत्मना''** (संवृतिपथ) मोक्षमार्गमें (प्रस्थापितेन आत्मना) अपनेको स्थापित किया है अर्थात् मैं मोक्षमार्गमें चढ़ा हूँ ऐसा मानते हैं, ऐसा अभिप्राय रखकर क्रिया करते हैं। क्या करके? **''एनं परिहृत्य''** शुद्ध चैतन्यस्वरूपका अनुभव छोड़कर। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव मोक्षमार्ग है ऐसी प्रतीति नहीं करते हैं॥४९-२४१॥

(वियोगिनी)

व्यवहारविमूढदृष्टयः परमार्थं कलयन्ति नो जनाः।
तुषबोधविमुग्धबुद्धयः कलयन्तीह तुषं न तण्डुलम् ॥५०-२४२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''जनाः''** कोई ऐसे हैं मिथ्यादृष्टि जीव जो **''परमार्थं''** शुद्ध ज्ञान मोक्षमार्ग है ऐसी प्रतीतिको **''नो कलयन्ति''**? नहीं अनुभवते हैं। कैसे हैं? **''व्यवहारविमूढदृष्टयः''** (व्यवहार) द्रव्यक्रियामात्र उसमें (विमूढ) क्रिया मोक्षका मार्ग है इस प्रकार मूर्खपनेरूप झूठी है (दृष्टयः) प्रतीति जिनकी, ऐसे हैं। दृष्टांत कहते हैं–जिस प्रकार ''लोके'' वर्तमान कर्मभूमिमें **''तुषबोधविमुग्धबुद्धयः जनाः''** (तुष) धानके ऊपरके तुषमात्रके (बोध) ज्ञानसे–ऐसे ही मिथ्याज्ञानसे (विमुग्ध) विकल हुई है (बुद्धयः) मति जिनकी, ऐसे हैं (जनाः) कितने ही मूर्ख लोग। **''इह''** वस्तु जैसी है वैसी ही है तथापि अज्ञानपनेसे **''तुषं कलयन्ति''** तुषको अंगीकार करते हैं, **''तन्दुलम् न कलयन्ति''** चावलके मर्मको नहीं प्राप्त होते हैं। उसी प्रकार जो कोई क्रियामात्रको मोक्षमार्ग जानते हैं, आत्माके अनुभवसे शून्य हैं वे भी ऐसे ही जानने॥५०-२४२॥

(स्वगता)

द्रव्यलिङ्गममकारमीलितै-
र्दृश्यते समयसार एव न ।
द्रव्यलिङ्गमिह यत्किलान्यतो
ज्ञानमेकमिदमेव हि स्वतः ॥५१-२४३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''द्रव्यलिङ्गममकारमीलितैः समयसारः न दृश्यते एव'' (द्रव्यलिङ्ग) क्रियारूप यतिपना (ममकार) मैं यति, मेरा यतिपना मोक्षका मार्ग ऐसा जो अभिप्राय उसके कारण (मीलितैः) अन्धे हुये हैं अर्थात् परमार्थदृष्टिसे शून्य हुये हैं जो पुरुष उन्हें (समयसारः) शुद्ध जीववस्तु (न दृश्यते) प्राप्तिगोचर नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि मोक्षकी प्राप्ति उनके लिये दुर्लभ है। किस कारणसे ? ''यत् द्रव्यलिङ्गम् इह अन्यतः, हि इदम् एकम् ज्ञानम् स्वतः'' (यत्) जिस कारणसे (द्रव्यलिङ्गम्) क्रियारूप यतिपना (इह) शुद्ध ज्ञानका विचार करनेपर (अन्यतः) जीवसे भिन्न है, पुद्गलकर्मसम्बन्धी है। इस कारण द्रव्यलिंग हेय है और (हि) जिस कारण (इदं) अनुभवगोचर (एकं ज्ञानं) शुद्ध ज्ञानमात्र वस्तु (स्वतः) अकेला जीवका सर्वस्व है, इसलिये उपादेय है, मोक्षका मार्ग है। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध जीवके स्वरूपका अनुभव अवश्य करना योग्य है ॥५१-२४३॥

(मालिनी)

अलमलमतिजल्पैर्दुर्विकल्पैरनल्पै-
रयमिह परमार्थश्चेत्यतां नित्यमेकः ।
स्वरसविसरपूर्णज्ञानविस्फूर्तिमात्रा-
न्न खलु समयसारादुत्तरं किञ्चिदस्ति ॥५२-२४४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इह अयम् एकः परमार्थः नित्यम् चेत्यतां'' (इह) सर्व तात्पर्य ऐसा है कि (अयम् एकः परमार्थः) बहुत प्रकारसे कहा है तथापि कहेंगे शुद्ध जीवके अनुभवरूप अकेला मोक्षका कारण उसको (नित्यम् चेत्यतां) अन्य जो नाना प्रकारके अभिप्राय उन समस्तको मेटकर इसी एकको नित्य अनुभवो। वह कौन

परमार्थ ? ''**खलु समयसारात् उत्तरं किञ्चित् न अस्ति**'' (खलु) निश्चयसे (समयसारात्) शुद्ध जीवके स्वरूपके अनुभवके समान (उत्तरं) द्रव्यक्रिया अथवा सिद्धान्तका पढ़ना लिखना इत्यादि (किञ्चित् न अस्ति) कुछ नहीं है अर्थात् जीवस्वरूपका अनुभव मोक्षमार्ग सर्वथा है, अन्य समस्त मोक्षमार्ग सर्वथा नहीं है। कैसा है समयसार ? ''**स्वरसविसरपूर्ण-ज्ञानविस्फूर्तिमात्रात्**'' (स्वरस) चेतनाके (विसर) प्रवाहसे (पूर्ण) सम्पूर्ण ऐसा (ज्ञानविस्फूर्ति) केवलज्ञानका प्रगटपना (मात्रात्) ? इनता है स्वरूप जिसका, ऐसा है। आगे ऐसा मोक्षमार्ग है, इससे अधिक कोई मोक्षमार्ग कहता है वह बहिरात्मा है, उसे वर्जित करते हैं—''**अतिजल्पैः अलम् अलम्**'' (अतिजल्पैः) बहुत बोलनेसे (अलम् अलम्) बस करो बस करो। यहाँ दो बारके कहनेसे अत्यन्त वर्जित करते हैं कि चुप रहो चुप रहो। कैसे हैं अतिजल्प ? ''**दुर्विकल्पैः**'' झूठसे भी झूठ उठती हैं चित्तकल्लोलमाला जिनमें, ऐसे हैं। और कैसे हैं ? ''**अनल्पैः**'' शक्तिभेदसे अनन्त हैं ॥५२-२४४॥

(अनुष्टुप)

इदमेकं जगच्चक्षुरक्षयं याति पूर्णताम् ।
विज्ञानघनमानन्दमयमध्यक्षतां नयत् ॥५३-२४५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इदम् पूर्णताम् याति'' शुद्ध ज्ञानप्रकाश पूर्ण होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो सर्व विशुद्ध ज्ञान अधिकारका आरम्भ किया था वह पूर्ण हुआ। कैसा है शुद्ध ज्ञान ? ''**एकं**'' निर्विकल्प है। और कैसा है ? ''**जगच्चक्षुः**'' जितनी ज्ञेय वस्तु उन सबका ज्ञाता है। और कैसा है ? **अक्षयं**'' शाश्वत है। और कैसा है ? **विज्ञानघनम् अध्यक्षतां नयत्**'' (विज्ञान) ज्ञानमात्रके (घनम्) समूहरूप आत्मद्रव्यको (अध्यक्षतां नयत्) प्रत्यक्षरूपसे अनुभवता हुआ ॥५३-२४५॥

(अनुष्टुप)

इतीदमात्मनस्तत्त्वं ज्ञानमात्रमवस्थितम् ।
अखण्डमेकमचलं स्वसंवेद्यमबाधितम् ॥५४-२४६॥[1]

१. पं० श्री राजमलजी कृत टीकामें यह श्लोक छूट गया है। अतः यह श्लोक हिन्दी समयसारसे लेकर अर्थसहित यहाँ दिया गया है।

श्लोकार्थ :—''**इति**'' इस प्रकार ''**इदं आत्मनः तत्त्वं**'' यह आत्माका तत्त्व (अर्थात् परमार्थभूत स्वरूप) ''ज्ञानमात्रम्'' ज्ञानमात्र ''अवस्थितम्'' निश्चित हुआ—कि जो (आत्माका) ज्ञानमात्र तत्त्व **अखण्डम्**'' अखंड है (अर्थात् अनेक ज्ञेयाकारोंसे और प्रतिपक्षी कर्मोंसे यद्यपि खण्ड खण्ड दिखाई देता है तथापि ज्ञानमात्रमें खण्ड नहीं हैं), ''**एकम्**'' एक है (अर्थात् अखण्ड होनेसे एकरूप है), ''**अचलं**'' अचल है (अर्थात् ज्ञानरूपसे चलित नहीं होता—ज्ञेयरूप नहीं होता), ''**स्वसंवेद्यम्**'' स्वसंवेद्य है (अर्थात् अपनेसे ही अपनेको जानता है), और ''**अबाधितम्**'' अबाधित है (अर्थात् किसी मिथ्यायुक्तिसे बाधा नहीं पाता) ॥५४-२४६॥

–११–

स्याद्वाद अधिकार

(अनुष्टुप)

अत्र स्याद्वादशुद्ध्यर्थं वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिः ।
उपायोपेयभावश्च मनाग्भूयोऽपि चिन्त्यते ॥१-२४७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''भूयः अपि मनाक् चिन्त्यते'' (भूयं अपि) ज्ञानमात्र जीवद्रव्य ऐसा कहता हुआ समयसार नाम शास्त्र समाप्त हुआ। तदुपरांत (मनाक् चिन्त्यन्ते) कुछ थोड़ासा अर्थ दूसरा कहते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि जो गाथासूत्रका कर्ता है कुन्दकुन्दाचार्यदेव, उनके द्वारा कथित गाथासूत्रका अर्थ सम्पूर्ण हुआ। साम्प्रत टीकाकर्ता है अमृतचन्द्रसूरि, उन्होंने टीका भी कही। तदुपरान्त अमृतचन्द्रसूरि कुछ कहते हैं। क्या कहते हैं—''वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिः'' (वस्तु) जीवद्रव्यका (तत्त्व) ज्ञानमात्र स्वरूप (व्यवस्थितिः) जिस प्रकार है उस प्रकार कहते हैं। ''च'' और क्या कहते हैं—''उपायोपेयभावः'' (उपाय) मोक्षका कारण जिस प्रकार है उस प्रकार (उपेयभावः) सकल कर्मोंका विनाश होनेपर जो वस्तु निष्पन्न होती है उस प्रकार कहते हैं। कहनेका प्रयोजन क्या ऐसा कहते हैं—''अत्र स्याद्वादशुद्ध्यर्थं'' (अत्र) ज्ञानमात्र जीवद्रव्यमें (स्याद्वादशुद्ध्यर्थं) स्याद्वाद–एक सत्तामें अस्ति-नास्ति एक-अनेक, नित्य-अनित्य इत्यादि अनेकान्तपना (शुद्धि) ज्ञानमात्र जीवद्रव्यमें जिस प्रकार घटित हो उस प्रकार (अर्थं) कहनेका है अभिप्राय जहाँ ऐसे प्रयोजनस्वरूप कहते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि कोई आशंका करता है कि जैनमत स्याद्वादमूलक है। यहाँ तो ज्ञानमात्र जीवद्रव्य ऐसा कहा सो ऐसा कहते हुये एकान्तपना हुआ, स्याद्वाद तो प्रगट हुआ है नहीं ? उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञानमात्र जीवद्रव्य ऐसा कहते हुये अनेकान्तपना घटित होता है। जिस प्रकार घटित होता है उस प्रकार यहाँसे लेकर कहते हैं, सावधान होकर सुनो ॥१-२४७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

बाह्यार्थैः परिपीतमुज्झितनिजप्रव्यक्तिरिक्तीभवद्
विश्रान्तं पररूप एव परितो ज्ञानं पशोः सीदति।
यत्तत्तत्तदिह स्वरूपत इति स्याद्वादिनस्तत्पुन-
र्दूरोन्मग्नघनस्वभावभरतः पूर्णं समुन्मज्जति ॥२-२४८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि जो ज्ञानमात्र जीवका स्वरूप है उसमें भी चार प्रश्न विचारणीय हैं। वे प्रश्न कौन? एक तो प्रश्न ऐसा कि ज्ञान ज्ञेयके सहारेका है कि अपने सहारेका है? दूसरा प्रश्न ऐसा कि ज्ञान एक है कि अनेक है? तीसरा प्रश्न ऐसा कि ज्ञान अस्तिरूप है कि नास्तिरूप है? चौथा प्रश्न ऐसा कि ज्ञान नित्य है कि अनित्य है? उनका उत्तर इस प्रकार है कि जितनी वस्तु हैं वे सब द्रव्यरूप हैं, पर्यायरूप हैं। इसलिये ज्ञान भी द्रव्यरूप है, पर्यायरूप है। उसका विवरण—द्रव्यरूप कहने पर निर्विकल्प ज्ञानमात्र वस्तु, पर्यायरूप कहने पर स्वज्ञेय अथवा परज्ञेयको जानता हुआ ज्ञेयकी आकृति-प्रतिबिम्बरूप परिणमता है जो ज्ञान। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञेयको जाननेरूप परिणति ज्ञानकी पर्याय, इसलिये ज्ञानको पर्यायरूपसे कहने पर ज्ञान ज्ञेयके सहारेका है। (ज्ञानको) वस्तुमात्रसे कहनेपर अपने सहारेका है। एक प्रश्नका समाधान तो इस प्रकार है। दूसरे प्रश्नका समाधान इस प्रकार है कि ज्ञानको पर्यायमात्रसे कहनेपर ज्ञान अनेक है, वस्तुमात्रसे कहने पर एक है। तीसरे प्रश्नका उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञानको पर्यायरूपसे कहने पर ज्ञान नास्तिरूप है, ज्ञानको वस्तुरूपसे विचारने पर ज्ञान अस्तिरूप है। चौथे प्रश्नका उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञानको पर्यायमात्रसे कहने पर ज्ञान अनित्य है, वस्तुमात्रसे कहने पर ज्ञान नित्य है। ऐसा प्रश्न करनेपर ऐसा समाधान करना, स्याद्वाद इसका नाम है। वस्तुका स्वरूप ऐसा ही है तथा इस प्रकार साधने पर वस्तुमात्र सधती है। जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव वस्तुको वस्तुरूप है तथा वही वस्तु पर्यायरूप है ऐसा नहीं मानते हैं, सर्वथा वस्तुरूप मानते हैं अथवा सर्वथा पर्यायमात्र मानते हैं वे जीव एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि कहे जाते हैं। कारण कि वस्तुमात्रको माने बिना पर्यायमात्रके मानने पर पर्यायमात्र भी नहीं सधती है, वहाँ अनेक प्रकार साधन-बाधन है, अवसर पाकर कहेंगे।

अथवा पर्यायरूप माने बिना वस्तुमात्र माननेपर वस्तुमात्र भी नहीं सधती है। वहाँ भी अनेक युक्तियाँ हैं। अवसर पाकर कहेंगे। इसी बीच कोई मिथ्यादृष्टि जीव ज्ञानको पर्यायरूप मानता है, वस्तुरूप नहीं मानता है। ऐसा मानता हुआ ज्ञानको ज्ञेयका सहारेका मानता है, उसके प्रति समाधान इस प्रकार है कि इस प्रकार तो एकान्तरूपसे ज्ञान सधता नहीं। इसलिये ज्ञान अपने सहारेका है ऐसा कहते हैं—**पशोः ज्ञानं सीदति''** (पशोः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जैसा मानता है कि ज्ञान पर ज्ञेयके सहारेका है सो ऐसा माननेपर (ज्ञानं) शुद्ध जीवकी सत्ता (सीदति) नष्ट होती है अर्थात् अस्तित्वपना वस्तुरूपताको नहीं पाता है। भावार्थ इस प्रकार है कि एकान्तवादीके कथनानुसार वस्तुका अभाव सधता है, वस्तुपना नहीं सधता। कारण कि मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा मानता है। कैसा है ज्ञान? **''बाह्यार्थैः परिपीतम्''** (बाह्यार्थैः) ज्ञेय वस्तुके द्वारा (परिपीतम्) सर्व प्रकार निगला गया है। भावार्थ इस प्रकार है कि मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा मानता है कि ज्ञान वस्तु नहीं है, ज्ञेयसे है। सो भी उसी क्षण उपजता है, उसी क्षण विनशता है। जिस प्रकार घटज्ञान घटके सद्भावमें है। प्रतीति इस प्रकार होती है कि जो घट है तो घटज्ञान है। जब घट नहीं था तब घटज्ञान नहीं था। जब घट नहीं होगा तब घटज्ञान नहीं होगा। कोई मिथ्यादृष्टि जीव ज्ञानवस्तुको बिना माने ज्ञानको पर्यायमात्र मानता हुआ ऐसा मानता है। और ज्ञानको कैसा मानता है—**''उज्झितनिजप्रव्यक्तिरिक्तीभवत्''** (उज्झित) मूलसे नाश हो गया है (निजप्रव्यक्ति) ज्ञेयके जानने मात्रसे ज्ञान ऐसा पाया हुआ नाममात्र, उस कारण (रिक्तीभवत्) ज्ञान ऐसे नामसे भी विनष्ट हो गया है ऐसा मानता है मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी जीव। और ज्ञानको कैसा मानता है—**''परितः पररूपे एव विश्रान्तं''** (परितः) मूलसे लेकर (पररूपे) ज्ञेय वस्तुरूप निमित्तमें (एव) एकान्तसे (विश्रान्तं) विश्रान्त हो गया–ज्ञेयसे उत्पन्न हुआ, ज्ञेयसे नष्ट हो गया। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार भीतमें चित्राम जब भीत नहीं थी तब नहीं था, जब भीत है तब है, जब भीत नहीं होगी तब क्या होगा। इससे प्रतीति ऐसी उत्पन्न होती है कि चित्रके सर्वस्वका कर्ता भीत है। उसी प्रकार जब घट है तब घटज्ञान है, जब घट नहीं था तब घटज्ञान नहीं था, जब घट नहीं होगा तब घटज्ञान नहीं होगा। इससे ऐसी प्रतीति होती है कि ज्ञानके सर्वस्वका कर्ता ज्ञेय है। कोई अज्ञानी एकान्तवादी ऐसा मानता है, इसलिये ऐसे अज्ञानीके मतमें ज्ञान वस्तु ऐसा नहीं पाया जाता। स्याद्वादीके मतमें ज्ञानवस्तु ऐसा पाया जाता है। **''पुनः स्याद्वादिनः तत् पूर्णं समुन्मज्जति''** (पुनः) एकान्तवादी कहता

है उस प्रकार नहीं है, स्याद्वादी कहता है उस प्रकार है। (स्याद्वादिनः) एक सत्ताको द्रव्यरूप तथा पर्यायरूप मानते हैं ऐसे जो सम्यग्दृष्टि जीव उनके मतमें (तत्) ज्ञानवस्तु (पूर्णं) जैसी ज्ञेयसे होती कही, विनशती कही वैसी नहीं है, जैसी है वैसी ही है, ज्ञेयसे भिन्न स्वयंसिद्ध अपनेसे है। (समुन्मज्जति) एकान्तवादीके मतमें मूलसे लोप हो गया था वही ज्ञान स्याद्वादीके मतमें ज्ञान वस्तुरूप प्रगट हुआ। किस कारणसे प्रगट हुआ? **''दूरोन्मग्नघनस्वभावभरतः''** (दूर) अनादिसे लेकर (उन्मग्न) स्वयंसिद्ध वस्तुरूप प्रगट है ऐसा (घन) अमिट (स्वभाव) ज्ञानवस्तुका सहज उसके (भरतः) न्याय करने पर, अनुभव करनेपर ऐसा ही है ऐसे सत्यपनेके कारण। कैसा न्याय कैसा अनुभव ये दोनों जिस प्रकार होते हैं उस प्रकार कहते हैं—**''यत् तत् स्वरूपतः तत् इति''** (यत्) जो वस्तु (तत्) वह वस्तु (स्वरूपतः तत्) अपने स्वभावसे वस्तु है। (इति) ऐसा अनुभव करनेपर अनुभव भी उत्पन्न होता है, युक्ति भी प्रगट होती है। अनुभव निर्विकल्प है। युक्ति ऐसी कि ज्ञानवस्तु द्रव्यरूपसे विचार करनेपर अपने स्वरूप है, पर्यायरूपसे विचार करनेपर ज्ञेयसे है। जिस प्रकार ज्ञानवस्तु द्रव्यरूपसे ज्ञानमात्र है पर्यायरूपसे घटज्ञानमात्र है, इसलिये पर्यायरूपसे देखने पर घटज्ञान जिस प्रकार कहा है, घटके सद्भावमें है, घटके नहीं होने पर नहीं है—वैसे ही है। द्रव्यरूपसे अनुभव करनेपर घटज्ञान ऐसा न देखा जाय, ज्ञान ऐसा देखा जाय तो घटसे भिन्न अपने स्वरूपमात्र स्वयंसिद्ध वस्तु है। इस प्रकार अनेकान्तके साधने पर वस्तुस्वरूप सधता है। एकान्तसे जो घट घटज्ञानका कर्ता है, ज्ञानवस्तु नहीं है तो ऐसा होना चाहिये कि जिस प्रकार घटके पास बैठे पुरुषको घटज्ञान होता है उसी प्रकार जिस किसी वस्तुको घटके पास रखा जाय उसे घटज्ञान होना चाहिये। ऐसा होनेपर स्तम्भके पास घटके होनेपर स्तम्भको घटज्ञान होना चाहिये सो ऐसा नहीं दिखाई देता। तिस कारण ऐसा भाव प्रतीतिमें आता है कि जिसमें ज्ञानशक्ति विद्यमान है उसको घटके पास बैठकर घटके देखने विचारने पर घटज्ञानरूप इस ज्ञानकी पर्याय परिणमती है। इसलिये स्याद्वाद वस्तुका साधक है, एकान्तपना वस्तुका नाशकर्ता है॥२-२४८॥

(शार्दूलविक्रीडित)

विश्वं ज्ञानमिति प्रतर्क्य सकलं दृष्ट्वा स्वतत्त्वाशया
भूत्वा विश्वमयः पशुः पशुरिव स्वच्छन्दमाचेष्टते।

यत्तत्तत्पररूपतो न तदिति स्याद्वाददर्शी पुन-
र्विश्वाद्भिन्नमविश्वविश्वघटितं तस्य स्वतत्त्वं स्पृशेत् ॥३-२४९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि ऐसा है जो ज्ञानको द्रव्यरूप मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है। इसलिये जिस प्रकार जीवद्रव्यको ज्ञानवस्तुरूपसे मानता है उस प्रकार ज्ञेय जो पुद्गल धर्म अधर्म आकाश कालद्रव्य उनको भी ज्ञेय वस्तु नहीं मानता है, ज्ञानवस्तु मानता है। उसके प्रति समाधान इस प्रकार है कि ज्ञान ज्ञेयको जानता है ऐसा ज्ञानका स्वभाव है तथापि ज्ञेयवस्तु ज्ञेयरूप है, ज्ञानरूप नहीं है—**"पशुः स्वच्छन्दम् आचेष्टते"** (पशुः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव (स्वच्छन्दम्) स्वेच्छाचाररूप—कुछ हेयरूप कुछ उपादेयरूप ऐसा भेद नहीं करता हुआ, समस्त त्रैलोक्य उपादेय ऐसी बुद्धि करता हुआ—(आचेष्टते) ऐसी प्रतीति करता हुआ निःशंकपने प्रवर्तता है। किसके समान? (पशुः इव) तिर्यञ्चके समान। कैसा होकर प्रवर्तता है? (विश्वमयः भूत्वा) **'अहं विश्वम्'** ऐसा जान आप विश्वरूप हो प्रवर्तता है। ऐसा क्यों है? कारण कि **"सकलं स्वतत्त्वाशया दृष्ट्वा"** (सकलं) समस्त ज्ञेयवस्तुको (स्वतत्त्वाशया) ज्ञानवस्तुकी बुद्धिरूपसे (दृष्ट्वा) प्रगाढ़ प्रतीति कर। ऐसी प्रगाढ़ प्रतीति क्यों होती है? कारण कि **"विश्वं ज्ञानम् इति प्रतर्क्य"** त्रैलोक्यरूप जो कुछ है वह ज्ञानवस्तुरूप है ऐसा जानकर। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानवस्तु पर्यायरूपसे ज्ञेयाकार होती है सो मिथ्यादृष्टि पर्यायरूप भेद नहीं मानता है, समस्त ज्ञेयको ज्ञानवस्तुरूप मानता है। उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञेयवस्तु ज्ञेयरूप है, ज्ञानरूप नहीं है। यही कहते हैं—**"पुनः स्याद्वाददर्शी स्वतत्त्वं स्पृशेत्"** (पुनः) एकान्तवादी जिस प्रकार कहता है उस प्रकार ज्ञानको वस्तुपना नहीं सिद्ध होता है। स्याद्वादी जिस प्रकार कहता है उस प्रकार वस्तुपना ज्ञानको सधता है। कारण कि एकान्तवादी ऐसा मानता है कि समस्त ज्ञानवस्तु है, सो इसके माननेपर लक्ष्य-लक्षणका अभाव होता है, इसलिये लक्ष्य-लक्षणका अभाव होने पर वस्तुकी सत्ता नहीं सधती है। स्याद्वादी ऐसा मानता है कि ज्ञानवस्तु है, उसका लक्षण है—समस्त ज्ञेयका जानपना, इसलिये इसके कहने पर स्वभाव सधता है, स्वस्वभावके सधने पर वस्तु सधती है, अतएव ऐसा कहा जो स्याद्वाददर्शी (स्वतत्त्वं स्पृशेत्) वस्तुको द्रव्य-पर्यायरूप मानता है, ऐसा अनेकान्तवादी जीव ज्ञान वस्तु है ऐसा साधनेके लिये समर्थ होता है। स्याद्वादी ज्ञानवस्तुको

कैसी मानता है? **विश्वात् भिन्नम्**'' (विश्वात्) समस्त ज्ञेयसे (भिन्नम्) निराला है। और कैसा मानता है? ''**अविश्वविश्वघटितं**'' (अविश्व) समस्त ज्ञेयसे भिन्नरूप (विश्व) अपने द्रव्य-गुण-पर्यायसे (घटितं) जैसा है वैसा अनादिसे स्वयंसिद्ध निष्पन्न है—ऐसी है ज्ञानवस्तु। ऐसा क्यों मानता है? ''**यत् तत्**'' जो वस्तु है ''**तत् पररूपतः न तत्**'' वह वस्तु पर वस्तुकी अपेक्षा वस्तुरूप नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार ज्ञानवस्तु ज्ञेयरूपसे नहीं है, ज्ञानरूपसे है। उसी प्रकार ज्ञेयवस्तु भी ज्ञानवस्तुसे नहीं है, ज्ञेयवस्तुरूप है। इसलिये ऐसा अर्थ प्रगट हुआ कि पर्यायद्वारसे ज्ञान विश्वरूप है, द्रव्यद्वारसे आपरूप है। ऐसा भेद स्याद्वादी अनुभवता है। इसलिये स्याद्वाद वस्तुस्वरूपका साधक है, एकान्तपना वस्तुका घातक है॥३-२४१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

बाह्यार्थग्रहणस्वभावभरतो विष्वग्विचित्रोल्लसद्-
ज्ञेयाकारविशीर्णशक्तिरभितस्त्रुट्यन्पशुर्नश्यति।
एकद्रव्यतया सदा व्युदितया भेदभ्रमं ध्वंसय-
न्नेकं ज्ञानमबाधितानुभवनं पश्यत्यनेकान्तवित् ॥४-२५०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ:—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव पर्यायमात्रको वस्तु मानता है, वस्तुको नहीं मानता है, इसलिये ज्ञानवस्तु अनेक ज्ञेयको जानती है, उसको जानती हुई ज्ञेयाकार परिणमती है ऐसा जानकर ज्ञानको अनेक मानता है, एक नहीं मानता है। उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञानको माने बिना अनेक ज्ञान ऐसा नहीं सधता है, इसलिये ज्ञानको एक मानकर अनेक मानना वस्तुका साधक है ऐसा कहते हैं—''**पशुः नश्यति**'' एकान्तवादी वस्तुको नहीं साध सकता है। कैसा है? ''**अभितः त्रुट्यन्**'' जैसा मानता है उस प्रकार वह झूठा ठहरता है। और कैसा है? ''**विष्वग्विचित्रोल्लसद्ज्ञेयाकारविशीर्णशक्तिः**'' (विष्वक्) जो अनन्त है (विचित्र) अनन्त प्रकारका है (उल्लसत्) प्रगट विद्यमान है ऐसा जो (ज्ञेय) छह द्रव्योंका समूह उसके (आकार) प्रतिबिम्बरूप परिणमी है ऐसी जो ज्ञानपर्याय (विशीर्णशक्तिः) एतावन्मात्र ज्ञान है ऐसी श्रद्धा करने पर गल गई है वस्तु साधनेकी सामर्थ्य जिसकी, ऐसा है मिथ्यादृष्टि

जीव। ऐसा क्यों है? "**बाह्यार्थग्रहणस्वभावभरतः**" (बाह्यार्थ) जितनी ज्ञेय वस्तु उनका (ग्रहण) जानपना, उसकी आकृतिरूप ज्ञानका परिणाम ऐसा जो है (स्वभाव) वस्तुका सहज जो कि (भरतः) किसीके कहनेसे वर्जा न जाय (छूटे नहीं) ऐसा अमिटपना, उसके कारण। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानका स्वभाव है कि समस्त ज्ञेयको जानता हुआ ज्ञेयके आकाररूप परिणमना। कोई एकान्तवादी एतावन्मात्र वस्तुको जानता हुआ ज्ञानको अनेक मानता है। उसके प्रति स्याद्वादी ज्ञानका एकपना साधता है—"**अनेकान्तविद् ज्ञानम् एकं पश्यति**" (अनेकान्तविद्) एक सत्ताको द्रव्य-पर्यायरूप मानता है ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव (ज्ञानम् एकं पश्यति) ज्ञानवस्तु यद्यपि पर्यायरूपसे अनेक है तथापि द्रव्यरूपसे एकरूप अनुभवता है। कैसा है स्याद्वादी? **भेदभ्रमं ध्वंसयन्**" ज्ञान अनेक है ऐसे एकान्त पक्षको नहीं मानता है। किस कारणसे? "**एकद्रव्यतया**" ज्ञान एक वस्तु है ऐसे अभिप्रायके कारण। कैसा है अभिप्राय? "**सदा व्युदितया**" सर्वकाल उदयमान है। कैसा है ज्ञान? "**अबाधितानुभवनं**" अखण्डित है अनुभव जिसमें, ऐसी है ज्ञानवस्तु ॥४-२५०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

ज्ञेयाकारकलङ्कमेचकचिति प्रक्षालनं कल्पय-
न्नेकाकारचिकीर्षया स्फुटमपि ज्ञानं पशुर्नेच्छति।
वैचित्र्येऽप्यविचित्रतामुपगतं ज्ञानं स्वतः क्षालितं
पर्यायैस्तदनेकतां परिमृशन्पश्यत्यनेकान्तवित् ॥५-२५१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी ऐसा है कि वस्तुको द्रव्यरूप मात्र जानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है। इसलिये ज्ञानको निर्विकल्प वस्तुमात्र मानता है, ज्ञेयाकार परिणतिरूप ज्ञानकी पर्याय नहीं मानता है, इसलिये ज्ञेय वस्तुको जानते हुये ज्ञानका अशुद्धपना मानता है। उसके प्रति स्याद्वादी ज्ञानका द्रव्यरूप एक पर्यायरूप अनेक ऐसा स्वभाव साधता है ऐसा कहते हैं—"**पशुः ज्ञानं न इच्छति**" (पशुः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव (ज्ञानं) ज्ञानमात्र जीवस्तुको (न इच्छति) नहीं साध सकता है—अनुभवगोचर नहीं कर सकता है। कैसा है ज्ञान? "**स्फुटम् अपि**" प्रकाशरूपसे प्रगट है यद्यपि। कैसा है एकान्तवादी?

''**प्रक्षालनं कल्पयन्**'' कलंक प्रक्षालनेका अभिप्राय करता है। किसमें? ''**ज्ञेयाकारकलङ्कमेचकचिति**'' (ज्ञेय) जितनी ज्ञेयवस्तु है उस (आकार) ज्ञेयको जानते हुये हुआ है उसकी आकृतिरूप ज्ञान ऐसा जो (कलङ्क) कलंक उसके कारण (मेचक) अशुद्ध हुआ है, ऐसी है (चिति) जीववस्तु, उसमें। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञेयको जानता है ज्ञान, उसको एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव स्वभाव नहीं मानता है, अशुद्धपनेरूपसे मानता है। एकान्तवादीका अभिप्राय ऐसा क्यों है? **एकाकारचिकीर्षया**'' क्योंकि (एकाकार) समस्त ज्ञेयके जानपनेसे रहित होता हुआ निर्विकल्परूप ज्ञानका परिणाम (चिकीर्षया) जब ऐसा होवे तब ज्ञान शुद्ध है ऐसा है अभिप्राय एकान्तवादीका। उसके प्रति एक-अनेकरूप ज्ञानका स्वभाव साधता है स्याद्वादी सम्यग्दृष्टि जीव— ''**अनेकान्तविद् ज्ञानं पश्यति**'' (अनेकान्तविद्) स्याद्वादी जीव (ज्ञानं) ज्ञानमात्र जीववस्तुको (पश्यति) साध सकता है—अनुभव कर सकता है। कैसा है ज्ञान? ''**स्वतः क्षालितं**'' सहज ही शुद्धस्वरूप है। स्याद्वादी ज्ञानको कैसा जानकर अनुभवता है? ''**तत् वैचित्र्ये अपि अविचित्रताम् पर्यायैः अनेकतां उपगतं परिमृशन्**'' (तत्) ज्ञानमात्र जीववस्तु (वैचित्र्ये अपि अविचित्रताम्) अनेक ज्ञेयाकारकी अपेक्षा पर्यायरूप अनेक है तथापि द्रव्यरूप एक है, (पर्यायैः अनेकतां उपगतं) यद्यपि द्रव्यरूप एक है तथापि अनेक ज्ञेयाकाररूप पर्यायकी अपेक्षा अनेकपनाको प्राप्त होती है ऐसे स्वरूपको अनेकान्तवादी साध सकता है—अनुभवगोचर कर सकता है। (परिमृशन्) ऐसी द्रव्यरूप पर्यायरूप वस्तुको अनुभवता हुआ स्याद्वादी ऐसा नाम प्राप्त करता है॥५-२५१॥

(शार्दूलविक्रीडित)

प्रत्यक्षालिखितस्फुटस्थिरपरद्रव्यास्तितावञ्चितः
स्वद्रव्यानवलोकनेन परितः शून्यः पशुर्नश्यति।
स्वद्रव्यास्तितया निरूप्य निपुणं सद्यः समुन्मज्जता
स्याद्वादी तु विशुद्धबोधमहसा पूर्णो भवन् जीवति॥६-२५२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि ऐसा है जो पर्यायमात्रको वस्तुरूप मानता है, इसलिये ज्ञेयको जानते हुये

ज्ञेयाकार परिणमी है जो ज्ञानकी पर्याय उसका, ज्ञेयके अस्तित्वपनेसे अस्तित्वपना मानता है, ज्ञेयसे भिन्न निर्विकल्प ज्ञानमात्र वस्तुको नहीं मानता है। इससे ऐसा भाव प्राप्त होता है कि परद्रव्यके अस्तित्वसे ज्ञानका अस्तित्व है, ज्ञानके अस्तित्वसे ज्ञानका अस्तित्व नहीं है। उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञानवस्तुका अपने अस्तित्वसे अस्तित्व है। उसके भेद चार हैं—ज्ञानमात्र जीववस्तु स्वद्रव्यपने अस्ति, स्वक्षेत्रपने अस्ति, स्वकालपने अस्ति, स्वभावपने अस्ति। परद्रव्यपने नास्ति, परक्षेत्रपने नास्ति, परकालपने नास्ति, परभावपने नास्ति। उनका लक्षण—स्वद्रव्य–निर्विकल्प मात्र वस्तु, स्वक्षेत्र–आधारमात्र वस्तुका प्रदेश, स्वकाल–वस्तुमात्रकी मूल अवस्था, स्वभाव–वस्तुकी मूलकी सहज शक्ति। पर द्रव्य–सविकल्प भेद-कल्पना, परक्षेत्र–जो वस्तुका आधारभूत प्रदेश निर्विकल्प वस्तुमात्ररूपसे कहा था वही प्रदेश सविकल्प भेद कल्पनासे परप्रदेश बुद्धिगोचररूपसे कहा जाता है। परकाल-द्रव्यकी मूलकी निर्विकल्प अवस्था, वही अवस्थान्तर भेदरूप कल्पनासे परकाल कहलाता है। परभाव–द्रव्यकी सहज शक्तिके पर्यायरूप अनेक अंश द्वारा भेदकल्पना, उसे परभाव कहा जाता है। **''पशुः नश्यति''** एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव जीवस्वरूपको नहीं साध सकता है। कैसा है? **''परितः शून्यः''** सर्व प्रकार तत्त्वज्ञानसे शून्य है किस कारणसे? **''स्वद्रव्यानवलोकनेन''** (स्वद्रव्य) निर्विकल्प वस्तुमात्रके (अनवलोकनेन) नहीं प्रतीति करनेके कारण। और कैसा है? **''प्रत्यक्षालिखितस्फुटस्थिरपरद्रव्यास्तितावञ्चितः''** (प्रत्यक्ष) असहायरूपसे (आलिखित) लिखे हुएके समान (स्फुट) जैसेका तैसा (स्थिर) अमिट जो (परद्रव्य) ज्ञेयाकार ज्ञानका परिणाम उससे माना जो (अस्तिता) अस्तित्व उससे (वञ्चितः) ठगा गया है ऐसा है एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव। **''तुं स्याद्वादी पूर्णो भवन् जीवति''** (तु) एकान्तवादी कहता है उस प्रकार नहीं है (स्याद्वादी) सम्यग्दृष्टि जीव (पूर्णो भवन) पूर्ण होता हुआ (जीवति) ज्ञानमात्र जीववस्तु है ऐसा साध सकता है–अनुभव कर सकता है। किसके द्वारा? **''स्वद्रव्यास्तितया''** (स्वद्रव्य) निर्विकल्प ज्ञानशक्तिमात्र वस्तु उसके (अस्तितया) अस्तित्वपनेके द्वारा। क्या करके? **''निपुणं निरूप्य''** ज्ञानमात्र जीववस्तुका अपने अस्तित्वसे किया है अनुभव जिसने ऐसा होकर। किसके द्वारा **विशुद्धबोधमहसा''** (विशुद्ध) निर्मल जो (बोध) भेदज्ञान उसके (महसा) प्रतापके द्वारा। कैसा है? **''सद्यः समुन्मज्जता''** उसी कालमें प्रगट होता है॥६-२५२॥

(शार्दूलविक्रीडित)

सर्वद्रव्यमयं प्रपद्य पुरुषं दुर्वासनावासितः
स्वद्रव्यभ्रमतः पशुः किल परद्रव्येषु विश्राम्यति ।
स्याद्वादी तु समस्तवस्तुषु परद्रव्यात्मना नास्तितां
जानन्निर्मलशुद्धबोधमहिमा स्वद्रव्यमेवाश्रयेत् ॥७-२५३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा है जो वस्तुको द्रव्यरूप मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है, इसलिये समस्त ज्ञेय वस्तु ज्ञानमें गर्भित मानता है। ऐसा कहता है—उष्णको जानता हुआ ज्ञान उष्ण है, शीतलको जानता हुआ ज्ञान शीतल है। उसके प्रति उत्तर इस प्रकार है कि ज्ञान ज्ञेयका ज्ञायकमात्र तो है, परन्तु ज्ञेयका गुण ज्ञेयमें है, ज्ञानमें ज्ञेयका गुण नहीं है। वही कहते हैं—"**किल पशुः विश्राम्यति**" (किल) अवश्य कर (पशुः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव (विश्राम्यति) वस्तु स्वरूपको साधनेके लिये असमर्थ होता हुआ अत्यन्त खेदखिन्न होता है। किस कारणसे? "**परद्रव्येषु स्वद्रव्यभ्रमतः**" (परद्रव्येषु) ज्ञेयको जानते हुये ज्ञेयकी आकृतिरूप परिणमता है ज्ञान, ऐसी जो ज्ञानकी पर्याय, उसमें (स्वद्रव्य) निर्विकल्प सत्तामात्र ज्ञानवस्तु होनेकी (भ्रमतः) होती है भ्रान्ति। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार उष्णको जानते हुये उष्णकी आकृतिरूप ज्ञान परिणमता है ऐसा देखकर ज्ञानका उष्णस्वभाव मानता है मिथ्यादृष्टि जीव। कैसा होता हुआ? "**दुर्वासनावासितः**" (दुर्वासना) अनादिका मिथ्यात्व संस्कार उससे (वासितः) हुआ है स्वभावसे भ्रष्ट ऐसा। ऐसा क्यों है? "**सर्वद्रव्यमयं पुरुषं प्रपद्य**" (सर्वद्रव्य) जितने समस्त द्रव्य हैं उनका जो द्रव्यपना (मयं) उस मय जीव है अर्थात् उतने समस्त स्वभाव जीवमें हैं ऐसा (पुरुषं) जीव वस्तुको (प्रपद्य) प्रतीतिरूप मान कर। ऐसा मिथ्यादृष्टि जीव मानता है। "**तु स्याद्वादी स्वद्रव्यम् आश्रयेत् एव**" (तु) एकान्तवादी मानता है वैसा नहीं है, स्याद्वादी मानता है वैसा है। यथा—(स्याद्वादी) अनेकान्तवादी (स्वद्रव्यम् आश्रयेत्) ज्ञानमात्र जीववस्तु ऐसा साध सकता है—अनुभव कर सकता है। सम्यग्दृष्टि जीव (एव) ऐसा ही है। कैसा है स्याद्वादी? "**समस्तवस्तुषु परद्रव्यात्मना नास्तितां जानन्**" (समस्तवस्तुषु) ज्ञानमें प्रतिबिम्बित हुआ

है समस्त ज्ञेयका स्वरूप, उसमें (परद्रव्यात्मना) अनुभवता है ज्ञानवस्तुसे भिन्नपना, उसके कारण (नास्तितां जानन्) नास्तिपना अनुभवता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि समस्त ज्ञेय ज्ञानमें उद्दीपित होता है परन्तु ज्ञेयरूप है, ज्ञानरूप नहीं हुआ है। कैसा है स्याद्वादी? "**निर्मलशुद्धबोधमहिमा**" (निर्मल) मिथ्यादोषसे रहित तथा (शुद्ध) रागादि अशुद्ध परिणतिसे रहित ऐसा जो (बोध) अनुभवज्ञान उससे है (महिमा) प्रताप जिसका ऐसा है ॥७-२५३॥

(शार्दूलविक्रीडित)

भिन्नक्षेत्रनिषण्णबोध्यनियतव्यापारनिष्ठः सदा
सीदत्येव बहिः पतन्तमभितः पश्यन्पुमांसं पशुः ।
स्वक्षेत्रास्तितया निरुद्धरभसः स्याद्वादवेदी पुन-
स्तिष्ठत्यात्मनिखातबोध्यनियतव्यापारशक्तिर्भवन् ॥८-२५४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा है कि जो वस्तुको पर्यायरूप मानता है, द्रव्यरूप नहीं मानता है, इसलिये जितना समस्त वस्तुका है आधारभूत प्रदेशपुञ्ज, उसको जानता है ज्ञान। जानता हुआ उसकी आकृतिरूप परिणमता है ज्ञान। इसका नाम परक्षेत्र है। उस क्षेत्रको ज्ञानका क्षेत्र मानता है। एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव उस क्षेत्रसे सर्वथा भिन्न है, चैतन्य प्रदेशमात्र ज्ञानका क्षेत्र, उसे नहीं मानता है। उसके प्रति समाधान ऐसा कि ज्ञान वस्तु परक्षेत्रको जानती है परन्तु अपने क्षेत्ररूप है। परका क्षेत्र ज्ञानका क्षेत्र नहीं है। वही कहते हैं— "**पशुः सीदति एव**" (पशुः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव (सीदति) ओलोंके समान गलता है। ज्ञानमात्र जीववस्तु है ऐसा नहीं साध सकता है। (एव) निश्चयसे ऐसा ही है। कैसा है एकान्तवादी? "**भिन्नक्षेत्रनिषण्णबोध्यनियतव्यापारनिष्ठः**" (भिन्नक्षेत्र) अपने चैतन्य प्रदेशसे अन्य है जो समस्त द्रव्योंका प्रदेशपुञ्ज उससे (निषण्ण) उसकी आकृतिरूप परिणमा है ऐसा जो (बोध्यनियतव्यापार) ज्ञेय-ज्ञायकका अवश्य सम्बन्ध, उसमें (निष्ठः) निष्ठ है अर्थात् एतावन्मात्रको जानता है ज्ञानका क्षेत्र, ऐसा है एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव। "**सदा**" अनादि कालसे ऐसा ही है। और कैसा है मिथ्यादृष्टि जीव? "**अभितः**

बहिः पतन्तम् पुमांसं पश्यन्'' (अभितः) मूलसे लेकर (बहिः पतन्तम्) परक्षेत्ररूप परिणमा है ऐसे (पुमांसं) जीववस्तुको (पश्यन्) मानता है—अनुभवता है, ऐसा है मिथ्यादृष्टि जीव। **''पुनः स्याद्वादवेदी तिष्ठति''** (पुनः) एकान्तवादी जैसा कहता है वैसा नहीं है किन्तु (स्याद्वादवेदी) अनेकान्तवादी (तिष्ठति) जैसा मानता है वैसी वस्तु है। भावार्थ इस प्रकार है कि वह वस्तुको साध सकता है। कैसा है स्याद्वादी? **''स्वक्षेत्रास्तितया निरुद्धरभसः''** (स्वक्षेत्र) समस्त परद्रव्यसे भिन्न अपने स्वरूप चैतन्यप्रदेश उसकी (अस्तितया) सत्तारूपसे (निरुद्धरभसः) परिणमा है ज्ञानका सर्वस्व जिसका, ऐसा है स्याद्वादी। और कैसा है? **''आत्मनिखातबोध्यनियतव्यापारशक्तिः भवन्''** (आत्म) ज्ञानवस्तुमें (निखात) ज्ञेय प्रतिबिम्बरूप है जो ऐसा (बोध्यनियतव्यापार) ज्ञेय-ज्ञायकरूप अवश्य सम्बन्ध, ऐसा (शक्तिः) जाना है ज्ञानवस्तुका सहज जिसने ऐसा (भवन्) होता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानमात्र जीव वस्तु परक्षेत्रको जानता है ऐसा सहज है। परन्तु अपने प्रदेशोंमें है पराये प्रदेशोंमें नहीं है ऐसा मानता है स्याद्वादी जीव, इसलिये वस्तुको साध सकता है—अनुभव कर सकता है॥८-२५४॥

(शार्दूलविक्रीडित)

स्वक्षेत्रस्थितये पृथग्विधपरक्षेत्रस्थितार्थोज्झनात्
तुच्छीभूय पशुः प्रणश्यति चिदाकारान् सहार्थैर्वमन्।
स्याद्वादी तु वसन् स्वधामनि परक्षेत्रे विदन्नास्तितां
त्यक्तार्थोऽपि न तुच्छतामनुभवत्याकारकर्षी परान् ॥९-२५५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी जीव ऐसा है कि वस्तुको द्रव्यरूप मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है, इसलिये ज्ञेय वस्तुके प्रदेशोंको जानता हुआ ज्ञानको अशुद्धपना मानता है। ज्ञानका ऐसा ही स्वभाव है—वह ज्ञानकी पर्याय है ऐसा नहीं मानता है। उसके प्रति उत्तर ऐसा कि ज्ञान वस्तु अपने प्रदेशोंमें है, ज्ञेयके प्रदेशोंको जानती है ऐसा स्वभाव है, अशुद्धपना नहीं है ऐसा मानता है स्याद्वादी। यही कहते हैं—**पशुः प्रणश्यति''** (पशुः) एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव (प्रणश्यति) वस्तुमात्र साधनेसे भ्रष्ट है—अनुभव करनेसे भ्रष्ट है। कैसा होकर भ्रष्ट है? **''तुच्छीभूय''**

तत्त्वज्ञानसे शून्य होकर। और कैसा है? **''अर्थैः सह चिदाकारान् वमन्''** (अर्थैः सह) ज्ञानगोचर हैं जो ज्ञेयके प्रदेश उनके साथ (चिदाकारान्) ज्ञानकी शक्तिको अथवा ज्ञानके प्रदेशोंको (वमन्) मूलसे वमन किया है अर्थात् उनका नास्तिपना जाना है जिसने ऐसा है। और कैसा है? **''पृथग्विधपरक्षेत्रस्थितार्थोज्झनात्''** (पृथग्विध) पर्यायरूप जो (परक्षेत्र) ज्ञेय वस्तुके प्रदेशोंको जानते हुये होती है उनकी आकृतिरूप ज्ञानकी परिणति उसरूप (स्थित) परिणमती जो (अर्थ) ज्ञानवस्तु उसको (उज्झनात्) ऐसा ज्ञान अशुद्ध है ऐसी बुद्धि कर त्याग करता हुआ, ऐसा है एकान्तवादी। किसके निमित्त ज्ञेय परिणति ज्ञानको हेय करती है? **''स्वक्षेत्रस्थितये''** (स्वक्षेत्र) ज्ञानके चैतन्य प्रदेशकी (स्थितये) स्थिरताके निमित्त। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानवस्तु ज्ञेयके प्रदेशोंके जानपनासे रहित होवे तो शुद्ध होवे ऐसा मानता है एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव। उसके प्रति स्याद्वादी कहता है—**''तु स्याद्वादी तुच्छतां न अनुभवति''** (तु) एकान्तवादी मानता है वैसा नहीं है, स्याद्वादी मानता है वैसा है। (स्याद्वादी) अनेकान्तदृष्टि जीव (तुच्छताम्) ज्ञानवस्तु ज्ञेयके क्षेत्रको जानती है, अपने प्रदेशोंसे सर्वथा शून्य है ऐसा (न अनुभवति) नहीं मानता है। ज्ञानवस्तु ज्ञेयके क्षेत्रको जानती है, ज्ञेय क्षेत्ररूप नहीं है ऐसा मानता है। कैसा है स्याद्वादी? **''त्यक्तार्थः अपि''** ज्ञेय क्षेत्रकी आकृतिरूप परिणमता है ज्ञान ऐसा मानता है तो भी ज्ञान अपने क्षेत्ररूप है ऐसा मानता है। और कैसा है स्याद्वादी? **''स्वधामनि वसन्''** ज्ञान वस्तु अपने प्रदेशोंमें है ऐसा अनुभवता है। और कैसा है? **''परक्षेत्रे नास्तितां विदन्''** (परक्षेत्रे) ज्ञेय वस्तुकी आकृतिरूप परिणमा है ज्ञान उसमें (नास्तितां विदन्) नास्तिपना मानता है अर्थात् जानता है तो जानो तथापि एतावन्मात्र ज्ञानका क्षेत्र नहीं है ऐसा मानता है स्याद्वादी। और कैसा है? **''परात् आकारकर्षी''** परक्षेत्रकी आकृतिरूप परिणमी है ज्ञानकी पर्याय, उससे भिन्न रूपसे ज्ञानवस्तुके प्रदेशोंका अनुभव करनेमें समर्थ है, इसलिये स्याद्वाद वस्तुस्वरूपका साधक, एकान्तपना वस्तुस्वरूपका घातक। इस कारण स्याद्वाद उपादेय है॥९-२५५॥

(शार्दूलविक्रीडित)

पूर्वालम्बितबोध्यनाशसमये ज्ञानस्य नाशं विदन्
सीदत्येव न किञ्चनापि कलयन्नत्यन्ततुच्छः पशुः।

अस्तित्वं निजकालतोऽस्य कलयन् स्याद्वादवेदी पुनः
पूर्णस्तिष्ठति बाह्यवस्तुषु मुहुर्भूत्वा विनश्यत्स्वपि ॥१०-२५६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा है जो वस्तुको पर्यायमात्र मानता है, द्रव्यरूप नहीं मानता है। तिस कारण ज्ञेय वस्तुके अतीत अनागत वर्तमान कालसम्बन्धी अनेक अवस्थाभेद हैं, उनको जानते हुये ज्ञानके पर्यायरूप अनेक अवस्था भेद होते हैं। उनमें क्षेत्रसम्बन्धी पहला अवस्थाभेद विनशता है। उस अवस्थाभेदके विनाश होने पर उसकी आकृतिरूप परिणमा ज्ञानपर्यायका अवस्थाभेद भी विनशता है। उसके अवस्थाभेदके विनाश होनेपर एकान्तवादी मूलसे ज्ञान वस्तुका विनाश मानता है। उसके प्रति समाधान इस प्रकार है कि ज्ञानवस्तु अवस्थाभेद द्वारा विनशती है, द्रव्यरूपसे विचारने पर अपना जानपनारूप अवस्था द्वारा शाश्वत है, न उपजती है न विनशती है ऐसा समाधान स्याद्वादी करता है। यही कहते हैं—**''पशुः सीदति एव''** (पशुः) एकान्तवादी (सीदति) वस्तुके स्वरूपको साधनेके लिये भ्रष्ट है। (एव) अवश्य ऐसा है। कैसा है एकान्तवादी ? **''अत्यन्ततुच्छः''** वस्तुके अस्तित्वके ज्ञानसे अति ही शून्य है। और कैसा है ? **''न किञ्चन अपि कलयन्''** (न किञ्चन) ज्ञेय अवस्थाका जानपनामात्र ज्ञान है, उससे भिन्न कुछ वस्तुरूप ज्ञानवस्तु नहीं है (अपि) अंशमात्र भी नहीं है। (कलयन्) ऐसी अनुभवरूप प्रतीति करता है। और कैसा है ? **''पूर्वालम्बितबोध्यनाशसमये ज्ञानस्य नाशं विदन्''** (पूर्व) किसी पहले अवसरमें (आलम्बित) जानकर उसकी आकृतिरूप हुई जो (बोध्य) ज्ञेयाकार ज्ञानपर्याय उसके (नाशसमये) विनाशसम्बन्धी किसी अन्य अवसरमें (ज्ञानस्य) ज्ञानमात्र जीववस्तुका (नाशं विदन्) नाश मानता है। ऐसा है एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव। उसको स्याद्वादी सम्बोधन करता है—**''पुनः स्याद्वादवेदी पूर्णः तिष्ठति''** (पुनः) एकान्तदृष्टि जिस प्रकार कहता है उस प्रकार नहीं है, स्याद्वादी जिस प्रकार मानता है उस प्रकार है—(स्याद्वादवेदी) अनेकान्त अनुभवशील जीव (पूर्णः तिष्ठति) त्रिकालगोचर ज्ञानमात्र जीववस्तु ऐसा अनुभव करता हुआ उस पर दृढ़ है, कैसा दृढ़ है ? **''बाह्यवस्तुषु मुहुः भूत्वा विनश्यत्सु अपि''** (बाह्यवस्तुषु) समस्त ज्ञेय अथवा ज्ञेयाकार परिणमे ज्ञानपर्यायके अनेक भेद सो वे (मुहुः भूत्वा) अनेक पर्यायरूप होते हैं (विनश्यत्सु अपि) अनेक बार विनाशको प्राप्त होते हैं तो

भी दृढ़ रहता है। और कैसा है? **''अस्य निजकालतः अस्तित्वं कलयन्''** (अस्य) ज्ञानमात्र जीववस्तुका (निजकालतः) त्रिकाल शाश्वत ज्ञानमात्र अवस्थासे (अस्तित्वं कलयन्) वस्तुपना अथवा अस्तिपना अनुभवता है स्याद्वादी जीव ॥१०-२५६॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अर्थालम्बनकाल एव कलयन् ज्ञानस्य सत्त्वं बहि-
र्ज्ञेयालम्बनलालसेन मनसा भ्राम्यन् पशुर्नश्यति।
नास्तित्वं परकालतोऽस्य कलयन् स्याद्वादवेदी पुन-
स्तिष्ठत्यात्मनिखातनित्यसहजज्ञानैकपुञ्जीभवन् ॥११-२५७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी ऐसा है वस्तुको द्रव्यमात्र मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है, इसलिये ज्ञेयकी अनेक अवस्थाओंको जानता है ज्ञान। उनको जानता हुआ उन आकृतिरूप परिणमता है ज्ञान। ये समस्त हैं ज्ञानकी पर्याय, उन पर्यायोंको ज्ञानका अस्तित्व मानता है मिथ्यादृष्टि जीव। उसके प्रति समाधान इस प्रकार है कि ज्ञेयकी आकृतिरूप परिणमती हुई जितनी ज्ञानकी पर्याय हैं उनसे ज्ञानका अस्तित्व नहीं है ऐसा कहते हैं— **''पशुः नश्यति''** (पशुः) एकान्तवादी (नश्यति) वस्तुस्वरूपको साधनेसे भ्रष्ट है। कैसा है एकान्तवादी **''ज्ञेयालम्बनलालसेन मनसा बहिः भ्राम्यन्''** (ज्ञेय) समस्त द्रव्यरूप (आलम्बन) ज्ञेयके अवसर ज्ञानकी सत्ता ऐसा निश्चयरूप (लालसेन) है अभिप्राय जिसका ऐसे (मनसा) मनसे (बहिः भ्राम्यन्) स्वरूपसे बाहर उत्पन्न हुआ है भ्रम जिसको ऐसा है। और कैसा है? **''अर्थालम्बनकाले ज्ञानस्य सत्त्वं कलयन् एव''** (अर्थ) जीवादि समस्त ज्ञेय वस्तुको (आलम्बन) जानते (काले) समय ही (ज्ञानस्य) ज्ञानमात्र वस्तुकी (सत्त्वं) सत्ता है (कलयन्) ऐसा अनुभव करता है। (एव) ऐसा ही है। उसके प्रति स्याद्वादी वस्तुकी सिद्धि करता है—**''पुनः स्याद्वादवेदी तिष्ठति''** (पुनः) एकान्तवादी जैसा मानता है वैसा नहीं है, जैसा स्याद्वादी मानता है वैसा है। (स्याद्वादवेदी) अनेकान्तवादी (तिष्ठति) वस्तुस्वरूप साधनेके लिये समर्थ है। कैसा है स्याद्वादी? **''अस्य परकालतः नास्तित्वं कलयन्''** (अस्य) ज्ञानमात्र जीव वस्तुका (परकालतः) ज्ञेयावस्थाके जानपनेसे (नास्तित्वं)

नास्तिपना है ऐसी (कलयन्) प्रतीति करता है स्याद्वादी। और कैसा है? **आत्मनिखातनित्यसहजज्ञानैकपुञ्जीभवन्''** (आत्म) ज्ञानमात्र जीववस्तुमें (निखात) अनादिसे एक वस्तुरूप (नित्य) अविनश्वर (सहज) उपाय बिना द्रव्यके स्वभावरूप ऐसी जो (ज्ञान) जानपनारूप शक्ति तद्रूप (एकपुञ्जीभवन्) मैं जीव वस्तु हूँ, अविनश्वर ज्ञानस्वरूप हूँ ऐसा अनुभव करता हुआ। ऐसा है स्याद्वादी ॥११-२५७॥

(शार्दूलविक्रीडित)

विश्रान्तः परभावभावकलनान्नित्यं बहिर्वस्तुषु
नश्यत्येव पशुः स्वभावमहिमन्येकान्तनिश्चेतनः ।
सर्वस्मान्नियतस्वभावभवनज्ञानाद्विभक्तो भवन्
स्याद्वादी तु न नाशमेति सहजस्पष्टीकृतप्रत्ययः ॥१२-२५८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा है कि वस्तुको पर्यायमात्र मानता है, द्रव्यरूप नहीं मानता है, इसलिये जितनी समस्त ज्ञेय वस्तुओंके जितने हैं शक्तिरूप स्वभाव उसको जानता है ज्ञान। जानता हुआ उनकी आकृतिरूप परिणमता है। इसलिये ज्ञेयकी शक्तिकी आकृतिरूप है ज्ञानकी पर्याय, उनसे ज्ञानवस्तुकी सत्ताको मानता है। उनसे भिन्न है अपनी शक्तिकी सत्तामात्र उसे नहीं मानता है। ऐसा है एकान्तवादी। उसके प्रति स्याद्वादी समाधान करता है कि ज्ञान मात्र जीववस्तु समस्त ज्ञेयशक्तिको जानती है ऐसा सहज है। परन्तु अपनी ज्ञानशक्तिसे अस्तिरूप है ऐसा कहते हैं—**''पशुः नश्यति एव''** (पशुः) एकान्तवादी (नश्यति) वस्तुकी सत्ताको साधनेसे भ्रष्ट है। (एव) निश्चयसे। कैसा है एकान्तवादी? **''बहिः वस्तुषु नित्यं विश्रान्तः''** (बहिः वस्तुषु) समस्त ज्ञेय वस्तुकी अनेक शक्तिकी आकृतिरूप परिणमी है ज्ञानकी पर्याय, उसमें (नित्यं विश्रान्तः) सदा विश्रान्त है अर्थात् पर्यायमात्रको जानता है ज्ञानवस्तु, ऐसा है निश्चय जिसका ऐसा है। किस कारणसे ऐसा है? **''परभावभावकलनात्''** (परभाव) ज्ञेयकी शक्तिकी आकृतिरूप है ज्ञानकी पर्याय उसमें (भावकलनात्) अवधार किया है ज्ञानवस्तुका अस्तिपना ऐसे झूठे अभिप्रायके कारण। और कैसा है एकान्तवादी? **''स्वभावमहिमनि एकान्तनिश्चेतनः''** (स्वभाव) जीवकी

ज्ञानमात्र निजशक्तिके (महिमनि) अनादिनिधन शाश्वत प्रतापमें (एकान्तनिश्चेतनः) एकान्त निश्चेतन है अर्थात् उससे सर्वथा शून्य है। भावार्थ इस प्रकार है कि स्वरूपसत्ताको नहीं मानता है ऐसा है एकान्तवादी, उसके प्रति स्याद्वादी समाधान करता है—"**तु स्याद्वादी नाशम् न एति**" (तु) एकान्तवादी मानता है उस प्रकार नहीं है, स्याद्वादी मानता है उस प्रकार है। (स्याद्वादी) अनेकान्तवादी (नाशम्) विनाशको (न एति) नहीं प्राप्त होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानमात्र वस्तुकी सत्ताको साध सकता है। कैसा है अनेकान्तवादी जीव? "**सहजस्पष्टीकृतप्रत्ययः**" (सहज) स्वभाव शक्तिमात्र ऐसा जो अस्तित्व उस सम्बन्धी (स्पष्टीकृत) दृढ़ किया है (प्रत्ययः) अनुभव जिसने ऐसा है। और कैसा है? "**सर्वस्मात् नियतस्वभावभवनज्ञानात् विभक्तः भवन्**" (सर्वस्मात्) जितने हैं (नियतस्वभाव) अपनी अपनी शक्ति विराजमान है ऐसे जो ज्ञेयरूप जीवादि पदार्थ उनकी (भवन) सत्ताकी आकृतिरूप परिणमी है ऐसी (ज्ञानात्) जीवके ज्ञानगुणकी पर्याय, उनसे (विभक्तः भवन्) भिन्न है ज्ञानमात्र सत्ता ऐसा अनुभव करता हुआ ॥१२-२५८॥

(शार्दूलविक्रीडित)

अध्यास्यात्मनि सर्वभावभवनं शुद्धस्वभावच्युतः
सर्वत्राप्यनिवारितो गतभयः स्वैरं पशुः क्रीडति।
स्याद्वादी तु विशुद्ध एव लसति स्वस्य स्वभावं भरा-
दारूढः परभावभावविरहव्यालोकनिष्कम्पितः ॥१३-२५९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि जीव ऐसा है जो वस्तुको द्रव्यमात्र मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है। इसलिये जितनी हैं ज्ञेयवस्तु, उनकी अनन्त हैं शक्ति, उनको जानता है ज्ञान, जानता हुआ ज्ञेयकी शक्तिकी आकृतिरूप परिणमता है ऐसा देखकर जितनी ज्ञेयकी शक्ति उतनी ज्ञानवस्तु ऐसा मानता है मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी। उसके प्रति ऐसा समाधान करता है स्याद्वादी कि ज्ञानमात्र जीववस्तुका ऐसा स्वभाव है कि समस्त ज्ञेयकी शक्तिको जाने, जानता हुआ उसकी आकृतिरूप परिणमता है। परन्तु ज्ञेयकी शक्ति ज्ञेयमें है, ज्ञानवस्तुमें नहीं है। ज्ञानकी जाननेरूप पर्याय है, इसलिये ज्ञानवस्तुकी सत्ता भिन्न है ऐसा कहते हैं—"**पशुः**

स्वैरं क्रीडति'' (पशुः) मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी (स्वैरं क्रीडति) हेय उपादेय ज्ञानसे रहित होकर स्वेच्छाचाररूप प्रवर्तता है। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञेयकी शक्तिको ज्ञानसे भिन्न नहीं मानता है। जितनी ज्ञेयकी शक्ति है उसे ज्ञानमें मानकर नाना शक्तिरूप ज्ञान है, ज्ञेय है ही नहीं ऐसी बुद्धिरूप प्रवर्तता है। कैसा है एकान्तवादी? **''शुद्धस्वभावच्युतः''** (शुद्धस्वभाव) ज्ञानमात्र जीववस्तुसे (च्युतः) च्युत है अर्थात् उसको विपरीतरूप अनुभवता है। विपरीतपना क्यों है? **''सर्वभावभवनं आत्मनि अध्यास्य''** (सर्व) जितनी जीवादि पदार्थरूप ज्ञेय वस्तु उनके (भाव) शक्तिरूप गुण पर्याय अंशभेद उनकी (भवनं) सत्ताको (आत्मनि) ज्ञानमात्र जीव वस्तुमें (अध्यास्य) प्रतीति कर। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानगोचर है समस्त द्रव्यकी शक्ति। उनकी आकृतिरूप परिणमा है ज्ञान, इसलिये सर्व शक्ति ज्ञानकी है ऐसा मानता है। ज्ञेयकी तथा ज्ञानकी भिन्न सत्ता नहीं मानता है। और कैसा है? **''सर्वत्र अपि अनिवारितः गतभयः''** (सर्वत्र) स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, शब्द ऐसा इन्द्रिय विषय तथा मन वचन काय तथा नाना प्रकार ज्ञेयकी शक्ति, इनमें (अपि) अवश्य कर (अनिवारितः) मैं शरीर, मैं मन, मैं वचन, मैं काय, मैं स्पर्श रस गन्ध वर्ण शब्द इत्यादि परभावको अपना जानकर प्रवर्तता है, (गतभयः) मिथ्यादृष्टिके कोई भाव परभाव नहीं है जिससे डर होवे, ऐसा है एकान्तवादी। उसके प्रति समाधान करता है स्याद्वादी—**''तु स्याद्वादी विशुद्ध एव लसति''** (तु) जिस प्रकार मिथ्यादृष्टि एकान्तवादी मानता है उस प्रकार नहीं है, जिस प्रकार स्याद्वादी मानता है उस प्रकार है—(स्याद्वादी) अनेकान्तवादी जीव (विशुद्धः एव लसति) मिथ्यात्वसे रहित होकर प्रवर्तता है। कैसा है स्याद्वादी? **''स्वस्य स्वभावं भरात् आरूढः''** (स्वस्य स्वभावं) ज्ञानवस्तुकी जानपना मात्र शक्ति उसकी (भरात् आरूढः) अति ही प्रगाढ़रूपसे प्रतीति करता है। और कैसा है? **परभावभावविरहव्यालोकनिष्कम्पितः''** (परभाव) समस्त ज्ञेयकी अनेक शक्तिकी आकृतिरूप परिणमा है ज्ञान, इस रूप (भाव) मानता है तो ज्ञान वस्तुका अस्तित्व, तद्रूप (विरह) विपरीत बुद्धिके त्यागसे हुई है (व्यालोक) सांची दृष्टि, उससे हुआ है (निष्कम्पितः) साक्षात् अमिट अनुभव जिसको ऐसा है स्याद्वादी ॥१३-२५९॥

(शार्दूलविक्रीडित)

प्रादुर्भावविराममुद्रितबहज्ज्ञानांशनानात्मना
निर्ज्ञानात्क्षणभङ्गसङ्गपतितः प्रायः पशुर्नश्यति ।

श्री दिगम्बर जैन स्वाध्यायमंदिर ट्रस्ट, सोनगढ-३६४२५०

स्याद्वादी तु चिदात्मना परिमृशंश्चिद्वस्तु नित्योदितं
टङ्कोत्कीर्णघनस्वभावमहिमज्ञानं भवन् जीवति ॥१४-२६०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि ऐसा है जो वस्तुको पर्यायमात्र मानता है, द्रव्यरूप नहीं मानता है, इसलिये अखण्ड धाराप्रवाहरूप परिणमता है ज्ञान, उसका होता है प्रति समय उत्पाद-व्यय। इसलिये पर्यायका विनाश होने पर जीवद्रव्यका विनाश मानता है। उनके प्रति स्याद्वादी ऐसा समाधान करता है कि पर्यायरूपसे देखनेपर जीव वस्तु उपजती है विनष्ट होती है, द्रव्यरूपसे देखनेपर जीव सदा शाश्वत है। ऐसा कहते हैं—"**पशुः नश्यति**" (पशुः) एकान्तवादी जीव (नश्यति) शुद्ध जीववस्तुको साधनेसे भ्रष्ट है। कैसा है एकान्तादी? "**प्रायः क्षणभङ्गसङ्गपतितः**" (प्रायः) एकान्तरूपसे (क्षणभङ्ग) प्रति समय होनेवाले पर्यायमें विनाशसे (सङ्गपतितः) उस पर्यायके साथ साथ वस्तुका विनाश मानता है। किस कारणसे? "**प्रादुर्भावविराममुद्रितवहज्ज्ञानांशनानात्मना निर्ज्ञानात्**" (प्रादुर्भाव) उत्पाद (विराम) विनाशसे (मुद्रित) संयुक्त (वहत्) प्रवाहरूप जो (ज्ञानांश) ज्ञानगुणके अविभागप्रतिच्छेद उनके कारण हुये (नानात्मना) अनेक अवस्थाभेदके (निर्ज्ञानात्) जानपनेके कारण। ऐसा है एकान्तवादी, उसके प्रति स्याद्वादी प्रतिबोधता है—"**तु स्याद्वादी जीवति**" (तु) जिस प्रकार एकान्तवादी कहता है उस प्रकार एकान्तपना नहीं है। (स्याद्वादी) अनेकान्तवादी (जीवति) वस्तुको साधनेके लिये समर्थ है। कैसा है स्याद्वादी? "**चिद्वस्तु नित्योदितं परिमृशन्**" (चिद्वस्तु) ज्ञानमात्र जीववस्तुको (नित्योदितं) सर्व काल शाश्वत ऐसा (परिमृशन्) प्रत्यक्षरूपसे आस्वादरूप अनुभवता हुआ। किस रूपसे? "**चिदात्मना**" ज्ञानस्वरूप है जीववस्तु उस रूपसे। और कैसा है स्याद्वादी? "**टङ्कोत्कीर्णघनस्वभावमहिम-ज्ञानं भवन्**" (टङ्कोत्कीर्ण) सर्व काल एकरूप ऐसे (घनस्वभाव) अमिट लक्षणसे है (महिमा) प्रसिद्धि जिसकी ऐसी (ज्ञानं) जीव वस्तुको (भवन्) आप अनुभवता हुआ ॥१४-२६०॥

(शार्दूलविक्रीडित)

टङ्कोत्कीर्णविशुद्धबोधविसराकारात्मतत्त्वाशया
वाञ्छत्युच्छलदच्छचित्परिणतेर्भिन्नं पशुः किञ्चन ।

Shri Digambar Jain Swadhyay Mandir Trust, Songadh - 364250

ज्ञानं नित्यमनित्यतापरिगमेऽप्यासादयत्युज्ज्वलं
स्याद्वादी तदनित्यतां परिमृशंश्चिद्वस्तुवृत्तिक्रमात् ॥१५-२६१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि कोई एकान्तवादी मिथ्यादृष्टि ऐसा है जो वस्तुको द्रव्यरूप मानता है, पर्यायरूप नहीं मानता है, इस कारण समस्त ज्ञेयको जानता हुआ ज्ञेयाकार परिणमता है ज्ञान उसको अशुद्धपना मानता है एकान्तवादी, ज्ञानको पर्यायपना नहीं मानता है। उसका समाधान स्याद्वादी करता है कि ज्ञानवस्तुको द्रव्यरूपसे देखनेपर नित्य है, पर्यायरूपसे देखने पर अनित्य है, इसलिये समस्त ज्ञेयको जानता है ज्ञान, जानता हुआ ज्ञेयकी आकृतिरूप ज्ञानकी पर्याय परिणमती है ऐसा ज्ञानका स्वभाव है, अशुद्धपना नहीं है। ऐसा कहते हैं—**''पशुः उच्छलदच्छचित्परिणतेः भिन्नं किञ्चन वाञ्छति''** (पशुः) एकान्तवादी (उच्छलत्) ज्ञेयका ज्ञाता होकर पर्यायरूप परिणमता है उत्पादरूप तथा व्ययरूप ऐसी (अच्छ) अशुद्धपनासे रहित ऐसी जो (चित्परिणतेः) ज्ञान गुणकी पर्याय उससे (भिन्नं) ज्ञेयको जाननेरूप परिणतिके बिना वस्तुमात्र कूटस्थ होकर रहे (किञ्चन वाञ्छति) ऐसा कुछ विपरीतपना मानता है एकान्तवादी। ज्ञानको ऐसा करना चाहता है— **टङ्कोत्कीर्णविशुद्धबोध-विसराकारात्मतत्त्वाशया''** (टङ्कोत्कीर्ण) सर्व काल एक समान, (विशुद्ध) समस्त विकल्पसे रहित (बोध) ज्ञानवस्तुके (विसराकार) प्रवाहरूप (आत्मतत्त्व) जीववस्तु हो (आशया) ऐसा करनेकी अभिलाषा करता है। उसका समाधान करता है स्याद्वादी—**''स्याद्वादी ज्ञानं नित्यं उज्ज्वलं आसादयति''** (स्याद्वादी) अनेकान्तवादी (ज्ञानं) ज्ञानमात्र जीववस्तुको (नित्यं) सर्वकाल एक समान (उज्ज्वलं) समस्त विकल्पसे रहित (आसादयति) स्वादरूप अनुभवता है। **''अनित्यतापरिगमे अपि''** यद्यपि उसमें पर्याय द्वारा अनित्यपना घटित होता है। कैसा है स्याद्वादी ? **''तत् चिद्वस्तु अनित्यतां परिमृशन्''** (तत्) पूर्वोक्त (चिद्वस्तु) ज्ञानमात्र जीवद्रव्यको (अनित्यतां परिमृशन्) विनश्वररूप अनुभवता हुआ। किस कारणसे ? **''वृत्तिक्रमात्''** (वृत्ति) पर्यायके (क्रमात्) कोई पर्याय होती है कोई पर्याय नाशको प्राप्त होती है ऐसे भावके कारण। भावार्थ इस प्रकार है कि पर्याय द्वारा जीव वस्तु अनित्य है ऐसा अनुभवता है स्याद्वादी ॥१५-२६१॥

(अनुष्टुप)

इत्यज्ञानविमूढानां ज्ञानमात्रं प्रसाधयन् ।
आत्मतत्त्वमनेकान्तः स्वयमेवानुभूयते ।।१६-२६२।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इति अनेकान्तः स्वयम् अनुभूयते एव'' (इति) पूर्वोक्त प्रकारसे (अनेकान्तः) स्याद्वाद (स्वयम्) अपने प्रतापसे बलात्कार ही (अनुभूयते) अङ्गीकाररूप होता है, (एव) अवश्यकर। किनको अङ्गीकार होता है? ''**अज्ञानविमूढानां**'' (अज्ञान) पूर्वोक्त एकान्तवादमें (विमूढानां) मग्न हुये हैं जो मिथ्यादृष्टि जीव उनको। भावार्थ इस प्रकार है कि स्याद्वाद ऐसा प्रमाण है जिसे सुनते मात्र ही एकान्तवादी भी अंगीकार करते हैं। कैसा है स्याद्वाद? ''**आत्मतत्त्वम् ज्ञानमात्रं प्रसाधयन्**'' (आत्मतत्त्वम्) जीवद्रव्यको (ज्ञानमात्रं) चेतना सर्वस्व (प्रसाधयन्) ऐसा प्रमाण करता हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञानमात्र जीववस्तु है ऐसा स्याद्वाद साध सकता है, एकान्तवादी नहीं साध सकता।।१६-२६२।।

(अनुष्टुप)

एवं तत्त्वव्यवस्थित्या स्वं व्यवस्थापयन् स्वयम् ।
अलंघ्यशासनं जैनमनेकान्तो व्यवस्थितः ।।१७-२६३।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''एवं अनेकान्तः व्यवस्थितः'' (एवं) इतना कहनेसे (अनेकान्तः) स्याद्वादको (व्यवस्थितः) कहनेका आरम्भ किया था सो पूर्ण हुआ। कैसा है अनेकान्त? ''**स्वं स्वयम् व्यवस्थापयन्**'' (स्वं) अनेकान्तपनेको (स्वयम्) अनेकान्तपनेके द्वारा (व्यवस्थापयन्) बलजोरीसे प्रमाण करता हुआ । किसके साथ? ''**तत्त्वव्यवस्थित्या**'' जीवके स्वरूपको साधनेके साथ। कैसा है अनेकान्त? ''**जैनम्**'' सर्वज्ञ वीतरागप्रणीत है । और कैसा है? ''**अलंघ्यशासनं**'' अमिट है उपदेश जिसका ऐसा है ।।१७-२६३।।

–१२–
साध्य-साधक अधिकार

(वसंततिलका)

इत्याद्यनेकनिजशक्तिसुनिर्भरोऽपि
यो ज्ञानमात्रमयतां न जहाति भावः ।
एवं क्रमाक्रमविवर्तिविवर्तचित्रं
तद्द्रव्यपर्ययमयं चिदिहास्ति वस्तु ॥१-२६४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''इह तत् चिद् वस्तु द्रव्यपर्ययमयं अस्ति'' (इह) विद्यमान (तत्) पूर्वोक्त (चिद्वस्तु) ज्ञानमात्र जीवद्रव्य (द्रव्यपर्ययमयं अस्ति) द्रव्य-गुण-पर्यायरूप है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवद्रव्यका द्रव्यपना कहा। कैसा है जीव द्रव्य ? ''एवं क्रमाक्रमविवर्तिविवर्तचित्रं'' (एवं) पूर्वोक्त प्रकार (क्रम) पहला विनशे तो अगला उपजे (अक्रम) विशेषणरूप है परन्तु न उपजे न विनशे, इसरूप है (विवर्ति) अंशरूप भेदपद्धति उससे (विवर्त) प्रवर्त रहा है (चित्रं) परम अचम्भा जिसमें ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि क्रमवर्ती पर्याय अक्रमवर्ती गुण इस प्रकार मुख्य–पर्यायमय है जीववस्तु। और कैसा है ? ''यः भावः इत्याद्यनेकनिजशक्तिसुनिर्भरः अपि ज्ञानमात्र-मयतां न जहाति'' (यः भावः) ज्ञानमात्र जीववस्तु (इत्यादि) द्रव्य-गुण-पर्याय इत्यादिसे लेकर (अनेकनिजशक्ति) अस्तित्व वस्तुत्व प्रमेयत्व अगुरुलघुत्व सूक्ष्मत्व कर्तृत्व भोक्तृत्व सप्रदेशत्व अमूर्तत्व ऐसी है। अनन्त गणनारूप द्रव्यकी सामर्थ्य उससे (सुनिर्भरः) सर्व काल भरितावस्थ है। (अपि) ऐसा है तथापि (ज्ञानमात्रमयतां न जहाति) ज्ञानमात्र भावको नहीं त्यागता है। भावार्थ इस प्रकार है कि जो गुण है अथवा पर्याय है वह सर्व चेतनारूप है, इसलिये चेतनामात्र जीववस्तु है, प्रमाण है। भावार्थ इस प्रकार है कि पूर्वमें हुंडी लिखी थी कि उपाय तथा उपेय कहूँगा। उपाय–जीव वस्तुकी प्राप्तिकी साधन। उपेय–साध्य वस्तु। उसमें प्रथम ही साध्यरूप वस्तुका स्वरूप कहा, साधन कहते हैं ॥१-२६४॥

(वसंततिलका)

नैकान्तसंगतदृशा स्वयमेव वस्तु-
तत्त्वव्यवस्थितिमिति प्रविलोकयन्तः ।
स्याद्वादशुद्धिमधिकामधिगम्य सन्तो
ज्ञानीभवन्ति जिननीतिमलंघयन्तः ॥२-२६५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"सन्तः इति ज्ञानीभवन्ति" (सन्तः) सम्यग्दृष्टि जीव (इति) इस प्रकार (ज्ञानीभवन्ति) अनादि कालसे कर्मबन्ध संयुक्त थे साम्प्रत सकल कर्मोंका विनाश कर मोक्षपदको प्राप्त होते हैं। कैसे हैं सन्त ? "जिननीतिमलंघयन्तः" (जिन) केवलीका (नीति) कहा हुआ जो मार्ग (अलंघयन्तः) उसी मार्ग पर चलते हैं, उस मार्गको उल्लंघन कर अन्य मार्ग पर नहीं चलते हैं। कैसा करके ? "अधिकाम् स्याद्वादशुद्धिम् अधिगम्य" (अधिकाम्) प्रणाम है ऐसा जो (स्याद्वादशुद्धिम्) अनेकान्तरूप वस्तुका उपदेश उससे हुआ है ज्ञानका निर्मलपना उसकी (अधिगम्य) सहायता पाकर। कैसे हैं सन्त ? "वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिम् स्वयम् एव प्रविलोकयन्तः" (वस्तु) जीवद्रव्यका (तत्त्व) जैसा है स्वरूप उसके (व्यवस्थितिम्) द्रव्यरूप तथा पर्यायरूपको (स्वयम् एव प्रविलोकयन्तः) साक्षात् प्रत्यक्षरूपसे देखते हैं। कैसे नेत्रसे देखते हैं ? "नैकान्तसङ्गतदृशा" (नैकान्त) स्याद्वादसे (सङ्गत) मिले हुये (दृशा) लोचनसे ॥२-२६५॥

(वसंततिलका)

ये ज्ञानमात्रनिजभावमयीमकम्पां
भूमिं श्रयन्ति कथमप्यपनीतमोहाः ।
ते साधकत्वमधिगम्य भवन्ति सिद्धा
मूढास्त्वमूमनुपलभ्य परिभ्रमन्ति ॥३-२६६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ते सिद्धाः भवन्ति" (ते) ऐसे हैं जो जीव वे (सिद्धाः भवन्ति) सकल कर्मकलंकसे रहित मोक्षपदको प्राप्त होते हैं। कैसे होकर ?

''साधकत्वम् अधिगम्य'' शुद्ध जीवका अनुभवगर्भित है सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्ररूप कारण रत्नत्रय, उसरूप परिणमा है आत्मा ऐसा होकर। और कैसे हैं वे? **''ये ज्ञानमात्रनिजभावमयीम् भूमिं श्रयन्ति''** (ये) जो कोई (ज्ञानमात्र) चेतना है सर्वस्व जिसका ऐसे (निजभाव) जीवद्रव्यके अनुभवरूप (मयीम्) कोई विकल्प नहीं है जिसमें ऐसी (भूमिं) मोक्षकी कारणरूप अवस्थाको (श्रयन्ति) प्राप्त होते हैं—एकाग्र होकर उस भूमिरूप परिणमते हैं। कैसी है भूमि? **''अकम्पां''** निर्द्वन्द्वरूप सुख गर्भित है। कैसे हैं वे जीव? **''कथमपि अपनीतमोहाः''** (कथम् अपि) अनन्त काल भ्रमण करते हुये काललब्धिको पाकर (अपनीत) मिटा है (मोहाः) मिथ्यात्वरूप विभाव परिणाम जिनका ऐसा हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि ऐसा जीव मोक्षका साधक होता है **''तु मूढाः अमूम् अनुपलभ्य परिभ्रमन्ति''** (तु) कहे हुये अर्थको दृढ़ करते हैं—(मूढाः) नहीं है जीववस्तुका अनुभव जिनको ऐसे जो कोई मिथ्यादृष्टि जीव हैं वे (अमूम्) शुद्ध जीवस्वरूपके अनुभवरूप अवस्थाको (अनुपलभ्य) पाये बिना (परिभ्रमन्ति) चतुर्गति संसारमें रुलते हैं। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध जीव स्वरूपका अनुभव मोक्षका मार्ग है, दूसरा नहीं है॥३-२६६॥

(वसंततिलका)

स्याद्वादकौशलसुनिश्चलसंयमाभ्यां
यो भावयत्यहरहः स्वमिहोपयुक्तः।
ज्ञानक्रियानयपरस्परतीव्रमैत्री-
पात्रीकृतः श्रयति भूमिमिमां स एकः ॥४-२६७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—ऐसी अनुभव भूमिकाको कैसा जीव योग्य है ऐसा कहते हैं—**''सः एकः इमां भूमिम् श्रयति''** (सः) ऐसा (एकः) यही एक जातिका जीव (इमां भूमिम्) प्रत्यक्ष शुद्ध स्वरूपके अनुभवरूप अवस्थाके (श्रयति) अवलम्बनके योग्य है, अर्थात् ऐसी अवस्थारूप परिणमनेका पात्र है। कैसा है वह जीव? **यः स्वम् अहरहः भावयति''** (यः) जो कोई सम्यग्दृष्टि जीव (स्वम्) जीवके शुद्ध स्वरूपको (अहरहः भावयति) निरन्तर अखण्ड धाराप्रवाहरूप अनुभवता है। कैसा करके अनुभवता है? **''स्याद्वादकौशलसुनिश्चलसंयमाभ्यां''** (स्याद्वाद) द्रव्यरूप तथा पर्यायरूप वस्तुके अनुभवका

(कौशल) विपरीतपनासे रहित वस्तु जिस प्रकार है उस प्रकारसे अंगीकार तथा (सुनिश्चलसंयमाभ्यां) समस्त रागादि अशुद्ध परिणतिका त्याग इन दोनोंकी सहायतासे। और कैसा है? "इह उपयुक्तः" (इह) अपने शुद्ध स्वरूपके अनुभवमें (उपयुक्तः) सर्वकाल एकाग्ररूपसे तल्लीन है। और कैसा है? "ज्ञानक्रियानयपरस्परतीव्रमैत्रीपात्रीकृतः" (ज्ञाननय) शुद्ध जीवके स्वरूपका अनुभव मोक्षमार्ग है, शुद्ध स्वरूपके अनुभव बिना जो कोई क्रिया है वह सर्व मोक्षमार्गसे शून्य है (क्रियानय) रागादि अशुद्ध परिणामका त्याग प्राप्त हुये बिना जो कोई शुद्ध स्वरूपका अनुभव कहता है वह समस्त झूठा है, अनुभव नहीं है, कुछ ऐसा ही अनुभवका भ्रम है, कारण कि शुद्ध स्वरूपका अनुभव अशुद्ध रागादि परिणामको मेट कर होता है। ऐसा है जो ज्ञाननय तथा क्रियानय उनका है जो (परस्परतीव्रमैत्री) परस्पर अत्यन्त मित्रपना—शुद्ध स्वरूपका अनुभव है सो रागादि अशुद्ध परिणतिको मेट कर है, रागादि अशुद्ध परिणतिका विनाश शुद्ध स्वरूपके अनुभवको लिये हुये है, ऐसा अत्यन्त भिन्नपना—उनका (पात्रीकृतः) पात्र हुआ है अर्थात् ज्ञाननय क्रियानयका एक स्थानक है। भावार्थ इस प्रकार है कि दोनों नयोंके अर्थसे विराजमान है॥४-२६७॥

(वसंततिलका)

चित्पिण्डचण्डिमविलासिविकासहासः
शुद्धप्रकाशभरनिर्भरसुप्रभातः।
आनन्दसुस्थितसदास्खलितैकरूप-
स्तस्यैव चायमुदयत्यचलार्चिरात्मा ॥५-२६८॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"तस्य एव आत्मा उदयति" (तस्य) पूर्वोक्त जीवको (एव) अवश्य कर (आत्मा) जीव पदार्थ (उदयति) सकल कर्मका विनाश कर प्रगट होता है, अनन्त चतुष्टयरूप होकर होता है। और कैसा प्रगट होता है? "अचलार्चिः" सर्वकाल एकरूप है केवलज्ञान केवलदर्शन तेजपुञ्ज जिसका ऐसा है। और कैसा है? "चित्पिण्डचण्डिमविलासिविकासहासः" (चित्पिण्ड) ज्ञानपुञ्जके (चण्डिम) प्रतापकी (विलासि) एकरूप परिणति ऐसा जो (विकास) प्रकाशस्वरूप उसका (हासः) निधान है। और कैसा है? "शुद्धप्रकाशभरनिर्भरसुप्रभातः" (शुद्धप्रकाश) रागादि अशुद्ध

परिणतिको मेट कर हुआ जो शुद्धत्वरूप परिणाम उसकी (भर) बार बार जो शुद्धत्वरूप परिणति उससे (निर्भर) हुआ है (सुप्रभातः) साक्षात् उद्योत जिसमें ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि जिस प्रकार रात्रिसम्बन्धी अन्धकारके मिटने पर दिवस उद्योत स्वरूप प्रगट होता है उसी प्रकार मिथ्यात्व राग द्वेषरूप अशुद्ध परिणतिको मेट कर शुद्धत्व परिणाम विराजमान जीवद्रव्य प्रगट होता है। और कैसा है? **''आनन्दसुस्थितसदास्खलितैकरूपः''** (आनन्द) द्रव्यके परिणामरूप अतीन्द्रिय सुखके कारण (सुस्थित) जो आकुलतासे रहितपना उससे (सदा) सर्वकाल (अस्खलित) अमिट है (एकरूपः) तद्रूप सर्वस्व जिसका ऐसा है॥५-२६८॥

(वसंततिलका)

स्याद्वाददीपितलसन्महसि प्रकाशे
शुद्धस्वभावमहिमन्युदिते मयीति।
किं बन्धमोक्षपथपातिभिरन्यभावै-
र्नित्योदयः परमयं स्फुरतु स्वभावः॥६-२६९॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''अयं स्वभावः परम् स्फुरतु''** (अयं स्वभावः) विद्यमान है जो जीव पदार्थ (परम् स्फुरतु) यही एक अनुभवरूप प्रगट होओ। कैसा है? **''नित्योदयः''** सर्व काल एकरूप प्रगट है। और कैसा है? **''इति मयि उदिते अन्यभावैः किम्''** (इति) पूर्वोक्त विधिसे (मयि उदिते) मैं शुद्ध जीवस्वरूप हूँ ऐसा अनुभवरूप प्रत्यक्ष होने पर (अन्यभावैः) अनेक हैं जो विकल्प उनसे (किम्) कौन प्रयोजन है? कैसे हैं अन्य भाव? **''बन्धमोक्षपथपातिभिः''** (बन्धपथ) मोह-राग-द्वेष बन्धका कारण है, (मोक्षपथ) सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्र मोक्षमार्ग है ऐसे जो पक्ष उनमें (पातिभिः) पड़नेवाले हैं अर्थात् अपने अपने पक्षको कहते हैं, ऐसे हैं अनेक विकल्परूप। भावार्थ इस प्रकार है कि ऐसे विकल्प जितने काल तक होते हैं उतने काल तक शुद्ध स्वरूपका अनुभव नहीं होता। शुद्ध स्वरूपका अनुभव होने पर ऐसे विकल्प विद्यमान ही नहीं होते, विचार किसका किया जाय। कैसा हूँ मैं? **''स्याद्वाददीपितलसन्महसि''** (स्याद्वाद) द्रव्यरूप तथा पर्यायरूपसे (दीपित) प्रगट हुआ है (लसत्) प्रत्यक्ष (महसि)

ज्ञानमात्र स्वरूप जिसका। और कैसा हूँ? "**प्रकाशे**" सर्व काल उद्योत स्वरूप हूँ। और कैसा हूँ? "**शुद्धस्वभावमहिमनि**" (शुद्धस्वभाव) शुद्धपनाके कारण (महिमनि) प्रगटपना है जिसका ॥६-२६९॥

(वसंततिलका)

चित्रात्मशक्तिसमुदायमयोऽयमात्मा
सद्यः प्रणश्यति नयेक्षणखण्ड्यमानः ।
तस्मादखण्डमनिराकृतखण्डमेक-
मेकान्तशान्तमचलं चिदहं महोऽस्मि ॥७-२७०॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"**तस्मात् अहं चित् महः अस्मि**" (तस्मात्) तिस कारणसे (अहं) मैं (चित् महः अस्मि) ज्ञानमात्र प्रकाशपुञ्ज हूँ। और कैसा हूँ? "**अखण्डम्**" अखण्डित प्रदेश हूँ। और कैसा हूँ? "**अनिराकृतखंडम्**" किसीके कारण अखण्ड नहीं हुआ हूँ, सहज ही अखण्डरूप हूँ। और कैसा हूँ? "**एकम्**" समस्त विकल्पोंसे रहित हूँ। और कैसा हूँ? "**एकान्तशान्तम्**" (एकान्त) सर्वथा प्रकार (शान्तम्) समस्त पर द्रव्योंसे रहित हूँ। और कैसा हूँ? "**अचलं**" अपने स्वरूपसे सर्व कालमें अन्यथा नहीं हूँ। ऐसा चैतन्य स्वरूप मैं हूँ। जिस कारणसे "**अयम् आत्मा नयेक्षणखण्ड्यमानः सद्यः प्रणश्यति**" (अयम् आत्मा) यह जीव वस्तु (नय) द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक ऐसे अनेक विकल्प वे हुये (ईक्षण) अनेक लोचन उनके द्वारा (खण्ड्यमानः) अनेकरूप देखा हुआ (सद्यः प्रणश्यति) खण्ड खण्ड होकर मूलसे खोज मिटा—नाशको प्राप्त होता है। इतने नय एकमें कैसे घटित होते हैं? उत्तर इस प्रकार है—क्योंकि ऐसा है जीवद्रव्य—"**चित्रात्मशक्ति-समुदायमयः**" (चित्र) अनेक प्रकार अस्तिपना नास्तिपना एकपना अनेकपना ध्रुवपना अध्रुवपना इत्यादि अनेक हैं ऐसे जो (आत्मशक्ति) जीवद्रव्यके गुण उनका जो (समुदाय) द्रव्यसे अभिन्नपना (मयः) उस मय अर्थात् ऐसा है जीवद्रव्य, इसलिये एक शक्तिको कहता है एक नय, किन्तु अनन्त शक्तियाँ हैं, इस कारण एक एक नय करते हुये अनन्त नय होते हैं। ऐसा करते हुये बहुत विकल्प उपजते हैं, जीवका अनुभव खो जाता है। इसलिये निर्विकल्प ज्ञान वस्तुमात्र अनुभव करने योग्य है ॥७-२७०॥

न द्रव्येण खण्डयामि, न क्षेत्रेण खण्डयामि, न कालेन खण्डयामि, न भावेन खण्डयामि; सुविशुद्ध एको ज्ञानमात्रभावोऽस्मि ।[1]

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"ज्ञानमात्रः भावः अस्मि" (भावः अस्मि) मैं वस्तुस्वरूप हूँ। और कैसा हूँ? (ज्ञानमात्रः) चेतनामात्र है सर्वस्व जिसका ऐसा हूँ। "एकः" समस्त भेद विकल्पोंसे रहित हूँ। और कैसा हूँ? "सुविशुद्धः" द्रव्यकर्म भावकर्म नोकर्मरूप उपाधिसे रहित हूँ। और कैसा हूँ? "द्रव्येण न खण्डयामि" जीव स्वद्रव्यरूप है ऐसा अनुभवने पर भी मैं अखण्डित हूँ। "क्षेत्रेण न खण्डयामि" जीव स्वक्षेत्ररूप है ऐसा अनुभवने पर भी मैं अखण्डित हूँ। "कालेन न खण्डयामि" जीव स्वकालरूप है ऐसा अनुभवने पर भी मैं अखण्डित हूँ। "भावेन न खण्डयामि" जीव स्वभावरूप है ऐसा अनुभवने पर भी मैं अखण्ड़ित हूँ। भावार्थ इस प्रकार है कि एक जीव वस्तु स्वद्रव्य स्वक्षेत्र स्वकाल स्वभावरूप चार प्रकारके भेदों द्वारा कही जाती है तथापि चार सत्ता नहीं है एक सत्ता है। उसका दृष्टांत—चार सत्ता इस प्रकारसे तो नहीं है कि जिस प्रकार एक आम्र फल चार प्रकार है। उसका विवरण–कोई अंश रस है, कोई अंश छिलका है, कोई अंश गुठ्ली है, कोई अंश मीठा है। उसी प्रकार एक जीव वस्तु कोई अंश जीवद्रव्य है, कोई अंश जीवक्षेत्र है, कोई अंश जीवकाल है, कोई अंश जीवभाव है—इस प्रकार तो नहीं है। ऐसा मानने पर सर्व विपरीत होता है। इस कारण इस प्रकार है कि जिस प्रकार एक आम्र फल स्पर्श, रस, गंध, वर्ण विराजमान पुद्गलका पिण्ड है, इसलिये स्पर्शमात्रसे विचारने पर स्पर्शमात्र है, रसमात्रसे विचारने पर रसमात्र है, गन्धमात्रसे विचारने पर गन्धमात्र है, वर्णमात्रसे विचारने पर वर्णमात्र है। उसी प्रकार एक जीव वस्तु स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल, स्वभाव विराजमान है, इसलिये स्वद्रव्यरूपसे विचारने पर स्वद्रव्यमात्र है, स्वक्षेत्ररूपसे विचारने पर स्वक्षेत्रमात्र है, स्वकालरूपसे विचारने पर स्वकालमात्र है, स्वभावरूपसे विचारने पर स्वभावमात्र है। इस कारण ऐसा कहा कि जो वस्तु है वह अखण्डित है। अखण्डित शब्दका ऐसा अर्थ है।

---

१. श्री समयसारकी आत्मख्याति टीकामें इस अंशको कलशरूप नहीं गिनकर गद्यरूप गिना गया है। अतः आत्मख्यातिमें उसको कलश रूपसे नम्बर नहीं दिया गया है।

(शालिनी)

योऽयं भावो ज्ञानमात्रोऽहमस्मि
ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानमात्रः स नैव ।
ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानकल्लोलवल्गन्
ज्ञानज्ञेयज्ञातृमद्वस्तुमात्रः ॥८-२७१॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि ज्ञेय-ज्ञायक सम्बन्धके ऊपर बहुत भ्रान्ति चलती है सो कोई ऐसा समझेगा कि जीव वस्तु ज्ञायक, पुद्गलसे लेकर भिन्न रूप छह द्रव्य ज्ञेय हैं। सो ऐसा तो नहीं है। जैसा इस समय कहते हैं उस प्रकार है— "**अहम् अयं यः ज्ञानमात्रः भावः अस्मि**" (अहम्) मैं (अयं यः) जो कोई (ज्ञानमात्रः भावः अस्मि) चेतना सर्वस्व ऐसा वस्तुस्वरूप हूँ "**सः ज्ञेयः न एव**" वह मैं ज्ञेयरूप हूँ परन्तु ऐसा ज्ञेयरूप नहीं हूँ। कैसा ज्ञेयरूप नहीं हूँ—"**ज्ञेयः ज्ञानमात्रः**" (ज्ञेयः) अपने जीवसे भिन्न छह द्रव्योंके समूहका (ज्ञानमात्रः) जानपना मात्र। भावार्थ इस प्रकार है कि मैं ज्ञायक समस्त छह द्रव्य मेरे ज्ञेय ऐसा तो नहीं है। तो कैसा है? ऐसा है "**ज्ञानज्ञेयज्ञातृमद्वस्तुमात्रः ज्ञेयः**" (ज्ञान) जानपनारूप शक्ति (ज्ञेय) जानने योग्य शक्ति? (ज्ञातृ) अनेक शक्ति विराजमान वस्तुमात्र ऐसे तीन भेद (मद्वस्तुमात्रः) मेरा स्वरूपमात्र है (ज्ञेयः) ऐसा ज्ञेयरूप हूँ। भावार्थ इस प्रकार है कि मैं अपने स्वरूपको वेद्य-वेदकरूपसे जानता हूँ, इसलिये मेरा नाम ज्ञान, यतः मैं आप द्वारा जानने योग्य हूँ, इसलिये मेरा नाम ज्ञेय, यतः ऐसी दो शक्तियोंसे लेकर अनन्त शक्तिरूप हूँ, इसलिये मेरा नाम ज्ञाता। ऐसा नामभेद है, वस्तुभेद नहीं है। कैसा हूँ? "**ज्ञानज्ञेयकल्लोलवल्गन्**" (ज्ञान) जीव ज्ञायक है (ज्ञेय) जीव ज्ञेयरूप है ऐसा जो (कल्लोल) वचनभेद उससे (वल्गन्) भेदको प्राप्त होता हूँ। भावार्थ इस प्रकार है कि वचनका भेद है, वस्तुका भेद नहीं है॥८-२७१॥

(पृथ्वी)

क्वचिल्लसति मेचकं क्वचिन्मेचकामेचकं
क्वचित्पुनरमेचकं सहजमेव तत्त्वं मम ।

तथापि न विमोहयत्यमलमेधसां तन्मनः
परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं स्फुरत् ॥९-२७२॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—भावार्थ इस प्रकार है कि इस शास्त्रका नाम नाटक समयसार है, इसलिये जिस प्रकार नाटकमें एक भाव अनेक रूपसे दिखाया जाता है उसी प्रकार एक जीवद्रव्य अनेक भावों द्वारा साधा जाता है—''**मम तत्त्वं**'' मेरा ज्ञानमात्र जीवपदार्थ ऐसा है। कैसा है? ''**क्वचित् मेचकं लसति**'' कर्म संयोगसे रागादि विभावरूप परिणतिसे देखने पर अशुद्ध है ऐसा आस्वाद आता है। ''**पुनः**'' एकान्तसे ऐसा ही है ऐसा नहीं है। ऐसा भी है—''**क्वचित् अमेचकं**'' एक वस्तुमात्ररूप देखने पर शुद्ध है। एकान्तसे ऐसा भी नहीं है। तो कैसा है? ''**क्वचित् मेचकामेचकं**'' अशुद्ध-परिणतिरूप तथा वस्तुमात्ररूप एक ही बारमें देखने पर अशुद्ध भी है, शुद्ध भी है इस प्रकार दोनों विकल्प घटित होते हैं। ऐसा क्यों है? (सहजं) स्वभावसे ऐसा ही है। ''**तथापि**'' तो भी ''**अमलमेधसां तत् मनः न विमोहयति**'' (अमलमेधसां) सम्यग्दृष्टि जीवोंकी (तत् मनः) तत्त्वज्ञानरूप है जो बुद्धि वह (न विमोहयति) संशयरूप नहीं होती—भ्रमको प्राप्त नहीं होती है। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका स्वरूप शुद्ध भी है, अशुद्ध भी है, शुद्ध-अशुद्ध भी है ऐसा कहने पर अवधारण करनेमें भ्रमको स्थान है तथापि जो स्याद्वादरूप वस्तुका अवधारण करते हैं उनके लिये सुगम है, भ्रम नहीं उत्पन्न होता है। कैसी है वस्तु? ''**परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं**'' (परस्परसुसंहत) परस्पर मिली हुई है (प्रकटशक्ति) स्वानुभवगोचर जो जीवकी अनेक शक्ति उनका (चक्रं) समूह है जीव वस्तु। और कैसी है? (स्फुरत्) सर्व काल उद्योतमान है॥९-२७२॥

(पृथ्वी)

इतो गतमनेकतां दधदितः सदाप्येकता-
मितः क्षणविभङ्गुरं ध्रुवमितः सदैवोदयात् ।
इतः परमविस्तृतं धृतमितः प्रदेशैर्निजै-
रहो सहजमात्मनस्तदिदमद्भुतं वैभवम् ॥१०-२७३॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अहो आत्मनः तत् इदम् सहजम् वैभवम् अद्भुतं'' (अहो) संबोधन वचन। (आत्मनः) जीव वस्तुकी (तत् इदम् सहजम्) अनेकान्त स्वरूप ऐसी (वैभवम्) आत्माके गुणस्वरूप लक्ष्मी (अद्भुतं) अचम्भा उपजाती है। किस कारणसे ऐसी है? ''इतः अनेकतां गतम्'' (इतः) पर्यायरूप दृष्टिसे देखने पर (अनेकतां) अनेक है ऐसे भावको (गतम्) प्राप्त हुई है। ''इतः सदा अपि एकताम् दधत्'' (इतः) उसी वस्तुको द्रव्यरूपसे देखने पर (सदा अपि एकताम् दधत्) सदा एक ही है ऐसी प्रतीतिको उत्पन्न करती है। और कैसी है? ''इतः क्षणविभङ्गुरं'' (इतः) समय समय प्रति अखण्ड धाराप्रवाहरूप परिणमती है ऐसी दृष्टिसे देखने पर (क्षणविभङ्गुरं) विनशती है उपजती है। ''इतः सदा एव उदयात् ध्रुवम्'' (इतः) सर्व काल एक रूप है ऐसी दृष्टिसे देखने पर (सदा एव उदयात्) सर्व काल अविनश्वर है ऐसा विचार करने पर (ध्रुवम्) शाश्वत है। ''इतः'' वस्तुको प्रमाणदृष्टिसे देखने पर ''परमविस्तृतं'' प्रदेशोंसे लोकप्रमाण है, ज्ञानसे ज्ञेयप्रमाण है। ''इतः निजैः प्रदेशैः धृतम्'' (इतः) निज प्रमाणकी दृष्टिसे देखने पर (निजैः प्रदेशैः) अपने प्रदेशमात्र (धृतम्) प्रमाण है॥१०-२७३॥

(पृथ्वी)

कषायकलिरेकतः स्खलति शान्तिरस्त्येकतो
भवोपहतिरेकतः स्पृशति मुक्तिरप्येकतः।
जगत्त्रितयमेकतः स्फुरति चिच्चकास्त्येकतः
स्वभावमहिमात्मनो विजयतेऽद्भुतादद्भुतः ॥११-२७४॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''आत्मनः स्वभावमहिमा विजयते'' (आत्मनः) जीव द्रव्यकी (स्वभावमहिमा) स्वरूपकी बड़ाई (विजयते) सबसे उत्कृष्ट है। कैसा है महिमा? अद्भुतात् अद्भुतः'' आश्चर्यसे आश्चर्यरूप है। वह कैसा है आश्चर्य? ''एकतः कषायकलिः स्खलति'' (एकतः) विभावपरिणामशक्तिरूप विचारने पर (कषाय) मोह-राग-द्वेषका (कलिः) उपद्रव हो कर (स्खलति) स्पष्टरूपसे भ्रष्ट हो परिणमता है, ऐसा प्रगट ही है। ''एकतः शान्तिः अस्ति'' (एकतः) जीवके शुद्ध स्वरूपका विचार करने पर (शान्तिः अस्ति) चेतनामात्र स्वरूप है, रागादि अशुद्धपना विद्यमान ही नहीं है। और कैसा है? ''एकतः भवोपहतिः

अस्ति'' (एकतः) अनादि कर्मसंयोगरूप परिणमा है इस कारण (भव) संसार चतुर्गतिमें (उपहतिः) अनेक बार परिभ्रमण (अस्ति) है। **''एकतः मुक्तिः स्पृशति''** (एकतः) जीवके शुद्धस्वरूपका विचार करने पर (मुक्तिः स्पृशति) जीव वस्तु सर्वकाल मुक्त है ऐसा अनुभवमें आता है। और कैसा है? **''एकतः जगत्त्रितयम् स्फुरति''** (एकतः) जीवका स्वभाव स्वपरज्ञायक है ऐसा विचार करने पर? (जगत्) समस्त ज्ञेय वस्तुकी (त्रितयं) अतीत अनागत वर्तमान कालगोचर पर्याय (स्फुरति) एक समय मात्र कालमें ज्ञानमें प्रतिबिम्बरूप है। **''एकतः चित् चकास्ति''** (एकतः) वस्तुके स्वरूप सत्तामात्रका विचार करने पर (चित्) शुद्ध ज्ञानमात्र (चकास्ति) शोभित होता है। भावार्थ इस प्रकार है कि व्यवहार मात्रसे ज्ञान समस्त ज्ञेयको जानता है, निश्चयसे नहीं जानता है, अपना स्वरूपमात्र है, क्योंकि ज्ञेयके साथ व्याप्य-व्यापकरूप नहीं है ॥११-२७४॥

(मालिनी)

जयति सहजतेजःपुञ्जमज्जत्त्रिलोकी-
स्खलदखिलविकल्पोऽप्येक एव स्वरूपः।
स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्त्वोपलम्भः
प्रसभनियमितार्चिश्चिच्चमत्कार एषः ॥१२-२७५॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—**''एषः चिच्चमत्कारः जयति''** अनुभव प्रत्यक्ष ज्ञानमात्र जीव वस्तु सर्व कालमें जयवन्त प्रवर्तो। भावार्थ इस प्रकार है कि साक्षात् उपादेय है। कैसी है? ज्ञानमात्र **''सहजतेजःपुञ्जमज्जत्त्रिलोकीस्खलदखिलविकल्पः''** (सहज) द्रव्यके स्वरूपभूत? (तेजःपुञ्ज) केवलज्ञानमें (मज्जत्) ज्ञेयरूपसे मग्न जो (त्रिलोकी) समस्त ज्ञेय वस्तु उसके कारण (स्खलत्) उत्पन्न हुआ है (अखिलविकल्पः) अनेक प्रकार पर्यायभेद जिसमें ऐसी है ज्ञानमात्र जीववस्तु। **''अपि''** तो भी **''एकः एव स्वरूपः''** एक ज्ञानमात्र जीववस्तु है। और कैसी है? **''स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्त्वोपलम्भः''** (स्वरस) चेतनास्वरूपकी (विसर) अनन्त शक्ति उससे (पूर्ण) समग्र है (अच्छिन्न) अनन्त काल तक शाश्वत है ऐसे (तत्त्व) जीव वस्तुस्वरूपकी (उपलम्भः) हुई है प्राप्ति जिसको ऐसी है। और कैसी है? **''प्रसभनियमितार्चिः''** (प्रसभ) ज्ञानावरण कर्मका विनाश होने पर प्रगट हुआ

है (नियमित) जितना था उतना (अर्चिः) केवलज्ञान स्वरूप जिसका ऐसी है। भावार्थ इस प्रकार है कि परमात्मा साक्षात् निरावरण है ॥१२-२७५॥

(मालिनी)

अविचलितचिदात्मन्यात्मनात्मानमात्म-
न्यनवरतनिमग्नं धारयद् ध्वस्तमोहम् ।
उदितममृतचन्द्रज्योतिरेतत्समन्ता-
ज्ज्वलतु विमलपूर्णं निःसपत्नस्वभावम् ॥१३-२७६॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"एतत् अमृतचन्द्रज्योतिः उदितम्" (एतत्) प्रत्यक्षरूपसे विद्यमान "**अमृतचन्द्रज्योतिः**" इस पदके दो अर्थ हैं। प्रथम अर्थ—(अमृत) मोक्षरूपी (चन्द्र) चन्द्रमाका (ज्योतिः) प्रकाश (उदितम्) प्रगट हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि शुद्ध जीवस्वरूप मोक्षमार्ग ऐसे अर्थका प्रकाश हुआ। दूसरा अर्थ इस प्रकार है कि (अमृतचन्द्र) नाम है टीकाके कर्ता आचार्य सो उनकी (ज्योतिः) बुद्धिका प्रकाशरूप (उदितम्) शास्त्र सम्पूर्ण हुआ। शास्त्रको आशीर्वाद देते हुये कहते हैं—"**निःसपत्नस्वभावम् समन्तात् ज्वलतु**" (निःसपत्न) नहीं है कोई शत्रु जिसका ऐसा (स्वभाव) अबाधित स्वरूप (समन्तात्) सर्व काल सर्व प्रकार (ज्वलतु) परिपूर्ण प्रताप संयुक्त प्रकाशमान होओ। कैसा है? "**विमलपूर्णं**" (विमल) पूर्वापर विरोधरूप मलसे रहित है तथा (पूर्णं) अर्थसे गम्भीर है। "**ध्वस्तमोहम्**" (ध्वस्त) मूलसे उखाड़ दी है (मोहम्) भ्रान्तिको जिसने ऐसा है। भावार्थ इस प्रकार है कि इस शास्त्रमें शुद्ध जीवका स्वरूप निःसन्देहरूप कहा है। और कैसा है? "**आत्मना आत्मनि आत्मानम् अनवरतनिमग्नं धारयत्**" (आत्मना) ज्ञानमात्र शुद्ध जीवके द्वारा (आत्मनि) शुद्ध जीवमें (आत्मानम्) शुद्ध जीवको (अनवरतनिमग्नं धारयत्) निरन्तर अनुभवगोचर करता हुआ। कैसा है आत्मा? "**अविचलितचिदात्मनि**" (अविचलित) सर्व काल एकरूप जो (चित्) चेतना वही है (आत्मनि) स्वरूप जिसका ऐसा है। नाटक समयसारमें अमृतचन्द्रसूरिने कहा जो साध्य-साधक भाव सो सम्पूर्ण हुआ। नाटक समयसार शास्त्र पूर्ण हुआ। यह आशीर्वाद वचन है ॥१३-२७६॥

(शार्दूलविक्रीडित)

यस्माद्द्वैतमभूत्पुरा स्वपरयोर्भूतं यतोऽत्रान्तरं
रागद्वेषपरिग्रहे सति यतो जातं क्रियाकारकैः ।
भुञ्जाना च यतोऽनुभूतिरखिलं खिन्ना क्रियायाः फलं
तद्विज्ञानघनौघमग्नमधुना किञ्चिन्न किञ्चित्किल ॥१४-२७७॥

खण्डान्वय सहित अर्थ :—"किल तत् किञ्चित् अखिलं क्रियायाः फलं अधुना तत् विज्ञानघनौघमग्नम् खिन्ना न किञ्चित्" (किल) निश्चयसे (तत्) जिसका अवगुण कहेंगे ऐसा जो (किञ्चित् अखिलं क्रियायाः फलं) कुछ एक पर्यायार्थिक नयसे मिथ्यादृष्टि जीवके अनादि कालसे लेकर नाना प्रकारकी भोग सामग्रीको भोगते हुये मोह-राग-द्वेषरूप अशुद्ध परिणतिके कारण कर्मका बन्ध अनादि कालसे होता था सो (अधुना) सम्यक्त्वकी उत्पत्तिसे लेकर (तत् विज्ञानघनौघमग्नम्) शुद्ध जीवस्वरूपके अनुभवमें समाता हुआ (खिन्ना) मिट गया सो (न किञ्चित्) मिटने पर कुछ है ही नहीं, जो था सो रहा। कैसा था क्रियाका फल ? "यस्मात् स्वपरयोः पूरा द्वैतम् अभूत्" (यस्मात्) जिस क्रियाके फलके कारण (स्वपरयोः) यह आत्मस्वरूप यह परस्वरूप ऐसा (पुरा) अनादि कालसे लेकर (द्वैतम् अभूत्) द्विविधापन हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि मोह-राग-द्वेष स्वचेतना परिणति जीवकी ऐसा माना। और क्रियाफलसे क्या हुआ ? "यतः अत्र अन्तरं भूतं" (यतः) जिस क्रियाफलके कारण (अत्र) शुद्ध जीववस्तुके स्वरूपमें (अन्तरं भूतं) अन्तराय हुआ। भावार्थ इस प्रकार है कि जीवका स्वरूप तो अनन्त चतुष्टयरूप है। अनादिसे लेकर अनन्त काल गया, जीवने अपने स्वरूपको नहीं प्राप्त किया, चतुर्गति संसारका दुःख प्राप्त किया, सो वह भी क्रियाके फलके कारण। और क्रियाफलसे क्या हुआ ? "यतः रागद्वेषपरिग्रहे सति क्रियाकारकैः जातं" (यतः) जिस क्रियाके फलसे (रागद्वेष) अशुद्ध परिणतिरूप (परिग्रहे) परिणाम हुआ। ऐसा (सति) होने पर (क्रियाकारकैः जातं) जीव रागादि परिणामोंका कर्ता है तथा भोक्ता है इत्यादि जितने विकल्प उत्पन्न हुये उतने क्रियाके फलसे उत्पन्न हुए। और क्रियाके फलके कारण क्या हुआ ? "यतः अनुभूतिः भुञ्जाना" (यतः) जिस क्रियाके फलके कारण (अनुभूतिः) आठ कर्मोंके उदयका स्वाद (भुञ्जाना) भोगा। भावार्थ इस प्रकार

है कि आठ ही कर्मोंके उदयसे जीव अत्यन्त दुःखी है सो भी क्रियाके फलके कारण ।।१४-२७७।।

(उपजाति)

स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वै-
र्व्याख्या कृतेयं समयस्य शब्दैः ।
स्वरूपगुप्तस्य न किञ्चिदस्ति
कर्तव्यमेवामृतचन्द्रसूरेः ।।१५-२७८।।

खण्डान्वय सहित अर्थ :—''अमृतचन्द्रसूरेः किञ्चित् कर्तव्यम् न अस्ति एव'' (अमृतचन्द्रसूरेः) ग्रन्थकर्ताका नाम अमृतचन्द्रसूरि है, उनका (किञ्चित्) नाटक समयसारका (कर्तव्यम्) करना (न अस्ति एव) नहीं है। भावार्थ इस प्रकार है कि नाटक समयसार ग्रन्थकी टीकाका कर्ता अमृतचन्द्र नामक आचार्य प्रगट हैं तथापि महान हैं, बड़े हैं, संसारसे विरक्त हैं, इसलिये ग्रन्थ करनेका अभिमान नहीं करते हैं। कैसे हैं अमृतचन्द्रसूरि ? ''स्वरूपगुप्तस्य'' द्वादशांगरूप सूत्र अनादिनिधन है, किसीने किया नहीं है ऐसा जानकर अपनेको ग्रन्थका कर्तापना नहीं माना है जिन्होंने ऐसे हैं। इस प्रकार क्यों है ? कारण कि ''समयस्य इयं व्याख्या शब्दैः कृता'' (समयस्य) शुद्ध जीवस्वरूपकी (इयं व्याख्या) नाटक समयसार नामक ग्रन्थरूप व्याख्या (शब्दैः कृता) वचनात्मक ऐसी शब्दराशिसे की गई है। कैसी है शब्दराशि ? ''स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वैः'' (स्वशक्ति) शब्दोंमें है अर्थको सूचित करनेकी शक्ति उससे (संसूचित) प्रकाशमान हुआ है (वस्तु) जीवादि पदार्थोंका (तत्त्वैः) द्रव्य-गुण-पर्यायरूप, उत्पाद-व्यय-ध्रौव्यरूप अथवा हेय-उपादेयरूप निश्चय जिसके द्वारा ऐसी है शब्दराशि ।।१५-२७८।।

અનુભૂતિ તીર્થ મહાન, સ્વર્ણપુરી સોહે
યહ કહાનગુરુ વરદાન, મંગલ મુક્તિ મિલે.